दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...
पंजाब, चंडीगढ़, दिल्ली, हिमाचल, जम्मू, हरियाणा से प्रकाशित





मध्य यूक्रेन स्थित विनितसिया सैन्य अड्डे पर हमले के बाद हुआ भीषण धमाका।


खार्किव में हुए हमले में क्षतिग्रस्त इमारत के पास खड़ी घायल बुजुर्ग महिला।

# रूस ने किया यूक्रेन पर हमला

- यूक्रेन को उत्तर, दक्षिण और पूर्व, सभी मोर्चों से घेरकर किए ताबड़तोड़ हमले
- हवाई व फौजी अड्डों और कीव पर मिसाइलों की बौछार
- रूसी सैनिक आसमान से पैराशूट के जरिए उतरे और रूसी तोपें यूक्रेन में घुसी

नई दिल्ली, 24 फरवरी (इंट./एजेंसी): जैसी आशंका थी, रूस ने भोर के समय यूक्रेन पर ताबड़तोड़ हल्ला बोल दिया। रूसी सेनाओं ने यूक्रेन को दक्षिण, उत्तर और पूर्व में जमीनी और हवाई, दोनों तरीकों से घेर कर बम और मिसाइलें बरसानी शुरू कर दी। रूसी हैलीकाप्टर कीव पहुंच गए, जहां उन्होंने एक वायु सेना अड्डे पर कब्जा कर लिया और एक ऊर्जा संयंत्र हथिया लिया। रूस के इन हमलों में अब तक 50 लोगों की मौत हो गई है। इनमें 10 आम नागरिकों के ● शेष पृष्ठ 4 पर

## यूक्रेन की मोदी से गुहार, पुतिन से बात कर तनाव खत्म कराएं

**नई दिल्ली.** भारत में यूक्रेन के राजदूत आइगोर पोलिखा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के साथ बातचीत करने की अपील करते हुए वीरवार को कहा है कि रूस के साथ अच्छे संबंधों को देखते हुए भारत रूस-यूक्रेन के बीच तनावपूर्ण स्थिति नियंत्रित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। यूक्रेन के राजदूत ने कहा, 'हमारी सेना मजबूत है, हमें कई देशों का समर्थन मिल रहा है।

## भारत को कूटनीतिक रूप से बहुत सावधानी बरतनी होगी


**नई दिल्ली.** यूक्रेन संघर्ष पर भारत के लिए 'देखो और इंतजार करो' रवैये की वकालत करते हुए, पूर्व भारतीय राजनयिकों ने कहा कि नई दिल्ली को कूटनीतिक रूप से बहुत सावधानी बरतनी चाहिए क्योंकि रूस दशकों से उसका 'मजबूत भागीदार' रहा है। पाकिस्तान सहित कई देशों में भारत के दूत रह चुके जी. पार्थसारथी ने कहा कि यह भारत के लिए एक 'जटिल स्थिति' है और सरकार को इस पर सावधानीपूर्वक फैसला ● शेष पृष्ठ 4 पर

पुतिन ने दी चेतावनी

## 'किसी ने दखलंदाजी की तो ऐसा जवाब दूंगा जो इतिहास में कभी किसी ने नहीं देखा होगा'



**रूसी** राष्ट्रपति पुतिन ने यूक्रेन पर हमले का ऐलान करते हुए कड़ी चेतावनी दी कि अगर किसी भी देश ने इस युद्ध में घुसने की कोशिश की तो अंजाम भयानक होगा। पुतिन ने स्पष्ट किया है कि रूस अपनी रक्षा के लिए कुछ भी करने को तैयार है। पुतिन ने अपने इस स्पैशल ऑप्रेशन के फैसले से देशवासियों को अवगत कराया। उन्होंने टैलीविजन पर संदेश जारी किया। इसमें उन्होंने कहा....... ''जो लोग यूक्रेन में रहते हैं उनसे कभी नहीं पूछा गया कि वे कहां रहना चाहते हैं और हमें यह अधिकार है कि हम यह तय करें। हमने क्रीमिया के लोगों की भी रक्षा की और अब यूक्रेन के लोगों की भी करेंगे। हम आत्मरक्षा में काम कर रहे हैं। हमारे खिलाफ खतरे के मोर्चे खोल दिए गए हैं। हम इस दुखद समय से जल्दी ही निकल जाएंगे। लेकिन इस दौरान किसी भी बाहरी हस्तक्षेप को ● शेष पृष्ठ 4 पर









# सभी साहित्यकारों को एक समान फॉर्मूले से दी जाए सम्मान राशि: मनोहर लाल

## सभी साहित्यकारों को एक समान फॉर्मूले से दी जाए सम्मान राशिः मनोहर लाल, साहित्य पर्व के अवसर पर चारों अकादमियों के 138 साहित्यकार हुए सम्मानित







हरियाणा के मुख्यमंत्री चंडीगढ़ टैगोर थियेटर में हरियाणा साहित्य पर्व सम्मान समारोह के दौरान पुस्तकों का विमोचन करते हुए। साथ में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव, हरियाणा ग्रंथ अकादमी के उपाध्यक्ष, हरियाणा संस्कृत अकादमी के उपाध्यक्ष व हरियाणा पंजाबी साहित्य अकादमी के उपाध्यक्ष धमीजा तथा (दाएं) हरियाणा के मुख्यमंत्री चंडीगढ़ टैगोर थियेटर में हरियाणा साहित्य पर्व सम्मान समारोह में धीरा खंडेलवाल को श्रेठ महिला रचनाकार सम्मान से सम्मानित करते हुए। साथ में हरियाणा ग्रंथ अकादमी के उपाध्यक्ष। (जसवंत)

**● बाबू बालमुकुंद गुप्त की हवेली पर बनेगी सरकारी ई-लाइब्रेरी**

चंडीगढ़, 24 फरवरी (सवेरा ब्यूरो) : सभी भाषाओं के साहित्यकार समान होते हैं, ऐसे में सरकार द्वारा दी जाने वाली पुरस्कार राशि भी समान होनी चाहिए। हरियाणा की साहित्य अकादमियों को पुरस्कार राशि को लेकर एक समान फॉर्मूला बनाया जाए। अभी तक हरियाणा की चारों साहित्य अकादमियां साहित्य के क्षेत्र में अलग-अलग पुरस्कार राशि दे रही हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल गुरुवार को टैगोर थियेटर में हरियाणा साहित्य पर्व के अवसर पर बोल रहे थे।

मुख्यमंत्री ने हरियाणा संस्कृत अकादमी और पंजाबी साहित्य अकादमी की वेबसाइट व मोबाइल एप्लीकेशन लॉन्च किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने संस्कृत, हिंदी, पंजाबी व उर्दू भाषा के 138 साहित्यकारों को सम्मानित किया। यह सम्मान हरियाणा संस्कृत अकादमी, हरियाणा ग्रंथ अकादमी, हरियाणा पंजाबी साहित्य अकादमी, हरियाणा उर्दू अकादमी के तहत दिए गए। मुख्यमंत्री चारों अकादमियों के अध्यक्ष हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा साहित्यकारों की भूमि रही है, यहां बाबू बालमुकुंद गुप्त, हाली पानीपती, दादा लख्मीचंद और बाबा फरीद जैसे साहित्यकार जन्मे हैं। इनकी जन्मभूमि पर साहित्य की दृष्टि से काम करने की जरूरत है। इसी कड़ी में बाबू बालमुकुंद गुप्त के पैतृक गांव रेवाड़ी के गुड़ियानी में उनकी हवेली पर एक सरकारी ई-लाइब्रेरी बनाई जाएगी। इससे युवाओं को साहित्य पढ़ने का मौका मिलेगा।

**मुख्य पुरस्कार :** आजीवन साहित्य साधना सम्मान वर्ष 2017 के लिए डॉ. कमल कशोर गोयनका व वर्ष 2018 के लिए डॉ. सुरेश गौतम, 2019 के लिए माधव कौशिक और 2020 के लिए ज्ञानप्रकाश विवेक को 7-7 लाख रुपये की पुरस्कार राशि व प्रशस्ति पत्र दिया गया। फखे हरियाणा सम्मान वर्ष 2019 के लिए डॉ. हिम्मत सिंह सिन्हां नाजिम, वर्ष 2020 के लिए डॉ. कुमार पानीपती को 5-5 लाख रुपये व प्रशस्ति पत्र दिया गया। इसी प्रकार महाकवि सूरदास आजीवन साहित्य सम्मान वर्ष 2017 के लिए डॉ. पूर्ण चंद शर्मा, 2018 के लिए मधुकांत, डॉ. संतराम देशवाल, वर्ष 2019 के लिए डॉ. सुदर्शन रत्नाकर व चंद्रकांता, वर्ष 2020 के लिए डॉ. सुभाष रस्तोगी को 5-5 लाख रुपये व प्रशस्ति पत्र दिए गए।

इसके अलावा अलग-अलग श्रेणियों में कुल 138 साहित्यकार सम्मानित हुए।

### साहित्य के प्रति करें जागरूक

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज इंटरनेट के दौर में युवाओं की साहित्य के प्रति रूचि कम हो रही है, उन्हें जागरूक करने की आवश्यकता है। साहित्य अकादमियों के माध्यम से गांव-गांव जाकर लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। साहित्य के क्षेत्र में योगदान कम न हो, इसलिए सभी साहित्य अकादमियां महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। साहित्यकार और साहित्य देश व समाज की सीमाओं में नहीं बंधे होते। वे कहीं भी अपने साहित्य से समाज को जागरूक कर सकते हैं। साहित्य में कही गई बात कई बार लोगों का पूरा जीवन सुधार देती है। संतों की वाणी सुनकर बुराई से ग्रसित लोगों के जीवन में भी बदलाव आ जाता है।

### साहित्यकारों, पत्रकारों और कवियों ने निभाई आजादी में अहम भूमिका

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की आजादी में अलग-अलग वर्ग के बहुत से लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, लेकिन साहित्यकारों, कवियों, लेखकों, रचनाकारों व पत्रकारों ने समाज को जागरूक करने में अहम योगदान दिया। इससे देशभक्ति आंदोलन को बल मिला और राष्ट्र प्रेम व जनजागरण की भावना आई। मुख्यमंत्री ने नेपोलियन बोनापार्ट का उदाहरण देते हुए कहा कि दो ही ताकतें हैं या तो तलवार की या फिर कलम की।

### साहित्यकारों के प्रति मुख्यमंत्री का अगाध प्रेम: डॉ. अमित अग्रवाल

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. अमित अग्रवाल ने कहा कि राज्य की सभी अकादमी उत्कृष्ट काम कर रही हैं। समाज के लिए प्रकाश स्तम्भ का काम करने वाले साहित्यकारों को सम्मानित किया जा रहा है। साहित्यकारों के प्रति मुख्यमंत्री का अगाध प्रेम है। मुख्यमंत्री ने हरियाणा साहित्य पर्व के सफल आयोजन पर डॉ. अमित अग्रवाल व हरियाणा उर्दू अकादमी के उपाध्यक्ष डॉ. चंद्र त्रिखा को बधाई दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी उमाशंकर, हरियाणा संस्कृत अकादमी के उपाध्यक्ष डॉ. दिनेश शास्त्री, हरियाणा ग्रंथ अकादमी के उपाध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र चौहान, हरियाणा पंजाबी साहित्य अकादमी के उपाध्यक्ष गुरविंदर सिंह धमीजा व प्रदेशभर से आए सभी साहित्यकार, उनके परिजन व वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### साहित्य की लौ न हो धीमी

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार साहित्य के सृजन को बढ़ावा दे रही है। अकादमियों द्वारा पुस्तकों के प्रकाशन के लिए अनुदान दिया जा रहा है। इसके अलावा अच्छी रचनाओं को पाठ्यक्रमों में भी शामिल किया जाता है। उन्होंने साहित्यकारों का आहवान करते हुए कहा कि साहित्य की लौ धीमी नहीं होनी चाहिए। ज्ञान, शब्दकोष, रचनाओं से समाज में जनजागरण करें और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएं।

### साहित्यकार होना अपने आप में सम्मान

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि साहित्यकार होना अपने आप में सम्मान है। हरियाणा सरकार द्वारा दिए जाने वाले साहित्य सम्मान कोरोना की वजह से नहीं दिए जा सके थे। इस वर्ष साहित्य पर्व मनाकर यह सम्मान दिए गए हैं। साहित्य व संगीत का हर जीवन में महत्व है। हरियाणा में वैदिक मनिषियों ने वेदों, उपनिषदों, गीता और महाभारत की रचना की थी। हमारा साहित्य पुरातन है। साहित्य को मन से स्मरण करना चाहिए, वाणी से बोलना चाहिए।

---

## हरियाणा में 10 मार्च से शुरू होंगी वार्षिक परीक्षाएं

# सीबीएसई से जुड़े स्कूलों में सीबीएसई नियमानुसार होंगी 9वीं व 11वीं की परीक्षाएं

**● 15 मार्च से 27 मार्च तक चलेंगी पांचवीं से आठवीं की परीक्षाएं**

**● पहली से चौथी कक्षा के विद्यार्थियों का अध्यापक करेंगे मूल्यांकन**

**● चौथी कक्षा तक के विद्यार्थियों को पढ़ाने वाले अध्यापक अगली कक्षा में भी इन्हीं बच्चों को देंगे ज्ञान**

चंडीगढ़, 24 फरवरी (नवनीत शर्मा) : हरियाणा में 10 मार्च से वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी। पांचवीं से आठवीं की परीक्षाओं का आयोजन 15 मार्च से 27 मार्च तक करवाया जाएगा। वहीं 9वीं व 11वीं की परीक्षाएं 10 मार्च से शुरू होकर 25 मार्च तक चलेंगी। इसके अलावा पहली से चौथी कक्षा के विद्यार्थियों का कक्षा व विषय अध्यापक द्वारा मूल्यांकन किया जाएगा। सभी कक्षाओं का परीक्षा परिणाम 31 मार्च तक जारी किया जाएगा। जिसके बाद एक अप्रैल को नया शैक्षणिक सत्र 2022-23 शुरू हो जाएगा। इसे लेकर निदेशालय द्वारा सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं।

**पहली से चौथी कक्षा के लिए यह निर्देश :** इन कक्षाओं का आयोजन स्कूल स्तर पर किया जाएगा, जो एफएलएन की लर्निंग आउटकम एवं कक्षावार स्कील पासबुक के कौशलों पर आधारित होगा। डेटशीट संबंधित स्कूल द्वारा तैयार की जाएगी। सभी विद्यार्थियों का मूल्यांकन उसके कक्षा व विषय अध्यापक द्वारा किया जाएगा। इसके लिए टेस्टिंग टूल, मूल्यांकन पत्र, प्रश्न पत्र का निर्माण भी कक्षा व विषय अध्यापक द्वारा इस सत्र में संपन्न करवाए गए पाठयक्रम के आधार पर किया जाएगा। प्रत्येक विद्यार्थी के मूल्यांकन के बाद उसके द्वारा अर्जित दक्षताओं को स्कील पासबुक में भरा जाएगा। उसके बाद पांच प्रतिशत स्कील पासबुक की जांच स्कूल मुखिया, एबीआरसी, बीआरपी व ईएसएचएम द्वारा की जाएगी। स्कील पासबुक का इंतजाम संबंधित डीईईओ द्वारा करवाया जाएगा, जो स्कूल को छात्र संख्या के मुताबिक मिलेगी। इसके लिए डीईईओ को बजट भी उपलब्ध करवाया जाएगा। खास बात यह है कि इस सत्र में पहली से चौथी कक्षा के विद्यार्थियों को जिन अध्यापकों द्वारा पढ़ाया गया है, अगले सत्र में भी वही इन विद्यार्थियों को पढ़ाएंगे।

**पांचवीं से आठवीं की डेटशील एससीईआरटी करेगी साझा :** पांचवीं से आठवीं की परीक्षाओं का आयोजन और मूल्यांकन स्कूल स्तर पर किया जाएगा। इन कक्षाओं की डेटशीट एससीईआरटी द्वारा शीघ्र ही साझा की जाएगी। इन परीक्षाओं का आयोजन 15 मार्च से 27 मार्च तक करवाया जाएगा। इन कक्षाओं के बच्चों का परीक्षा परिणाम 10 अप्रैल तक अवसर एप पर अपलोड कर दिया जाएगा। उत्तर पुस्तिकाओं की जांच परीक्षा समाप्ति के तुरंत बाद शुरू हो जाएगी।

**सीबीएसई नियमों के मुताबिक होगी परीक्षाएं :** हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश के 136 संस्कृति मॉडल स्कूलों को सीबीएसई से मान्यता दिलाई गई है। पिछले करीब एक साल से ये स्कूल सीबीएसई के नियमों मुताबिक चल रहे हैं। अब ऐसे में इन स्कूलों में 9वीं व 11वीं की परीक्षाओं का आयोजन भी सीबीएसई नियमों के मुताबिक करवाया जाएगा। इसे लेकर निदेशालय द्वारा बाकायदा सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश भी जारी किए गए हैं। निदेशालय ने जारी पत्र में कहा है कि इन दोनों कक्षाओं की परीक्षाओं का आयोजन, प्रश्न पत्र तैयार करवाना और मूल्यांकन स्कूल स्तर पर सीबीएसई के नियमों अनुसार करवाया जाए।

---

# निजी स्कूलों के छात्रों को बड़ी राहत, फीस रेगुलेटरी कमेटी ने फॉर्म 6 के तहत ही फीस वसूली का लिया निर्णय

चंडीगढ़, 24 फरवरी (प्रीत मेहता): फीस का भुगतान न करने के कारण बच्चों को ऑनलाइन क्लास से बाहर करने के स्कूलों को फैसलों के खिलाफ लगातार बढ़ती याचिकाओं पर हाईकोर्ट के आदेशों के बाद फीस रेगुलेटरी कमेटी ने आई शिकायतों का निपटारा करते हुए तय कर दिया है कि फॉर्म 6 के तहत ही फीस वसूली जा सकती है, जिसके जरिए छात्रों और अभिभावकों को बडी राहत मिल गई है। यह जानकारी हाईकोर्ट को दी गई जिस पर हाईकोर्ट ने संतुष्टि जताते हुए इस मामले को लेकर दायर याचिकाओं का निपटारा कर दिया है। पेरेंट्स एसोसिएशन के एडवोकेट अभिनव अग्रवाल ने बताया कि इस फैसले से छात्रों को राहत मिल गई है अब फॉर्म 6 जो फीस तय की गई थी उससे अतिरिक्त फीस नहीं वसूली जाएगी और जो अतिरिक्त फीस वसूली गई है वह अभिभावक वापिस मांगने के अधिकारी हैं। बता दें कि कोरोना के बढ़ते केहर के चलते स्कूल बंद होने के कारण बच्चों की ऑनलाइन क्लास के जरिए से शिक्षा दी जा रही है, लेकिन ऐसे बहुत मामले सामने आ रहे है जिसमें फीस न अदा करने वाले छात्रों को स्कूल ऑनलाइन क्लास लगाने की इजाजत नहीं दे रहे। ऐसे ही एक मामले में आरोप लगाया गया था कि याचिकाकर्ता के बच्चों को ऑनलाइन क्लास व परीक्षा में बैठने की इजाजत नहीं दी जा रही। यह भी आरोप लगाया गया था कि शिक्षा विभाग के अधिकारी ऐसे विषय के प्रति गंभीर नहीं है। याचिकर्ता की तरफ से दलील दी गई थी उसने निजी स्कूलों द्वारा ट्यूशन और अन्य फीस बढ़ाने को हाईकोर्ट में चुनौती दी हुई है। हाईकोर्ट आदेश जारी कर चूका है कि फीस का भुगतान न होने के चलते किसी बी छात्र को क्लास लगाने या परीक्षा में बैठने से नहीं रोका जायेगा बावजूद इसके कई स्कूल इन आदेशों का पालन नहीं कर रहे हैं। इस पर हाईकोर्ट ने सरकार को आदेश दिया था फीस रेगुलेटरी कमेटी के पास अभिभावकों की जो भी शिकयतें आई हैं, उनका तय नियमों के तहत जल्द से जल्द निपटारा किया जाए।

**PUBLIC NOTICE**


I, Vinod Kumar S/o Kashmiri Lal Monga R/o 19/203, Khalsa High School Wali Gali, Rania Gate, Sirsa declares that I have lost my previous original sale deed no 10061 dtd. 01.02.2005 & sale deed no. 7881 dt. 30.11.2005 duly registered at Sub Registrar Sirsa. At somewhere in Sirsa on Dtd. 01.02.2020. If found please contact on 92541-00387 within 14 days to the undersigned from the date of this public notice. If this deed found mortgage in any bank, I am fully responsible for this.

---

# आमजन की समस्याओं को लेकर बजट सत्र में सरकार से करेंगे जवाब तलबी: बलराज कुंडू

**● खेती-किसानी से जुड़े मुद्दों के अलावा बेरोजगारी और कर्मचारियों की मांगों को लेकर पूछेंगे सवाल**

**● बेरोजगारी की समस्या से निराशा में डूबे हरियाणा के नौजवानों की आवाज बनेंगे कुंडू**


बलराज कुंडू

चंडीगढ़, 24 फरवरी (सवेरा ब्यूरो) : आगामी दो मार्च से शुरू होने वाले हरियाणा विधानसभा बजट सत्र में जनसेवक मंच संयोजक एवं महम विधायक बलराज कुंडू जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर सरकार से जवाब तलबी करेंगे। खेती-किसानी से लेकर फसलों में हुए नुकसान एवं जलभराव से प्रतिवर्ष होने वाली किसानों की दुर्दशा के मुद्दे को लेकर वे मुखर दिखेंगे। साथ ही कर्मचारी वर्ग की समस्याओं को उठाने के अलावा बेरोजगारी की मार झेलने को मजबूर प्रदेश के लाखों युवाओं की आवाज भी बुलंद करेंगे। बड़े-बुजुर्गों की पेंशन काटने के मामले में भी वे सरकार को सवालों के कटघरे में खड़ा करेंगे।

**इन मुद्दों को लेकर कुंडू ने लगाए सवाल :** बलराज कुंडू के मुताबिक आगामी सत्र के लिए प्रदेश से जुड़े शिक्षा, स्वास्थ्य एवं खेल-खिलाड़ियों जैसे तमाम अहम मुद्दों पर वे सरकार से जवाब मांगेंगे। एक्सटेंशन लेक्चर्रर, आंगनवाड़ी वर्कर्स, आशा वर्कर्स, स्वास्थ्य ठेका कर्मियों, लिपिकीय वर्ग की 35400 की मांग, डोमिसाइल का समय 15 की बजाए 5 साल करने के गलत फैसले, कपास, बाजरे एवं धान फसलों की बर्बादी एवं मुआवजे के अलावा बेमौसमी बरसात से खेतों में होने वाले जलभराव की समस्या के समाधान और जलभराव से बर्बाद फसलों के मुआवजे, भावांतर भरपाई योजना, सेम की समस्या, भर्तियों में भ्रष्टाचार, विश्वविद्यालयों के वार्षिक कलेंडर से महापुरुषों के फोटो हटाने, प्रदेश में खाद की कमी से किसानों को हुई परेशानियों से संबंधित सवाल लगाए हैं। प्रदेश में खेल मैदानों एवं खिलाड़ियों की दुर्दशा और कोचों की कमी, गांवों में तालाबों के ओवरफ्लो से बस्तियों में जलभराव की समस्या के समाधान, किसान आंदोलन के दौरान बनाए गए केसों की वापसी, महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों की रोकथाम, प्रदेश पुलिस बल में खाली पड़े महिला अधिकारियों के पदों व सरकारी स्कूलों में टीचिंग एवं नॉन टीचिंग स्टाफ की कमी बारे भी सवाल उठाए हैं।

**कई ज्वलंत विषयों पर कुंडू ने लगाए कॉलिंग अटेंशन मोशन :** बजट सत्र में प्रदेश एवं महम हल्के से जुड़े मुद्दों को लेकर करीब दो दर्जन सवालों के अलावा कुंडू ने कई ज्वलंत विषयों को लेकर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव भी दिए हैं। कुंडू के मुताबिक सीएमईआई की रिपोर्ट में बताया गया है हरियाणा में बेरोजगारी की हालत भयावह हो चुकी है। जिसे लेकर खासतौर से ध्यानाकर्षण प्रस्ताव दिया गया है। निर्धन परिवारों के बच्चों के नियम 134ए के तहत निजी स्कूलों में दाखिले नहीं हो रहे हैं। 10 साल से पुराने वाहनों में शामिल किए गए ट्रैक्टर-ट्राली पर एनजीटी की पाबंधी से किसानों को होने वाली परेशानियों, कर्मचारियों की पुरानी पेंशन योजना दौबारा लागू करने समेत स्वास्थ्य ठेका कर्मियों को हटाने समेत कई विषयों पर कॉलिंग अटेंशन मोशन सबमिट करवाए हैं। जिन पर चर्चा करवाकर सरकार से सदन में जवाब मांगे जाएंगे।

**सीवरेज और जल निकासी के भी प्रोजेक्ट तैयार कर सरकार से मांगा बजट :** कुंडू ने महम शहर समेत पूरे हल्के के पेयजल संकट को दूर करने के लिए प्रोजेक्ट तैयार करवाया है। इसके अलावा शहर के सीवरेज सिस्टम में सुधार करने समेत बरसात से होने वाले जलभराव को रोकने तथा जल्द से जल्द जल निकासी कैसे संभव हो सकती है, इसे लेकर भी कुंडू ने बाकायदा प्रोजेक्ट तैयार करवाकर प्रदेश सरकार को दिए हैं। मुख्यमंत्री से मांग की है कि बजट में इनके लिए पैसे के बंदोबस्त किए जाएं ताकि महम हल्के के लोगों की समस्याओं का स्थायी तौर पर समाधान किया जा सके।

**सरकारी अस्पताल की नई बिल्डिंग समेत कई सड़क मार्गों की डिमांड की :** कुंडू ने महम हल्के के समुचित विकास के लिए मुख्यमंत्री को लिखित सुझाव देकर बजट में इसके लिए पर्याप्त मात्रा में धनराशि की व्यवस्था करने की डिमांड की है। महम अस्पताल के जर्जर हो चुके भवन की जगह नई बिल्डिंग बनाकर स्वास्थ्य सेवाओं में बढ़ोतरी समेत महम में लड़कियों के लिए अलग कॉलेज की मांग भी रखी है। कई सड़क मार्गों की मांग भी की गई है।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं रानी देवी पत्नी लाल चन्द निवासी होस्पीटल के पास, गांव चौटाला, तहसील मण्डी डबवाली, जिला सिरसा ब्यान करती हूं कि मेरा पति लाल चन्द मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिए मैं उससे अपने सारे संबन्ध विच्छेद करती हूं। जो व्यक्ति इससे लेन-देन करेगा, वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी उसके किसी भी अच्छे-बुरे कार्य की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी। शपथकर्ता

**बेदखली सूचना**

मैं सोमवती पत्नी श्री लक्ष्मी नारायण निवासी 4779, मोची मण्डी, अम्बाला छावनी यह बयान करती हूं कि मेरा पुत्र पंकज व मेरी पुत्रवधु दीपिका मेरे कहने सुनने से बाहर है इसलिए मैं अपने पुत्र पंकज व पुत्रवधु दीपिका को अपनी चल-अचल सम्पत्ति व कानूनी अधिकारों से बेदखल करती हूं। भविष्य में पंकज व दीपिका से किसी भी प्रकार का लेन-देन या लड़ाई झगड़ा करने वाला व्यक्ति स्वयं जिम्मेवार होगा। इसमें हमारे परिवार के किसी अन्य सदस्य की कोई जिम्मेवारी न होगी।

**"नोटिस**

**कार्यालय सब रजिस्ट्रार कम तहसीलदार लाडवा।"**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि शान्ति देवी पुत्री श्री शिवशरण दास (विधवा ज्ञान चन्द) निवासी लाडवा तहसील लाडवा जिला कुरुक्षेत्र ने अपने दो भाइयों ईश्वर चन्द - बृज मोहन पुत्रान श्री शिव शरण दास निवासी लाडवा जिला कुरुक्षेत्र व सैक्टर 13 कुरुक्षेत्र तहसील थानेसर जिला कुरुक्षेत्र की चल अचल सम्पत्ति व पुंजी आदि का एक वसीयतनामा लिखित दिनांक 06/08/2004 को कराया हुआ है और शान्ति देवी का दिनांक 13/09/2004 को स्वर्गवास हो चुका है अब ईश्वर चन्द - बृज मोहन उपरोक्त वसीयतनामा को तहसील कार्यालय में रजि. कराना चाहते है यदि किसी व्यक्ति को वसीयत रजि. किए जाने पर ऐतराज है तो वह अपने एतराज इस इश्तहार के प्रकाशित होने के एक महीने के अंदर अंदर तहसील कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है कोई ऐतराज प्रस्तुत न होने की स्थिति में उपरोक्त वसीयतनामा का नियमानुसार रजि. कर दिया जायेगा और उसके उपरान्त कोई ऐतराज मान्य नहीं होगा।

"सहायक कलेक्टर द्वितीय श्रेणी एवम तहसीलदार लाडवा जिला कुरुक्षेत्र"

**सार्वजनिक सूचना**

एत् द्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशक, नगर एवं ग्राम नियोजन हरियाणा ने दीन दयाल जन आवास योजना- 2016, योजना के अंतर्गत ग्राम रतनगढ़ एवं झाम्ब्रा, सेक्टर-5, तहसील- शाहबाद, जिला- कुरुक्षेत्र में 14.84375 एकड़ क्षेत्रफल में अफोर्डेड प्लॉटिड हाउसिंग कालोनी की स्थापना हेतु दिनांक 3 अक्टूबर 2018 के अनुज्ञप्ति संख्या 70 एवं अनुज्ञप्ति संख्या 09, दिनांक 30 जनवरी 2019, दीन दयाल जन आवास योजना - 2016 योजना के अंतर्गत अफोर्डेबल प्लॉटिड हाउसिंग कालोनी की स्थापना हेतु ग्राम - रतनगढ़, सैक्टर - 5, तहसील-शाहबाद, जिला - कुरुक्षेत्र में 7.16875 एकड़ क्षेत्रफल की स्वीकृति प्रदान की थी।

इसके द्वारा आगे सूचित किया जाता है कि कंपनी ने 2018 के अनुज्ञप्ति संख्या 70 के 13.51875 एकड़ के आंशिक प्रवासन और 2019 के अनुज्ञप्ति संख्या 09 के पूर्ण प्रवासन के लिए आवेदन किया है, जोकि 20.6875 एकड़ में अफोर्डेबल प्लॉटिड हाउसिंग कॉलोनी की स्थापना के लिए प्रदान किया गया है, 22.44236 एकड़ के लिए अतिरिक्त अनुज्ञप्ति के साथ नियमित आवासीय प्लॉट कालोनी के लिए, जिससे कुल 43.12986 एकड़ हो गया है, जिसके लिए निदेशक, नगर एवं ग्राम नियोजन, हरियाणा से 18 नवंबर 2021 को अनुमोदन पत्र प्राप्त हो गया है।

उपरोक्त लाइसेंसों में कोई तृतीय पक्ष अधिकार नहीं बनाया गया है। तथापि, आवंटिती, यदि कोई हों, इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर कार्यालय वरिष्ठ नगर नियोजक, पंचकूला में लिखित रूप में दे। आवासीय प्लॉटिड कालोनी के निर्माण के कारण पूर्व में स्वीकृत लेआउट प्लान और प्रस्तावित लेआउट प्लान की एक प्रति उपरोक्त साइट के पते के साथ-साथ वरिष्ठ टाउन प्लानर के कार्यालय में अवलोकन के लिए उपलब्ध है। कंपनी यह वचन देती है कि किसी तीसरे पक्ष के अधिकारों के सृजन के मद्देनजर आवंटियों के अधिकारों का कोई उल्लंघन नहीं हुआ है।

अधिवक्ता

---

# प्रदेश के हर गांव व शहर में लगाए जाएंगे माइक्रो एटीएम: दुष्यंत चौटाला

## ● डिप्टी सीएम बोले, पायलट के तौर पर पांच शहरों में किया जाएगा परीक्षण

**● डिपो संचालकों को होगी अतिरिक्त आमदनी**


हरियाणा के उपमुख्यमंत्री माइक्रो एटीएम मशीन लगाने के संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

चंडीगढ़, 24 फरवरी (सवेरा ब्यूरो) : सरकार प्रदेश के करीब 9500 डिपुओं में 'माइक्रो एटीएम' मशीन लगाएगी ताकि गांव के लोग भी आवश्यकता अनुसार अपने नजदीक ही पैसे जमा कर सकें और निकाल सकें। यही नहीं वे बैंक में अपने बैलेंस को भी इसी 'माइक्रो एटीएम' के माध्यम से चैक कर सकेंगे। हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने यह जानकारी खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करने के बाद दी। उन्होंने एक कंपनी द्वारा तैयार की गई मशीन का डेमो भी देखा। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री के साथ राज्य मंत्री अनूप धानक, विभाग के महानिदेशक विजय सिंह दहिया के अलावा अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

**गुरुग्राम, फरीदाबाद, हिसार, करनाल और पंचकूला में लगाएंगे मशीनें :** डिप्टी सीएम ने बताया कि सरकार का प्रयास है कि प्रदेश में ऐसी व्यवस्था की जाए, जिससे राशन डिपो के माध्यम से राशन लेने वाले गरीब व्यक्ति पीओएस (प्वाइंट ऑफ सेल) मशीन के माध्यम से ही अपने राशन की पेमेंट अदा करके एटीएम की तरह अतिरिक्त पैसे भी निकलवा सकें। प्रथम चरण में गुरुग्राम, फरीदाबाद, हिसार, करनाल और पंचकूला में पायलट के तौर पर डिपुओं पर माइक्रो एटीएम की मशीनें लगाई जाएंगी, जिससे राशन कार्ड होल्डरों के अलावा आसपास के अन्य लोग पैसे निकलवा सकेंगे और जमा करवा सकेंगे। सरकार के इस कदम से जहां लोगों को सुविधा मिलेगी, वहीं डिपो-होल्डरों को भी बैंक की सहायता करने की एवज में कमीशन मिलेगा जिससे उनकी आमदनी बढ़ेगी।

**पैसे के लेनदेन की स्थानीय स्तर पर दी जाएगी सुविधा :** दुष्यंत चौटाला ने कहा कि खाद्य आपूर्ति विभाग के राज्य में करीब 9,500 डिपो हैं। जिनके माध्यम से बीपीएल परिवारों को सस्ती दरों पर राशन उपलब्ध करवाया जाता है। पारदर्शिता लाने के लिए गरीबों के हित में सरकार ने पीओएस मशीन के माध्यम से पहले राशन वितरण का कार्य शुरू किया था, अब इन्हीं डिपुओं के माध्यम से माइक्रो एटीएम की मशीनें लगाकर लोगों को पैसे के लेनदेन की स्थानीय स्तर पर सुविधा दी जाएगी। डिपो होल्डरों को पहले उक्त मशीनें चलाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रथम चरण में पांच शहरों में डिपुओं पर माइक्रो एटीएम की मशीनें लगाई जाएंगी, तत्पश्चात इस पूरे राज्य में चालू किया जाएगा। सरकार द्वारा प्रदेश की आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक संस्कृति में बड़ा बदलाव किया गया है। समान विकास, जन-जन के कल्याण और भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था के माध्यम से प्रदेशवासियों को एक नए विश्वास का अहसास कराया है। आज हरियाणा के लोगों की आशाएं व आकांक्षाएं फलीभूत हो रही हैं। समाज के हर वर्ग के कल्याण-उत्थान और प्रदेश के हर क्षेत्र के समान विकास की बहुआयामी नीतियां लागू की गई हैं। विकास के लाभ अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक पहुंच रहे हैं।

### सरकार ने पांच आईएएस को मुख्य सचिव ग्रेड में किया पदोन्नत

चंडीगढ़, 24 फरवरी (सवेरा ब्यूरो) : सरकार ने 1991 बैच के पांच आईएएस अधिकारियों को मुख्य सचिव ग्रेड (पे मैट्रिक्स में लेवल 17) में पदोन्नत किया है। पदोन्नत अधिकारियों में अशोक खेमका, विनीत गर्ग, अनिल मलिक, जी अनुपमा और अपूर्व कुमार सिंह शामिल हैं। सरकार ने 1991 बैच के श्रीकांत वालगद और अभिलक्ष लिखी को भी मुख्य सचिव ग्रेड (पे मैट्रिक्स में लेवल 17) में प्रोफार्मा पदोन्नति दी है।

**नगर निगम, चंडीगढ़**

**निविदा सूचना**

| क्र. सं. | कार्य का नाम | बोली जमा शैड्यूल (ऑनलाइन) | तकनीकी बोली खुलना (ऑनलाइन) |
|---|---|---|---|
| | **कार्यकारी अभियंता - रोड्स डिवीजन नं. 2** | | |
| 1. | सुंदर नगर कालोनी पार्ट-2, मौली जागरां, चंडीगढ़ की आंतरिक सड़कों की री-कारपैटिंग (रोड/पार्किंग स्थानों और आधारभूत सुविधाओं का सुधार) अनुमानित लागत : रु. 54.31लाख ईएमडी राशि : रु. 1,08,620/- समय सीमा : 6 माह | 25.02.2022 से 04.03.2022 दोपहर 12.00 बजे तक | 04.03.2022 को दोपहर 12.00 बजे |
| | **कार्यकारी अभियंता - रोड्स डिवीजन नं. 3** | | |
| 2. | रोड डिवीजन नं. 3, एम.सी. चंडीगढ़ के अधिकार क्षेत्र के अधीन जंक्शन नं. 25 का सुधार (रैवेन्यू हैड - सड़कों का वार्षिक रख-रखाव) अनुमानित लागत : रु. 26.76 लाख समय सीमा : 3माह | 23.02.2022 से 02.03.2022 दोपहर 12.00 बजे तक | 02.03.2022 को दोपहर 12.00 बजे |
| 3. | रोड डिवीजन नं. 3, एम.सी. चंडीगढ़ के अधिकार क्षेत्र के अधीन जंक्शन नं. 24 का सुधार (रैवेन्यू हैड - सड़कों का वार्षिक रख-रखाव) अनुमानित लागत : रु. 31.09 लाख समय सीमा : 3माह | 24.02.2022 से 04.03.2022 दोपहर 12.00 बजे तक | 024.03.2022 को दोपहर 12.00 बजे |

नोट : (1) निविदा सूचना के साथ विवरणात्मक नियम एवं शर्तें वैबसाइट www.chandigarh.gov.in या etenders.chd.nic.in पर उपलब्ध हैं।

कार्यकारी अभियंता
रोड्स डिवीजन नं. 2 और 3, एम.सी. चंडीगढ़







# डोमिसाइल सर्टिफिकेट की सीमा 5 साल करना प्रदेश के स्थायी वासियों के साथ खिलवाड़ : अभय चौटाला

**● इस मुद्दे को पुरजोर ढंग से आने वाले सत्र दौरान विधान सभा में उठाएंगे**

चंडीगढ़, 24 फरवरी (सवेरा ब्यूरो) : इंडियन नैशनल लोकदल के प्रधान महासचिव एवं ऐलनाबाद के विधायक अभय सिंह चौटाला ने कहा कि भाजपा गठबंधन सरकार द्वारा डोमिसाइल सर्टिफिकेट (रिहायशी प्रमाण-पत्र) के लिए तय 15 साल की सीमा को खत्म करके 5 साल की सीमा करना प्रदेश के स्थायी निवासियों के साथ खिलवाड़ किया गया है। इसी मुद्दे को लेकर इनैलो पार्टी की तरफ से हरियाणा विधान सभा में प्रक्रिया व कार्य संचालन संबंधी नियमों के नियम 73 के तहत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव दिया गया है। डोमिसाइल सर्टिफिकेट के लिए 5 साल की सीमा करना प्रदेश की जनता के साथ धोखा है, इस मुद्दे को विधानसभा में जोर-शोर से उठाएंगे। अभय चौटाला ने कहा कि डोमिसाइल सर्टिफिकेट के लिए 5 साल की सीमा करने से बुढ़ापा, बेसहारा महिला व दिव्यांग पेंशन सहित सभी प्रकार की सामाजिक योजनाओं में यह सीमा लागू हो जाएगी जिसके कारण दूसरे प्रदेश के बाहरी लोग जो 5 साल से हरियाणा में रह रहे हैं वो भी लाभार्थी बन जाएंगे। ऐसे में जो हरियाणा प्रदेश पर भारी आर्थिक बोझ पड़ जाएगा। दूसरे प्रदेश के लोग यहां कालेज-यूनिवर्सिटी तथा नौकरियों में आरक्षण का लाभ भी लेंगे। हमारे प्रदेश का योग्य युवा नौकरियों को भी तरस जाएगा।


अभय चौटाला

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को प्रदेश के लोगों के भविष्य और उनके अधिकारों के साथ खिलवाड़ करने नहीं दिया जाएगा। भाजपा गठबंधन सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ इनैलो पार्टी हर स्तर पर डटकर विरोध करेगी और सरकार को जनविरोधी फैसले वापस लेने पर मजबूर करेगी।

# हरियाणा सरकार ने यूक्रेन में फंसे प्रदेश के 2000 लोगों के लिए बनाया कंट्रोल रूम

**● व्हाट्सएप नंबर 9212314595 पर मैसेज कर सकते हैं परिजन**

चंडीगढ़, 24 फरवरी (सवेरा ब्यूरो) : हरियाणा सरकार ने यूक्रेन में फंसे प्रदेश के 2000 लोगों के लिए कंट्रोल रूम बनाया है। साथ में व्हाट्सएप नंबर 9212314595 जारी किया है, जिस पर संदेश भेजे जा सकते हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने यह जानकारी वीरवार को यहां प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार भी चिंतित है। उन्होंने कहा कि उन्हें कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला का भी पत्र मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां केंद्र ने कंट्रोल रूम स्थापित किया हुआ है, वहीं हरियाणा सरकार ने भी एक कंट्रोल रूम स्थापित किया है। साथ में टोल फ्री नंबर जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विदेश मंत्रालय (भारत सरकार) के निकट सहयोग से अपने नागरिकों को भारत वापस लाने के लिए हर संभव सहायता देगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में गृह मंत्री अनिल विज, अतिरिक्त मुख्य सचिव राजीव अरोड़ा, डीजीपी पीके अग्रवाल भी साथ थे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपील की कि घबराहट और चिंता से दूर रहें। संबंधित अधिकारियों के साथ अपने देश लौटने के लिए समन्वय स्थापित करें।


मुख्यमंत्री मनोहर लाल वीरवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बात करते हुए। साथ में गृह मंत्री अनिल विज, गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजीव अरोड़ा और पुलिस महानिदेशक पीके अग्रवाल भी हैं। (जगमोहन)

**ये बनाए गए हैं कंट्रोल रूम**

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने निगरानी और नियंत्रण की जानकारी देते हुए कहा कि भारत सरकार ने पहले ही विदेश मंत्रालय के तहत विशेष नियंत्रण कक्ष स्थापित कर लिया है और डॉ. आदर्श स्वाईका, संयुक्त सचिव, (यूरेशिया और सीएनवी एंड आई) के मार्गदर्शन में विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। दिल्ली में स्थापित नियंत्रण कक्ष के संपर्क विवरण के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि दिल्ली में स्थापित नियंत्रण कक्ष के फोन नंबर (+91 11 23012113), (+91 11 23014104), (+91 11 23017905) और 1800118797 (टोल फ्री) है तथा ईमेलः- situation-room@mea.gov.in <mailto:situation-room@mea.gov.in> है। यूक्रेन में भारतीय दूतावास में हेल्पलाइन के संपर्क विवरण के बारे में जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने बताया कि यूक्त्रेन में दूतावास में स्थापित हैल्पलाईन का फोन नंबर (+380 997300428) तथा (+380 997300483) है और ईमेलः- consv.kyiv@mea.gov.in <mailto:consv.kyiv@mea.gov.in> हैं। मनोहर लाल ने बताया कि इसी तरह का नियंत्रण कक्ष हरियाणा में विदेश सहयोग विभाग के माध्यम से स्थापित किया गया है। भारत के लोगों के लिए हेल्पलाइन नंबर का संपर्क विवरण देते हुए कहा उन्होंने बताया कि फोन नंबर (+91 9212314595 (केवल व्हाट्सएप) और ईमेल contactusat-fcd@gmail.com <mail-to:contactusatfcd@gmail.com> पर प्रश्नों और शिकायतों को लिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा के चार परिवारों से सहायता के लिए पत्र मिला था जिसमें से एक परिवार की बेटी भारत आ चुकी है तथा शेष परिवारों की सहायता के लिए टीम लगातार उनके संपर्क में है।

# प्रतिपक्ष के विरोध और निकाय चुनाव के डर से सरकार ने विकास शुल्क वृद्धि का फैसला वापस लिया : दीपेंद्र हुड्डा

**● कहा, सरकार की मंशा है निकाय चुनाव और बजट सत्र खत्म होने के बाद इसे लागू करे, लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे**

चंडीगढ, 24 फरवरी (सवेरा ब्यूरो) : सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने मांग की कि सरकार हरियाणा के कर्मचारियों के लिए भी राजस्थान सरकार की तर्ज पर पुरानी पेंशन को लागू करे। उन्होंने राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार द्वारा पुरानी पेंशन स्कीम (लागू करने के फ़ैसले का स्वागत करते हुए कहा कि जब राजस्थान में कांग्रेस की सरकार ऐसा कर सकती है तो हरियाणा में भाजपा की सरकार ऐसा क्यों नहीं कर सकती। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि हरियाणा में भी पुरानी पेंशन स्कीम लागू करवाने की मांग को लेकर कर्मचारी लगातार आंदोलन कर रहे हैं। लेकिन उनकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। नई पेंशन प्रणाली (एनपीएस) असल में शेयर मार्के ट के जरिए बड़े पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने की सरकारी नीति है, जिसमें नुक्सान कर्मचारी का और फायदा निजी कंपनियों को हो रहा है। यही कारण है कि सरकारी कर्मचारी लगातार इसका विरोध कर रहे हैं।, सरकार द्वारा लागू की गई नई पेंशन नीति के तमाम दावे हकीकत में जमीन पर खरे नहीं उतरे।


दीपेंद्र हुड्डा

दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि विकास शुल्क वृद्धि पर प्रतिपक्ष के पुरजोर विरोध और निकाय चुनाव के डर से सरकार ने ये फैसला वापस लिया है। नेता प्रतिपक्ष चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में हुई विधायक दल की आपात बैठक में खुली चेतावनी मिलने के 1 ही दिन बाद विकास शुल्क में की गई भारी बढोत्तरी वाला तुगलकी फ़रमान रद्द करना पड़ा। विकास शुल्क में बैकडोर से ख़तरनाक बढोत्तरी पर हरियाणा सरकार का यू-टर्न लेना जनता और विपक्ष की जीत है।

उन्होंने आगे कहा कि सरकार की मंशा है निकाय चुनाव और बजट सत्र खत्म होने के बाद इसे लागू करे, लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे। उन्होंने यह भी बताया कि पूर्ववर्ती हुड्डा सरकार के समय निकायों में कोई नया शुल्क नहीं लगाया, बल्कि वर्षो से चले आ रहे चूल्हा टैक्स, भट्टी टैक्स आदि को खत्म किया था। इसके अलावा भाजपा और इनेलो की गठबंधन सरकार ने जो भारी भरकम हाउस टैक्स थोपे थे उन्हें खत्म कर नाम मात्र के शुल्क लागू किये गए और जनता को राहत दी गई थी।

# कांग्रेस नेता अशोक मंगालीवाला का आवास आयकर विभाग ने खंगाला

**● देर रात से जारी है सर्वेक्षण, बेड, अलमारी, गद्दे, तस्वीर व अन्य सामान की जांच जारी**

हिसार, 24 फरवरी (सुरेंद्र सोढी) : कांग्रेस नेता एवं दुबई की बहुअंतरराष्ट्रीय तेल कंपनी गल्फ पेट्रोकेम के चेयरमैन अशोक मंगालीवाला के हिसार में सेक्टर 13 स्थित आवास को आयकर विभाग की टीम खंगाल रही है।


अशोक कुमार मंगालीवाला।

सुबह साढ़े सात बजे मंगालीवाला के आवास पर एकाएक पहुंची आयकर विभाग की टीम ने देर रात तक सर्वे जारी रखा। इस दौरान आवास में बेड, गद्दे, अलमारी, तस्वीरों और अन्य सामानों को खंगाला गया। वीरवार की सुबह आयकर विभाग की यह प्रक्रिया जारी रही। मंगालीवाला के घर उनका नौकर, उनके पीए मुनीष कुमार और मंदिर का कामकाज देखने वाले राजीव कुमार हैं। बताया जा रहा है आयकर की टीम पहुंची तक अशोक मंगालीवाला गुरुग्राम थे। फिलहाल उनका व भीतर मनीष आदि का भी मोबाइल नंबर स्विच आफ करवा दिया गया है। आयकर विभाग की टीम ने सुबह आवास पर पहुंचते ही टीम ने मेन गेट बंद कर दिए। करीब आठ इन्कम टैक्स के कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की। स्थानीय पुलिसकर्मियों को साथ लेकर सर्वेक्षण सुबह भी जारी रहने की सूचना थी।

बताया जा रहा है कि आयकर विभाग की टीम ने मंगालीवाला के आवास पर जिस समय दस्तक दी तो उससे पहले ही उन्होंने अपने वाहन पास की मार्केट की पार्किंग में खड़े कर पैदल पहुंचे। टीम ने घर से सामान से शुरूआती जांच के साथ ही दीवारों तक को ठोकना शुरू कर दिया। इस दौरान दीवारों में अलमारी या कोई खाली जगह की आवाज की जांच की गई। इस दौरान टीम ने तमाम कागजात को खंगालते हुए उनके मंदिर व वहां चलने वाले सामाजिक कार्यों से जुड़ी फाइलों को भी मंगवा लिया। मंगालीवाला की संपत्ति के अलावा उनके रानी सती मंदिर, वहां चल रहे अस्पताल की देखरेख करने वाले राजीव कुमार को आयकर विभाग की टीम ने आवास पर ही बुला कर पूछताछ की है।

**भाजपा से हाल ही में कांग्रेस में आए है मंगालीवाला :** प्रसिद्ध उद्योगपति अशोक गोयल मंगालीवाला मूल रूप से हिसार के मंगाली गांव के हैं। देश व विदेश में तेल का बड़ा कारोबार होने के साथ वे दुबई की तेल कंपनी गल्फ पेट्रोकेम के मालिक हैं। पिछले लोकसभा चुनाव से ठीक पहले वह भाजपा में शामिल हुए थे। उन्हें हिसार लोकसभा से भाजपा का प्रबल दावेदार माना जा रहा था। एकाएक उनकी टिकट कट गई और चौधरी बीरेंद्र सिंह के बेटे बृजेंद्र सिंह को मिल गई। इसके बाद वह राजनीति से दूर हो गए। कुछ माह पहले ऐलनाबाद उपचुनाव से ठीक पहले मंगालीवाला कांग्रेस में शामिल हो गए। उन्होंने दिल्ली में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा की मौजूदगी में कांग्रेस में शामिल हुए तथा राजनीतिक बयानबाजी शुरू हो गई।

# बजट में कृषि को आधुनिक और स्मार्ट बनाने के लिए मुख्य सात रास्ते : प्रधानमंत्री मोदी

**● 7 साल में सरकार ने बीज से बाजार तक अनेक नई व्यवस्थाएं तैयार की, पुरानी व्यवस्थाओं में सुधार किया है**

**● विचार-विमर्श कर बजट क्रियान्वयन के लिए पीएम ने की विशेष पहलः कृषि मंत्री तोमर**

नई दिल्ली, 24 फरवरी (सवेरा) : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बजट में कृषि को आधुनिक और स्मार्ट बनाने के लिए मुख्य रूप से सात रास्ते सुझाए गए हैं। साथ ही, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस 21वीं सदी में खेती और खेती से जुड़े ट्रेंड को बिल्कुल बदलने वाली है। बीते 7 सालों में हमने बीज से बाजार तक ऐसी ही अनेक नई व्यवस्थाएं तैयार की हैं, पुरानी व्यवस्थाओं में सुधार किया है। कृषि बजट कई गुना बढ़ा है। किसानों के लिए कृषि लोन में भी ढाई गुना की बढ़ोतरी की गई है। श्री मोदी ने यह बात देश में स्मार्ट एग्रीकल्चर के संबंध में आयोजित वृहद वैबिनार में कही। वैबिनार में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि विभिन्न विशेषज्ञों से विचार-विमर्श करके बजट का बेहतर क्रि यान्वयन करने के लिए प्रधानमंत्री जी ने विशेष पहल की है, जिसके सार्थक परिणाम आएंगे।

प्रधानमंत्री श्री मोदी वेबिनार में उद्बोधन की शुरूआत प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का उल्लेख करते हुए कही। श्री मोदी ने कहा कि 3 साल पहले आज के ही दिन पीएम किसान सम्मान निधि की शुरु आत की गई थी। ये योजना देश के छोटे किसानों का बहुत बड़ा संबल बनी है। इसके तहत साढ़े 11 करोड़ से ज्यादा किसानों को 1.82 लाख करोड़ रुपए दिए जा चुके हैं। श्री मोदी ने बजट में कृषि को आधुनिक व स्मार्ट बनाने के लिए मुख्य रूप से सुझाए गए सात रास्तों का उल्लेख करते हुए बताया, जिनमें पहला हैं- गंगा के दोनों किनारों पर 5 किलोमीटर के दायरे में नेचुरल फार्मिंग को मिशन मोड पर कराने का लक्ष्य। दूसरा- कृषि व उद्यानिकी में आधुनिक टेक्नॉलॉजी किसानों को उपलब्ध कराई जाएगी। तीसरा- खाद्य तेल का आयात कम करने के लिए मिशन ऑयल पाम को सशक्त करने पर बल दिया गया है। चौथा लक्ष्य है कि खेती से जुड़े उत्पादों के ट्रांसपोर्टेशन के लिए पीएम गति-शक्ति प्लान द्वारा लॉजिस्टिक्स की नई व्यवस्थाएं बनाई जाएंगी। बजट में पांचवां समाधान दिया गया है कि एग्री-वेस्ट मैनेजमेंट को अधिक आर्गेनाइज किया जाएगा, वेस्ट टू एनर्जी के उपायों से किसानों की आय बढ़ाई जाएगी। छठा सॉल्यूशन है कि देश के डेढ़ लाख से भी ज्यादा डाक घरों में रेगुलर बैंकों जैसी सुविधाएं मिलेगी, ताकि किसानों को परेशानी ना हो और सातवां ये कि कृषि शोध व शिक्षा से जुड़े सिलेबस में स्कि ल डेवलपमेंट, मानव संसाधन विकास में आज के आधुनिक समय के अनुसार बदलाव किया जाएगा।


पीएम मोदी


नरेंद्र तोमर

पीएम मोदी ने कहा कि वर्ष 2023 अंतर्राष्ट्रीय पोषक-अनाज वर्ष है। इसमें भी हमारा कॉरपोरेट जगत आगे आए, भारत के मिलेट्स की ब्रांडिंग व प्रचार-प्रसार करे। हमारे दूसरे देशों में जो बड़े मिशन्स हैं, वे भी अपने देशों में बड़े-बड़े सेमिनार करे, वहां के लोगों को जागरूक करे कि भारत के मिलेट्स कितने उत्तम है। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रति बूंद- अधिक फसल पर सरकार का बहुत जोर है और ये समय की मांग भी है। इसमें भी व्यापार जगत के लिए बहुत संभावनाएं हैं। केन-बेतवा लिंक परियोजना से बुंदेलखंड में क्या परिवर्तन आएंगे, इसे सभी भली-भांति जानते हैं। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस 21वीं सदी में खेती और खेती से जुड़े ट्रेड को बिल्कुल बदलने वाली है। किसान ड्रोन्स का देश की खेती में अधिक से अधिक उपयोग, इसी बदलाव का हिस्सा है। ड्रोन टेक्नॉलॉजी, एक स्केल पर तभी उपलब्ध हो पाएगी, जब हम एग्री स्टार्टअप्स को प्रमोट करेंगे। पराली के लिए इस बजट में कुछ नए उपाय किए गए हैं, जिससे कार्बन एमीशन कम होगा, किसानों को इनकम भी होगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का सहकारी क्षेत्र काफी वायब्रेंट है। चाहे वो चीनी मिलें हों, खाद कारखाने हों, डेयरी हो, ऋण की व्यवस्था हो, अनाज की खरीद हो, कॉपरेटिव सेक्टर की भागीदारी बहुत बड़ी है। हमारी सरकार ने इससे जुड़ा नया मंत्रालय भी बनाया है। उन्होंने अन्नदाता से ऊर्जादाता, मेढ़ से पेड़ जैसी अभिनव पहल पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाना, खेती का खर्च कम करना, बीज से बाजार तक किसानों को आधुनिक सुविधाएं देना, ये हमारी सरकार की प्राथमिकता है। बजट पर सार्थक चर्चा होने से हमारे कृषि प्रधान देश में यह बजट कृषि परिवर्तन, जीवन परिवर्तन, ग्राम जीवन परिवर्तन का एक बहुत बड़ा साधन बन सकता है।

शुभारंभ सत्र में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री तोमर ने पीएम-किसान की वर्षगांठ पर किसानों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसी योजना दुनिया में कहीं भी नहीं है। किसानों को इससे बहुत लाभ हुआ है और सर्वत्र इसकी प्रशंसा हो रही है। श्री तोमर ने कहा कि विभिन्न विशेषज्ञों से विचार- विमर्श करके बजट का बेहतर क्रि यान्वयन करने के लिए प्रधानमंत्रीजी ने विशेष पहल की है, जिसके सार्थक परिणाम आएंगे। श्री तोमर ने कहा कि सात साल में प्रधानमंत्री मोदी जी व सरकार की प्राथमिकता गांव-गरीब-किसान रहे हैं। भारतीय कृषि उन्नत हो, किसान फायदे में रहे, इस दिशा में प्रयत्न किए गए हैं। दस हजार नए एफपीओ बनाने की शुरूआत, ग्यारह हजार करोड़ रूपए का आयल पाम मिशन, आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत एक लाख करोड़ रू. के कृषि इंफ्रास्ट्रक्टर फंड सहित कृषि व सम्बद्ध क्षेत्रों के लिए डेढ़ लाख करोड़ रू. से ज्यादा के विशेष पैकेज, कृषि स्टार्टअप्स को सहायता जैसे अनेक कदम उठाए गए हैं, जिनका फायदा भी मिल रहा है। सरकार का मकसद है कि कृषि क्षेत्र की बुनियाद को मजबूत किया जाए और उस पर अच्छी इमारत खड़ी हो। कृषि हमारी अर्थव्यवस्था की मेरूदंड है, जिसे ताकत देने की जिम्मेदारी हम सब की है। कृषि मंत्री तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री व सरकार का दृढ़ संकल्प है- किसानों की आय बढ़ाना, उन्हें बिचौलियों से मुक्ति दिलाना, टेक्नोलॉजी से जोड़ना, महंगी फसलों की ओर आकर्षित करना, प्रोसेसिंग की सुविधाएं देना, अच्छा बाजार उपलब्ध कराना, पारिदर्शता लाना। इन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए इस बार के बजट में भी अनेक प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि वेबिनार के माध्यम से आने वाले सुझाव कृषि क्षेत्र को आगे बढ़ाने में बेहतर मदद कर सकेंगे। वेबिनार में उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल, मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री परषोत्तम रूपाला, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति पारस, कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री कैलाश चौधरी, सहकारिता राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा, सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरूगन सहित अन्य मंत्री, नीति आयोग के उपाध्यक्ष प्रो. राजीव कुमार आदि आनलाइन जुड़े थे। संचालन कृषि सचिव संजय अग्रवाल ने किया व बजट संबंधी प्रेजेन्टेशन दिया।

## नशा तस्करी रोकने, नशे के खिलाफ मुहिम पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल और गृह मंत्री अनिल विज की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस

# हरियाणा में चार महीने तक लोगों को नशे के खिलाफ किया जाएगा जागरूक : मनोहर लाल




हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल, गृह मंत्री अनिल विज वीरवार को यहां प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए। साथ में अतिरिक्त मुख्य सचिव राजीव अरोड़ा, डीजीपी पीके अग्रवाल, एडीजीपी सीआईडी आलोक मित्तल, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो प्रमुख एडीजीपी श्रीकांत जाधव, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. अमित अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सलाहकार योगेंद्र चौधरी भी हैं। (जगमोहन)

- नशा तस्करी गिरोह की बड़ी मछलियों तक जाएगी जांच की आंच : अनिल विज
- ड्रग तस्करी बंद करो या हरियाणा छोड़ दो

डॉ. सुरेंद्र धीमान

चंडीगढ़, 24 फरवरी : हरियाणा सरकार ने प्रदेश में नशा तस्करी रोकने, नशे का प्रचलन बंद करने के खिलाफ मुहिम चलाने का फैसला किया है। इसकी घोषणा मुख्यमंत्री मनोहर लाल और गृह मंत्री अनिल विज ने वीरवार को यहां संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस में की। मुख्यमंत्री ने कहा कि चार महीने तक प्रदेश के लोगों को जागरूक किया जाएगा। वार्ड और गांव स्तर पर कमेटियां बनाई जाएंगी। ये कमेटियां नशा करने वालों और नशा बेचने वालों का पता लगाएंगी। उन्हें समझाया जाएगा। नशा छुड़वाने के लिए केंद्र बनाए जाएंगे। चार महीने बाद धरपकड़ शुरू की जाएगी। उधर, गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि नशा तस्करी गिरोह की बड़ी मछलियों तक अब पुलिस जांच की आंच पहुंचेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि नशा तस्कर या तो हरियाणा छोड़ दें या ड्रग तस्करी बंद कर दें।

### मेरे और मुख्यमंत्री के बीच मतभेद हो सकते हैं, मनभेद नहीं : अनिल विज

मुख्यमंत्री मनोहर लाल और गृह मंत्री अनिल विज की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में दोनों के उपस्थित होने का फायदा उठाते हुए एक पत्रकार ने सवाल पूछा कि अनिल विज अपने मन की बात बता देते हैं मगर मुख्यमंत्री के मन की बात पता नहीं चलती। इस पर अनिल विज ने कहा कि वे मुख्यमंत्री मनोहर लाल के अच्छे मित्र हैं। विज ने कहा कि कुछ मुद्दों पर मुख्यमंत्री और उनकी राय अलग-अलग हो सकती है, लेकिन राज्य के विकास के लिए हमारा संकल्प एक ही है। विज ने कहा कि मतभेद हो सकते हैं मगर उनके मुख्यमंत्री के साथ मनभेद नहीं है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जवाब दिया कि आपको अनिल विज जी अपने मन की बात बता देते हैं और मैं अपने मन की बात अनिल विज को बता देता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब 1990 में नौकरी छोड़कर अनिल विज ने पहला चुनाव लड़ा था तब वे भी अलग भूमिका में वहां पर थे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजीव अरोड़ा, डीजीपी पीके अग्रवाल, एडीजीपीआई सीआईडी आलोक मित्तल, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो प्रमुख एडीजीपी श्रीकांत जाधव, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. अमित अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सलाहकार योगेंद्र चौधरी और अन्य अफसर मौजूद थे।

### नशा रोकने के लिए ये काम किए गए : मनोहर लाल

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा राज्य नारकोटिक्स नियंत्रण ब्यूरो गठित किया गया है। ब्यूरो की रिपोर्ट के आधार पर स्टेट एक्शन प्लान बनाया गया है। समाज के हर आयु वर्ग के नागरिकों को नशा मुक्त हरियाणा के यज्ञ में सम्मिलित करने के लिए ग्राम, वार्ड, कलस्टर, सब-डिवीजन, जिला व राज्य मिशन टीमों का गठन किया है। शिक्षण संस्थानों को भी इस बुराई से बचाने के लिए एक विशेष कार्यक्रम शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि इन 10 सदस्यीय टीमों का गठन मार्च के अंत तक किया जाएगा और इसमें 5 स्थानीय प्रतिनिधि और 5 अधिकारी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि जल्द ही पूरे राज्य में नशीले पदार्थों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया जाएगा और इस समस्या की जड़ तक पहुंचने के लिए फॉरवर्ड, बैकवर्ड लिंकेज मैकेनिज्म स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि नशे के आदी लोगों की मदद के लिए नशा मुक्ति केंद्र थापित किए जाएंगे और ऐसे लोगों के लिए विशेष परामर्श सत्र सुनिश्चित किए जाएंगे ताकि उन्हें इस सामाजिक बुराई को छोड़कर मुख्यधारा में लाने में मदद मिल सके।

### ब्यूरो ने 2746 मामले दर्ज किए, 3975 को गिरफ्तार किया

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि गत एक साल में हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और हरियाणा पुलिस ने 2,746 मामले दर्ज कर 3,975 को गिरफ्तार किया गया। इस अवधि में 29.13 किलो हेरोइन, 157.25 किलो चरस, 11,368 किलो गांजा, 356.19 किलो अफीम, 8550 किलो चूरापोस्त और 13,64,121 नशीली गोलियां, सिरप वगैरह जब्त किया।

### पंचकूला में बनाया गया है अंतरराज्यीय ड्रग सचिवालय

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि पंचकूला में एक अंतरराज्यीय ड्रग सचिवालय स्थापित किया गया है। यह आसपास के राज्यों से सूचना लेकर डाटा बेस तैयार करता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश स्तर पर स्पेशल टास्क फोर्स का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि नेटवर्क के लोगों की तहत तक पहुंचने के लिए 3 ई पर काम किया जा रहा है। ये 3 ई एनफोर्समेंट, एजुकेशन, एंगेजमेंट ऑफ सिविल सोसाइटी हैं।

### नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के साथ-साथ हरियाणा पुलिस भी मुहिम में शामिल : अनिल विज

गृह मंत्री अनिल विज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि नशा तस्करी पर लगाम कसने के लिए जहां नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो काम कर रहा है, वहीं हरियाणा पुलिस को भी इस मुहिम में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि नशा पीड़ितों की सहायता और नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त अपराधियों की सूचना टोल फ्री नंबर 90508-91508 पर दी जा सकती है। सूचना देने वाले की पहचान गुप्तत रखी जाएगी। यह नंबर 24 घंटे खुला रहता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा को नशा मुक्त बनाया जाएगा और इसके लिए नारकोटिक्स विभाग के अलावा अन्य पूरे पुलिस विभाग को ड्रग्स के अलावा जुआ, शराब, तस्करी, अवैध हथियारों में शामिल लोगों पर नकेल कसने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि इन मामलों पर पुलिस अधीक्षकों द्वारा एक साप्ताहिक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाती है। गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि अब तक 18,937 छापेमारी की गई है और 4879 मामले दर्ज किए गए हैं, 5379 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। इसके अलावा, 65,35,643 रुपये की राशि रिकवर की गई है। साथ ही 172 अवैध पिस्तौल, 202 कारतूस और 76,154 शराब की बोतलें बरामद की गई हैं। उन्होंने कहा कि केस डिस्पोजल के लिए एक योजना बनाई गई है जिसमें हर स्तर पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की गई है। गृह मंत्री ने कहा कि किसी भी मामले में देरी के लिए इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी से लेकर पुलिस अधीक्षक तक के अधिकारी जिम्मेदार होंगे। इसके लिए एक पोर्टल विकसित किया गया है और अगले 15 दिनों में इसे परीक्षण के आधार पर चलाया जाएगा। इस पोर्टल में दर्ज किए गए प्रत्येक मामले का पूरा विवरण मेरे डैशबोर्ड पर उपलब्ध कराया जाएगा। गृह मंत्री ने कहा कि नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल लोगों की संपत्ति कुर्क करने की प्रक्रिया करनाल, कुरुक्षेत्र और सिरसा में शुरू कर दी गई है। अन्य जिलों में कार्रवाई चल रही है।

### प्रदेश में बने एंटी नारकोटिक्स प्रकोष्ठ

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि जिला, रेंज और राज्य स्तर पर एंटी नारकोटिक्स प्रकोष्ठ गठित किए गए हैं। ये प्रकोष्ठ मादक पदार्थों की सप्लाई चेन की पहचान करने के लिए देश-विदेश की मादक पदार्थ नियंत्रण एजेंसियों मसलन नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, पड़ोसी राज्यों, अंतर्राज्यीय ड्रग सचिवालय, अफीम उत्पादक राज्यों के साथ समन्वय करते हैं। ये सेल्स नशा तस्करों, उनके प्रमुख वित्त पोशकों और मादक पदार्थों के मामलों में गिरफ्तार अपराधियों का डाटाबेस बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। ये उन प्रमुख दवा निमार्ताओं का रिकॉर्ड रखते हैं, जिनकी दवाओं का उपयोग नशे के लिए किया जा सकता है।

# हरियाणा : 24 घंटे के दौरान कोरोना के 488 नए मरीज मिले, 530 ठीक हुए, 06 मरीजों की मौत हुई, सक्रिय मरीजों की संख्या 2402 हुई

- झज्जर में 02, करनाल में 01, यमुनानगर में 01, महेंद्रगढ़ में 01, पलवल में 01 मरीज की मौत
- गुरुग्राम में 214, फरीदाबाद में 39, सोनीपत में 32 नए मरीज मिले

डॉ. सुरेंद्र धीमान

चंडीगढ़, 24 फरवरी : हरियाणा में 24 घंटे के दौरान कोरोना के 488 नए मरीज मिले, 530 ठीक हुए, 06 मरीजों की मौत हुई। इनमें झज्जर में 02, करनाल में 01, यमुनानगर में 01, महेंद्रगढ़ में 01, पलवल में 01 मरीज की मौत शामिल है। प्रदेश में वीरवार को ओमिक्रॉन का कोई नया केस नहीं मिला। प्रदेश में ओमिक्रॉन के कुल 830 केस सामने आ चुके हैं। ये सभी मरीज ठीक हो चुके हैं। अब तक ओमिक्रॉन समेत कोरोना से 980740 लोग संक्रमित हो चुके हैं। इनमें से 967677 ठीक हो चुके हैं, 10661 की मौत हुई है और इस समय 2402 सक्रिय मरीज हैं। जिला बुलेटिनों के मुताबिक प्रदेश में 24 घंटे के भीतर गुरुग्राम में 214, फरीदाबाद में 39, हिसार 17, सोनीपत में 32, करनाल में 16, पानीपत में 01, पंचकूला में 06, अंबाला में 03, सिरसा में 07, रोहतक में 16, यमुनानगर में 09, भिवानी में 07, कुरुक्षेत्र में 07, महेंद्रगढ़ में 23, जींद में 01, रेवाड़ी में 06, झज्जर में 28, फतेहाबाद में 02, कैथल में 04, पलवल में 31, दादरी में 15 और नूह जिले में 04 नए मरीज मिले हैं। बीते 24 घंटे के दौरान गुरुग्राम में 160, फरीदाबाद में 61, हिसार 35, सोनीपत में 14, करनाल में 10, पानीपत में 05, पंचकूला में 11, अंबाला में 18, सिरसा में 08, रोहतक में 18, यमुनानगर में 26, भिवानी में 08, कुरुक्षेत्र में 13, महेंद्रगढ़ में 15, जींद में 03, रेवाड़ी में 25, झज्जर में 32, फतेहाबाद में 04, कैथल में 08, पलवल में 35, दादरी में 17 और नूह जिले में 04 मरीज ठीक हुए हैं।

### हरियाणा में 24 फरवरी के जिला बुलेटिनों के मुताबिक ये हैं कोरोना के आंकड़े

| जिला | पॉजिटिव | सक्रिय | ठीक हुए | मृत |
|---|---|---|---|---|
| गुरुग्राम | 258340 | 1002 | 256342 | 996 |
| फरीदाबाद | 126659 | 298 | 125622 | 739 |
| हिसार | 61704 | 84 | 60446 | 1174 |
| सोनीपत | 58709 | 87 | 58345 | 277 |
| करनाल | 48092 | 63 | 47432 | 597 |
| पानीपत | 36031 | 28 | 35333 | 670 |
| पंचकूला | 44000 | 36 | 43551 | 413 |
| अंबाला | 40694 | 100 | 40053 | 541 |
| सिरसा | 33311 | 46 | 32729 | 536 |
| रोहतक | 31705 | 79 | 31051 | 575 |
| यमुनानगर | 30616 | 50 | 30111 | 455 |
| भिवानी | 26364 | 70 | 25629 | 665 |
| कुरुक्षेत्र | 26780 | 48 | 26338 | 394 |
| महेंद्रगढ़ | 24624 | 55 | 24405 | 164 |
| जींद | 24320 | 14 | 23756 | 550 |
| रेवाड़ी | 24546 | 78 | 24207 | 261 |
| झज्जर | 23386 | 57 | 22980 | 349 |
| फतेहाबाद | 19975 | 29 | 19445 | 501 |
| कैथल | 14191 | 32 | 13789 | 370 |
| पलवल | 13270 | 50 | 13065 | 155 |
| दादरी | 7364 | 80 | 7139 | 145 |
| नूह | 6059 | 16 | 5909 | 134 |
| **कुल** | **980740** | **2402** | **967677** | **10661** |


**प्रदेश में 24 फरवरी को जारी हरियाणा स्टेट बुलेटिन के अनुसार 08 की मौत, 497 नए मरीज मिले, 690 ठीक हुए :** हरियाणा स्टेट बुलेटिन के मुताबिक 24 फरवरी को 497 नए मरीज मिले, 690 मरीज ठीक हुए और 08 मरीजों की मौत हुई। इनमें करनाल में 01, पंचकूला में 01, यमुनानगर में 01, भिवानी में 01, महेंद्रगढ़ में 01, झज्जर में 02 और पलवल में 01 मरीज की मौत शामिल है। इस बुलेटिन के मुताबिक प्रदेश में अब तक 9,80,360 पॉजिटिव मिले हैं। इनमें से 9,67,313 मरीज ठीक हो चुके हैं, 10547 की मौत हो चुकी है और 2477 सक्रिय हैं। प्रदेश में रिकवरी रेट 98.67 फीसदी और मृत्यु दर 1.08 फीसदी है। स्टेट बुलेटिन के मुताबिक 24 फरवरी को पॉजिटिव रेट 1.97 फीसदी रहा और प्रदेश में वैक्सीन की 4,10,22,643 डोज लग चुकी है।

# हरियाणा सरकार आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायकों को दे रही उच्चतम मानदेय

- मुख्यमंत्री की अपील, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और हेल्पर्स राजनीतिक नेताओं के बहकावे में न आएं
- वर्तमान सरकार समग्र और समान सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए कर रही अथक प्रयास

चंडीगढ़, 24 फरवरी (सवेरा ब्यूरो) : पिछले सात वर्षों में सरकार ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के हितों की रक्षा के लिए कई कदम उठाए गए हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं से आग्रह किया कि वे अपने राजनीतिक नेताओं के बहकावे में न आएं। मुख्यमंत्री ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि गत दिसंबर माह में भी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में 850 रुपये और सहायकों के मानदेय में 736 रुपये वृद्धि की गई थी। इस मौके पर गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज भी मौजूद रहे।

**समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए बजट पूर्व बैठकें की आयोजित :** मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतांत्रिक बजट तैयार करने के लिए सभी हितधारकों की भागीदारी के साथ राज्य के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए वर्ष 2019 में बजट को अंतिम रूप देने से पहले विभिन्न हितधारकों से सुझाव लेने की एक नई परंपरा शुरू की गई थी। इस साल बजट पूर्व बैठकों का सिलसिला 7 फरवरी से शुरू हुआ। अब तक कुल आठ बैठकें हो चुकी हैं। जिनमें विभिन्न क्षेत्रों की 427 हस्तियों ने अपने विचार साझा किए हैं। सभी विभागों के प्रमुखों, शहरी स्थानीय निकायों के प्रतिनिधियों, उद्योगपतियों, पंचायतों के प्रतिनिधियों, कृषि क्षेत्र, स्वास्थ्य, रियल एस्टेट और शिक्षा क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई।


मुख्यमंत्री मनोहर लाल

**हरियाणा का 57 प्रतिशत क्षेत्र एनसीआर में आ गया :** मुख्यमंत्री ने एनसीआर क्षेत्र के तहत आने वाले क्षेत्र का दायरा कम होने के संबंध में कहा कि आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय इस संबंध में अंतिम निर्णय लेगा। एनसीआर क्षेत्र के तहत आने वाले क्षेत्र का दायरा कम होने के संबंध में एनसीआर योजना बोर्ड की बैठक में अंतिम रूप दिया जाएगा। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार हरियाणा का 57 प्रतिशत क्षेत्र एनसीआर में आ गया है। अब लोगों को इसके कारण कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार द्वारा एनसीआर में 100 किलोमीटर तक के क्षेत्र को शामिल करने के प्रस्ताव को सैद्धांतिक रूप से मंजूरी दे दी गई है। इस मौके पर गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजीव अरोड़ा, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. अमित अग्रवाल, पुलिस महानिदेशक पीके अग्रवाल, एडीजीपी सीआईडी आलोक मित्तल, एडीजीपी नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अंबाला रेंज श्रीकांत जाधव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### मानदेय देने के मामले में हरियाणा देश के पहले तीन राज्यों में शुमार

उन्होंने कहा कि हरियाणा देश के पहले तीन राज्यों में है, जहां आंगनवाड़ी वर्कर्स व हेल्पर्स को सबसे ज्यादा मानदेय दिया जा रहा है जबकि उत्तर भारत के राज्यों में हरियाणा पहले स्थान पर है। अन्य राज्यों में दिए जा रहे मानदेय से तुलना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में दस वर्ष से अधिक अनुभव वाली आंगनवाड़ी वर्कर्स 12661 रुपये, 10 वर्ष से कम अनुभव वाली आंगनवाड़ी वर्कर्स और मिनी आंगनवाड़ी वर्कर्स को 11401 रुपये दिए जा रहे हैं जबकि पंजाब में आंगनवाड़ी वर्कर्स को 9500, छत्तीसगढ़ में 6500, मध्य प्रदेश में 10000, दिल्ली में 9678, राजस्थान में 10500, पांडुचेरी में 6540, पश्चिमी बंगाल में 6750 रुपये दिया जा रहा है। आंगनवाडी हेल्पर्स को हरियाणा में 6,781 रुपये दिए जा रहे हैं जबकि पंजाब में 4750, छत्तीसगढ़ में 3250, मध्य प्रदेश में 5000, दिल्ली में 4889, राजस्थान में 5800, पांडुचेरी में 4375, पश्चिमी बंगाल में 4800 रुपये दिया जा रहा है।

### मैरिट के आधार पर जारी रहेगी भर्ती

मुख्यमंत्री ने सरकारी भर्ती में घोटालों के संबंध में की गई गिरफ्तारी और दर्ज मामलों के आंकड़े साझा करते हुए कहा कि सरकार द्वारा देशभर में फैले विभिन्न गिरोहों का भंडाफोड़ किया गया है। पुलिस कांस्टेबल भर्ती घोटाले में सरकारी आंकड़ों के मुताबिक अब तक 70 आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है जबकि पिछले कुछ महीनों में इस घोटाले में तीन बड़े गिरोह और 26 आरोपियों को एसटीएफ ने पकड़ा है। इसके अलावा पटवारी परीक्षा में दर्ज सात मामलों में 64 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। प्रतिरूपण की घटनाएं भी बड़ी संख्या में पकड़ी गई हैं। मुझे यकीन है कि अब जब भी कोई भर्ती परीक्षा होगी, ऐसी कोई घटना दोबारा नहीं होगी।

### सेवानिवृत्ति पर एक्सग्रेसिया बढ़ाकर एक लाख रुपये किया

उन्होंने कहा कि हमने समय-समय पर आंगनवाड़ी वर्कर्स व हैल्पर्स का मानदेय बढ़ाया है। वर्ष 2014 में आंगनवाड़ी वर्कर्स का मानदेय 7500 रुपये मासिक था, जो अब 12,661 रुपये हो गया है। इसी तरह हैल्पर्स का मानदेय वर्ष 2014 में 3500 रुपये मासिक था, जो अब 6,781 रुपये हो गया है। हमने आंगनवाड़ी वर्कर्स व हैल्पर्स को पदोन्नति देने के साथ-साथ सेवानिवृत्ति के समय भी एकमुश्त राशि देने की व्यवस्था की है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को सेवानिवृत्ति पर 30 हजार रुपये एक्सग्रेसिया मिलता था, जिसे बढ़ाकर 1 लाख रुपये और आंगनवाड़ी हेल्परों का 50 हजार रुपये किया है। आंगनवाड़ी वर्करों व हेल्परों को दुर्घटना से मृत्यु होने की स्थिति में 2 लाख रुपये देने का प्रावधान किया है। हमने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं द्वारा उठाई गई लगभग सभी मांगों को पूरा किया है।

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पत्रकारवार्ता के दौरान की घोषणा

# 1.80 लाख से कम आय वाले परिवारों को भी मिलेगा आयुष्मान भारत योजना का लाभ

- जिन परिवारों को (एसईसीसी) डाटा के तहत कवर नहीं किया, उन्हें भी मिलेगा लाभ
- सरकार आवेदन न करने वाले 23,000 पात्र पेंशन लाभार्थियों के घर द्वार पर पहुंचाएगी सहायता

चंडीगढ़, 24 फरवरी (सवेरा ब्यूरो) : हरियाणा सरकार ने आयुष्मान भारत का लाभ उन सभी परिवारों को देने का फैसला किया है, जिनके परिवार की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये से कम है और जो सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना (एसईसीसी) के आंकड़ों में शामिल नहीं हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने यह घोषणा पत्रकारवार्ता के दौरान की। इस दौरान गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंत्योदय की भावना से अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों को आयुष्मान भारत का लाभ देने का निर्णय लिया है। ऐसे सभी सत्यापित आय वाले परिवारों के पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। आय सत्यापन के तीन चरण पहले ही हो चुके हैं। अब इन सत्यापित परिवारों का डाटा आयुष्मान भारत पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा ताकि वे अपने कार्ड प्राप्त कर सकें।

**अंत्योदय मेलों में 90000 पात्र परिवारों ने भरे फार्म :** मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा मुख्यमंत्री परिवार अंत्योदय उत्थान योजना शुरू की गई है। इसके तहत पहले चरण में विशेष अंत्योदय मेलों का आयोजन किया गया था, जिसमें लगभग 90,000 पात्र परिवारों ने फार्म भरे हैं। जिनमें से सहायता प्रदान करने के लिए 37512 आवेदन स्वीकृत किए गए हैं। मेलों का दूसरा चरण 2 से 17 मार्च तक आयोजित होगा। जिसमें करीब एक लाख परिवारों को बुलाया जाएगा।

## पेज 1 के शेष

### 'किसी ने दखलंदाजी...

बर्दाश्त नहीं करेंगे। मैं यूक्रेन की सेना से कहना चाहूंगा कि आपके पिता-दादा हमारी साझी लड़ाई लड़ते रहे। आप अपने हथियार डाल दें और घर चले जाएं। यूक्रेन के ऐसे सभी सैनिकों को सुरक्षित घरों तक पहुंचाया जाएगा। अगर वे ऐसा नहीं करते तो अंजाम भुगतना होगा। इसके लिए कीव जिम्मेदार है। जो भी हो रहा है उसमें अगर कोई बाहरी देश घुसता है तो ये समझ ले कि उसे तुरंत जवाब मिलेगा और ऐसा होगा जो इतिहास ने कभी नहीं देखा होगा।

मैं उम्मीद करता हूं मेरी आवाज सुनी जाएगी। हमारे प्यारे रूसवासियो, आपके लिए समय है एकजुट रहने का। सेना फॉरवर्ड मूव करेगी। अमरीका झूठ का साम्राज्य है। उसके पास ब्लंट सेना है पर दिमाग नहीं है। ये हमारे पास है। हम तैयार हैं और संप्रभुता की रक्षा के लिए हम लड़ेंगे।

मैं पॉजिटिव हूं कि रूसी सेना प्रोफैशनल तरीके से अपना काम पूरा करेगी। सोशल सिक्योरिटी, फाइनांशियल सैक्टर्स का ध्यान हम रख रहे हैं। रूस की किस्मत सुरक्षित हाथों में है। जो भी फैसला लिया गया है उसके लक्ष्य को पूरा किया जाएगा। मुझे उम्मीद है आप मेरे फैसले का समर्थन करेंगे।''

### रूस ने किया यूक्रेन...

मारे जाने की बात सामने आई है। यूक्रेन ने भी रूस के 50 सैनिक मारने की बात कही है। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की ने इस बीच रूस के साथ राजनियक संबंध तोड़ने का ऐलान किया। अमरीकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अंजाम भुगतने की धमकी दी है। बाइडेन ने कहा है कि इस जंग से भयानक तबाही होगी।

### भारत को कूटनीतिक रूप...

लेना होगा। उन्होंने कहा, 'मेरा अपना मानना है कि इस पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में मतदान होगा। देखना होगा कि हम इसका विरोध करते हैं या इसमें अनुपस्थित रहते हैं।' यह पूछे जाने पर कि क्या भारत को एक संतुलित कदम उठाना होगा, उन्होंने कहा, ''हां। हमें एक निर्णय लेना होगा और देखना होगा कि दूसरे कैसे व्यवहार करते हैं। चीन भी इस समय सावधानी से काम कर रहा है। इसलिए हमें यह देखना होगा कि दूसरे कैसे प्रतिक्रिया करते हैं।' उन्होंने कहा कि भारत को उभरती स्थिति को देखना चाहिए और फिर इस बात पर गौर करना चाहिए कि दूसरे कैसे प्रतिक्रिया देते हैं। उन्होंने कहा कि रूस बहुत कठिन समय में भारत के साथ खड़ा रहा है। पार्थसारथी ने कहा कि वास्तविकता यह है कि रूस एक बहुत विश्वसनीय मित्र बना हुआ है। उन्होंने कहा, 'हमें एक संतुलित कदम उठाने की जरूरत है।' पूर्व भारतीय राजनयिक राकेश सूद ने भी इस बात पर जोर दिया कि मौजूदा स्थिति से निपटने के लिए भारत को कूटनीतिक कुशलता और संवेदनशील कूटनीति की जरूरत है। सूद ने कहा, 'आखिरकार किसी भी नीति के जरिए भारत के हित को साधना होता है। रूस दशकों से भारत के लिए एक दृढ़ भागीदार रहा है और इसलिए, हमारे लिए रूसी कार्रवाई का समर्थन करना या रूसी कार्रवाई की बहुत आलोचना करना मुश्किल होगा।' उन्होंने कहा, 'हमारी जो भी चिंताएं हैं, हम उन्हें निजी तौर पर रूसी नेताओं के साथ साझा करेंगे। लेकिन किसी भी मामले में, भारत, एक देश के रूप में हम एकतरफा प्रतिबंधों को स्वीकार नहीं करते हैं। हमने हमेशा एकतरफा प्रतिबंधों के खिलाफ बात की है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा (रूस के खिलाफ) जो प्रतिबंध लगाए गए हैं, जरूरी नहीं हैं।' वर्ष 2009 और 2011 के बीच अमरीका में भारत की राजदूत के रूप में कार्यरत रही मीरा शंकर ने कहा कि अभी सरकार ने 'देखो और इंतजार करो' रवैये को अपनाया है। उन्होंने कहा कि भारत ने अनिवार्य रूप से आग्रह किया है कि ऐसा कुछ भी नहीं किया जाना चाहिए जिससे स्थिति और खराब हो जाऐ और इस मुद्दे को बातचीत के जरिए सुलझाने का हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए।

### संयुक्त राष्ट्र प्रमुख के तौर पर मेरे कार्यकाल का सबसे दुखद क्षण: गुतारेस

संयुक्त राष्ट्र, 24 फरवरी (एजेंसी) : संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने यूक्रेन पर रूस के हमले को 'अपने कार्यकाल का सबसे दुखद क्षण' करार दिया है। गुतारेस ने कहा, 'संयुक्त राष्ट्र के महासचिव के मेरे कार्यकाल में यह दुखद क्षण है। मैंने सुरक्षा परिषद की इस बैठक की शुरूआत राष्ट्रपति पुतिन को संबोधित करते हुए और उन्हें यह कहते हुए की कि अपने सैनिकों को यूक्रेन पर हमला करने से रोकें, शांति का रास्ता चुने क्योंकि पहले ही काफी लोगों की जान जा चुकी है।' उन्होंने कहा कि यह बैठक चल रही थी कि पुतिन ने डोनबास में 'विशेष सैन्य अभियान' की घोषणा की। महासचिव ने कहा, 'इस वर्तमान परिस्थिति में मुझे अपनी अपील बदलनी होगी।' उन्होंने कहा, 'मुझे कहना पड़ेगा राष्ट्रपति पुतिन, मानवता के नाम पर रूस में अपने सैनिकों को वापस लाइए। मानवता के नाम पर यूरोप में इसे शुरू करने की अनुमति नहीं दीजिए, जो सदी की शुरुआत के बाद से सबसे भयावह युद्ध हो सकता है, जिसके परिणाम न केवल यूक्रेन के लिए विनाशकारी हैं, न केवल रूसी संघ के लिए दुखद हैं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए दुखदायी हैं।

# यूक्रेन के लोगों में चिंता और डर

## कई लोगों की धमाकों की आवाज के बाद खुली नींद


**कीव.** यूक्रेन के निवासियों को पिछले कई सप्ताह से चेतावनी दी जा रही थी कि रूस के साथ युद्ध आसन्न है, लेकिन वीरवार को जब हमला हुआ तो कई लोगों को यह समझ नहीं आ रहा था कि वे इस पर कैसे प्रतिक्रिया जताएं। खारकिव में मिसाइल के टुकड़े ने मिखाइल शचरबकोव के आवास की छत को भेद दिया। शचरबकोव ने कहा, 'मैंने शोर सुना और नींद खुल गई। मुझे एहसास हुआ कि यह तोप से दागे गए गोली की आवाज थी।' वह तुरंत अपनी मां को जगाने के लिए गए और तभी पास में कुछ धमाका हुआ। यूक्रेन की पूर्वी सीमा से दूर कई शहरों में धुएं का गुबार उठता दिखा। कुछ लोग यह सब देखकर घबरा गए। कीव के एक निवासी ने कहा, 'मैं नहीं डरता। मैं काम पर जा रहा हूं। केवल असामान्य बात यह है कि आपको कीव में टैक्सी नहीं मिल सकती है।' जिस होटल में 'एसोसिएटेड प्रैस' के कई पत्रकार रुके हुए थे वहां उन्हें 30 मिनट के भीतर खाली करने का आदेश दिया गया। दिन चढ़ने के साथ यूक्रेन के अन्य शहरों में भी सायरन बजने लगे। लोग किराना दुकानों और ए.टी.एम. पर पहुंचने लगे और जरूरी सामान संग्रहित करने की हड़बड़ी में थे। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने शहर के 30 लाख लोगों को घर के अंदर रहने की अपील की।






(ऊपर) कीव में किराना दुकान तथा (नीचे) एक ए.टी.एम. के बाहर लोगों की लगी लंबी लाइन।

चिंता और डर



यूक्रेन की राजधानी कीव शहर की मुख्य सड़क ख्रेशत्यक में कारें शहर से दूर जाती हुईं। कहां जाएं की अनिश्चितता के बीच कई लोगों ने अपने सामान के साथ सबवे में पनाह ली।

# शिवभक्ति में डूबा कैथल, महारुद्र यज्ञ के दूसरे दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

- अंबाला से विधायक असीम गोयल व विधायक कैथल लीला राम पहुंचे महारुद्र यज्ञ में



समारोह में पहुंचे अंबाला के विधायक असीम गोयल व लीला राम तथा समारोह में पहुंचे अन्य मुख्यातिथि। (मनोज वर्मा)

कैथल, 24 फरवरी (मनोज वर्मा) : श्री ग्यारह रुद्री शिव मंदिर में आयोजित किए जा रहे महारुद्र यज्ञ के दूसरे दिन भी शिवभक्ति की बयार बही। दिन भर मंदिर के आस-पास का इलाका व जहां तक यज्ञ के मंत्रोच्चारण की आवाज जा रही थी, पूरा वातावरण शिवमय बना हुआ था। वीरवार को अंबाला से विधायक असीम गोयल व कैथल से विधायक लीला राम भी यज्ञ में पहुंचे। जहां दोनों का आयोजन समिति में प्रधान

- **आरएसएस राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य इंद्रेश कुमार ने अतिथियों को सम्मानित किया**

विनोद मित्तल व महासचिव डा. राजेश गोयल ने उनका स्वागत किया। आरएसएस राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य इंद्रेश कुमार ने भी अतिथिगणों को आशीर्वाद दिया और उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर अरुण सर्राफ, बहादुर सैनी, घनश्याम दास मित्तल, तुलसीदास सचदेवा, धर्मेंद्र गुप्ता, राजकुमार गोयल, सतनारायाण मित्तल, रामकुमार गुप्ता, इंद्रजीत सरदाना, भगत राम सैनी, बीरभान जैन, रमेश गर्ग, डा. मुकेश अग्रवाल, सुरेश मित्तल, महेंद्र पाल शर्मा, कृष्ण बत्तरा, राजकुमार गर्ग, पंकज कुमार के अलावा धर्मबीर सिंह सहित भारी संख्या में मंदिर समिति सदस्य व शहरवासी मौजूद थे। सायं के समय छह से आठ बजे तक शिव महिमा गुणगान करते हुए शिव चिरत्र कथा में पूज्य वरिष्ठ महामंडलेश्वर जूना अखाड़ा योगी यतिंद्रानंद गिरी जी ने बताया, शिव जी के ग्यारह रुद्र अवतार माने जाते हैं। 1- कपाली 2- पिंगल, भीम 3- विरुपाक्ष 4- विलोहित 5- शास्ता 6- अजपाद 7- अहिर्बुध्न्य 8- शंभु 9- चंड, 10- भव 11- पिनाकी तथा गिरीश, स्थाणु, भर्ग, सदाशिव, शिव, हर, शर्व आदि नामों से जाने जाते हैं। महारुद्र सभी का कल्याण करने वाले हैं। भगवान शिव ही सर्वशिक्त हैं।

# युवा बीजेपी नेता यशवीर राघव समर्थकों सहित जेजेपी में शामिल



यशवीर राघव को जेजेपी में शामिल कर स्वागत करते डॉ. अजय सिंह चौटाला।

चंडीगढ़, 24 फरवरी (सवेरा ब्यूरो) : वीरवार को जननायक जनता पार्टी को उस समय और मजबूती मिली जब युवा भाजपा नेता यशवीर राघव ने अपने दर्जनों समर्थकों सहित जेजेपी में शामिल होने की घोषणा की। चंडीगढ़ स्थित जेजेपी प्रदेश कार्यालय पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला ने यशवीर राघव व उनके सभी साथियों को पार्टी का पटका पहनाया और उनका जेजेपी में स्वागत किया। डॉ. चौटाला ने कहा कि पार्टी में शामिल हुए सभी नये साथियों को पूरा मान-सम्मान मिलेगा। युवा नेता यशवीर राघव एबीवीपी और भाजपा युवा मोर्चा में कई पदों पर रहे हैं। वे बीजेपी के नेशनल मीडिया पैनलिस्ट, भाजयुमो में राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी, मीडिया प्रभारी, प्रदेश कार्यालय मंत्री व प्रदेश प्रवक्ता भी रहे हैं। इस दौरान जेजेपी प्रदेशाध्यक्ष निशान सिंह, कैबिनेट मंत्री देवेंद्र बबली, राज्य मंत्री अनूप धानक, जेजेपी प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला सहित पार्टी के कई विधायक एवं नेता मौजूद रहे।

यशवीर राघव ने कहा कि वे उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की कार्यशैली से प्रभावित होकर जेजेपी में शामिल हुए हैं। उन्होंने युवाओं के लिए रोजगार को अहम बताते हुए कहा कि डिप्टी सीएम द्वारा हरियाणवी युवाओं को 75 प्रतिशत रोजगार आरक्षण दिलवाने जैसे ऐतिहासिक कदम से वे खासे प्रभावित हुए। राघव ने कहा कि वे अब जेजेपी में रहकर युवाओं के हित में काम करेंगे। राघव ने कहा कि वे सिक्रयता से राजनीति करना चाहते हैं इसलिए जननायक जनता पार्टी में शामिल हुए हैं।

जेजेपी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से साहिल ग्रोवर सोनीपत, उमेश राघव घामडोज़, मुकेश राघव भोंडसी, विजय राघव भोंडसी, मुनिंदर राघव पंचायत मैंबर भोंडसी, श्री यादव वज़ीराबाद, रविंद्र राव वज़ीराबाद, विनय राघव भोंडसी, योगेश चौहान भोंडसी, अरुण राणा मारुति कुंज, विष्णु सिंह घामडोज़, सुनित राघव भोंडसी, सुनील सिंह भोंडसी, प्रदीप, अनिल शर्मा व दीपक गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# इस बार का बजट पूरी तरह से संतुलित होगा: रणजीत सिंह

सिरसा, 24 फरवरी (रवि बंसल): बिजली मंत्री चौ. रणजीत सिंह ने कहा कि प्रदेश का आने वाला बजट बेलैंस होगा। मुख्यमंत्री स्वयं वित्त मंत्री हैं और उन्हें बजट पेश करने का सात साल का अनुभव है। इस बार पेश होने वाले बजट को लेकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल सभी मंत्रियों, विधायकों व अधिकारियों से बातचीत कर रहे हैं। अलग-अलग विभागों की जरूरत को समझा जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस बार का बजट पूरी तरह से संतुलित होगा। वे गुरुवार को अपने आवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने इससे पूर्व जनसमस्याएं भी सुनी। उन्होंने कहा कि जेलों में सुधार को लेकर पिछले दिनों हुई वर्कशॉप में कई अहम फैसले लिए गए हैं। 18 हजार जेल वार्डन को हैड वार्डन बना दिया गया है। यह सभी 18 वर्ष का कार्यकाल पूरा कर चुके हैं। इसी के साथ जेलों में फिमेल डॉक्टर नियुक्त करने का भी फैसला लिया गया। फिमेल डॉक्टर रूरल इलाकों में ड्यूटी देने से कतराती है। इसलिए जो महिला डॉक्टर जेल में सर्विस करेगी उसका रूरल बैकग्राउंड पूरा समझा जाएगा। कैदियों को अच्छा व शुद्ध खाना मिले इसके लिए भी योजना बनाई गई है। जेलों में नई गाड़ियों दी गई और नई वर्दियां भी दी गई हैं। नूंह में नए मॉडल जेल बनाया गया है जिसमें अत्याधुनिक सुविधाएं हैं। इसके साथ रोहतक में हाई सिक्योरिटी जेल बनाने का कार्य शीघ्र शुरू हो जाएगा। इसके लिए 80 करोड़ रुपए का बजट भी जारी हो चुका है। इस जेल में खुंखार कैदियों को रखा जाएगा।

नगर निकाय चुनाव के सवाल पर उन्होंने कहा कि चुनाव चिह्न पर लड़ने व नहीं लड़ने का फैसला पार्टी करेगी। भाजपा से संबंधित प्रत्याशी निकाय चुनाव में जीतेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में निश्चित रूप से भाजपा की सरकार बनेगी। पंजाब में भी पहले से ज्यादा सीटें भाजपा को मिलेंगी। पहले भाजपा पंजाब में सिर्फ 25 सीटों पर चुनाव लड़ती थी, पहली बार 65 सीटों पर लड़ रही है। भाजपा गठबंधन सबसे अधिक सीटें जीतेगा। अकाली दल बेहतर हुआ है। अकाली और भाजपा का पुराना नाता रहा है।

डेरा प्रमुख गुरमीत राम रहीम को फरलो देने के मामले में पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में दाखिल हुई याचिका के सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि न्यायालय में जवाब दायर हो चुका है। फैसला न्यायालय को करना है। फरलो नियमानुसार दी गई है। डेरा प्रमुख गुरमीत सिंह के पास पहले से जेड प्लस सुरक्षा थी। जेल में सुरक्षा के अपने प्रबंध होते हैं। बाहर आते ही उन्हें फिर से जेड प्लस सुरक्षा दी गई है। प्रदेश सरकार की जिम्मेदारी है कि चाहे कोई कैदी हो या आम इंसान सभी को सुरक्षा देनी होती है।

# बजट सत्र को लेकर तैयारियां युद्ध स्तर पर, प्रश्नकाल के लिए किया ड्रा



विधानसभा सचिवालय में प्रश्नकाल के लिए ड्रा निकलवाते विस अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता।

- **सचिवालय के पास बनेगा आधुनिक विधान भवन**
- **चंडीगढ़ के प्रशासक ने मानी हरियाणा विस अध्यक्ष की मांग**
- **ज्ञान चंद गुप्ता ने चप्पे-चप्पे का मुआयना कर अफसरों को दिए सख्त निर्देश**

चंडीगढ़, 24 फरवरी (सवेरा ब्यूरो) : हरियाणा विधानसभा के लिए नया विधान भवन बनने का रास्ता साफ हो गया है। चंडीगढ़ के प्रशासक ने विस अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता की मांग को मानते हुए कैपिटल कॉम्पलैक्स के एक किलोमीटर के दायरे में हरियाणा को जमीन देने का निर्णय लिया है। नया विधान भवन अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। हरियाणा विस अध्यक्ष ने बजट सत्र की कार्यवाही को प्रभावी बनाने और उसे जनता तक पहुंचाने के लिए बड़े स्तर पर प्रबंध कर लिए हैं। इस सिलिसले में उन्होंने विस परिसर के चप्पे-चप्पे का मुआयना करके अधिकारियों को समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। इससे पूर्व उन्होंने प्रेस सलाहकार समिति के साथ बैठक की। समिति ने सर्वसम्मति से अपना अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सचिव भी चुना। विधान सभा उपाध्यक्ष रणवीर गंगवा और विधान सभा के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में बजट सत्र के पहले दो दिनों के लिए प्रश्नकाल का ड्रा भी निकाला गया।

# हरियाणा सरकार का बजट 7 मार्च को प्रस्तुत होगा

- **सरकार ने विधानसभा सचिवालय भेजा बजट सत्र का अनुमानित शेड्यूल**
- **नया प्रयोग करते हुए बजट पेश होने के बाद सात दिन की छुट्टी होगी**

डॉ. सुरेंद्र धीमान

चंडीगढ़, 24 फरवरी : हरियाणा सरकार का वित्त वर्ष 2022-23 का बजट आगामी 7 मार्च को विधानसभा में पेश किया जाएगा। इस बार विधानसभा सत्र की बैठकें नए प्रयोग के साथ होंगी। बजट पेश करने के बाद सात दिन की छुट्टी होगी। बजट पर चर्चा भी चार दिन होगी। प्रदेश सरकार ने विधानसभा सचिवालय में बजट सत्र का अनुमानित शेड्यूल भेज दिया है। शेड्यूल के मुताबिक बजट सत्र 2 मार्च से शुरू होगा और 22 मार्च तक चलेगा। मगर 12 दिन सत्र की बैठकें नहीं होंगी। केवल नौ बैठकें ही होंगी। हालांकि बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक में दो बैठकें बढ़ सकती हैं। अंतिम फैसला बिजनेस एडवाइजरी कमेटी में होगा।

### यह है बजट सत्र का प्रस्तावित शेड्यूल


| | |
|---|---|
| 02 मार्च | राज्यपाल का अभिभाषण |
| 03 मार्च | अभिभाषण पर चर्चा |
| 04 मार्च | चर्चा व धन्यवाद प्रस्ताव |
| 05-06 मार्च | छुट्टी |
| 07 मार्च | बजट पेश |
| 08 मार्च से 13 मार्च | छुट्टी |
| 14 मार्च | बजट पर चर्चा |
| 15 मार्च | बजट पर चर्चा |
| 16 मार्च | बजट पर चर्चा |
| 17 मार्च से 20 मार्च | छुट्टी |
| 21 मार्च | वित्त मंत्री का जवाब |
| 22 मार्च | विधायी कार्य |

खास बात यह है कि विधायक बजट पर पूरी तैयारी के साथ चर्चा में भाग ले सकेंगे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि प्री बजट चर्चा पूरी हो चुकी है।

# बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की कैद

गुरुग्राम, 24 फरवरी (अमित नेहरा) : मासूम से दुष्कर्म के आरोपी को अदालत ने 20 साल की सजा सुनाई है। साथ ही धारा 506 में एक साल की अलग से कैद और 25 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है।

जानकारी के अनुसार 29 मई 2018 को बादशाहपुर थाना में एक महिला ने शिकायत देकर कहा था कि वह एक स्कूल में बच्चों की देखभाल करती है। उसका पति पैंट्री ब्वॉय का काम करता है। उसकी आठ साल की बेटी है। 28 मई 2018 को वह व उसका पति अपने-अपने काम पर चले गए थे। उनकी बेटी घर पर अकेली थी। शाम को लगभग 7 बजे वह घर आई । उसकी बेटी ने बताया कि समाद हुसैन उसको जूस पिलाने के लिए अपने कमरे मे लेकर गया और वहीं पर उसने उसके साथ गन्दा काम किया। पुलिस ने शिकायत पर आरोपी समाद हुसैन पुत्र अजहर हुसैन निवासी मालदा पश्चिम बंगाल के खिलाफ केस दर्ज करके उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ ठोस सबूत जुटाए और अदालत में चालान पेश किया। पुख्ता सबूतों और गवाहों के आधार पर अदालत ने आरोपी को दोषी माना। गुरुवार को अदालत ने दोषी को 20 साल की सजा दुष्कर्म करने के लिए, एक साल की सजा धारा 506 में दी है। साथ ही 25 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है।



दैनिक सवेरा टाइम्स

अम्बाला, शुक्रवार, 25 फरवरी 2022


अध्यापक सभी को एक समान शिक्षा देता है। उसका सदुपयोग या दुरुपयोग करना शिष्य के हाथ में है। -पंचतंत्र

# हमारी समस्या यूक्रेन नहीं चीन है

## गलवान में हमारे सैनिकों पर हिंसक हमला कर चीन ने बता दिया कि हम जितना भी प्रयास कर लें चीन अपने इरादे से पीछे नहीं हटेगा।


मर्यादाएं



चन्द्र मोहन
संपादक : वीर प्रताप
chander_m@hotmail.com
BLOG : chandermohan.net


यूक्रेन के संकट को लेकर दुनिया परेशान है। रूस कह तो रहा है कि उसका हमले का कोई इरादा नहीं पर यूक्रेन की सीमा पर उसके लगभग दो लाख सैनिक तैनात हैं। अमरीका के राष्ट्रपति जो बाइडेन लगातार कह रहे हैं कि रूस किसी भी समय हमला कर सकता है। यह टकराव दोनों बड़े नेता बाइडेन और पुतिन की प्रतिष्ठा का भी सवाल बन गया है। पुतिन बिना कुछ हासिल किए वापस नहीं जा सकते और जो बाइडेन यह निश्चित करना चाहते है कि रूस यहां से कुछ हासिल न कर सके। तीसरे बड़े नेता शी जिनपिंग की भी नजर इस टकराव पर है कि वह इस में से क्या फायदा उठा सकते हैं? यहां पुतिन फंस गए लगते है। वह अगर यूक्रेन पर हमला करते हैं और कुछ हिस्से पर कब्जा कर भी लेते हैं तब भी ऐसा लापरवाह कदम उठा कर उन्होंने खोया ही खोया है। दुनिया में उनके प्रति कोई सहानुभूति नहीं क्योंकि कोविड के पैंडेमिक से मुश्किल से उबरी दुनिया नए संकट का सामना नहीं करना चाहती। आज की दुनिया में जबरदस्ती देशों की सीमा बदलने के प्रयास को कोई पसंद नहीं करेगा। रूस का आधुनिक जार बनने की महत्वाकांक्षा में पुतिन ने देश और दुनिया दोनों को संकट में फंसा दिया है। रूस की अर्थव्यवस्था जो यूरोप को गैस और तेल को सप्लाई पर बहुत निर्भर है, को युद्ध की सूरत में भारी आघात पहुंचेगा क्योंकि फिर यूरोप विकल्पों की तलाश शुरू कर देगा। रूस चीन पर निर्भर हो जाएगा जहां उसकी हैसियत जूनियर पार्टनर की होगी। रूस से यूरोप को शुरू होने वाली दूसरी पाईपलाइन का भविष्य भी खतरें में पड़ जाएगा। दूसरी तरफ इस कार्यवाही से नाटो मजबूत होगा और आक्रामक रूस के खिलाफ यूरोप एकजुट हो जाएगा। जैसे इक्नॉमिस्ट अखबार ने लिखा है, पुतिन ने खुद को कोने में समेट लिया है। अपनी प्रतिष्ठा को हानि पहुंचाए बिना या अपने देश का भारी नुकसान किए बिना वह यहां से अब निकल नहीं सकते।

बाकी दुनिया की तरह भारत भी इस घटनाक्रम से बहुत चिंतित है। अगर टकराव होता है तो तेल की कीमतों में बड़ा उछाल आएगा। लेकिन हमारी समस्या और भी है। दोनों अमरीका और रूस हमारे सामरिक मित्र हैं। आक्रामक चीन के खिलाफ हमें अमरीका की जरूरत है और रूस से हमारा 60 प्रतिशत रक्षा सामान आता है। दोनों अमरीका और रूस चाहते हैं कि यूक्रेन पर हम उसका पक्ष लें पर भारत बच-बचकर चल रहा है, जिससे अमरीका बहुत खुश नजर नहीं आ रहा। मैलबर्न में क्वैड देशों के विदेश मंत्रियों के सम्मेलन के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर और अमरीका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की बैठक को 'खुली और ईमानदार' बताया गया है। अर्थात मतभेद हैं। अमरीका के प्रवक्ता का यह कहना कि यह 'अमरीका के लिए जटिल समस्या है, यह भारत के लिए जटिल समस्या है' भी बताता है कि दोनों में मतभेद हैं। भारत इस पचड़े में नहीं पड़ना चाहता क्योंकि हमारी समस्या दूर यूक्रेन नहीं पास का चीन है जिसके बारे क्वैड की बैठक के बाद जयशंकर ने शिकायत की है कि एल.ए.सी. पर तनाव का कारण है कि, 'चीन ने 2020 के लिखित समझौतों का उल्लंघन किया है कि सीमा पर सेना इकट्ठी नहीं की जाएगी। जब कोई बड़ा देश लिखित समझौतों का अनादर करता है तो यह अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की वैध चिंता का मामला है'। अर्थात जयशंकर अपनी शिकायत कर रहे हैं कि हमारी चीन की समस्या की तरफ अंतर्राष्ट्रीय समुदाय पर्याप्त ध्यान नहीं दे रहा।

पिछले कुछ वर्षों में चीन और भारत में अविश्वास बढ़ा है। वुहान और महाबलिपुरम में प्रधानमंत्री मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच मुलाकात के बावजूद चीन ने लद्दाख में अतिक्रमण किया और विशेष तौर पर गलवान में हमारे सैनिकों पर हिंसक हमला कर चीन ने बता दिया कि हम जितना भी प्रयास कर लें चीन अपने इरादे से पीछे नहीं हटेगा। 1975 के बाद लगभग 45 वर्ष लगभग शांति रही जो 15 जून 2020 को गलवान में हिंसक झड़प के बाद टूट गई है। यह जानबूझ कर उकसाने वाली कार्यवाही थी। बहुत पहले चीन के सैनिक दार्शनिक सन जू ने सलाह दी थी कि 'पहले भ्रामक करने वाली कमजोर छवि प्रस्तुत करो और फिर जबरदस्त ताकत से विस्फोट करो'। चीन ने यह नीति केवल भारत के साथ ही नहीं अमरीका के साथ भी अपनाई। पहले सहयोग कर अपनी अर्थव्यवस्था को अमरीका के सहारे मजबूत कर लिया और अब लगातार वैश्विक स्तर पर चुनौती दे रहे हैं। पूर्व विदेश सचिव निरूपमा राव जिन्होंने भारत, तिब्बत और चीन पर विचारोत्तेजक किताब 'द फ्रैक्चर्ड' हिमालय लिखी है ने उसमें लिखा है, 'अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत के बढ़ते उत्कर्ष के बारे चीन की प्रतिक्रिया कभी अनिश्चित तो कभी स्पष्ट विद्वेष वाली रही है, यह मुश्किल भविष्य की तरफ इशारा करती है'। उनका तो यह भी मानना है कि भावी टकराव की भविष्यवाणी की जा सकती है।



बड़ी समस्या है कि चीन और हमारे बीच आर्थिक और विकास का फासला लगातार बढ़ता जा रहा है इसीलिए भारत अमरीका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ क्वैड में शामिल हो गया है। भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन का मुकाबला करने की कोशिश कर रहा है। फिलीपींस द्वारा हमारी ब्रह्मोस मिसाईल की तीन बैटरी 37.5 करोड़ डॉलर में खरीदने के बाद विदेश मंत्री जयशंकर ने उस देश की यात्रा की है। हमारी तरह उस देश ने भी चीन के साथ दोस्ती करने की कोशिश की थी पर अब चीन उनके क्षेत्र पर भी दावा कर रहा है। यह हमारा पहला बड़ा सैनिक सामान का निर्यात होगा। यहां भी सरकार ने 'इतिहास की हिचक' को एक तरफ रख सैनिक सामान का निर्यात शुरू कर दिया है। फिलीपींस जो पहले हमारी उपेक्षा करता रहा है, के विदेश मंत्री का अब कहना है कि भारत और फिलिपींस दोनों समुद्रीय देश हैं और दोनों 'पानी में स्थायित्व रखने के लिए कानून के शासन का महत्व समझते हैं'। कौन देश यहां स्थायित्व में बिगाड़ पैदा कर रहा है, यह सब जानते हैं। एशिया में निश्चित तौर पर सत्ता का संतुलन चीन का तरफ झुका हुआ है पर उसकी लगातार सामरिक बदतमीजी के कारण अधिक संख्या में पड़ोसी देश समर्पण करने से इंकार कर रहें है। रक्षा विशेषज्ञ सी. राजामोहन के अनुसार चीन की आक्रामक नीतियां उसके कई पड़ोसियों को अमरीका के कैम्प में भेज रही हैं।

हमारी समस्या इतनी समुद्र नहीं जितनी जमीन है, जहां चीन से भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा को स्पष्ट और वर्तमान खतरा है। चीन हमारा दुश्मन नम्बर एक है, जो बात एक बार रक्षा मंत्री जार्ज फर्नाडीस ने कही थी। तब से लेकर अब तक हालात खराब ही हुए हैं। चीन की आर्थिक ताकत, चाहे उनकी अर्थव्यवस्था में आश्चर्यजनक ढंग से सुस्ती आ रही है, और पाकिस्तान के साथ उनके सामरिक गठबंधन के कारण हमारे लिए खतरा बना हुआ है। अमरीका के साथ हमारी निकटता का आधार भी यही है कि चीन के खतरे से निबटने के लिए हमें और साथी चाहिए। विशेषज्ञ और लेखक एंड्रयू स्माल जिन्होंने चीन-पाकिस्तान मैत्री पर किताब लिखी है, का मानना है कि ताकत बढ़ने के कारण 'चीन में टकराव बढ़ाने की भूख अधिक है और वह समझते है कि वह कई मोर्चों पर इकट्ठे प्रतिरोधी रिश्ते बर्दाश्त कर सकता है'। उनका मानना है कि चीन के रवैये के कारण दक्षिण एशिया का यह साल कलहकारी रहेगा 'जिसके केन्द्र मे भारत होगा'।

भारत सरकार को इसका पूरा आभास है इसीलिए क्वाड जैसे गठबंधन का भारत हिस्सा बना है। हाल ही में भारत ने फिर चीन के 54 एप्प बैन किए हैं। लेकिन यह कदम तो अंग्रेजी का मुहावरा याद करवाता है कि 'घायल तो करना चाहते हैं पर प्रहार करने से घबराते हैं'। ऐसे कदमों से चीन की सेहत पर कोई असर नहीं पड़ेगा क्योंकि दूसरी तरफ भारत-चीन का व्यापार लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले साल में चीन के साथ हमारा व्यापार 44 प्रतिशत बढ़ा है और व्यापार का संतुलन उनकी तरफ झुका हुआ है। चीन के साथ व्यापार का घाटा जो 2020 में 45.9 अरब डॉलर था 2021 में बढ कर 69.4 अरब डॉलर हो गया है। और यह स्थिति तब है जब लद्दाख में दो साल से गतिरोध बना हुआ है। अगर हम चीन को इसकी सजा देना चाहते हैं, तो निश्चित तौर पर दिशा उल्टी है। चीन हमारे क्षेत्र में अतिक्रमण भी करता है और हमारा बड़ा बाजार भी चाहता है। जयशंकर ने कहा तो है कि सीमा पर स्थिति रिश्ते तय करेगी पर हमने आर्थिक रिश्ते कम करने का गंभीर प्रयास नहीं किया। हम कहते तो हैं कि सीमा विवाद और व्यापार दोनों इकट्ठे नहीं चल सकते पर हकीकत उलट है। दुश्मनी भी चल रही है और व्यापार भी चल रहा है। हम चीन पर अपनी निर्भरता कम करने में असफल रहे हैं, जिसकी टकराव की स्थिति में भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है।

चीन एशिया में भारत को एकमात्र ऐसा प्रतिद्वंद्वी समझता है जिसमें मुकाबला करने का दम है इसलिए टकराव निश्चित तौर पर आगे भी चलेगा। हमारे लोगो को इसका पूरा अहसास है यही कारण है कि सीमा पर तेजी से इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत किया जा रहा है। चीन सुधरने वाला नहीं, कई प्रधानमंत्री प्रयास कर असफल रहे हैं। अगस्त 1950 को विजयलक्ष्मी पंडित को लिखे पत्र में तत्कालीन विदेश सचिव गिरिजा शंकर बाजपेयी के यह शब्द भविष्यदर्शी लगते हैं कि 'मेरा अपना विचार है कि हम में चीन एशिया में एकमात्र राजनीतिक और आर्थिक प्रतिद्वंद्वी देखता है। इसलिए ईर्ष्या न कि हमारे प्रति लगाव चीन की मुख्य भावना रहेगी'। इन 72 सालों में ईर्ष्या की यह भावना कम होने की जगह और मजबूत हुई है। सीमा पर चैन की संभावना कम नजर आती है। इसीलिए विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने फिर चेतावनी दी है,' चीन के साथ रिश्ते बेहद कठिन दौर से गुजर रहे हैं'।

## रूस-यूक्रेन के बढ़ते संघर्ष से तीसरे विश्वयुद्ध की आशंका

हर नये दिन के साथ रूस और यूक्रेन का आपसी संघर्ष गहरा होता जा रहा है। अमरीका और पश्चिमी देश आशंकित हो उठे हैं कि युद्ध शुरू हो गया। चाहे रूस के राष्ट्रपति पुतिन कभी अपनी सेना के जमावड़े को रूटीन अभ्यास बताते हैं, कभी बातचीत से मामला सुलझाने की मंशा जाहिर करते हैं लेकिन असलियत यही है कि यूक्रेन बॉर्डर से बीस किलोमीटर की दूरी पर रूस ने 550 तम्बू गाड़ दिए हैं। वीरवार सुबह भारतीय समय के अनुसार 8.30 बजे राष्ट्रपति पुतिन ने सैन्य कार्रवाई का ऐलान कर दिया। यूक्रेन में धमाके सुनाई देने लगे।

रूस ने यूक्रेन की 12 जगहों को निशाना बनाया। कीव में दो जगह बैलिस्टिक मिसाइल से हमला कर दिया। लेकिन विश्व की यह आशंका कि यह दो परमाणु शक्तियों के बीच परमाण युद्ध की शुरुआत तो नहीं, अभी पूरी तरह से अर्थपूर्ण नहीं कही जा सकती। तीसरी दुनिया के देशों में भारत के बाद पाकिस्तान ने भी इस संघर्ष में तटस्थ रहने की इच्छा जाहिर कर दी है। रूस ने यूक्रेन को दो देशों में बांटकर अलगाववादी तत्वों को संरक्षण दे दिया लेकिन उसके जवाब में अमरीका समेत सात देशों ने रूस पर आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए क्योंकि आज के इस आधुनिक युग में सशस्त्र भिड़ंत के साथ-साथ आर्थिक



भिड़ंत भी होती है और कूटनीतिक युद्ध तो बड़ी देर से चल रहा है। अब इधर रूस ने यूक्रेन बार्डर पर बुधवार से नये मिलिट्री वाहन तैनात किए हैं और सेना के इलाज के लिए अस्थाई अस्पताल भी बनवा दिए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि रूस पर लगी पाबंदियां बहुत असरदार नहीं क्योंकि अगर ये देश ज्यादा प्रतिबंध और सख्ती करते तो खुद का भी नुक्सान कर लेते। अमरीका ने रूस के दो सरकारी बैंकों को अमरीका और यूरोप में व्यापार से रोक दिया। इसका ज्यादा प्रभाव नहीं होगा क्योंकि यह परचून लेनदेन करते है। जर्मनी ने 11.6 अरब डॉलर की गैस परियोजना रोक दी। लेकिन स्पष्ट है कि यह रोक अस्थाई है।

हालात सुधरते ही बहाल हो जाएगी। ब्रिटेन ने पांच रूसी बैंकों और तीन रूसी अरबपतियों पर पाबंदी लगा दी लेकिन इसका सीमित प्रभाव होगा। जापान ने रूसी बांड पर रोक लगा दी और कुछ लोगों की एंट्री बैन कर दी। यूरोपियन यूनियन ने 351 राजनेताओं और रक्षा एवं बैकिंग सैक्टर के 27 रूसी अफसरों पर प्रतिबंध लगा दिया। लेकिन इसका भी सीमित प्रभाव होगा। अगर अमरीका रूस को पंगु बनाना चाहता तो वह उस टैक्नोलॉजी पर पाबंदी लगा देता जिसका रूस और अमरीका के बीच करार है, जो स्मार्टफोन बनाती है और हवाई जहाज चलाती है। अमरीका डॉलर में लेनदेन रोक देता, फाइनैंशियल सिस्टम से रूस को बाहर कर देता। रूस ने इसका विकल्प विकसित कर लिया है लेकिन अमरीका के इस सारे कार्य-व्यवहार में अरबों डॉलर दांव पर लगे हैं।

वह कड़े प्रतिबंधों से इस व्यापार को खतरे में नहीं डाल सकता। उधर अमरीका में महंगाई बढ़ती जा रही है और अमरीकी बहुसंख्या अमरीकी सरकार को इसे रोकने में असफल मान रही है। अमरीका अपनी मांग का 3 प्रतिशत या 7 लाख बैरल क्रूड ऑयल रूस से आयात करता है, यह प्रभावित हो जाता। उधर यूरोपियन यूनियन अपनी जरूरत की 40 प्रतिशत और जर्मनी 65 प्रतिशत गैस रूस से मंगवाता है। आस्ट्रेलिया ने 2020 में 68 करोड़ डॉलर यूक्रेन में निर्यात किए थे, यह भी खतरे में पड़ जाएंगे। इसीलिए ये सभी देश और नाटो शक्तियां रूस की वाचालता और हठधर्मी को सहन कर रही हैं। रूस भी मौखिक रूप से यही कह रहा है कि बातचीत से समस्या निपटाएंगे लेकिन वह अपनी हठधर्मिता से बाज भी नहीं आ रहा। अब क्या परमाणु शक्तियां इस मामले को लेकर आपस में उलझ जाएंगी? इस बात की उम्मीद अभी कम लगती है। -शीतल विज

## परीक्षाएं ऑफलाइन करने का आदेश नहीं होगा रद्द

कोरोना की तीसरी लहर दबने के साथ-साथ शिक्षा जगत को सामान्य करने के लिए जो पहला आदेश सी.बी.एस.ई. की ओर से आया, वह यही था कि सभी बोर्ड परीक्षाएं ऑफलाइन कर दी जाएं। पिछले दो वर्ष के कोरोनाग्रस्त काल में डिजिटल शिक्षा के नाम पर ऑनलाइन परीक्षाओं को ऑफलाइन परीक्षाओं का विकल्प बनाने का प्रयास किया गया था लेकिन इसके बारे में शिक्षाविदों और गंभीर छात्रों को बहुत शिकायत थी कि इस ऑनलाइन परीक्षा प्रणाली का गलत इस्तेमाल हो रहा है।

ऐसी परीक्षाओं में नकल की संभावना बढ़ जाती है। परीक्षार्थी कोई और होता है और इम्तिहान देने के लिए कोई और बैठ सकता है। परीक्षा पत्र ऑब्जैक्टिव होते चले गए और पहली बार इससे मिले छात्रों के परीक्षा परिणाम 100 में से 100 नंबर देने लगे। इसके अलावा कुछ और कठिनाइयां भी थीं कि ऐसी डिजिटल शिक्षा और ऐसी परीक्षाएं छात्रों के व्यक्तित्व का न तो पूरा विकास करती हैं और न ही उनकी योग्यता का उचित मूल्यांकन। इसलिए स्थिति सामान्य होते ही जो पहला आदेश सी.बी.एस.ई. की ओर से आया और जो विभिन्न राज्य बोर्डों ने उसका अनुसरण करते हुए आदेश दिया कि परीक्षाएं ऑफलाइन कर दी जाएं, जैसे हमेशा से होती रही हैं। इस आदेश के विरुद्ध याचिका लग गई और यह कहा गया कि ऑफलाइन परीक्षा के लिए अभी न तो सिस्टम तैयार है और न ही छात्र। यह आदेश समय से पूर्व दे दिया गया है। अब इस पर सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट आदेश देते हुए ऑफलाइन परीक्षाएं रद्द करने संबंधी इस याचिका को रद्द कर दिया और कहा कि बोर्ड परीक्षाओं में दखल करने से शीर्ष अदालत इन्कार करती है क्योंकि इससे दोहरी व्यवस्था और अधिक भ्रम पैदा हो जाएगा। हम इस पर विचार नहीं करेंगे।

बोर्ड अधिकृत है कि वह स्थिति जांच कर सही परीक्षाएं करे। हम इस मामले में दखल नहीं देंगे। याद रखें पिछली बार ऐसी याचिका स्वीकार कर ली गई थी, इस बार पीठ ने इन्कार कर दिया। उन्होंने कहा कि बोर्ड अधिकारी तो ऑफलाइन परीक्षाओं की तारीखों और अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे रहे हैं। अगर अंतिम रूप देने में कोताही होती है तो पीड़ित संबंधित अधिकारियों से सम्पर्क करें और उन्हें बताएं। इस तरह की याचिकाएं अपने अधिकार का दुरुपयोग है और शिक्षा के सुचारू परिचलन में बाधा बनती है। याचिका कहती थी कि कोविड के कारण शारीरिक तौर पर कक्षाएं नहीं लगीं। ऐसे में बोर्ड परीक्षाएं ऑनलाइन ही करवाएं। लेकिन इसे अनुचित मानकर न्यायपीठ ने स्पष्ट कह दिया कि अब परीक्षाओं को सामान्य बनाएं। कोई कमी है तो जिम्मेदार अधिकारी उसे दूर करें। इस फैसले के औचित्य से कोई इन्कार नहीं कर सकता। -शीतल विज

Email: letter2editor@dainiksaveratimes.net

## न आए आंच भारत-द. कोरिया रिश्तों पर




आर.के. सिन्हा
पूर्व सांसद,राज्यसभा


निःसंदेह हाल के दौर में दक्षिण कोरिया ने जिस तरह से भारत में लगातार अपने निवेश को बढ़ाया है, उस आलोक में वहां की हुंडई नामक कार बनाने वाली कंपनी की पाकिस्तान यूनिट की तरफ से तथाकथित 'कश्मीर एकुटता दिवस' पर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करने को एक हद से अधिक तूल देना सही नहीं होगा। भारत ने दक्षिण कोरिया के राजदूत को तलब करके कायदे से समझा दिया कि इस तरह की पोस्ट भारतीय गणतंत्र के द्वारा पूरी तरह अस्वीकार्य है और कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा।

इस बिंदु पर समझौता नहीं किया जा सकता। अब हमें इसको दक्षिण कोरिया की सरकार के ऊपर यह छोड़ देना चाहिए कि वह हुंडई की मैनेजमैंट से कैसे निपटे? अच्छी बात यह है कि दक्षिण कोरिया ने इस मामले में खेद भी जताया है। हुंडई मोटर्स इंडिया लिमिटेड का भारत में भी अच्छा खासा कारोबार



है और उसकी यहां भी इकाईयां है। उसे भी समझ में आ गया होगा कि उसने एक तरह से अक्षम्य भूल की है। क्या कोई भारतीय कंपनी दक्षिण कोरिया में काम करते हुए दक्षिण कोरिया-उत्तर कोरिया के बीच विवाद पर उत्तर कोरिया का पक्ष ले सकती है? नहीं न? यहां पर तो मामला ही अलग है।

कश्मीर भारत का अटूट हिस्सा है और उस पर हुंडई का ट्वीट करने का मतलब ही भारत-पाक के कश्मीर विवाद में नाक घुसेड़ने जैसा है। चूंकि दक्षिण कोरिया सरकार ने भी हुंडई की तरफ से माफी मांग ली है, तो अब इस विवाद को भूलकर आगे बढ़ने का समय है। इस मसले को और खींचने का कोई लाभ नहीं होगा। फिर, यह भी तो देखना होगा कि दक्षिण कोरिया का भारत को लेकर रवैया सदैव ही आदर और मैत्रीपूर्ण रहा है। दक्षिण कोरिया भारत को भगवान बुद्ध का देश होने के चलते एक तरह से पवित्र देश के रूप में ही देखता है। हर साल वहां से असंख्य तीर्थ यात्री यहां भगवान बुद्ध से जुड़े तीर्थ स्थलों पर पूजा अर्चना के लिए आते भी हैं। कम लोग जानते हैं कि दक्षिण कोरिया में गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर बेहद लोकप्रिय कवि हैं। उन्होंने 1929 में कोरिया के गौरवशाली इतिहास पर एक कविता भी लिखी थी। दक्षिण कोरिया इसलिए भी भारत के प्रति कृतज्ञता का भाव रखता है क्योंकि कोरियाई युद्ध में उसे भारत का कहीं न कहीं किसी न किसी प्रकार से समर्थन मिला था। कोरिया युद्ध (1950-53) 25 जून, 1950 को उत्तरी कोरिया से दक्षिणी कोरिया पर आक्रमण के साथ शुरू हुआ था। यह शीत युद्ध काल में लड़ा गया सबसे पहला और सबसे बड़ा भयानक संघर्ष था। एक तरफ उत्तर कोरिया था जिसका समर्थन कम्युनिस्ट सोवियत संघ तथा साम्यवादी चीन कर रहे थे, दूसरी तरफ दक्षिणी कोरिया था जिसकी रक्षा अमरीका कर रहा था। उस जंग में भारत के समर्थन को लेकर एहसानमंद दक्षिण कोरिया ने राजधानी दिल्ली में एक युद्ध स्मारक भी बनाया है। इसका नाम कोरियन वार मैमोरियल है।

इसका उद्घाटन जल्दी ही होगा। यह कोरोना के कारण टल रहा है। कोरियन वार मैमोरियल दिल्ली कैंट में थिमय्या पार्क में विकसित किया गया है। दक्षिण और उत्तर कोरिया के बीच हुए युद्ध में भारत समेत 22 देशों ने दक्षिण कोरिया का साथ दिया था। इस तरह का कोरियन वार मैमोरियल अब तक सिर्फ भारत में ही नहीं था। इसमें गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की एक धड़ प्रतिमा भी स्थापित की गई है। भारत-दक्षिण कोरिया संबंधों के इतिहास को जानने वाले जानते हैं कि जनरल कोडंडेरा सुबय्या थिमय्या ने कोरिया युद्ध के दौरान दक्षिण कोरिया को लगातार इनपुट्स दिए थे, इसलिए भी कोरिया भारत को उस अहसान को याद रखता है। वे समर नीति के विशेष एक्सपर्ट थे। उन्हें प्यार से जनरल टिम्मी कहकर पुकारा जाता था। वे 8 मई 1957 से 7 मई 1961 तक भारत के थल सेनाध्यक्ष थे। अगर बात भारत में दक्षिण कोरियाई कंपनियों के निवेश की करें तो पिछले चार सालों में दक्षिण कोरिया का भारत में निवेश 2017 में 1.39 अरब रुपये की तुलना में साल 2021 में 2.69 अरब रुपये तक पहुंच गया है। यहां हजारों कोरियाई नागरिक रहते हैं। सैमसंग इलैक्ट्रॉनिक्स, हुंडई, एल.जी. इलैक्ट्रॉनिक्स, डूसन हैवी इंडस्ट्रीज जैसी दक्षिण कोरिया की दर्जनों बड़ी कंपनियां भारत में काम कर रही हैं।

मैत्री

ग्रेटर नोएडा में दक्षिण कोरिया की कंपनियों की बड़ी-बड़ी फैक्ट्रियां हैं। कोविड काल में भी करीब पांच दर्जन दक्षिण कोरियाई कंपनियों ने भारत में अपना निवेश किया। हां, हुंडई मैनेजमैंट को और अधिक जिम्मेवार तथा संवेदनशील होना होगा। उसे विदेश नीति जैसे मसलों पर टीका-टिप्पणी करने से बचने होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो साल पहले दक्षिण कोरिया दौरे पर गए थे। उस दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सियोल शांति सम्मान दिया गया था। कुल मिलाकर दक्षिण कोरिया भारत का हितैषी और मित्र है। वह भारत को विभिन्न कारणों के चलते अपना मानता है। हमें इस रिश्ते को और मजबूत करके रखने में ही लाभ है।

## क्षणिक लोभ और पांच साल मरोड़




निशिकांत ठाकुर
वरिष्ठ पत्रकार/राजनीतिक विश्लेषक


तत्कालीन ब्रिटिश प्रधानमंत्री विंस्टन चिर्चल ने और अंग्रेजों ने भारत को ऐसा समाज कहा था जो लोकतंत्र को न पचा पाएगा, न इसे संभालकर आगे बढ़ा पाएगा और कुछ ही समय में खंड–खंड में बंटकर स्वतः नष्ट हो जाएगा। इसके पीछे की वजह यहां के राजनीतिज्ञों की अयोग्यता और अनुभवहीनता बताई गई और कहा गया कि सत्ता संभाल नहीं सकेंगे। लोकसभा की 497 तथा राज्य विधानसभाओं की 3,283 सीटों के लिए भारत के 17,32,12,343 मतदाताओं का निबंधन हुआ। इनमें से 10.59 करोड़ लोगों ने, जिनमें करीब 85 फीसद निरक्षर थे, अपने जनप्रतिनिधियों का चुनाव करके पूरे विश्व को आश्चर्य में डाल दिया। 25 अक्टूबर, 1951 से 21 फरवरी, 1952 तक यानी करीब चार महीने चली उस चुनाव प्रक्रिया ने भारत को नए मुकाम पर लाकर खड़ा किया। यह अंग्रेजों द्वारा लूटा-पीटा, अनपढ़ बनाया गया कंगाल देश जरूर था, लेकिन इसके बावजूद इसने स्वयं को विश्व के घोषित लोकतांत्रिक देशों की कतार में खड़ा कर दिया। अब 2022 में पांच राज्यों में विधानसभा के चुनाव चल रहे हैं, 7 मार्च को अंतिम चरण का मतदान होगा। सभी राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजे 10 मार्च को आएंगे।



अब आप आज हो रहे चुनाव की तुलना उस समय से करें, जिसका उल्लेख किया गया है, तो आप विस्मित हो जाएंगे। चुनाव जीतने के लिए आज जो कुछ कहा और बोला जाता है, क्या किसी देश में इस प्रकार की भाषा का उपयोग किया जाता है? हर देश में, और खासकर पश्चिमी देशों में आमने-सामने बैठाकर यह बात जनता पूछती है कि यदि आप चुनाव जीतते हैं तो समाज का देश का विकास आप क्या करेंगे। पत्रकार भी जनहित के लिए उनसे प्रश्न पूछते हैं, उनका प्रश्न यह भी होता है युवाओं को रोजगार देने के लिए कितने सार्वजनिक उपक्रम लगाए, कितने युवाओं को रोजगार दिया। जो उस बहस में जनता के प्रश्नों का सही उत्तर देते हैं, लोग उन्हीं के पक्ष में मतदान करते हैं। लेकिन, क्या भारत जैसे विशाल जनतंत्र में ऐसा कभी हुआ है? यदि ऐसा होने लग जाए तो अब तक देश का काया पलट गया होता और हम ब्रिटेन और अमरीका को टक्कर दे रहे होते। पश्चिमी देशों में उम्मीदवारों से यह भी पूछा जाता है कि जब आप सत्ता में थे तो आपने क्या किया? संविधान निर्माताओं ने बड़ी दूर की सोचकर ग्रंथ रूपी संविधान हमें प्रदान किया था। यदि उसके अनुरूप चले होते तो निश्चित रूप हम बहुत आगे होते।

नसीहत

लेकिन, आज आजादी के 75 वर्ष बाद भी जातीय लड़ाई की उलझन में हमारे नेताओं ने हमें अपने स्वार्थ के लिए फंसा दिया है और इसलिए विश्व के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने में पीछे हो गए। सच तो यह है कि ऐसे लोगों को जनता चुनती नहीं, बल्कि वे अपनी बाहुबल के दम पर मतदाताओं को मजबूर कर देते हैं कि उनके आक्रामक चरित्र से समाज में फैले भय के कारण मतदाताओं को उन्हें ही मतदान करना पड़ता है। जो भी हो-अब तो समाज को जागरूक होना ही पड़ेगा, क्योंकि यदि विश्व के साथ कदम मिलने में पिछड़ गए तो देश बिखर जाएगा। इसलिए अपना प्रतिनिधि चुनने के प्रति पूरी जानकारी रखिए। सच है कि चुनाव लड़ाने के लिए प्रतिनिधियों का चयन तो पार्टी करती है, आपको तो केवल उस व्यक्ति के प्रति अपनी सहमति ही देने का अधिकार है, इसलिए जिसे आप चुन रहे हैं।

यह देखना आपका दायित्व है कि वह कोई दागी तो नहीं, कोई माफिया तो नहीं? खूब परखिए और अपने दिल की सुनकर उसे ही मतदान करिए जो आपके समाज के लिए कुछ अच्छा करने का जज्बा रखता हो। वर्ष 1950 से अब तक चुनाव में जो बदलाव आया है, उसका खाका आपके सामने है। इसलिए बहकावे में आकर कहीं आपका चयनित प्रतिनिधि, जो सर्वोच्च पंचायत में पहुंचकर आपके क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता है, वह कलंक न साबित हो जाए और विंस्टन चर्चिल की यह बात भी सच न हो जाए कि भारत के राजनेताओं की अयोग्यताओं के कारण यह खंड–खंड में बंटकर नष्ट हो गया।

## कार्टून कोना


विश्वा मित्र




## 10 मार्च को फेल हो सकते हैं ओपिनियन पोल

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के चौथे चरण का मतदान हो चुका है। अब तक कहीं भी चुनाव में किसी भी दल विशेष के पक्ष में हवा चलती नहीं दिख रही है। वोटिंग का प्रतिशत भी वर्ष 2017 के विधानसभा चुनावों के आसपास ही जाता दिख रहा है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर चुनावी मुद्दे क्या विकास, राष्ट्रवाद हैं? गन्ना किसानों को राहत या फिर दलों की ओर से चुनावी घोषणापत्र में शामिल की गई मुफ्त में मिलने वाली चीजें। वर्ष 2017 में तो लोगों ने सरकार बदलने के लिए भारी संख्या में पहुंच कर अपने वोटिंग अधिकारों का प्रयोग किया था। अगर इस बार भी वोटिंग ट्रैंड पिछले जैसा ही है तो कहीं लोगों के मन में कुछ नहीं चल रहा। ऐसे में स्थानीय मुद्दे तमाम मुद्दों पर हावी होते दिख रहे हैं। छुट्टे और आवारा पशुओं के मुद्दे ने चुनावी मैदान में असर दिखाया है।

यही वजह है भाजपा अब जवाबी मोड में है और सपा आक्रामक। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर सी.एम. योगी आदित्यनाथ तक चुनावी मैदान में मुद्दे का हल निकालने की बात करते दिख रहे हैं। बाराबंकी में सी.एम. योगी आदित्यनाथ की सभा से पहले जिस प्रकार से छुट्टा जानवरों को छोड़ा गया, उसने स्थिति की गंभीरता को दर्शाया है। ऐसे में अब इस मुद्दे पर भाजपा का शीर्ष नेतृत्व भी गंभीर होता दिख रहा है। राज्य के




सात चरणों में हो रहे विधानसभा के चुनावों में जिस प्रकार हर चरण में मुद्दे बदल रहे हैं उन्हें देखकर निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि इन चुनावों के परिणामों से 10 मार्च को बड़े-बड़े ओपिनियन पोल फेल हो सकते है।

उत्तर प्रदेश के पहले दो चरणों में पश्चिमी क्षेत्र में हुए मतदान के दौरान जिस तरह किसानों व महंगाई तथा बेरोजगारी का मुद्दा मुखर रहा उसकी प्रखरता तीसरे चरण के दौर में 'हिजाब' का मुद्दा गरमाने से कम हो गई और चौथे चरण के आज हुए मतदान में आवारा पशुओं या छुट्टा मवेशियों का मुद्दा सतह पर आ गया। मगर इसके साथ ही राज्य की भाजपा नीत योगी सरकार द्वारा गरीबों को दी गई विभिन्न सुविधाओं व सहायता के मामले भी मतदाताओं विशेष कर गांवों के गरीबों के लिए मुद्दा बनने लगे। मगर इन सब मुद्दों के उठने के बावजूद हर चरण में राज्य में कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर योगी सरकार की सफलता केन्द्रीय विषय बना रहा। यह लिखने में कोई संकोच नहीं होना चाहिए कि भाजपा ने राज्य में कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में योगी सरकार की सफलता का मुद्दा उठाकर जो राजनीतिक विमर्श खड़ा किया उसकी छाया ने सभी पार्टियों द्वारा खड़े किए गए विमर्शों को अपने साये में ले लिया। यह विमर्श स्वयं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अपनी पहली चुनाव रैली में जनता के बीच खड़ा किया था। हालांकि कांग्रेस की नेता श्रीमती प्रियंका गांधी ने महिलाओं की सुरक्षा का आह्वान 'लड़की हूं-लड़ सकती हूं' जैसा नारा देकर बहुत पहले ही नया विमर्श देने का कार्य किया था परन्तु समूची कानून-व्यवस्था को सुधारने के विमर्श से प्रियंका गांधी के विमर्श को हल्का करने का काम किया। जिसकी वजह से प्रथम चरण के मतदान से ही महिलाओं का रुझान भाजपा की तरफ बनता दिखाई दिया। पूरे प्रदेश में यादवों को छोड़कर शेष अन्य सभी पिछड़े वर्ग के लोग योगी सरकार के कामों से संतुष्ट नजर आते हैं परन्तु यह मानना गलत होगा कि योगी सरकार की इस जन कल्याणकारी नीति से उत्तर प्रदेश की जातिगत राजनीति के पैर उखड़ गए हैं।

अनुमान/ अशोक भाटिया

राज्य की एक जमाने में सत्ताधारी पार्टी रही बहन मायावती की बहुजन समाज पार्टी की पकड़ आज भी अनुसूचित जातियों विशेष कर रैदासियों में मजबूत मानी जाती है। मगर राज्य की केवल इक्का-दुक्का सीट को छोड़कर किसी भी विधानसभा क्षेत्र में अनुसूचित मतदाताओं की संख्या इतनी नहीं है कि वे अपने बूते पर अपना प्रत्याशी जिता सकें। आम मतदाता इन सबसे बेपरवाह नजर आता है और मौजूदा मुद्दों को देखकर ही मतदान करता दिखाई पड़ता है साथ ही वह योगी सरकार का पिछले पांच साल का रिकार्ड भी खंगाल रहा है।


दैनिक सवेरा टाइम्स

सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक शीतल कुमार विज के स्वामित्व में, दैनिक सवेरा न्यूज एंड मीडिया नेटवर्क एस.-9, इंडस्ट्रियल एरिया जालंधर से मुद्रित एवं 1379, कांसेस भवन रोड, कलीय मार्किट, अम्बाला से प्रकाशित किया।

HARHIN/2013/54053
पोस्टल रजि. नं. PB-JL-058/17-19
फोन 0181-2370100, 4625005, 4626006, 4629009
समाचार (फैक्स) 0181-2224455

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा उनसे उत्पन्न समस्त विवाद जालंधर न्यायालय के अधीन होंगे।

| सैंसेक्स 54,529.91 ▼ | निफ्टी 16,247.95 ▼ | सोना 52,374 | यूरो 84.45 | $ अमरीका 75.62 |
|---|---|---|---|---|
| पिछला 57,232.06 अंतर 2702.15 | पिछला 17,063.25 अंतर 815.30 | चांदी 67,436 | पाउंड 101.15 | आस्ट्रेलिया 54.03 |
| | | | | कनाडा 58.88 |

# यूक्रेन पर रूस के हमले से सहमा बाजार

# 2702 अंक सैंसेक्स गिरा

## निफ्टी ने भी लगाया 815.30 अंक का गोता



मुंबई, 24 फरवरी (एजेंसी) : रूस के यूक्रेन पर सैन्य हमले के बाद वैश्विक बाजारों में भारी बिकवाली के बीच घरेलू शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट आई और बी.एस.ई. सैंसेक्स 2,700 अंक से अधिक लुढ़क गया। 30 शेयरों पर आधारित सैंसेक्स कारोबार के दौरान एक समय करीब 2,850 अंक तक नीचे चला गया था। अंत में यह 2,702.15 अंक यानी 4.72 प्रतिशत का गोता लगाकर 54,529.91 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार नैशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 815.30 अंक यानी 4.78 प्रतिशत टूटकर 16,247.95 अंक पर बंद हुआ। यह लगातार सातवां कारोबारी सत्र है जब दोनों मानक सूचकांक- बी.एस.ई. सैंसेक्स और निफ्टी...नुक्सान में रहे।

सैंसेक्स के सभी 30 शेयर काफी नुक्सान में रहे। इंडसइंड बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और बजाज फाइनांस 8 प्रतिशत तक नीचे आ गए। यूक्रेन संकट बढ़ने के बीच वैश्विक स्तर पर शेयर बाजारों में गिरावट रही और कच्चे तेल की कीमत 5 डॉलर प्रति बैरल बढ़ गई। विशेषज्ञों का मानना है कि इस संकट से वैश्विक अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। यूरोप और एशिया के प्रमुख बाजारों में 4 प्रतिशत तक की गिरावट रही। रूस से आपूर्ति संबंधी बाधाओं के कारण वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2014 के बाद पहली बार 100 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर पहुंच गया। घरेलू शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशक बिकवाल बने हुए हैं और उन्होंने बुधवार को 3,417.16 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

### निवेशकों के डूबे 13.44 लाख करोड़

**रुस** के यूक्रेन पर हमला करने के कारण वैश्विक स्तर पर बने दबाव के कारण घरेलू स्तर पर शेयर बाजार में आज हुई भारी बिकवाली के कारण निवेशकों के 13.44 लाख करोड़ रुपए डूब गए। बी.एस.ई. का बाजार पूंजीकरण कल 25566848.42 करोड़ रुपए रहा था जो आज की बिकवाली के बाद 1342668.63 लाख करोड़ रुपए गिरकर 24224179.79 करोड़ रुपए पर आ गया। इस तरह से निवेशकों के 13.44 लाख करोड़ रुपए डूब गए।

### हमला होते ही 4 घंटे में 3 लाख करोड़ रुपए साफ

# एलन मस्क को 1.03 लाख करोड़ का घाटा

# अंबानी की संपत्ति 22,000 करोड़ घटी




नई दिल्ली, 24 फरवरी (इंट) : रूस ने वीरवार की सुबह आखिरकार यूक्रेन पर सीधा हमला बोल दिया। जंग शुरू होने के सिर्फ 4-5 घंटे के भीतर ही दुनिया के टॉप-20 सबसे अमीर लोगों की संपत्ति में 3.11 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की गिरावट आ गई। भारत की बात करें तो मुकेश अंबानी, गौतम अडाणी, उदय कोटक, दिलीप संघवी समेत टॉप-10 कारोबारियों को भी 60 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का नुक्सान उठाना पड़ा। दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति टैस्ला के एलन मस्क की नैटवर्थ में 1 लाख करोड़ रुपए की गिरावट आ गई।

### दुनिया के शीर्ष 3 अमीरों के 1.51 लाख करोड़ डूबे

**दुनिया** के टॉप-3 कारोबारियों की बात करें तो एलन मस्क, बर्नार्ड आर्नोल्ट और जेफ बेजोस की नैटवर्थ में 1.51 लाख करोड़ रुपए की गिरावट दर्ज की गई। अब टॉप-20 धनकुबेरों के नुक्सान के आंकड़ें देखें तो जंग की आग में इनके एक ही दिन में 3.11 लाख करोड़ रुपए बर्बाद हो गए।

### मुकेश अंबानी को 21,000 करोड़ रुपए का नुक्सान

**युद्ध** के चलते शेयर के भाव गिरने से रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति मुकेश अंबानी की नैटवर्थ में दोपहर 12 बजे तक 21,000 करोड़ रुपए की गिरावट आ गई। इसी तरह अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी को 9,700 करोड़ रुपए, एच.सी.एल. टैक्नोलॉजी के शिव नाडार को 5,300 करोड़ समेत राधाकिशन दमानी, दिलीप संघवी और कुमार बिरला जैसे दिग्गज कारोबारियों को भी हजारों करोड़ रुपयों का नुक्सान झेलना पड़ा।

## न्यूज गैलरी

### 112वें दिन भी स्थिर रहे पैट्रोल-डीजल के दाम



नई दिल्ली (एजैंसी) : रुस यूक्रेन संकट से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमत 102 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचने के बावजूद घरेलू स्तर पर आज लगातार 112वें दिन भी पैट्रोल और डीजल के दाम स्थिर रहे। केंद्र सरकार द्वारा पैट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में क्रमशः 5 और 10 रुपए घटाने की घोषणा के बाद 04 नवंबर 2021 को ईंधन की कीमतों में तेजी से कमी आई थी। पैट्रोल-डीजल के मूल्यों की नित्य प्रतिदिन समीक्षा होती है और उसके आधार पर प्रतिदिन सुबह 6 बजे से नई कीमतें लागू की जाती हैं।

### भारत फोर्ज करेगी जे.एस. ऑटो का अधिग्रहण

**नई दिल्ली (एजैंसी)** : वाहन कलपुर्जा कंपनी भारत फोर्ज ने जे.एस. ऑटोकास्ट फाऊंड्री इंडिया का अधिग्रहण करने की घोषणा की है। कंपनी ने अपनी अनुषंगी के साथ मिलकर जे.एस. ऑटोकास्ट फाऊंड्री इंडिया (जे.एस. ऑटो) के अधिग्रहण के लिए पक्का करार किया है। कंपनी ने यह जानकारी दी। वर्ष 2004 में स्थापित जे.एस. ऑटो विंड, हाइड्रोलिक, ऑफ-वे और ऑटोमोटिव एप्लिकेशंस के लिए मशीन्ड डक्टाइल आयरन कास्टिंग्स की प्रमुख आपूर्तिकर्ता है। पिछले 5 साल के दौरान जे.एस. ऑटो की बिक्री सालाना आधार पर 17.7 प्रतिशत बढ़ी है।

### सिंगापुर-भारत ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, नवाचार में सहयोग के लिए समझौता किया

**सिंगापुर (एजैंसी)** : सिंगापुर और भारत ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी तथा नवाचार के क्षेत्र में सहयोग के लिए एक सहमति पत्र (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर किए। भारत-सिंगापुर प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन 2022 के उद्घाटन सत्र के दौरान बुधवार को दोनों देशों के बीच एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किए गए। इस सम्मेलन का आयोजन सिंगापुर के व्यापार तथा उद्योग मंत्रालय (एम.टी.आई.), भारत के विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभाग और भारतीय उद्योग परिसंघ (सी.आई.आई.) ने संयुक्त रूप से वीडियो कांफ्रैंस के जरिए किया था।

### चालू वित्त वर्ष में 2.07 करोड़ करदाताओं को 1.83 लाख करोड़ के आयकर लौटाए

**नई दिल्ली (एजैंसी)** : आयकर विभाग ने चालू वित्त वर्ष में अबतक 2.07 करोड़ करदाताओं को 1.83 लाख करोड़ रुपए लौटाए हैं। इसमें से 33,818.97 करोड़ रुपए के 1.67 करोड़ रिफंड वित्त वर्ष 2020-21 के हैं। आयकर विभाग ने ट्वीट किया, 'केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सी.बी.डी.टी.) ने 1 अप्रैल, 2021 से 21 फरवरी, 2022 तक 2.07 करोड़ करदाताओं को 1,82,995 करोड़ रुपए लौटाए हैं।' इसमें 2.04 करोड़ व्यक्तिगत करदाताओं को 65,498 करोड़ रुपए और 2.30 लाख इकाइयों को 1.17 लाख करोड़ रुपए का कॉर्पोरेट कर रिफंड शामिल है।

### भारत में ट्विटर की सार्वजनिक नीति टीम का नेतृत्व करेंगे समीरन गुप्ता


समीरन गुप्ता

नई दिल्ली (एजैंसी) : समीरन गुप्ता भारत और दक्षिण एशिया में सोशल मीडिया मंच ट्विटर की सार्वजनिक नीति और परमार्थ कार्यों का नेतृत्व करेंगे। गुप्ता ट्विटर से जुड़ने से पहले दक्षिण एशिया में इंटरनैट कॉर्पोरेशन फॉर असाइन्ड नेम्स एंड नंबर्स (आई.सी.ए.एन.एन.) के हितधारकों संबंधी कार्यों के प्रमुख थे। गुप्ता ने ट्वीट कर कहा, 'भारत और दक्षिण एशिया में सरकारों, गैर - सरकारी संगठनों और ट्विटर के साथ जुड़ने को लेकर मैं बहुत खुश हूं।'

### भारत के बी.एन.पी.एल. कारोबार के 3 साल में 40 अरब डॉलर पर पहुंचने का अनुमान

नई दिल्ली, 24 फरवरी (एजैंसी) : देश के फिनटैक क्षेत्र में बाई नाऊ पे लैटर (बी.एन.पी.एल.) कारोबार अगले 3 साल में 40 अरब डॉलर का हो सकता है। प्रबंधन सलाह कंपनी रेडसीअर के मुताबिक देश की फिनटैक श्रेणी में फंडिग 9 गुणा बढ़ी है और 2021 में इसे तेजी से अपनाया भी गया है। यह 65 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ रहा है। रेडसीअर के मुताबिक कई स्टार्टअप और फिनटैक प्लेटफॉर्म बी.एन.पी.एल. सेवाएं देने वाले प्लेटफॉर्म सिंपल, लेजीपे, जेस्टमनी, ईपेलैटर, फ्लिपकार्ट, पेटीएम, फोनपे और अमेजन इंडिया से जुड़े हैं।

## BMW ने इलैक्ट्रिक मिनी कूपर एस.ई. उतारी

### 135 किलोवाट की शक्ति से लैस, कीमत 47.2 लाख रुपए



नई दिल्ली, 24 फरवरी (एजैंसी) : जर्मनी की लग्जरी वाहन विनिर्माता बी.एम.डब्ल्यू. ने भारतीय बाजार में पूर्ण इलैक्ट्रिक मिनी 3 डोर कूपर एस.ई. पेश की है। दिल्ली में इसकी शोरूम कीमत 47.2 लाख रुपए है। बी.एम.डब्ल्यू. ने कहा कि पूरी तरह से निर्मित इकाई (सी.बी.यू.) के रूप में उपलब्ध इस कार की पहली खेप वर्ष 2021 की चौथी तिमाही में प्री-बुकिंग के दौरान ही बिक गई। इन ग्राहकों को डिलीवरी मार्च 2022 से की जाएगी। कंपनी के अनुसार अगले चरण की डिलीवरी के लिए बुकिंग मार्च 2022 से की जाएगी। बी.एम.डब्ल्यू. ग्रुप इंडिया के अध्यक्ष विक्रम पावाह ने इस वाहन को पेश करने के मौके पर कहा, 'देश में पिछले 10 वर्षों से कारोबार करने के साथ मिनी इंडिया को कॉम्पैक्ट प्रीमियम श्रेणी में पहली बार पूरी तरह से इलैक्ट्रिक कार पेश करने पर गर्व है।'

**एक नजर फीचर्स पर**

**बी.एम.डब्ल्यू.** के अनुसार, मिनी 184 की हॉर्स पावर या 135 किलोवाट की शक्ति से लैस है। यह कार 7.3 सैकेंड में शून्य से 100 किलोमीटर की रफ्तार पकड़ सकती है। इसकी बैटरी क्षमता 32.6 किलोवॉट प्रति घंटा की है और एक बार चार्ज होने पर यह 270 किलोमीटर तक दौड़ सकती है।

### यूक्रेन में रूसी कार्रवाई के बाद कच्चे तेल में भारी उछाल



बीजिंग, 24 फरवरी (एजैंसी) : रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के यूक्रेन में सैन्य कार्रवाई शुरू करने के बाद वीरवार को कच्चे तेल की कीमतों में करीब 6 डॉलर प्रति बैरल की बढ़ौतरी हुई। रूसी आपूर्ति में किसी व्यवधान की आशंका के चलते ब्रेंट क्रूड 100 डॉलर प्रति बैरल के पार चल गया। अमरीकी बेंचमार्क क्रूड की कीमत कुछ समय के लिए 98 डॉलर प्रति बैरल को पार कर गई। इस बीच अमरीकी डॉलर के मुकाबले रूबल 7.5% गिरकर 87 के स्तर पर आ गया। अंतर्राष्ट्रीय तेल कीमतों का आधार माना जाने वाला ब्रेंट क्रूड लंदन 5.41 डॉलर बढ़कर 99.46 डॉलर प्रति बैरल हो गया। पिछले सत्र में यह 20 सेंट की गिरावट के साथ 94.05 डॉलर पर बंद हुआ था।

### गरुड़ एयरोस्पैस ने 6 लाख ड्रोन बनाने का लक्ष्य रखा

चेन्नई, 24 फरवरी (एजैंसी) : ड्रोन विनिर्माण से जुड़े स्टार्टअप गरुड़ एयरोस्पैस ने अपनी किसान ड्रोन पहल के तहत 2025 तक 6 लाख ड्रोन बनाने का लक्ष्य रखा है, जिससे 6 लाख रोजगार के मौके पैदा होने की उम्मीद है। कंपनी ने कृषि क्षेत्र के लिए 'सेवा के रूप में ड्रोन' नाम से एक पहल शुरू की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल में गुड़गांव और चेन्नई स्थित किसान ड्रोन विनिर्माण संयंत्रों का उद्घाटन किया था। कंपनी ने कहा कि गरुड़ एयरोस्पैस ने अपनी किसान ड्रोन पहल के तहत 6 लाख ड्रोन बनाने का लक्ष्य तय किया है, जिससे किसान को कीटनाशकों तथा उर्वरकों के छिड़काव के लिए अत्याधुनिक तकनीक की मदद मिल सकेगी।

### मध्यम अवधि में भारत के कर्ज के रुख को लेकर अनिश्चितता कायम : फिच

- **वित्तीय संस्थान असमान पुनरुद्धार की स्थिति से जूझ रहे**

नई दिल्ली, 24 फरवरी (एजैंसी) : भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से महामारी के प्रभाव से उबर रही है, लेकिन मध्यम अवधि के कर्ज के रुख को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। फिच रेटिंग्स ने वीरवार को यह बात कही। फिच रेटिंग्स की रिपोर्ट 'निवेशक क्या जानना चाहते हैं: भारत के सरकारी और वित्तीय संस्थान-2022' में कहा गया है कि संपत्ति की गुणवत्ता के जोखिम और पूंजी की सीमा की वजह से वित्तीय संस्थान असमान पुनरुद्धार की स्थिति से जूझ रहे हैं। रेटिंग एजैंसी का अनुमान है कि 2021-22 में भारतीय अर्थव्यवस्था 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। अगले वित्त वर्ष 2022-23 में सकल घरेलू उत्पाद (जी.डी.पी.) की वृद्धि दर 10.3 प्रतिशत रहेगी। रिपोर्ट में कहा गया है, 'कुल मिलाकर मध्यम अवधि में ऋण का रुझान चिंता का विषय है। एक फरवरी, 2022 को पेश बजट के हिसाब से देखा जाए, तो राजकोषीय मजबूती की रफ्तार पूर्व में लगाए गए अनुमान से कम रहेगी।' फिच रेटिंग्स ने कहा कि भारत के मध्यम अवधि के ऋण के रुख की वजह से ही नवंबर, 2021 में एजैंसी ने बीबीबी- सॉवरेन रेटिंग की पुष्टि करते हुए नकारात्मक परिदृश्य को कायम रखा था।

### मूडीज ने 2022 में भारत की वृद्धि दर 9.5 फीसदी रहने का जताया अनुमान

नई दिल्ली, 24 फरवरी (एजैंसी) : मूडीज इंवैस्टर्स सर्विस ने कहा कि उसने कैलेंडर वर्ष 2022 के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 9.5 फीसदी और एक अप्रैल से शुरू होने वाले अगले वित्त वर्ष के लिए इसे बढ़ाकर 8.4 फीसदी कर दिया है। साथ ही रेटिंग एजैंसी ने तेल की बढ़ती कीमतों और आपूर्ति पक्ष की बाधाओं को वृद्धि की राह में बाधक बताया है। मूडीज ने कहा, 'हमने भारत की वृद्धि के पूर्वानुमान को कैलेंडर वर्ष 2022 के लिए 7 प्रतिशत से बढ़ाकर 9.5 प्रतिशत कर दिया है और 2023 में 5.5 प्रतिशत की वृद्धि के अपने पूर्वानुमान को बरकरार रखा है।' बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 में 8.4 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2023-24 में 6.5 प्रतिशत वृद्धि दर रह सकती है। पिछले साल नवंबर में मूडीज ने वित्त वर्ष 2022-23 में भारत की अर्थव्यवस्था के 7.9 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान जताया था।

## जीप की भारतीय बाजार में प्रीमियम एस.यू.वी. उतारने की योजना

### ग्रैंड चेरोकी और रैंगलर जैसे वाहन कंपनी को बनाएंगे अधिक आकर्षक



नई दिल्ली, 24 फरवरी (एजैंसी) : अमरीका की वाहन विनिर्माता जीप भारतीय बाजार में इस वर्ष अपने प्रीमियम वाहन ग्रैंड चेरोकी और मैरिडियन उतारने की योजना बना रही है। जीप के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि इस दौरान कंपनी छोटे और मध्यम आकार की एस.यू.वी. श्रेणी यानी प्रवेश स्तर पर कोई वाहन नहीं उतारेगी। स्टेलंटिस समूह की इकाई जीप साथ ही घरेलू बाजार में अपने कम्पास ट्रेलहॉक को पेश करने पर भी विचार कर रही है। इससे कम्पास की श्रेणी को मजबूती भी मिलेगी। जीप के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सी.ई.ओ.) क्रिश्चियन मेउनियर ने कहा, 'भारतीय बाजार में हमारे पास बहुत अधिक संभावनाएं हैं।' उन्होंने कहा, 'ग्रैंड चेरोकी और रैंगलर जैसे वाहन कंपनी को और अधिक आकर्षक बनाने में मदद करेंगे।'




# संघर्ष से वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए पैदा हुआ बड़ा जोखिम

- **दोनों देश मिलकर वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में 2% से कम का करते हैं योगदान**



वाशिंगटन, 24 फरवरी (एजैंसी) : एक कमजोर वैश्विक अर्थव्यवस्था को जिस संघर्ष की जरूरत नहीं थी, वह आखिरकार शुरू हो गया है। इससे मुद्रास्फीति बढ़ सकती है, शेयर बाजारों में भारी गिरावट का दौर शुरू हो सकता है और दुनिया में सभी के लिए परेशानी बढ़ सकती है। यूक्रेन पर रूस के हमले और जवाब में पश्चिम की ओर से प्रतिबंध से पूरी दुनिया मंदी में घिर जाएगी, यदि यह सोचा जा रहा है तो ऐसा नहीं है। दोनों देश मिलकर वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जी.डी.पी.) में 2 प्रतिशत से कम का योगदान करते हैं। कई क्षेत्रीय अर्थव्यवस्थाएं मजबूत स्थिति में हैं और महामारी की मंदी के बाद तेजी से पुनरुद्धार दर्ज कर रही हैं। फिर भी संघर्ष से कुछ देशों और उद्योगों को गंभीर आर्थिक नुक्सान का खतरा है। रूस पैट्रोलियम का दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक है और प्राकृतिक गैस का प्रमुख निर्यातक है।

यूक्रेन के खेत दुनियाभर में लाखों लोगों का पेट भरते हैं। दूसरी ओर वित्तीय बाजार एक अनिश्चित स्थिति में हैं, क्योंकि केंद्रीय बैंक ब्याज दरों को बढ़ाने के लिए तैयार हैं। ऐसे में खर्च कम होने तथा एक और मंदी का खतरा बढ़ सकता है। बैंकों के एक कारोबारी समूह अंतर्राष्ट्रीय वित्त संस्थान की उप मुख्य अर्थशास्त्री एलिना रिबाकोवा ने कहा, 'मैं केवल जी.डी.पी. हिस्सेदारी की गणना करके गुमराह नहीं होऊंगी... विशेष रूप से ऐसे वक्त में जब जिस कीमतें पहले ही बढ़ी हुई हैं, मुद्रास्फीति पहले से ही अधिक है।' उन्होंने कहा, 'वैश्विक अर्थव्यवस्था की स्थिति को देखते हुए यह एक मुश्किल क्षण है।' रूस का हमला पहले से ही ऊंची ऊर्जा कीमतों को और बढ़ा सकता है, जिससे यूरोप में आर्थिक पुनरुद्धार धीमा हो सकता है।





मैं उन लोगों में शामिल नहीं हूं जो चीजों को पकड़े रखना चाहते हैं। यहां तक कि यदि मुझे पता है कि मैं बहुत कुछ कर सकता हूं, लेकिन अगर मैं प्रक्रिया का आनंद नहीं ले रहा हूं तो फिर मैं वह काम नहीं करूंगा। लोग जब तक आपकी स्थिति में न हों उनके लिए आपके फैसले को समझना बहुत मुश्किल होता है। लोगों की अपनी अपेक्षाएं होती है। वे कहते हैं ओह यह कैसे हुआ, हम हैरान हैं।

-विराट कोहली

# आखिरी वन डे में क्लीन स्वीप होने से बचा भारत

■ न्यूजीलैंड को 6 विकेट से हराया, मंधाना, हरमनप्रीत और मिताली का अर्धशतक



मैच के दौरान शॉट लगाती हुई हरमनप्रीत कौर।

क्वींसटाऊन, 24 फरवरी (एजैंसी) : स्मृति मंधाना (71), हरमनप्रीत कौर (63) और कप्तान मिताली राज (57) के शानदार अर्धशतकों की बदौलत भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने 5वें और आखिरी वनडे मैच में न्यूजीलैंड को 6 विकेट से हराकर खुद को क्लीन स्वीप होने से बचा लिया। न्यूजीलैंड ने हालांकि 4-1 सीरीज जीत ली। मेजबान न्यूजीलैंड ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी की और ऑलराऊंडर अमेलिया केर के अर्धशतक और अन्य बल्लेबाजों के महत्वपूर्ण योगदान से 50 ओवर में 9 विकेट पर 251 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। जवाब में भारत ने स्मृति, हरमनप्रीत और कप्तान मिताली के अर्धशतकों से 46 ओवर में 4 विकेट पर 255 रन बना कर मैच जीत लिया। स्मृति ने 9 चौकों की मदद से 84 गेंदों पर 71, हरमनप्रीत ने 6 चौकों और 1 छक्के के सहारे 66 गेंदों में 63 और मिताली ने 6 चौकों के दम पर 66 गेंदों पर नाबाद 57 रन बनाए। न्यूजीलैंड के लिए अमेलिया केर ने 6चौकों के सहारे 75 गेंदों पर 66, कप्तान सोफी डिवाइन ने 2 चौकों और एक छक्के की मदद से 41 गेंदों पर 34, जबकि लॉरेन डाउन और हेले जेन्सेन ने 30-30 रन बनाए। गेंदबाजी में हेले जेन्सेन, हन्ना रोवे, फ्रैन जोनस और अमेलिया केर ने 1-1 विकेट लिया।

### मंधाना प्लेयर ऑफ द मैच

**भारत** के लिए राजेश्वरी गायकवाड़, दीप्ति शर्मा और स्नेह राणा ने 2-2, जबकि मेघना सिंह और पूनम यादव ने एक-एक विकेट लिया। स्मृति मंधाना को 71 रन की मैच विजयी पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' और न्यूजीलैंड की अमेलिया केर को पूरी सीरीज में 353 रन बनाने और 7 विकेट लेने के लिए 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया।

### स्कोर बोर्ड

| न्यूजीलैंड | रन | गेंद |
|---|---|---|
| बेट्स पगबाधा बो. मेघना | 17 | 25 |
| सोफी का. गायकवाड़ बो. राणा | 34 | 41 |
| अमेलिया का. घोष बो. शर्मा | 66 | 75 |
| सैटरथवेट का. राणा बो. शर्मा | 12 | 21 |
| डाऊन पगबाधा बो. राणा | 30 | 37 |
| मार्टिन का. घोष बो. पूनम यादव | 15 | 17 |
| जेन्सेन का. गोस्वामी बो. गायकवाड़ | 30 | 33 |
| मैके बो. गायकवाड़ | 15 | 33 |
| रोवे रन आऊट | 13 | 12 |
| रोजमेरी नाबाद | 07 | 06 |

**अतिरिक्त** 12 कुल (50 ओवर 9 विकेट) 251
**विकेट पतन:** 1-27, 2-95, 3-123, 4-139, 5-177, 6-187, 7-225, 8-234, 9-251
**गेंदबाजी** : झूलन 7-1-40-0, मेघना 5-0-22-1, गायकवाड़ 10-0-61-2, दीप्ति शर्मा 10-0-42-2, राणा 9-0-40- 2, पूनम 9-1-41-1

| भारत | रन | गेंद |
|---|---|---|
| शैफाली का. डाऊन बो. जेन्सेन | 09 | 11 |
| मंधाना का. बेट्स बो. केर | 71 | 84 |
| दीप्ति का. मैयर बो. जोनास | 21 | 41 |
| हरमनप्रीत का. सटरथवेट बो. रोवे | 63 | 66 |
| मिताली नाबाद | 54 | 66 |
| ऋचा नाबाद | 07 | 08 |

**अतिरिक्त** 27 कुल (46 ओवर 4 विकेट) 252
विकेट पतन: 1-29, 2-89, 3-153, 4-225
गेंदबाजी : जेन्सेन 4-0-29-1, रोवे 9-0-41-1, मैके 10-0-47-0, रोजमेरी 2-0-18-0, जोनास 8 -0-40-1, अमेलिया 10-0-55-1, सोफी 3-0-15-0.

# एफ.आई.एच. प्रो लीग भारतीय महिलाओं के प्रदर्शन के लिए महत्वपूर्ण : सविता

● **भारतीय टीम का लीग में शानदार पदार्पण**



भुवनेश्वर, 24 फरवरी (एजैंसी) : भारतीय महिला हॉकी टीम का मानना है कि मौजूदा एफ.आई.एच. प्रो. लीग टीम के लिए इस साल के 2 महत्वपूर्ण टूर्नामैंट विश्व कप और हांगजोऊ एशियाई खेल की तैयारियों के लिए बेहतरीन मंच प्रदान करेगी। एशियाई खेल 2024 में होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाइंग टूर्नामैंट भी हैं। भारतीय महिलाओं ने एफ.आई.एच. प्रो लीग में शानदार पदार्पण किया और इस साल के शुरू में ओमान के मस्कट में शुरुआती 2 चरण के मुकाबले में चीन को 7-1 और 2-1 से हराया। भारतीय कप्तान सविता ने कहा कि एफ.आई.एच. प्रो लीग में शीर्ष टीमों के खिलाफ खेलना 2022 के महत्वपूर्ण वर्ष से पहले उनके खेल का उचित आकलन होगा। इसी वर्ष बिर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल भी होंगे। उन्होंने कहा, 'हमारा मुख्य ध्यान हमारे अपने प्रदर्शन पर है। हम लंबे समय से प्रो लीग में खेलने का इंतजार कर रहे थे क्योंकि हमें इसे दुनिया की शीर्ष टीमों के खिलाफ खेलने का मौका मिलेगा।'

## बेंच स्ट्रैंथ की वजह से टी-20 में भारत बना नं.1 : दिनेश कार्तिक



दिनेश कार्तिक

दुबई, 24 फरवरी (एजैंसी) : विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने आई.सी.सी. टी20 रैंकिंग में नं.1 स्थान पर पहुंचने के लिए भारत की बेंच स्ट्रैंथ को श्रेय दिया है। विराट कोहली, ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह जैसे सितारे चोटों के कारण या अपने कार्यभार का प्रबंधन करने के लिए हालिया श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। भारत को वैस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला के दौरान सूर्यकुमार यादव, वेंकटेश अय्यर और युवा रवि बिश्नोई जैसे खिलाड़ियों ने टीम को आगे बढ़ाया है। कार्तिक ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह खिलाड़ियों की गुणवत्ता है। अच्छी टीमों के बारे में बात करते हैं, तो भारत के पास बड़ी बेंच स्ट्रैंथ है।'

## मयंक का पंजाब किंग्स का कप्तान बनना तय

नई दिल्ली, 24 फरवरी (एजैंसी) : भारतीय बल्लेबाज मयंक अग्रवाल का आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आई.पी.एल.) में पंजाब किंग्स का कप्तान बनना तय है। भारतीय टैस्ट टीम के सदस्य अग्रवाल उन 2 खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्हें पंजाब किंग्स ने इस महीने के शुरू में हुई नीलामी से पहले अपनी टीम में बनाए रखा था। दूसरे खिलाड़ी तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह थे। कप्तान को लेकर औपचारिक घोषणा जल्द किए जाने की संभावना है। सूत्रों ने बताया, 'पूरी संभावना है कि मयंक टीम की अगुवाई करेंगे। इस बारे में इस सप्ताह के आखिर में घोषणा की जाएगी।' पंजाब से सबसे अधिक धनराशि के साथ नीलामी में उतरा था।






## 9 खिलाड़ियों के साथ भी हो सकेंगे महिला विश्व कप के मैच

दुबई, 24 फरवरी (एजैंसी) : न्यूजीलैंड में अगले महीने होने वाले महिला विश्व कप के मैच 9 खिलाड़ियों के साथ भी हो सकेंगे। कोरोना को देखते समिति ने फैसला लिया है। आई.सी.सी. की आयोजन समिति के प्रमुख क्रिस टिटली ने कहा कि अगर किसी दल में कोरोना का आऊटब्रेक होता है तो 9 खिलाड़ियों के साथ भी टीमें उतर सकती हैं। ऐसी परिस्थिति में टीम प्रबंधन या कोचिंग स्टाफ का कोई सदस्य सब्स्टीट्यूट फील्डर के रुप में फील्डिंग कर सकता है। टिटली ने एक बयान में कहा कि अगर जरुरत पड़ती है तो हम 9 खिलाड़ियों के साथ भी मैच खेल सकते हैं। टीम या कोचिंग स्टाफ से 2 महिला सदस्य सब्स्टीट्यूट के रुप में मैदान पर फील्डिंग के लिए उतर सकती हैं।


पंजाब का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक सवेरा टाइम्स के साथ कम खर्च में ज्यादा का फायदा

शादी विवाह आवश्यकता ज्योतिष चिकित्सा Immigration Sale/ Purchase और सभी प्रकार के वर्गीकृत विज्ञापन

विज्ञापन देने व बुक करवाने के लिए सम्पर्क करें।

| | | |
|---|---|---|
| Ludhiana | : | 88720-20252, 89684-57376, 98552-29262 |
| Jalandhar | : | 80549-48996, 0181-2370100 |
| Amritsar | : | 83609-70213, 85918-01128 |
| Chandigarh | : | 99152-86304 |
| Bathinda | : | 92160-00037 |
| Pathankot | : | 98882-90635 |
| Haryana | : | 99966-77088, 99914-20062 |
| Jammu | : | 91035-86103 |


### ऋण

लोन रजिस्ट्री, GPA, फर्द, खेती जमीन, स्कूल, ईंट भट्ठा, पैट्रोल पम्प, बैंक सैटलमैंट, NPA Case पर प्राइवेट पैसा कम समय कम ब्याज एजैन्ट को अच्छी कमीशन 95993-61357

### नाम परिवर्तन

**मैं, जगदीश चन्दर अनेजा निवासी** #472, सेक्टर-9, अम्बाला शहर ने अपना नाम जगदीश चन्द से बदलकर जगदीश चन्दर अनेजा रख लिया है। भविष्य में मुझे जगदीश चन्दर अनेजा के नाम से जाना जाए।

**I, Kiran legally wedded wife of** No 14678081L NK Ajay Kumar resident of Vill Rampur, Post Baijapur, Tehsil Sadar Distt. Jaunpur UP have changed my name from Kiran to Kiran Devi vide affidavit attested before Notary dated 24 Feb 2022.

**I Service No. JC-700467X** Sub Sibichan P,R/o Military Hospital,Ambala Cantt. Have Changed my Wife Sophy Sibichan Date of Birth from 15.June.1974 To 30.May.1973 in my Service Record.

**I, Manju W/O No JC-**669423W Sub /Maj (MT) Ravindra Kumar Singh R/O House No. 1151/3 Ramnik Path Kathal More Po Lal Gupta Tehsil & District Ranchi (Jharkhand) have changed my name from Manju to Manju Devi please note

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

**I, Rajiv Kumar S/o Sh. Rajesh** Sharma R/o 159, Wazir Singh Enclave, Ladhewali, Jalandhar have changed the name of my minor daughter Avni to Avni Sharma. Concerned please note.

**मैं, BALKRISHAN SHANKAR** LOHAR पिता सैन्य संख्या 15676797F HAV LOHAR AMOL B. निवासी UNIT WCCSR C/O 56 APO घोषणा करता हूँ कि मेरे बेटे के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम गलती से BALKRISHNA दर्ज है जबकि मेरा सही नाम BALKRISHAN SHANKAR LOHAR है।

**मैं, सन्तोष धीमान पत्नी जनक राज** धीमान निवासी म.न. 240 पालिका विहार अंबाला शहर ने अपना नाम सन्तोष कुमारी से बदलकर सन्तोष धीमान रख लिया है।

**मैं, जनक राज धीमान पुत्र शिव राम** निवासी म.न. 240 पालिका विहार अंबाला शहर ने अपना नाम जनक राज से बदलकर जनक राज धीमान रख लिया है।

**I Maheswari Spouse of** Birendra Singh R/o Vill. Jakhet ,P.O Chaurasine ,Distt. Chamoli, Uttrakhand-246487.Have Changed my Name from Maheswari To Maheswari Devi Vide affidavit dated 24.02.2022 Before Notary Ambala Cantt.

**I, Ojashvini D/O No JC-**669423W Sub /Maj (MT) Ravindra Kumar Singh R/O House No. 1151/3 Ramnik Path Kathal More Po Lal Gupta Tehsil & District Ranchi (Jharkhand) have changed my name from Ojashvini Kumari to Ojashvini please note

**I JC 772733W RANK NB/SUB** NAVIN KUMAR JHA S/O SH.SURENDRA JHA R/O VPO BEDAUL MUZAFFARPUR,BIHAR 843117.DECLARE THAT IN MY PART-II MY WIFE NAME KIRAN JHA HER DATE OF BIRTH IS MENTIONED WRONGLY AS 20/05/1977 BUT MY WIFE ACTUAL AND CORRECT DATE OF BIRTH IS 04/03/1976.

**मैं, Abha Sharma (जन्मः** 10.09.74) उर्फ Aabha Sharma सुपुत्री राजकुमार शर्मा, पत्नी दीपक शर्मा निवासी T3 CHD Avenue, सैक्टर 71, फाजिलपुर, गुरुग्राम, हरियाणा एक ही व्यक्ति है। अब से मुझे Abha Sharma के नाम से जाना जाएगा।

**मैं, डॉली जैन पुत्री श्री विकास जैन** निवासी मकान नंबर 1682, पुष्पक कॉम्पलेक्स सेक्टर 49-बी, चंडीगढ़ ने अपना नाम बदलकर हर्षनी जैन रख लिया है।

**I No. 15812135F Rank-**Hav , Aftab Alam Ansari S/O Mohd Abdullah Ansari, R/O Lar Bazar, Salempur Distt- Deoria Uttar Pradesh. Have Changed my son name from Aashif Ansari to Asif Ansari.

**मैं Pinky पत्नी अशोक** कुमार निवासी गांव कलानौर, तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर ब्यान करती हूं कि मैने अपना नाम Pinky से बदलकर Pinki Sharma रख लिया है। Pinky @ Pinki Sharma दोनों मेरे ही नाम है।

**मैं, ANNAPURNA BALKRISHAN** LOHAR माता सैन्य संख्या 15676797F HAV LOHAR AMOL B. निवासी UNIT WCCSR C/O 56 APO घोषणा करती हूँ कि मेरे बेटे के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम गलती से ANNAPURNA दर्ज है जबकि मेरा सही नाम ANNAPURNA BALKRISHAN LOHAR है।

**I, Mullai Soundara Pandiyan** W/o Dr. Dhinakaran R/o 61-B, Sarabha Nagar Extn., Phase-I, Pakhowal Road, Ludhiana declares that S. Mullai, Mullai S. and Mullai Soundara Pandiyan are one and the same person. All names are belongs to me. My Real name is Mullai Soundara Pandiyan

**I DEEPIKA W/O** ANKUSH R/O # 509, MILK COLONY, DHANAS, CHANDIGARH, HAVE CHANGED MY MINOR DAUGHTER NAME FROM GANIKA GAMBHIR TO KASHVI GAMBHIR.

**I nandni d/o ganesh** shukla village sukret po & Teh dhar kalan distt Pathankot. I have changed my name from nandni to nandni shukla

**मैं, छोटे लाल पुत्र राम कुमार** निवासी भभनी सराय, कामरावां, गोंडा, उत्तर प्रदेश-271204 घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम सुख लाल जी से बदलकर छोटे लाल कर लिया है। मेरी जन्मतिथि 01/01/1995 है।

**मैं, मनदीप गिंग पुत्र पलवान सिंह** निवासी गांव लोहारा, तहसील लाडवा (कुरुक्षेत्र) ने अपना नाम मनदीप गिंग से बदलकर मनदीप सिंह रख लिया है।

**I, Tarawati Devi W/o JC-**671478Y Sub/MT Rajesh Kumar R/o Vill-Kidhwana, PO-Kidhwana, Teh-Chirawa, Distt-Jhunjhunu, State-Rajasthan have changed my name from Tarawti Devi to Tarawati Devi vide affidavit No AU-269216 dated10/02/2022 at District court Jalandhar.

**मैं जहागीर सपुत्र श्री फुल मोहम्मद** गाँव मानकपुर डा.लालेहडी कलां, तह. बिलासपुर, जिला यमुनानगर (हरियाणा) निवासी बयान करता हूँ कि मेरा नाम जहानगीर था। अब मैंने अपना नाम जहानगीर से बदलकर जहागीर रख लिया है।आज के बाद हर दस्तावेज में मेरा नाम जहागीर दर्ज होगा। भविष्य में मुझे जहागीर के नाम से जाना जाए।

### बेदखली

**हम धर्मपाल गुप्ता पुत्र श्री राम** रतन व उर्मिला देवी पत्नी श्री धर्मपाल गुप्ता निवासी भगवती मंदिर वार्ड न. 10,महेश नगर , अम्बाला छावनी वर्तमान पता 342- ए ,दयाल बाग ,महेश नगर , अम्बाला छावनी के है हम अपने लड़के प्रदीप गुप्ता व पुत्रवधू रिशु देवी को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करते है भविष्य में लेन देन करने वाला खुद जिम्मेवार होगा

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

**मैं दयानंद पुत्र प्रभु दयाल मकान** नंबर 133 गढ़ी छाजू तहसील समालखा जिला पानीपत का वासी हूं जसबीर मेरा सगा लड़का है और मंजू उसकी पत्नी है दोनों ही हमारे कहने सुनने से बाहर हैं मैं दोनों को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में जो भी उनके साथ किसी भी प्रकार का लेनदेन करेगा वह उसका खुद जिम्मेवार होगा

**मैं कुंदन लाल पुत्र खुशी राम** मोहल्ला नेहरु नगर, ढाकी रोड जिला पठानकोट अपने बेट सुमित और उनकी धर्मपत्नि सोनिया और उनकी बेटी कृषिका को कहने से बाहर होने पर अपनी चलअचल संम्पत्ति से बेदखल करता हूं, उनसे लेनदेन करने वाला खुद जिम्मेवार होगा।

**मैं सुधीर कुमार ठुकराल सुपुत्र** स्वर्गीय श्री चमन लाल निवासी गांव फस्टे, डाकघर बड़ा, तहसील नादौन, जिला हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश) घोषणा करता हूं कि मेरा पुत्र शैंकी ठुकराल मेरे कहने से बाहर है, अतः मैं उसको अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। सभी संबंधित नोट करें।

ਮੈਂ ਬਲਵਿੰਦਰ ਵਰਮਾ ਪੁੱਤਰ ਸਤਪਾਲ ਵਰਮਾ ਵਾਸੀ ਮਕਾਨ ਨੰਬਰ 2160 ਵਾਰਡ ਨੰਬਰ 10 ਸੈਕਟਰ 3-ਏ ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਰੋਡ ਲੁਧਿਆਣਾ ਦਾ ਰਹਿਣ ਵਾਲਾ ਹਾਂ ਇਹ ਕਿ ਮੇਰਾ ਲੜਕਾ ਪ੍ਰਿੰਸ ਵਰਮਾ ਮੇਰੇ ਕਹਿਣੇ ਤੋਂ ਬਾਹਰ ਹੈ ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਇਸ ਨੂੰ ਆਪਣੀ ਚੱਲ ਵਾ ਅਚੱਲ ਜਾਇਦਾਦ ਤੋਂ ਬੇਦਖਲ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਭਵਿੱਖ ਵਿੱਚ ਇਸ ਨਾਲ ਲੈਣ ਦੇਣ ਕਰਨ ਵਾਲਾ ਖੁਦ ਜ਼ਿਮੇਵਾਰ ਹੋਵੇਗਾ

**हम सुनील गर्ग पुत्र माम राज,** अनीता रानी पत्नी सुनील कुमार निवासी 1/71, मेन बाजार, छछरौली, तहसील छछरौली, जिला यमुनानगर अपने पुत्र मयंक गर्ग, पुत्रवधू मीनल अग्रवाल को हमारे कहने-सुनने से बाहर होने पर अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इससे लेन-देन करने पर हम व हमारा परिवार जिम्मेवार नहीं होगा।

**मैं इंद्रासेन दास, पुत्र श्री राम** खिलावन दास, निवासी #49, वार्ड नः 59, कंचन कॉलोनी, बसंत एवेन्यू, लुधियाना। अपने लड़के रणबीर सिंह उर्फ रणबीर दास उसकी पत्नी राधा देवी उर्फ काजल कुमारी दास को मेरे कहने से बाहर होने के कारन अपनी चल-अचल जायदाद से बेदखल करता हूँ उनके साथ लेन-देन करने वाला खुद जिम्मेवार होगा।

**मैं अमरनाथ पुत्र श्री धूनाराम निवासी** अराईपुरा, तहसील घरौंडा, जिला करनाल ब्यान करता हूं कि मेरा पुत्र राजकुमार व उसकी पत्नी अन्जना देवी मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर है । इसलिए मैं अपने पुत्र और अपनी पुत्रवधू को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में इनके साथ लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा।

**मैं बन्टी पुत्र श्री जिले सिंह निवासी** दलाल सिंह पब्लिक विद्यालय के पास, गांव बिचपडी तहसील व जिला पानीपत ब्यान करता हूं कि मेरा लड़का तरुण मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर है। इसलिए मैं अपने पुत्र तरुण को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में इसके साथ लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा।

**मैं, कालिया पुत्र श्री निजामुदीन** निवासी मकान नं. 331, समाधी गेट, मनीमाजरा, चंडीगढ़ बयान करता हूं कि मेरा लड़का दिलशाद अली मेरे कहने-सुनने से बाहर है। उसे मैं अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उससे लेन-देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।

**मैं, ओमप्रकाश पुत्र श्री रामलाल** निवासी म.न.325, गामा चौक, वधावा राम कालोनी, पानीपत सूचित करता हूं कि मेरा पुत्र सतनारायण व उसकी पत्नी कोमल मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर हैं। मैने इन्हे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में मैं व मेरा परिवार इनके किसी भी लेन-देन व व्यवहार का जिम्मेदार नहीं होगा।

**मैं, सोहन वीर पुत्र श्री बीरबल** निवासी म.न.815, गीता कालोनी, वार्ड न.2, नूरवाला, पानीपत सूचित करता हूं कि मेरी पुत्री पारूल ने अपनी मर्जी से शादी कर ली है जो मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर हैं। मैने इसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में मैं व मेरा परिवार इसके किसी भी लेन-देन व व्यवहार का जिम्मेदार नहीं होगा।

**मैं रामफल पुत्र श्री प्रीतु निवासी** गॉव डिडवाडी तहसील इसराना जिला पानीपत हल्फिया बयान करता हूँ की मेरा पुत्र राजेश और उसकी पत्नी पिंकी जो की मेरे व परिवार के कहे सुने से बहार है। व हमारे साथ लड़ाई झगड़ा करते है। इसलिए मैं इन दोनों को अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में इनके द्वारा किसी भी व्यवहार के यह स्वयं जिम्मेदार होंगे। हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**मैं, राजबीर सिंह पुत्र जिया** लाल निवासी गांव भुखडी, डा. खाखन, तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर अपने पुत्र पवनदीप व पुत्रवधू शिवानी को मेरे कहने-सुनने से बाहर होने पर अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन करने पर मैं व मेरा परिवार जिम्मेवार नहीं होगा।

### खोया-पाया

**I Manoj Kumar Garg R/o** House No 1043, Sector 14, Hisar, lost Possession Letter (Original), Conveyance Deed (original) and One old registration deed (original) for Plot No 188, Sector-1 (Residential), Manesar.

### सूचना

**I have changed my name** from Mrs. Sushma Kumari and or Mrs Sushma Sharma to Mrs. Sushma Kumari Sharma; addresses from Coles Cottage, US Club, Shimla-171001,HP and or Vashishta Niwas, Rajgarh-Hospital Road, Solan-173212, HP to Flat No. 02, Chamba Apartments, Near Baba Balak Nath Mandir, Solan-173212, Tehsil & District Solan, HP as per Aadhar Card no. 818494908968 for all future use in all documents/ records

**मैं, सतबीर मलिक पुत्र श्री** रिसाल सिंह मलिक निवासी विकास नगर, तहसील कैंप , पानीपत सूचित करता हूं कि मेरे पिता रिसाल सिंह ने एक वसीयत मेरे नाम वसीका न. 656/3 दिनांक 17-01-2013 एसआर पानीपत की रूह से हुई थी। इस जायदाद की प्रापर्टी आईडी मेरे नाम पर की जाए। जिस पर अन्य वारिसों को कोई ऐतराज नहीं है।

**मैं संतोष कुमार सुपुत्र श्री राम चंद** शर्मा निवासी गांव खडोला डाकघर चरोट, तहसील सुजानपुर, जिला हमीरपुर (हि. प्र.) यह घोषणा करता हूं कि दिनांक 01/09/2021 को हुए अग्निकांड में मेरे बेटे वैभव शर्मा के छठी, सातवीं , आठवीं और दसवीं के मूल प्रमाणपत्र की प्रति जल गई है। सभी संबंधित नोट करें

### खोया-पाया

**मैं, अमित कुमार पुत्र सुरेश पाल** निवासी #97, गांव-खदरी, तहसील-छछरौली, जिला-यमुनानगर घोषणा करता हूं कि मेरा असल लाईसैन्स नं. 716/E354/WBI/2007/YFD/G. जो M/s Hari Dutt Dhiman S/o Sher Singh Saw Mill, VPO-Damla, Tehsil-Jagadhri, Distt. Yamunanagar के नाम से है। 28.01.2022 को कहीं गुम हो गया है। जिसकी पुलिस शिकायत नं. 132400062200086 है।

### आवश्यक सूचना


पाठकों से अनुरोध है कि समाचारपत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, चिकित्सकीय सलाह अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जांच कर लें। किसी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किसी विज्ञापनदाता के किसी भी प्रकार के दावों की दैनिक सवेरा टाइम्स जिम्मेदार नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक और दैनिक सवेरा टाइम्स विज्ञापनदाताओं के अपने वायदों को पूरा न करने पर जिम्मेदार नहीं होंगे।

# कर्ली बालों की देखभाल करने के लिए अपनाएं ये टिप्स

आजकल कर्ली बाल काफी ट्रेंड में है। बॉलिवुड की कई मशहूर ऐक्ट्रेसेस भी खूबसूरत कर्ल्स में नजर आ रही हैं। कर्ली बाल देखने में तो काफी आकर्षक लगते हैं लेकिन इनका देखभाल करना भी बेहद मुश्किल होता है। तो चलिए आपको बताते हैं, कर्ली बाल की देखभाल करने के टिप्स। इससे आप आसानी से कर्ली बाल को मैनेज कर सकती है।

**ऐसे करें कर्ली बालों की देखभाल**

● बालों को कंघी करते समय कर्लिंग प्रॉडक्ट का इस्तेमाल करें। बालों को सुखाने के लिए सॉफ्ट कॉटन टॉवेल यूज करें।



सुखाते समय बालों को टॉवेल से न रगड़े बल्कि बालों को कॉटन टॉवेल से पोंछते हुए सुखाएं।

● कर्ली बालों को सुलझाने के लिए हेयर ब्रश का इस्तेमाल न करें। इसकी बजाय मोटी कंघी से बाल झाड़ें। आसानी से कंघी करने के लिए बालों को हल्का गीला कर लें।

● बालों को शैंपू करके सुखाने के बाद स्टाइलिंग प्रॉडक्ट्स या सीरम का इस्तेमाल करें। इससे बाल सुलझे हुए रहेंगे, जिन्हें आप आसानी से मैनेज कर सकेंगी।







# कपड़ों को अट्रैक्टिव लुक देती हैं फ्रिल्स

1960-70 के दशक की फ्रिल्स आज फैशन बनी हुई हैं। ब्लाऊज, साड़ी स्कर्ट और फ्रॉक से लेकर जैकेट और स्कर्ट तक में फ्रिल्स छाया हुआ है। सामान्य सी ड्रेस को भी आकर्षक और स्टाइलिश लुक दे देतीं हैं फ्रिल्स। फ्रिल युक्त कपड़े आरामदायक होने के साथ साथ ट्रैंडी भी लगते हैं। यूं तो परिधानों में भांति भांति की फ्रिल्स लगाई जातीं हैं परन्तु मुख्य फ्रिल निम्न होतीं हैं–

**ऑरेब फ्रिल:** कुर्ते, टॉप, गाऊन और ब्लाऊज की आस्तीन में इस प्रकार की फ्रिल बनाई जाती है। यद्यपि सामान्य फ्रिल की अपेक्षा इसमें कपड़ा अधिक लगता है परन्तु यह बनने पर सुंदर बहुत लगती है।

**सादा फ्रिल:** कपड़े की डबल या सिंगल पट्टी पर चुन्नटें डालकर बनाई जाने वाली यह फ्रिल स्कर्ट, और फ्रॉक आदि पर खूब फबती है। इससे पतली और चौड़ी दोनों प्रकार की फ्रिल बनाई जा सकती है।

**लेयर्ड फ्रिल:** एक फ्रिल के 2-3 इंच ऊपर से ही दूसरी फ्रिल लगाए जाने के कारण यह लेयर्ड फ्रिल कहलाती है। अधिक घेर वाले परिधान के लिए ऑरेब फ्रिल की और कम घेर के लिए सादा फ्रिल की लेयर्स बनाई जाती है। जितनी अधिक लेयर्स उतना अधिक परिधान आकर्षक लगता है।

**वाटरफॉल फ्रिल्स:** इस प्रकार की फ्रिल आमतौर पर ऑफशोल्डर ड्रैसेज में बनाई जाती है। इसमें सिंगल अथवा डबल लेयर में नेकलाइन के चारों ओर टॉप, गाऊन आदि के ऊपरी हिस्से और ब्लाऊज में फ्रिल बनाई जाती है। इसमें फ्रिल बनाने के लिए सिलाई के स्थान पर इलास्टिक का प्रयोग किया जाता है।

**ध्यान रखने योग्य बातें**

● फ्रिल बनाने के लिए कपड़ा सदैव अच्छी क्वालिटी और पक्के रंग का लें अन्यथा यह धुलने पर आपकी पूरी ड्रेस को ही खराब कर देगा।

● फ्रिल बनाने के लिए प्योर कॉटन के स्थान पर जॉर्जेट, सॉफ्ट नेट, और साटन जैसा सॉफ्ट सिथैटिक मिक्स कपड़ा लें क्योंकि इसमें फॉल अच्छा रहता है जिससे फ्रिल देखने में सुंदर लगती है। सख्त फेब्रिक वाला कपड़ा फ्रिल के लिए उत्तम नहीं रहता।

● फ्रिल के लटकने वाले या बाहरी सिरे पर इंटरलॉक या साधारण सिलाई के स्थान पर पीको करवाने से ड्रेस का लुक एकदम रैडीमेड जैसा हो जाता है।

● फ्रिल पर लेस, बीड्स, स्टोन, पाईपीन और मोती लगाकर आप ड्रेस को हैवी लुक प्रदान कर सकतीं हैं।



● फ्रिल वाले कपड़ों को आप मशीन के स्थान पर किसी सॉफ्ट डिटर्जेंट से हाथ सही धोएं ताकि इनकी सिलाइयां और पीको सुरिक्षत रहे।

**करें ये भी प्रयोग**

● आजकल लेयर वाली शरारा ड्रेस बहुत फैशन में है इसे बनाने के लिए बाजार से कपड़ा खरीदने के स्थान पर आप अपनी किसी पुरानी साड़ी का उपयोग करें। इसके पल्लू को अलग कर दें या फिर उससे कुर्ता बनवा लें, शेष कपड़े में पतली साधारण लेस या गोटा पट्टी लेस लगवाकर शानदार शरारा ड्रैस बनवाएं। चुन्नी आप मैच करके अलग से ले सकतीं हैं।

● फ्रिल बनाने के लिए आप साड़ी की फॉल का प्रयोग करें इससे फॉल भी अच्छा आता है और फ्रिल भी आसानी से बन जाती है।

● साटन के चौड़े रिबन और लेस से भी फ्रिल बनाना काफी आसान होता है परन्तु इससे केवल सादा फ्रिल ही बनाई जा सकती है।

● फ्रिल बनाते समय केवल कपड़े की मैचिंग के धागे का ही प्रयोग करें।

● साधारण सी प्लेन कुर्ती, ब्लाऊज या टॉप को यदि आप पार्टी वियर बनाना चाहती हैं तो बस इसमें कन्ट्रास या सेम रंग की फ्रिल बनवाएं, कम खर्च में शानदार ड्रैस तैयार हो जाएगी।

● अच्छी अवस्था और अच्छे फैब्रिक वाली प्रिंटेड साड़ी से आप फ्रिल वाला शरारा और चुन्नी बनवाएं और सेम या कन्ट्रास रंग की कुर्ती ले लें आपकी लाजबाब ड्रैस तैयार हो जाएगी।

# इन ब्यूटी सीक्रेट्स से पाएं नई पहचान

आजकल का दौर ऐसा है कि हर स्मार्ट लड़की हमेशा चमकते और दमकते रहना चाहती है और हो भी क्यों न, इससे अंदर से कांफिडेंस आता है जिससे आप हंसते-हंसते कई कामों को आसानी से कर सकती हैं। चलिए जानते हैं कि क्या हैं वह ब्यूटी सीक्रैट्स जो दे सकते हैं आपको एक नई पहचान।

**काजल और लिपलाइनर हमेशा लगाएं**



काजल भारतीय स्त्री की खूबसूरती में हमेशा ही चार चांद लगाता है। यह आंखों का आकर्षण बढ़ाने का आसान तरीका है। इसी तरह लिपलाइनर भी लगाना जरूरी होता है, क्योंकि यह लंबे समय तक टिकता है और फैलता भी नहीं है। अगर आप अपनी पसंदीदा लिपिस्टक लगा रही हैं तो साथ में लिपलाइनर लगाना न भूलें

**सनस्क्रीन जरूर लगाएं**



सनस्क्रीन सौंदर्य बढ़ाने में मदद तो नहीं करती बल्कि त्वचा को धूप की तेज अल्ट्रावॉयलेट किरणों से सुरक्षा जरुर प्रदान करती है। धूप से बचने के लिए हर चार घंटे में सनस्क्रीन का प्रयोग करना जरूरी है। अगर आप इसका प्रयोग नहीं करेगीं तो संवाली होने का डर भी रहेगा। साथ ही ब्राऊन स्पॉट और झुर्रियां भी इन्हीं के कारण होती है। इसलिए चाहे घर पर रहे या बाहर निकलें, लेकिन सनस्क्रीन जरूर लगाएं।

**हर दूसरे दिन शैंपू**

भारतीय युवितयों की सबसे आम समस्या है बालों



का रूखापन, क्योंकि हर दूसरी स्त्री कामकाजी है और चारों तरफ प्रदूषण का सामना, धूप का प्रकोप, काम का बोझ और स्ट्रेस का सामना करती है। सबसे बड़ी बात यह कि स्त्री चाहे किसी भी उम्र की हो, मेकअप किया हो या नहीं, लेकिन जिस दिन शैंपू करती है उस दिन वह बेहद सुंदर दिखती है। इसलिए शैंपू करने में कोताही न बरतें।

**भरपूर नींद**

रोजाना निश्चित समय पर ही सोएं। अगर आप रात में सोएगीं नहीं तो दिन-भर आप थकी-थकी सी रहेगीं। टिश्यू और सेल्स को रैजुवेनेट करने के लिए नींद बहुत जरूरी है। त्वचा को रैजुवेनेट करने



के लिए रात में एक अच्छी नाइट क्रीम लगाएं। रैटिनॉल बेस्ड क्रीम चुनें जो पिग्मेंटेशन, पोर्स और बारीक लकीरों को कम करने में मदद करते हैं।

**त्वचा को दमकने दें**

त्वचा का एक्सफोलिएशन सबसे जरूरी है। प्रदूषण भरे वातावरण में डेड सेल्स की समस्या आम होती



है। एक्सफोलिएट इस्तेमाल करने से त्वचा के मृत कोश भी निकल जाते हैं और त्वचा रेशम सी कोमल और चमकदार हो जाती है।

**मेहंदी और ऑयल ट्रीटमेंट**

रेशमी बाल और चमकदार त्वचा हर स्त्री का गहना होते हैं। इसलिए हफ्ते में एक बार हॉट ऑयल मसाज बेहद जरूरी है। स्कैल्प में तेल जज्ब हो जाए इसलिए मसाज के बाद बालों में गर्म तौलिया



लपेटें। मसाज के लिए कोकोनट ऑयल का ही इस्तेमाल करें। ऑलिव ऑयल बालों के लिए हेवी हो सकता है। इसके अलावा महीने में एक बार मेहंदी ट्रीटमेंट भी ले।

**एक अच्छा हेयर कट**

जब कुछ समझ न आए तो एक अच्छा हेयर कट करवाएं। लेकिन अपनी पर्सनैल्टी और चेहरे पर सूट करने वाला। प्रत्येक दो-चार माह में हेयरकट जरूरी है। बिखरे, उलझे, दो मुंहे, बेजान बाल आपके व्यक्तित्व के आकर्षण को खत्म कर देते



हैं। एक अच्छा हेयरकट आपकी पर्सनैल्टी में वॉल्यूम भर देता है।

**सेहत का रखें खयाल**

स्वास्थ्य सही हो तो सौंदर्य दोगुना हो जाता है। स्वास्थ्य तभी सही रह सकता है जब आप अपना खयाल रखें। सही वक्त पर सही, संतुलित एवं पौष्टिक आहार लें। हफ्ते में कम से कम 5 बार 30 से 40 मिनट तक एक्सरसाइज करें। वजन पर नियंत्रण रखने के लिए जंक फूड, ऑयली चीजें और मिर्च मसालों से दूर रहें। एक्सरसाइज से रक्त संचार बढ़ता है और चेहरे पर ग्लो आता है।



# खास दिखना भी है जरूरी



पार्टियों का दौर शुरू हो गया है। आपने इस वीक में हर दिन कुछ अलग करने का सोचा होगा। लेकिन क्या खुद पर ध्यान दिया है अगर आपने अभी तक अपने लुक और मेकअप को लेकर कोई तैयारी नहीं की है तो परेशान होने की जरूरत नहीं। ये टिप्स आपकी इस परेशानी को चुटकियों में दूर कर देंगे।

**त्वचा को करें मॉयश्चराइज**

मेकअप की शुरुआत सबसे पहले प्राइमर के साथ करें। इससे आपकी फाइन लाइन्स, ओपन पोर्स और पिट्स भर जाएंगे।

अपनी त्वचा को मॉयश्चराइज करने के लिए और फाऊंडेशन के तौर पर टिंटिड मॉयश्चराइजर लगाएं। त्वचा पर यदि कोई स्कॉर्स हैं तो उसे कंसीलर की मदद से कंसील कर लें।

गोरे मुखड़े पर पिंक कलर का ब्लशऑन इस्तेमाल करें और यदि सांवली हैं तो आप पर पीच शेड का ब्लशर बहुत अच्छा लगेगा। नाक के दोनों साइड, चीक्स बोंस और डबल चिन को छुपाने के लिए डार्क ब्राऊन शेड के ब्लशऑन से कॉन्टोरिंग कर लें। चीक्स बोन्स पर हाइलाइटर यूज करें।

**आंखों का मेकअप हो ऐसा**

आंखों को डीप सैक्सी स्मोकी लुक दें। वैसे तो अभी तक स्मोकी आई-मेकअप ब्लैक और ग्रे-शेड से ही किया जाता रहा है, लेकिन आजकल इसमें बहुत सारे कलरफुल शेड्स का भी इस्तेमाल होने लगा है। ड्रेस से कॉन्ट्रास्ट ब्राइट शेड्स जैसे हॉट पिंक, सी-ग्रीन को आईज के ऊपर और इनर कॉर्नर पर लगाएं और फिर ब्लैक कलर से डीप सेट करके स्मज कर लें। इसके अलावा आंखों के ऊपर जेल लाइनर लगाकर ब्रश से स्मज कर लें।

पलकों पर आर्टीफिशियल आईलैश लगाना इस समय बेहद हिट है, जिन्हें लगाकर आप अपनी पलकों को ज्यादा घना व खूबसूरत दिखा सकती हैं। इन पलकों को कलर से कर्ल करके मसकारा की कोट लगाएं। ये आपकी आंखों को सैक्सी व सैंशुयल लुक देगा।

आंखों के अंदर काजल की बजाय व्हाइट पैंसिल लगाएं और आऊटर लाइन पर जैल लाइनर लगाकर स्मज कर लें, इससे आंखें ज्यादा बड़ी दिखेंगी।

**लिप्स को दें ग्लैमरस लुक**

स्मोकी लुक के साथ लिप्स को न्यूड ही रखें और उन्हें बबल गम पिंक या पीच शेड से सजाएं। इसके साथ ही लिप शेड लगाने के बाद लिप प्लमर जरूर यूज करें, क्योंकि इससे लिप्स बड़े व पाऊटी नजर आएंगे।

**हेयर स्टाइल**

अगर आपके बाल छोटे हैं और आपको वैस्टर्न ड्रैस पहननी है, तो बॉब कट स्टाइल कैरी करें। यह परफैक्ट और एवरग्रीन हेयरकट है। इसमें आगे के लंबे बाल चिन लैंथ तक होते हैं और इसमें साइड पार्टिंग बहुत एट्रैक्टिव लगती है। कूल, बिंदास, स्लिम और टॉल लड़कियों के लिए यह एक परफैक्ट हेयर स्टाइल है। माथे के पास और साइड के बालों को लंबा रखें और पीछे के बालों को छोटा। सैक्सी लुक के लिए बालों को मेसी लुक दें और साइड बन बनाएं।

# ये प्री ब्राइडल ब्यूटी केयर अपनाएं और दिखें एक दम अलग



'चंदन सा बदन, चंचल चितवन' जी हां हर भावी वर की यही तमन्ना होती है कि विवाह की वेदी पर उसकी सहचरी का यही रूप हो। वहीं हर भावी वधू का यही अरमान होता है कि शृंगार से अलंकृत उसका रूप-यौवन उसके प्रियवर को मदहोश कर दे। इसलिए अगर आप भी दुलहन बनने जा रही हैं तो शादी से लगभग डेढ़-दो माह पहले से ही अपने रंग-रूप, खानपान और सौंदर्य की ओर ध्यान देना शुरू कर दें।

**स्ट्रैस फ्री रहें:** आजकल अधिकतर लड़कियां वर्किंग गर्ल की श्रेणी में आती हैं इसलिए शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने व तनावमुक्त होने के लिए योगाभ्यास करें। स्ट्रैस लैवल को कम करने के लिए पिकनिक, फिल्म या फिर बॉडी स्पा का सहारा लें क्योंकि आप के मन को प्रसन्नता का आभास आप के चेहरे की चमक से होगा।

**चेहरे को निखारें :** चेहरे की सुंदरता निखारने के लिए डेली क्लीजिंग, टोनिंग व मॉयश्चराइजिंग करें। धूप में निकलने से आधा घंटा पहले सनस्क्रीन लगाना न भूलें।

**सैलून विजिट:** शादी से कम से कम 1-2 महीने पहले ही अपने ब्यूटीशियन से प्री-ब्राइडल व ब्राइडल मेकअप के बारे में जानकारी लें ताकि अगर आप को किसी खास ट्रीटमैंट की जरूरत हो तो वह शुरू किया जा सके। समय-समय पर ब्यूटी सिटिंग्स व ब्यूटी रूल भी फालो करें ताकि शादी के समय व उसके बाद भी आप की सुंदरता बनी रहे।

**नए उत्पाद ट्राई करें पर आंख मूद कर नहीं:** शादी से कुछ दिन पहले किसी नए सौंदर्य प्रसाधन का इस्तेमाल करने से बचें। अगर आप



को किसी प्रकार की एलर्जी है तो अपनी ब्यूटीशियन को जरूर बताएं।

**वैडिंग ड्रैस व ज्वैलरी:** अपनी वैडिंग ड्रैस, ज्वैलरी व मेकअप के बारे में पहले से ही ब्यूटी एक्सपर्ट से मिल कर रूपरेखा तैयार कर लें ताकि वैडिंग डे पर आप अपना मनचाहा रूप पा सकें। वैडिंग ड्रैस व ज्वैलरी प्लान करते समय अपने स्किन काम्पलैक्शन व फिगर के अनुसार ही आऊटफिट व ज्वैलरी का चुनाव करें।



**समय रहते बदलाव:** अगर आप भी अपने में कुछ बदलाव चाहती हैं तो अपनी ब्यूटी एक्सपर्ट से सलाह लें, इसमें वह बालों की कटिंग के द्वारा व आप की आईब्रोज की शेप में थोड़ा बदलाव ला कर आप का व्यक्तित्व निखार सकती है।

**डाइट प्लान :** शादी से कम से कम 2-3 महीने पहले ही अपनी डाइट पर कंट्रोल करें। फास्ट फूड व चिकनाई वाले खाने से परहेज करें तथा ग्रीन सलाद व फ्रूट्स को अपने डेली रूटीन में शामिल करें। खूब पानी पीएं। चाहें तो डाइट प्लान के लिए डाइटीशियन से भी संपर्क कर सकती हैं।

**हर अंग संवारें :** चेहरे के अलावा हाथ-पैरों व अंदरूनी हिस्सों की भी साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। समय-समय पर मैनीक्योर, पैडीक्योर व वैक्सिंग करवाएं। अगर एड़ियां कटी-फटी हैं तो उन पर पैरोसिन वैक्स लगाएं तथा गर्म पानी में समुद्री नमक डाल कर पैरों की सिंकाई करें।

**मौसम के अनुरूप :** अगर आप की शादी गर्मियों में है तो मैटी मेकअप का इस्तेमाल करें और अगर सर्दियों में है तो क्रीमी मेकअप का। विंटर सीजन में ब्राइट, डार्क व फाइन शिमरी शाइन कलर्स टोन परफैक्ट रहते हैं।

**ब्राइडल पैकेज :** आजकल मार्कीट में सैलून द्वारा स्पैशल पैकेज उपलब्ध हैं जिन्हें आप अपने ब्यूटी ट्रीटमैंट व बजट के अनुरूप अपना सकती हैं। इसके लिए ब्यूटीशियन से बिना संकोच किए सलाह लें।


समय-समय पर कोविड टैस्ट कराती रहें और दोनों वैक्सीन डोज शादी से पहले अवश्य ले लें क्योंकि शादी के दौरान बहुतों को बिना मास्क के मिलना पड़ता है।

शादी का दिन आप की जिंदगी का सब से खास दिन होता है। अतः इस दिन कोई कमी नहीं रह जाए, इसके लिए समय निर्धारण की बहुत जरूरत होती है।

**Fact** अधिकांश बच्चे जब 2 से 4 साल के हो जाते है तब वे झूठ बोलना शुरू करते हैं।

**World Weather**

| | |
|---|---|
| अबु धाबी : 26/21 | न्यूयार्क : 11/04 |
| सिडनी : 30/24 | वैंकूवर : 09/03 |
| लंदन : 27/16 | टोरंटो : 06/03 |



# कोरोना टीके लेने से बच्चों को 'मल्टीसिस्टम इन्फ्लेमेटरी सिंड्रोम' होने के संकेत नहीं

## बुखार के साथ-साथ कम से कम उनके 2 अंग हो सकते हैं प्रभावित

**वाशिंगटन (एजैंसी) :** कोविड-19 रोधी टीके लेने से बच्चों के 'मल्टीसिस्टम इन्फ्लेमेटरी सिंड्रोम' की चपेट में आने के संकेत नहीं मिले हैं। 'द लैंसेट चाइल्ड एंड एडोलसैंट हैल्थ' में मंगलवार को प्रकाशित एक विश्लेषण में यह दावा किया गया है। बच्चों में 'मल्टीसिस्टम इन्फ्लेमेटरी सिंड्रोम' के कारण



बुखार के साथ-साथ कम से कम उनके दो अंग प्रभावित हो सकते हैं और अक्सर पेट दर्द, त्वचा पर लाल चकत्ते या आंखें लाल होने आदि जैसे लक्षण भी नजर आते हैं। यह उन बच्चों में नजर आते हैं, जो कोरोना वायरस से संक्रमित हो चुके हैं। वयस्कों में लक्षण दुर्लभ ही नजर आते हैं। इससे कई बार अस्पताल में भर्ती होने की नौबत भी आ जाती है, लेकिन अधिकतर मरीज ठीक हो जाते हैं। रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्रों (सी.डी.सी.) के अनुसार, इसका पहला मामला 2020 की शुरुआत में ब्रिटेन में सामने आया था। कई बार इसके लक्षणों को कावासाकी रोग से भी जोड़ दिया जाता है, जिससे सूजन और हृदय संबंधी परेशानी होती है। फरवरी 2020 से अमरीका में 'मल्टीसिस्टम इन्फ्लेमेटरी सिंड्रोम' के 6,800 से अधिक मामले सामने आए हैं। कोविड-19 टीकाकरण सुरक्षा निगरानी के तहत रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सी.डी.सी.) और अमरीकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने इसे प्रतिकूल लक्षणों की सूची में शामिल किया।

# कोरोना के ओमिक्रोन का ज्यादा संक्रामक वेरिएंट अमरीका में फैला

**वाशिंगटन (एजैंसी) :** संक्रामक रोग विशेषज्ञ अमरीका में फैल रहे वेरिएंट ओमिक्रोन के और भी ज्यादा संक्रामक वेरिएंट पर कड़ी नजर रख रहे हैं, जिससे देश में सामान्य स्थिति में नहीं लौटने की चिंता बढ़ गई है। ये जानकारी एक मीडिया की रिपोर्ट से सामने आई है। नैशनल पब्लिक रेडियो (एन.पी.आर.) की रिपोर्ट के हवाले से बताया कि बी.ए.2 के रूप में जाना जाने वाला वायरस अत्यधिक संक्रामक वेरिएंट ओमिक्रोन का एक प्रकार है जो 30 प्रतिशत अधिक आसानी से फैल रहा है। बी.ए.2 ने दक्षिण अफ्रीका और अन्य देशों में मूल ओमिक्रोन स्ट्रेन को पीछे कर दिया है और यहां तक कि डेनमार्क में मामलों में उछाल का कारण ये वेरिएंट बना है।













सिटी मौसम
अधिकतम 24.0° सैल्सियस, न्यूनतम 14.0° सैल्सियस
सूर्योदय कल 06.54
सूर्यास्त आज 06.18

# हरियाणा सवेरा टाइम्स

दैनिक सवेरा टाइम्स
facebook /dainiksavera
twitter /saveratimes
www.saveratv.in
DAINIK SAVERA TIMES, AMBALA
www.dainiksaveratimes.com



# रंजिश के चलते गोली मारकर की थी हत्या, 3 आरोपी गिरफ्तार

## पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिए दिया था हत्या की वारदात को अंजाम

**अदालत में पेश कर आरोपियों को रिमांड पर लेगी पुलिस**

करनाल, 24 फरवरी (सन्नी चौहान) : सीआईए-2 की टीम ने गोली मारकर हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया हे। पुरानी रंजिश के चलते आरोपियों ने हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस तीनों आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लेगी जहां उनसे गहनता से पूछताछ की जाएगी।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

गांव ऊंचा समाना के रहने वाले विरेंद्र उर्फ बंटी ने पुलिस को शिकायत दी थी कि उसका छोटा भाई सुमित एक सुनार की दुकान पर काम करता है। एक दिन पहले उसके भाई सुमित ने घर पर उसे बताया था कि उसका अर्जुन, सन्दीप कोकी निवासी गांव ऊंचा समाना व रविन्द्र उर्फ तन्नी उर्फ तरूण निवासी गांव नरूखेडी जिला करनाल के साथ झगडा हुआ था और उन तीनों ने मिलकर सुमित को जान से मारने की कसम खा रखी है। अगले दिन 21 फरवरी को उसके भाई का शव पास के ही एक खेत में पडा हुआ मिला। शिकायतकर्ता ने अपने भाई सुमित की हत्या करने का आरोप उन ही तीनों व्यक्तियों पर लगाया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ थाना मधुबन में मामला दर्ज किया। मामले की जांच सीआईए-2 को सौंपी गई। जिसके बाद सीआईए-2 की टीम ने गांव ऊंचा समाना के रहने वाले मुख्य आरोपी अनुराग उर्फ अर्जुन को नजदीक रेलवे स्टेशन घरौंडा से काबू किया और सख्ती से पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने अपने दो अन्य साथियों रविन्द्र व संदीप के साथ मिलकर हत्या की वारदात को अंजाम देने का खुलासा किया। जिसके बाद दोनों आरोपियों रविन्द्र उर्फ तन्नी उर्फ तरूण व संदीप उर्फ कोकी को जी.टी. रोड कोहण्ड से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों द्वारा आरोपी अनुराग के साथ मिलकर हत्या की उक्त वारदात को अंजाम देने का खुलासा किया। खुलासा हुआ कि आरोपी अनुराग व मृतक सुमित कुमार के बीच करीब एक वर्ष पहले किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। उस झगडे के कारण आरोपी अनुराग ने रंजिश पाल रखी थी और बदला लेने का मन बना रखा था। 20 फरवरी को प्लान के अनुसार किसी व्यक्ति के फोन से सुमित (मृतक) को फोन करके किसी बहाने से बुलाया गया और उसके साथ पहले मारपीट की व बाद में गोली मारकर उसकी हत्या करके मौका से फरार हो गए। पुलिस अब तीनों आरोपियों को अदालत में पेश करेगी। अदालत से रिमांड हासिल किया जाएगा और गहनता से पूछताछ की जाएगी। वारदात में इस्तेमाल पिस्तौल आदि को भी बरामद किया जाएगा।

# थ्री डी लाइटिंग से भव्य नजर आएगा भगवान श्रीकृष्ण का विराट स्वरूप

कुरुक्षेत्र, 24 फरवरी (जसबीर दुग्गल) : गीता स्थली ज्योतिसर को विश्व पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के प्रयास केन्द्र और राज्य सरकार की तरफ से लगातार किए जा रहे है। इस गीता स्थली ज्योतिसर में भगवान श्रीकृष्ण का विराट स्वरूप स्थापित किया गया है। इस विराट स्वरूप को फाइनल टच देने का काम शुरू कर दिया गया है। इस विराट स्वरूप को 3डी लाइटिंग से भव्य बनाया जाएगा। इस कार्य को 97वें वर्षीय विश्व प्रसिद्ध शिल्पकार राम सुतार की देखरेख में किया जा रहा है। अहम पहलु यह है कि ज्योतिसर को विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल बनाने के लिए सरकार की तरफ से करीब 206 करोड रुपए का बजट खर्च किया जाएगा। विश्व प्रसिद्ध शिल्पकार राम सुतार वीरवार को अपनी टीम के साथ गीता स्थली ज्योतिसर में पहुंचे। शिल्पकार रामसुतार ने अपनी देख रेख में भगवान श्रीकृष्ण के विराट स्वरूप को अंतिम स्वरूप देने का काम किया है। इस विराट स्वरूप से सरकार की तरफ से करोडो रुपए की राशि खर्च की गई है और आने वाले 2-3 माह में इस विराट स्वरूप का उद्घाटन भी किया जाएगा। इस समय अवधि को जहन में रखते हुए भी इस विराट स्वरूप को फाईनल टच देने का कार्य शुरू कर दिया गया है। शिल्पकार राम सुतार ने बातचीत करते हुए कहा कि काफी समय पहले ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर श्रीकृष्ण अर्जुन रथ को स्थापित किया। यह विराट स्वरूप महाभारत का इतिहास का साक्षात स्वरूप है। इस विराट स्वरूप में महाभारत के एक सीन को चितार्थ करने का प्रयास किया गया है। उनकी तरफ से प्रयास रहा है कि किसी प्रकार की कोई कमी नहीं रहे।



ज्योतिसर में स्थापित भगवान श्रीकृष्ण का विराट स्वरूप।

***जल्द किया जाएगा लोकार्पण***

केडीबी के मानद सचिव मदन मोहन छाबडा ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के विराट स्वरूप को गीता स्थली ज्योतिसर में स्थापित किया गया है और इसका कार्य लगभग पूरा हो चुका है और उम्मीद है कि आने वाले 2 से 3 माह में लोकार्पण किया जाएगा। इतना ही नहीं सरकार की तरफ से ज्योतिसर को विश्व पर्यटन स्थल बनाने के लिए करीब 206 करोड रुपए की राशि खर्च की जाएगी। इसका खाका तैयार किया जा चुका है और केडीबी की तरफ से चरणानुसार कार्य किया जा रहा है।

# मोबाइल छीना-झपटी के आरोपित को सुनाई 5 साल की कैद

कुरुक्षेत्र, 24 फरवरी (जसबीर दुग्गल) : कुरु क्षेत्र के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. अमति कुमार गर्ग की अदालत ने मोबाईल छीना-झपटी करने के आरोपी सचिन कुमार उर्फ पुत्र धर्मबीर वासी मिजार्पुर जिला कुरुक्षेत्र को 5 साल की कैद व 25 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। जिला उप न्यायावादी रामनिवास ने बताया कि 30 नवम्बर 2019 को थाना केयूके के अन्तर्गत रहने वाली एक महिला ने थाना केयूके पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि वह दुर्गा मंदिर शांति नगर के सामने खडी फोन पर बात कर रही थी। उसी समय मोटरसाइकिल सवार एक लड़का आया और उसके हाथ से उसका मोबाइल फोन छीन कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामले के आरोपी सचिन कुमार को गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी को अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया था। मामले की नियमति सुनवाई करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. अमित कुमार गर्ग की अदालत ने गवाहों व सबूतों के आधार पर मोबाइल छीना-झपटी करने के आरोपी सचिन कुमार उर्फ पुत्र धर्मबीर वासी मिजार्पुर जिला कुरु क्षेत्र को धारा 379-ए आईपीसी के तहत 5 साल की कैद व 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई, जुर्माना न भरने की सूरत में 3 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

# महिला की हत्या के मामले में अदालत ने दो आरोपियों को दिया दोषी करार

**दोनों आरोपियों को उम्रकैद व 70- 70 हजार रुपए का जुर्माना**

यमुनानगर, 24 फरवरी (ओमपाहवा): जगाधरी की गोमती गली निवासी 80 साल के ऋषिपाल गोयल और उसकी 75 साल की पत्नी स्नेह लता की हत्या करने के आरोपी इंदिरा कॉलोनी निवासी हर्ष उर्फ लकी और गोमती गली निवासी रजत को कोर्ट ने दोषी करार दिया गया था।

दोनों को कोर्ट आज सजा सुनाई। दोनों आरोपियों को उम्रकैद व 70-70 हजार जुर्माना लगाया गया। । जुर्माना न देने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। इस मामले में एडीजे नेहा नोहरिया की कोर्ट में सुनवाई चल रही है । बता दें मृतक दंपती के बेटे अमित ने पुलिस को शिकायत दी थी कि उसके पिता ऋषि पाल गोयल और मां स्नेह लता जगाधरी पुरानी सब्ज़ी मंडी गोमती गली में रहते है। नौ मई 2021 को रात 8 बजे माता-पिता से फोन पर बात हुई। रात 9 बजे भाई अनमोल के बेटे ध्रुव की भी दोनों से बात हुई। दोनों ने बताया वे पूरी तरह ठीक हैं। कई दिनों से पिता को हल्का बुखार था, इसलिए अगले दिन सुबह 11 बजे भी हालचाल पूछने को फोन किया, पर उनका फोन बंद था। आधे घंटे बाद भी फोन बंद था, तब सरस्वती कॉलोनी निवासी भतीजे विवेक को फोन कर कहा कि घर जाकर देख फोन क्यों बंद है। विवेक अपने दोस्त अनुराग के साथ उनके माता-पिता के घर पहुंचा, जहां मेन गेट लॉक नहीं था।

विवेक ने अंदर जाकर देखा तो मां स्नेहलता डबल बेड पर सीधे मुंह पड़ी थी और पिता ऋषिपाल बेड के साथ दूसरे दीवान पर सीधे मुंह पड़े थे। जिनके नाक-मुंह से खून निकला हुआ था। हाथ मारकर देखा तो दोनों का शरीर ठंडा था, दोनों की मौत हो चुकी थी। विवेक ने उन्हें फोन कर यह सब बताया तो वह और अनमोल परिवार सहित पहुंचे। यहां पाया कि माता स्नेह लता के सिर में बाई तरफ चोट लगी है ओर दोनों के नाक-मुंह से खून निकला हुआ है। इस मामले में जगाधरी पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया था। बाद में सामने आया था कि घर से करीब 15 तोले सोने की ज्वैलरी और सात हजार कैश गायब है। सीआईए वन की टीम ने इस मामले में हर्ष और रजत को गिरफ्तार किया था। आरोपी मृतक दंपती के पडोस में ही रहते थे ।

## जिले में वीरवार को कोरोना के आए 9 मरीज, 26 हुए ठीक

यमुनानगर, 24 फरवरी (ओमपाहवा) : जिला यमुनानगर में कोरोना के 9 पॉजिटिव मरीज आए है व 26 पॉजिटिव केस ठीक हुए है। जिला यमुनानगर में कोविड-19 का रिकवरी रेट 98.35 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने बताया कि जिला में कुल आबादी का 50.39 प्रतिशत का कोरोना टेस्ट हो गया है। अब तक जिले में कुल 30616 मरीज कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं, जिनमें से 80 यमुनानगर के बाहर अन्य स्थानों के हैं। अब तक जिले में 30111 कोरोना पॉजिटिव मरीज ठीक हो चुके हैं। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे सरकार द्वारा जारी कोविड-19 से बचाव की गाईड लाईनस की पालना करें। सिविल सर्जन डॉ. विजय दिहया ने बताया कि अब जिले में कोरोना के 50 सक्रिय मरीज हैं जिसमें से 42 कोरोना मरीज घर पर व 8 मरीज अस्पताल में दाखिल है। अभी तक कुल 605784 सैंपल ले लिए गए हैं, जिनमें से 569525 सैंपलों की रिपोर्ट नेगेटिव आई है तथा 1560 लोगों की रिपोर्ट आनी बाकी है। उन्होंने बताया कि जिला में 138 एक्टिव माईक्रो कंटेनमैंट जोन है।

# वीरवार को करनाल में मिले 16 नए केस, 10 हुए ठीक

करनाल, 24 फरवरी (सन्नी चौहान) : सिविल सर्जन डा. योगेश कुमार ने बताया कि वीरवार को जिला में कोरोना के 16 नए पॉजिटिव केस मिले जबकि 10 व्यक्ति ठीक हुए हैं। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक 730565 व्यक्तियों के सैंपल लिए गए हैं तथा पिछले 24 घंटे में 1782 सैंपल लिए गए। जिले में अब तक 48092 पॉजिटिव केस सामने आए थे, जिनमें से 47432 मरीज ठीक हो गए है। जिला में कोरोना वायरस के 63 पॉजिटिव केस एक्टिव हैं।

# कांगथली में दूध डेयरी पर सीएम फ्लाइंग का छापा

**जांच के लिए भेजे गए सैंपल, रिपोर्ट के अनुसार होगी कार्रवाई**



डेयरी में छापेमारी के दौरान सैंपल लेते अधिकारी। (विरेन्द्र कोहली)

सीवन, 24 फरवरी (विरेन्द्र कोहली) : गांव कांगथली में कैथल पटियाला मुख्य मार्ग स्थित एक दूध डेयरी में सीएम फ्लाइंग टीम व फूड सेफ्टी विभाग ने छापामारी की। सीएम फ्लाइंग व फूड सेफ्टी विभाग की टीम ने एक शिकायत पर कार्रवाई करते हुए गांव कांगथली में स्थित सिंगला ट्रेडर्स में यह कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान डेयरी से भारी मात्रा में दूध, घी व पनीर, दूध पाऊडर का स्टाक बरामद किया गया। सीएम फ्लाइंग टीम ने डेयरी के चप्पे-चप्पे को खंगाला और वहां स्टाक की चेकिंग की। मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने सारे सामान के सैंपल लिए गए और जांच के लिए लैब में भेज दिए। अधिकारियों ने बताया कि एक शिकायत पर कार्रवाई करते हुए यहां रेड की गई है। शिकायतकर्ता ने डेयरी में पनीर व दूध आदि में मिलावट होने की शिकायत दी थी जिसके बाद टीम ने आज यहां छापेमारी की है। वहीं छापेमारी का सिलसिला तेज होने से इस कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप है।

***जांच की रिपोर्ट आने पर होगी कार्रवाई***

डीएफएसओ डा. राजीव शर्मा ने बताया कि गांव कांगथली में दूध, घी, पनीर व दूध पाउडर के सैंपल लिए गए हैं और जांच के लिए लैब में भेजे जा रहे हैं। सैंपल की रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी।

## मानसिक रूप से परेशान महिला ने लगाई फांसी

सोनीपत, 24 फरवरी (योगेश सूद) : शादी के करीब दस साल बाद भी बच्चा नहीं होने से परेशान महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गांव जाटी कलां निवासी पूजा की शादी 10 साल पहले गांव गढ़ी बाला में हुई थी। पूजा की बहन सुनीता के पास बच्चे हैं, लेकिन पूजा के पास संतान नहीं थी। जिस कारण वह मानसिक रूप से परेशान रहती थी। मृतक पूजा की मा माया देवी ने बताया कि दोनों बेटियों की शादी साथ में की थी मगर पूजा को शादी के बाद संतान नहीं हुई और वह मानसिक तौर पर परेशान रहने लगी इस वजह से उसकी बेटी पूजा ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मृतका की मां की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे लिया और नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया। वीरवार को शव पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल कैद, 30 हजार रुपए जुर्माना

कैथल, 24 फरवरी (प्रदीप हरित) : अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायालय एससी एसटी व पोक्सो एक्ट तथा क्राइम अगेंस्ट वुमेन जिला कैथल मैडम पूनम सुनेजा की अदालत ने एक नाबालिग लडकी से दुकर्म करने के मामले में आरोपी को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष कैद व 30000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। इस बारे में नाबालिग के पिता ने महिला थाने में केस दर्ज करवाया था। एफआईआर के अनुसार मोटर साईकिल रिपेयर का काम करने वाला मनी राम उर्फ रणजीत अपने मामा के घर गांव हंसुमाजरा में रहता था। दो नवंबर 2019 को मनी राम शिकायतकर्ता की नाबालिग बेटी को बहका फुसला कर कहीं अज्ञात स्थान पर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। लड़की ने यह बात अपने माता पिता को बताई लेकिन उन्होंने करीब एक सप्ताह तक शर्म के मारे यह बात उजागर नहीं की। इसके बावजूद मनी राम फोन करके शिकायतकर्ता को धमकी देता रहा कि अगर यह बात किसी को बताई तो तेरे परिवार को खत्म कर दूंगा और लडकी को भगा कर ले जाऊंगा। मामले की मांच एएसआई धनपति द्वारा करते हुए लडकी का मेडिकल करवाया गया और महिला वकील से काऊंसलिंग करवाई गई। लडकी को ड्यूटी मजिस्टेट्रेट के सामने पेश कर उसके बयान अंकित करवाए गए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 10 नवंबर को धारा 376 (3), 506 आईपीसी, धारा 4 पोक्सो एक्ट मुकदमा नंबर 109 दर्ज करके उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चालान तैयार करके अदालत में पेश किया। शिकायत पक्ष की ओर से मामले की पैरवी उप जिला न्यायवादी जय भगवान गोयल ने की। पीड़िता की उम्र 15 साल से कम बताई गई है। दोनों पक्षा को सुनने और साक्ष्यों की रोशनी में एडीजे मैडम पूनम सुनेजा ने मनी राम को दोषी पाया तथा 20 साल की कैद व तीस हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई।

खामोश... विश्वा मित्र




# शादी का झांसा देकर युवक ने विधवा महिला से किया दुष्कर्म

**पुलिस ने आरोपित युवक समेत परिवार के 11 लोगों के खिलाफ किया केस दर्ज**

यमुनानगर, 24 फरवरी (ओमपाहवा) : थाना छप्पर क्षेत्र के एक गांव में युवक ने शादी का झांसा देकर विधवा महिला के साथ दुष्कर्म किया। बाद में आरोपित ने दलित जाति की होने पर उसे शादी करने से मना कर दिया। पीड़िता ने युवक के परिजनों पर भी उसे जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपित युवक समेत उसके परिवार 11 सदस्यों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना छप्पर क्षेत्र के एक गांव निवासी 29 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 2005 में उसकी शादी हुई थी। शादी के बाद उसके पास दो लड़के व एक लड़की है। 2015 में उसके पति की अचानक मौत हो गई थी। 2017 में उसके पास गांव के ही सन्नी राणा का फोन आया। आरोपित ने उसे कहा कि वह अपाहिज है और उससे शादी करना चाहता है। आरोपित ने उसे कहा कि वह उसके तीनों बच्चों को भी अपने साथ रखेगा। वह आरोपित की बातों में आ गई। पहले तो उसने आरोपित को मना कर दिया। मगर आरोपित ने उसे अपनी बातों में उलझा लिया। आरोपित उसे कोर्ट मैरजि करने के बहाने अलग-अलग जगहों पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। पीड़िता ने बताया कि आरोपित ने उसे कहा कि उसने उसकी ओल वीडियो बनाई हुई है। जो कि उसने सोशल मीडिया पर डाली हुई है। पीड़िता ने आरोपत के परिजनों पर भी उसके साथ बदसलूकी करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपित युवक समेत उसके परिवार के 11 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ किया धोखाधड़ी व छीना-झपटी के आरोप में केस दर्ज**

# तीन गुणा पैसे देने का लालच देकर करियाना दुकान संचालक से छीने 3 लाख रुपए

यमुनानगर, 24 फरवरी (ओमपाहवा) : तीन गुणा पैसे देने का लालच देकर ठगों ने करियाना दुकान संचालक से तीन लाख रुपए छीन लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी व छीना झपटी के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।


पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार संतनगर छोटी लाइन निवासी मोहित ने गांधी नगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी करियाने की दुकान है। उसकी दुकान पर हमीदा निवासी एक व्यक्ति सामान लेने के लिए आता था। एक दिन हमीदा निवासी वह व्यक्ति उसकी दुकान पर आया और उसे कहा कि उसके मोबाइल पर एक व्यक्ति का फोन आएगा। वह उस व्यक्ति को मिल ले। वह उसका बहुत फायदा कर सकता है। व्यक्ति के कहे अनुसार उसके मोबाइल पर उस व्यक्ति का फोन आया। आरोपित ने उसे कैंप बाजार के सामने मिलने के लिए बुलाया। वह आरोपित से मिलने के लिए वहां चला गया। वहां पर आरोपित व्यक्ति उसे मिला। आरोपित ने उसे कहा कि उसे उनको तीन लाख रुपये देने होंगे। वह उसे तीन गुणा पैसे करके नौ लाख रुपये देंगे।

वह आरोपित की बातों में आ गया। आरोपित ने उसे दस हजार रुपये दिए और उन्हें बाजार में चलाने के लिए कहा। वह सभी नोट असली थे। उसने उन सभी नोटों को आसानी से बाजार में चला दिया। उसके बाद फिर से आरोपित ने उसे फोन किया और उसी जगह मिलने के लिए बुलाया। आरोपित ने उसे कहा कि उसे 20 हजार रुपये टोकन मनी देनी होगी। वह 20 हजार रुपये लेकर फिर से आरोपित से मिलने के लिए चला गया। वह आरोपित को 20 हजार रुपये देकर उससे पैसे लेकर आ गया। अगले दिन फिर से आरोपित को उसके पास फोन आया। आरोपित ने उसे दो लाख 80 हजार रुपए लेकर आने को कहा।

उसे तीन लाख के बदले नौ लाख रुपये देंगे। वह अकाउंट से पैसे निकलवाकर आरोपित के कहे अनुसार कार में मंडेबर चौक के पास पहुंच गया। जहां उसे वह व्यक्ति मिला। आरोपित उसे कार में ही हरनौल की तरफ लेकर गया। जहां पर उसे बाइक पर दो व्यक्ति मिले। आरोपितों ने काला बैंग पकड़ा हुआ था। आरोपितों ने उसे दो ला । 80 हजार रुपये उसे देने को कहा। मगर उसने बिना पैसे देखे रुपये देने से मना कर दिया। मोहित ने बताया कि इसी दौरान एक कार से व्यक्ति उतर कर नीचे आया। जिसने पुलिस की वर्दी पहनी हुई थी। आरोपितों ने उसे पैसे देने को कहा।

पैसे न देने पर आरोपितों ने उसे नशीले पदार्थ व अन्य केस में फसाने की धमकी देने लगे। मगर उसने पैसे देने को मना कर दिया। इसके बाद आरोपित उससे दो लाख 80 हजार रुपये छीन कर फरार हो गए। उसने घर आकर घटना के बारे अपनी पत्नी को बताया। बाद में उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धारा 379बी, 406 व 420 के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। उधर, सब इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार का कहना है कि अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

सवेरा हमारी तस्वीर-हमारा परिवार




आपकी जिंदगी के सुहाने लम्हों को यादगार बनाने के लिए दैनिक सवेरा टाइम्स हमेशा आपके साथ है, आप हमें जन्मदिन (केवल बच्चों के लिए), नवविवाहित जोड़ी, शादी की सालगिरह, ग्रुप सैल्फी (दो या उससे अधिक) की फोटो दैनिक सवेरा टाइम्स में प्रकाशित करने के लिए भेज सकते हैं, आप अपनी फोटो हमें नीचे दिए हुए नंबर पर सुबह 9 से शाम 6 बजे तक व्हाट्सएप्प कर सकते हैं।


090415-31531, 070099-59148
कृपया इस नंबर पर कॉल न करें।

फोटो के साथ अपना नाम, तिथि व शहर का नाम अवश्य लिखें
इस निःशुल्क सेवा का अवश्य लाभ उठाएं


SAVERA BHAWAN
259, Lajpat Nagar, Near Guru Nanak Mission Chowk, Jalandhar
Email : newsdainiksavera@gmail.com

अंबाला सवेरा
दैनिक सवेरा टाइम्स

## हैप्पी बर्थडे


मिष्टी


सीरत


वंश एकम सिंह


विहान

## जोड़ी रहे सलामत


जगजोत सिंह और पिंकी।


अजय और सुनैना।


अजय घई और समेधा घई।


राजवीर सिंह और सोनमप्रीत कौर।

# अम्बाला-साहा हाईवे पर एनएचएआई के अधिकारियों को लाइटें चालू करने के दिए निर्देश : अनिल विज

## नागरिक अस्पताल अम्बाला छावनी के नजदीक स्पीड लिमिट के बोर्ड लगाने के दिए निर्देश

अंबाला छावनी, 24 फरवरी (हनी वर्मा) : गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने अम्बाला-साहा फोरलेन मार्ग पर लाईटें चालू करने के कार्य को तुरंत करने के निर्देश दिए। साथ ही साथ हाईवे पर डिवाईडर पर पौधे लगाने के कार्य को भी करने के निर्देश दिये। गृहमंत्री अपने आवास पर एनएचएआई के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने एनएचएआई के अधिकारियों के साथ कुछ बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए उन्हें नागरिक अस्पताल अम्बाला छावनी के नजदीक स्पीड लिमिट के बोर्ड लगाने के निर्देश दिये और यह भी कहा कि जहां-जहां पर भी रोड़ संबधी साईन बोर्ड लगाए जाने हैं उस कार्य को वे तुरंत करना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान उन्होंने गोलचक्कर चौक संबधी जो कार्य चल रहा है उस कार्य को भी प्राथमिकता से करते हुए उसमें तेजी लाने के निर्देश दिये। इसी प्रकार उन्होंने बीसी बाजार अम्बाला छावनी में स्ट्रॉम वाटर के तहत जो पाईप लाईन बिछाने का जो कार्य किया जा रहा है उसकी प्रगति जानते हुए इस कार्य को भी तेजी से करने के निर्देश दिये। गृहमंत्री ने बैठक के क्र म में एनएचएआई के अधिकारियों को यह भी कहा कि अम्बाला-साहा मार्ग पर स्ट्रीट लाईट लगाने के कार्य को तुरंत करना सुनिश्चित करें ताकि रात के समय लोगों को अपने आवागमन में आसानी हो सके। उन्होंने सर्मबन्धित कंपनी के प्रतिनिधि से इस कार्य की वास्तविकता जानते हुए उन्हें इस कार्य को एक सप्ताह के अंदर-अंदर करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी बताया कि अम्बाला-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर अनाज मंडी तक स्ट्रीट लाईट लगाने के कार्य को भी किया जायेगा और इस कार्य के लिए उन्होंने केन्द्रीय सडक परिवहन, राजमार्ग एवं जहाजरानी मंत्री नितिन गडकरी से भी इस विषय को लेकर चर्चा की है। जल्द ही इस कार्य को अमलीजामा पहनाने का काम किया जायेगा। बैठक के दौरान उन्होंने गोल चक्कर के नजदीक बनाए जा रहे अटल बैंक स्कवेयर एंड शोपिंग कॉम्पलैक्स में जाने के लिए रास्ते संबधी कार्य के लिए भी एनएचएआई के अधिकारियों से चर्चा करते हुए इस कार्य को भी किए जाने बारे कहा। उन्होंने कहा कि बैंक स्कवेयर में जाने के लिए रास्ते संबधी कार्य को किया जाना जरूरी है। इस दौरान उन्होंने टांगरी बांध से के.डी. अस्पताल की पुलिया तक अंडरग्राउंड पानी निकासी की पाईप लाईन डाले जाने के कार्य बारे तथा रिंग रोड से समबिन्धत किसानों की जो भूमि इस कार्य के लिए अधिग्रहण की गई है उनकी राशि उन्हें जल्द देने बारे का कार्य किया जाए ताकि रिंग रोड़ संबधी टैंडर प्रक्रिया के कार्य को किया जा सके।बैठक में उन्होंने अन्य बिंदुओ बारे भी चर्चा करते हुए सभी कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस मौके पर जे.बी. कंपनी के प्रतिनिधि मनप्रीत सिंह, एनएचएआई से तकनीकी मैनेजर अंकुश के साथ-साथ अन्य समबिन्धत अधिकारी मौजूद रहे।


एनएचएआई के अधिकारियों के साथ बैठक करते मंत्री अनिल विज।

## न्यूज गैलरी

### पम्प ऑपरेटरों को एक दिवसीय कार्यशाला में प्रशिक्षण दिया

**अंबाला शहर (सत्यवान कैत)** : जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की ओर से गांव तेपला के कम्युनिटी सैंटर में कार्यरत पंप ऑपरेटर, फिटर, इलेक्तिट्रशियन, पम्प ऑपरेटरों को एक दिवसीय कार्यशाला में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिला सलाहकार अमित खोसला की अध्यक्षता में हुए कार्यशाला में गांवों में पानी की सप्लाई की देख-रेख, पानी की गुणवत्ता संबंधित जो भी समस्याएं आती है उसके बारे में पूर्ण जानकारी व ट्रेनिंग दी गई व कहा कि जल की एक-एक बूंद कीमती है। इसे व्यर्थ होने से बचाएं, ताकि हमारे गांव का भूमिगत जल लंबे समय तक प्रयोग कर सके। इस अवसर स्टार्टर, मोटर के रख-रखाव के बारे में समझाया। बीआरसी सुनील कुमार ने जीवाणु परीक्षण किट के माध्यम से पीने के पानी की जांच करने की जानकारी प्रदान की व ग्राम जल तथा सीवरेज समिति के बारे में बताया। इसके साथ-साथ उन्होंने पानी की गुणवत्ता के लिए सभी ऑप्रेटरों को जल जीवन मिशन के अंतर्गत जितने भी कार्य ग्रामीण स्तर पर किए जाने हैं उनके बारे में विस्तार से बताया गया व कर्मचारियों को लॉग बुक के महत्व को बताते हुए उसे लगातार लागू करने की सलाह भी दी।


ऑपरेटरों को एक दिवसीय कार्यशाला में प्रशिक्षण प्रदान करते अधिकारी।

### 30 घरों के बाहर म्यूनिसिपल कमेटी की सर्वे टीम ने स्पैशल स्टीकर लगाए

**अंबाला शहर (सत्यवान कैत)** : स्वच्छता अभियान योजना के तहत गीला व सूखा कूड़ा अलग-अलग जगह डालने वाले अम्बाला कैंट की शास्त्री कालोनी निवासियों के करीब 30 घरों के बाहर म्यूनिसिपल कमेटी की सर्वे टीम ने स्पेशल स्टीकर लगाए। म्यूनिसिपल कमेटी से पहुंची जिला को-ऑर्डिनेटर रितु ने स्टीकर लगाकर लोगों को जागरुक भी किया। उन्होंने कहा कि इसी तरह शुक्रवार को भी ऐसे ही घरों के बाहर स्टीकर लगाकर लोगों को जागरु क किया जाएगा। इस दौरान शास्त्री कॉलोनी परिवार रेजिडेंट सोसायटी के महासचिव बलित नागपाल ने बताया कि कॉलोनी में लगातार सफाई अभियान जारी है। कमेटी सदस्यों ने स्टीकर लगाने के साथ ही जागरुक किया कि प्लास्टिक का उपयोग न किया जाए। जिसके लिए रियूसेबल पॉलीथिन वितरित की। इस दौरान सोसायटी सदस्य दीपक कौशिक, सुमेश खन्ना, विवेक जैन, जीएल बत्रा, जसविदर पाल, गोरव सोनी व अन्य मौजूद रहे।


जागरूक कार्यक्रम के दौरान मौजूद टीम सदस्य व लोग।

### अधिवक्ता रजत कलसन को पुलिस सुरक्षा दिए जाने की मांग

**बराड़ा (उमेश)** : श्री गुरुरविदास सभा, मिहर्ष बाल्मीकि शिक्षा प्रचार समिति बराड़ा व डॉ बी आर आंबेडकर सभा बराड़ा के सदस्यों ने एसडीएम बराड़ा सत्यवान सिंह को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपकर अधिवक्ता रजत कलसन निवासी हांसी को पुलिस सुरक्षा दिए जाने की गुहार लगाई है। सौंपे गए ज्ञापन में उपरोक्त संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने कहा कि अधिवक्ता रजत कलसन हरियाणा के अलग-अलग जिलों में फौजदारी मुक़दमो में पीड़ित पक्ष की पैरवी करते है। इसके अतिरिक्त वह दलित व मानवाधिकार कार्यकर्ता भी हैं तथा अनुसूचित जाति व जनजाति समाज के लोगों को समय-समय पर न्याय दिलाने के लिए विभिन्न मंचों पर पीडित पक्षों की आवाज़ उठाने का काम करते हैं। अधिवक्ता रजत कलसन ने मिर्चपुर काण्ड में पीड़ित बाल्मीकि समाज की पैरवी की थी। इस मामले में 33 आरोपियों को सजा हुई व 12 को उम्र कैद हुई। इस केस के चलते अधिवक्ता रजत कलसन को साल 2010 से लेकर साल 2017 तक हरियाणा सरकार ने पुलिस सुरक्षा मुहैया करवाई थी। इसके अलावा हिसार के गांव सिसाय में एक दलित रामकुमार की हत्या, गांव भाटला में दलितों का सामाजिक बिहष्कार, जींद का काफी देवी गैंगरेप केस व हत्याकांड, जींद का ईश्वर सिंह सुसाईड केस, जैसे चर्चित अन्य कई मुकदमों में पीड़ितो को न्याय दिलवाने का काम किया और आरोपियों को जेल में भिजवाया। जिस कारण उन्हें कई बार धमिकयां दी जा चुकी है। ऐसे में संस्थाओं के सदस्यओं ने अधिवक्ता रजत कलसन को सरकारी खर्चे पर पुलिस सुरक्षा उपलब्ध करवाए जाने की मांग की। इस मौके पर लहरी सिंह, निर्मल सिंह, यशपाल, संजीव कुमार व अन्य उपस्थित रहे।

### परिवार की आय देखकर बुढ़ापा पेंशन काटना गलत : राजकुमार

**बराड़ा (उमेश)** : कांग्रेसी नेता राजकुमार बराड़ा ने वर्तमान प्रदेश सरकार पर करारा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार बुजुर्गो की पैंशन बढ़ाने की बजाय पैंशन को काट कर उनका अपमान कर रही है। उन्होंने कहा फैमिली की इनकम को देखकर बुजुर्गो की बुढ़ापा पैंशन काट देना गलत है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों को मिलनी वाली 'वृद्धावस्था सम्मान भत्ता' है न कि पैंशन। ऐसे में परिवार की इनकम को आधार मानक र बुजुर्गो की पेंशन को काटना सरासर गलत है।

## भाजपा और जजपा की गठबंधन सरकार हरियाणा और हरियाणवी दोनों के लिए ही घातक : अतुल महाजन


अतुल महाजन

अंबाला छावनी, 24 फरवरी (हनी वर्मा) : हरियाणा डैमोक्रेटिक फ्रंट के युवा नेता अतुल महाजन ने हरियाणा सरकार के स्थानीय निकायों में विकास शुल्क बढ़ाए जाने एवं उस निर्णय को वापस लेने पर अपनी प्रतिक्रि या देते हुए कहाकि भाजपा और जजपा की गठबंधन सरकार हरियाणा और हरियाणवी दोनों के लिए ही घातक है। अतुल महाजन ने कहाकि अभी कुछ दिन पहले हरियाणा सरकार ने स्थानीय निकायों में विकास शुल्क 5 प्रतिशत करने का जो जनविरोधी निर्णय लिया था। उसने जनता की जेब पर डाका डालने का काम किया था। जिस कारण यदि कोई आम नागरिक 100 गज का अपना प्लाट लेता, तो उस पर नक्शा पास कराने के लिए या एनओसी लेने के लिए उसे लगभग 2 लाख तक की राशि सरकारी खजाने में जमा करानी पड़ती और अगर किसी ने पहले से ही विकास शुल्क जमा कराया हुआ है और अब वह कोई नक्शा पास करवाने अथवा नो ड्यूज सर्टीफिकेट लेने के लिए निकाय में आवेदन करता है। तो उसे पहले बढ़ा हुआ विकास शुल्क जमा कराना पड़ता। साथ ही सरकार का यह जनविरोधी निर्णय नियमित कालोनियों के अलावा लाल डोरे के अधीन आने वाली जमीनों पर भी लागू होता। सरकार के इस निर्णय से सरकारी खजाने की आमदन तो बढ़ती है, लेकिन गरीब जनता जो पहले ही टैक्स की मार से मर रही है। हरियाणा की जनता भाजपा और जजपा गठबंधन की तुगलकी सरकार को आने वाले स्थानीय निकाय चुनावों में उनके तुगलकी फरमानों का सबक सिखाएगी।

## समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किए जाने के विधायक ने दिए निर्देश

अंबाला शहर, 24 फरवरी (सत्यवान कैत) : अम्बाला शहर के विधायक असीम गोयल नन्यौला ने वीरवार प्रेमनगर स्थित अपने निवास स्थान पर शहरी विधानसभा क्षेत्र से आए लोगों की समस्याओं को सुनते हुए सर्मबन्धित अधिकारियों को लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किए जाने के निर्देश दिए। जनसुनवाई कार्यक्र म के दौरान लोगों ने सफाई व्यवस्था, बिजली, पेयजल, पानी की निकासी, पैंशन संबधी समस्या तथा अन्य समस्याओं बारे प्रार्थना पत्र देकर अपनी समस्याओं बारे विधायक को अवगत करवाया। विधायक ने लोगों की समस्याओं को सुनते हुए कहा कि उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाया जाएगा। इस मौके पर विकास कार्यो से संबंधित जो कार्य उन्हें बताए गए हैं उन्हें चरणबद्घ तरीके से करवाने का काम किया जाएगा। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष मनदीप राणा, पूर्व मेयर रमेश मल, पार्षद मनीष आनंद मन्नी, पार्षद हितेष जैन, मंडल अध्यक्ष गुरजंट सिंह, सोमनाथ जनसूई, संजीव गोयल टोनी, सुरेश सहोता, नसीब सिंह सेगता, सोहन, जसविन्द्र सिंह, लाभ सिंह, अर्पित अग्रवाल के साथ-साथ अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## एनसीबी द्वारा 22वां एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

अंबाला शहर, 24 फरवरी (सत्यवान कैत) : हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो प्रमुख एवं अम्बाला मंडल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव साहब के मार्गदर्श और दिशानिर्देशों से हरियाणा प्रान्त को नशा मुक्त करने का कार्य निरंतर हरियाणा के प्रत्येक ज़िले में चलायमान है। इस कडी में पी.के.आर .जैन कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 22वां एक दिवसीय नशा मुक्ति कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे छात्राओं, शिक्षकों और विद्यालय के कर्मचारियों ने सक्रि य भाग लिया. विद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुनीता शर्मा की अध्यक्षता में यह कार्यक्र म सम्पन्न हुआ। ब्यूरो प्रमुख श्रीकांत जाधव साहब के दिशानिर्देशों से ब्यूरो के जागरूकता अभियान एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा मुख्य वक्ता के रूप में पधारे हुए थे जबकि ब्यूरो प्रमुख द्वारा नशे के विरोध के लिए गठित प्रयास संस्था के पदाधिकारी कर्ण कुमार, संजय राठी, मनीषा, सन्नी और जगदीश ने सक्रीय रूप से सहभागिता की। ब्यूरो के जागरूकता अभियान एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने छात्राओं को जीवन मूल्यों के साथ साथ नशे के विरु द्ध जागरूक करते हुए कहा कि मादक पदार्थो के सेवन से मानव के मस्तिष्क पर सीधा प्रभाव पडता है जो कुछ ही समय में उसे मृत्यु तक पहुंचा देता है। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान धर्मपाल जैन, उप प्रधान संजय जैन, सचिव संजीव जैन, सह सचिव आशीष जैन, कैशियर पंकज जैन, प्रबंधक गौरव जैन आदि ने जागरूकता अभियान की सराहना की। इस अवसर पर बच्चों द्वारा एक रैली भी निकाली गई जिसमें डॉ. अशोक कुमार वर्मा जी के साथ-साथ एनजीओ प्रयास संस्था ने सहभागिता की द्य


कार्यक्रम के दौरान शपथ लेते

## स्वंयसेवकों ने सुहाना व सिम्बला गांव की जानकारी एकत्रित की

बराड़ा, 24 फरवरी (उमेश): एमएमयू मुलाना की ओर से गांव सिम्बला व सुहाना में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस कैंप के दूसरे दिन स्वंयसेवकों ने गांवों में घर-घर जाकर ग्रामीणों से जानकारी लेकर आंकडे एकित्रत किए। जिसमें आधार कार्ड, बैंक खाता, बुढापा पैंशन जैसी सुविधाओं के बारे में जानकारी ली और उन्हें डिजीटल साक्षरता के बारे में बताया। स्वंयसेवकों ने ग्रामीणों से साक्षरता संबंधी जानकारी भी जुटाई। इस दौरान स्वंयसेवकों ने गाँव के चौपाल की भी सफाई की। उन्होंने घर-घर जाकर लोगों को अगले दिन लगने वाले स्वास्थ्य शिविर और डेंटल शिविर की जानकारी दी और इस शिविर के उद्देश्य से प्लास्टिक प्रतिबन्ध के कारण कपड़े व पेपर के थैले बनाये गए। इस शिविर का सम्पूर्ण कार्यभार एन एस एस प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर डॉ. करण अग्रवाल ने संभाला। जिसमे आयुष मौर्य, आयुष राजपूत, कपिल, नीरज और मनीष ने मुख्य भूमिका निभाई।

## जेलों में बंद कैदियों की पैरोल को आसान बनाने को लेकर डीजीपी जेल को दिया शांडिल्य ने ज्ञापन

### शांडिल्य ने की हरियाणा में जेल अधीक्षकों को वर्दी व बैल्ट अलॉट करने की मांग

अम्बाला, 24 फरवरी (सवेरा) : एंटी टैररिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य ने हरियाणा की जेलों में कैदियों को मिलने वाली पैरोल व फरलो की शर्तो को आसान बनाने को लेकर हरियाणा के डीजीपी जेल अकिल मोहम्मद को ज्ञापन सौंपा। वीरेश शांडिल्य ने कहा कैदियों को जो पैरोल व फरलो दी जाती है उसमे कैदियों के परजिनों को भारी परेशानियां व दिक्कतें आती है।

पैरोल के लिए पहले छुट्टी कमिश्नर के पास जाती है फिर डीसी के पास जाती है फिर एसपी के पास जाती है फिर इलाका एसएचओ के पास जाती है और इसी तरह पटवारी व तहसीलदार व एसडीएम के पास जाती है और कई सरकारी कार्यालयों में जाने के बाद डीसी के समक्ष एक जमानती जिसके पास प्रॉपर्टी हो या फिर अपनी बैंक एफडी हो तब जाकर पैरोल मंजूर होती है।

जो कैदी के साथ अन्याय है द्य एंटी टैररिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य ने हरियाणा जेल महानिदेशक अकिल मोहम्मद से मांग की है कि वह पैरोल व फरलो के लिए सिंगल विंडो सिस्टम लागू करें और साधारण जमानती पेश करने की प्रपोजल तैयार करें। वहीं शांडिल्य ने कहा कि जिस तरह पंजाब व चंडीगढ़ की जेलों में जेल अधीक्षक वर्दी डालते है लेकिन हरियाणा की जेलों में वार्डन से लेकर डिप्टी सुपरिटेंडैंट ही वर्दी डालते है जबकि जेल अधीक्षकों को भी बेल्ट व वर्दी अलॉट होनी चाहिए। अभी हरियाणा की जेलों में जेल अधीक्षक सिविल कपड़ों में रहते है। ज्ञापन में वीरेश शांडिल्य ने कहा कि जेलों में अगर अधीक्षकों को वर्दी अलॉट होगी न केवल स्टाफ में अनुशासन रहेगा बल्कि खाकी वर्दी से जेल के बंदी व कैदियों में भी अनुशासन रहता है।

इस पर भी सरकार गंभीरता से सोचे और ज्ञापन में शांडिल्य ने मांग की है कि जो कैदी व बंदी जेल में अच्छा व्यवहार रखते है अच्छा आचरण करते है अपराध छोड़ने की तरफ बढ़ते है उन्हें जेल अधीक्षक की रिपोर्ट के आधार पर जमानत का कानून बनाने की प्रपोजल तैयार करें।

वहीं डीजी जेल अकिल मोहम्मद ने शांडिल्य की आतंकवाद के खात्मे के खिलाफ मुहिम की सराहना की। शांडिल्य के साथ इस मौके पर कुलवंत सिंह मानकपुर, मनीष चड्डा, नरेंद्र सिंह, नवरत्न गर्ग आदि मौजूद थे।


डीजीपी जेल को ज्ञापन देते वीरेश शांडिल्य।

## हर खेत की मिट्टी की जांच की जाएगी

अंबाला शहर, 24 फरवरी (सत्यवान कैत) : हरियाणा सरकार द्वारा हर खेत स्वस्थ खेत स्कीम चलाई जा रही है जिसके तहत हर खेत की मिट्टी की जांच की जाएगी। इस कार्य को पूर्ण करने हेतू गांव में किसान सहायकों का चयन किया जाएगा। इस दिशा में कृषि तथा किसान कल्याण विभाग ने इस स्कीम पर कार्य शुरू कर दिया है। कृषि विभाग, अम्बाला के उप निदेशक डा. गिरिश नागपाल ने बताया कि किसानों को मृदा स्वास्थय के आधार पर ही किसानों को उर्वरकों का प्रयोग करना चाहिए। एक किसान सहायक के द्वारा 200 सैम्पल लिए जाएंगे। जमीन में लगातार रसायनिक खादों का प्रयोग और सघन फसल चक्र के कारण पौषक तत्वों की कमी होती जा रही है। मिट्टी की जांच करके खादों व तत्वों का उपयोग करके हम हमारी जमीन को उपजाउ बना सकते हैं और यह सब मिट्टी की जॉच पर निर्भर है। भूमि की उर्वरक शक्ति बढ़ाने के लिए कृषि तथा किसान कल्याण विभाग द्वारा ढैंचा उपलब्ध किया जायेगा। यह बीज 80 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध होगा। ढैंचा 16 पौषक तत्वों की आपूर्ति के लिए पर्याप्त है। ढैंचा से सूक्ष्म जीवों की संख्या एवं क्रि याशीलता बढ़ती है तथा मृदा की उर्वरा शिक्त एवं उत्पादन क्षमता भी बढ़ाता है व मृदा जनित रोगों में भी कमी आती है। किसान भाई ढैंचे का उपयोग करके अपनी जमीन की उर्वरता तथा अनाज की गुणवता में बढ़ौतृरी करें।

## कहीं पर भी अवैध निर्माण नहीं होना चाहिए, अधिकारियों को दिए निर्देश

अंबाला शहर, 24 फरवरी (सत्यवान कैत) : उपायुक्त विक्र म सिंह ने अवैध निर्माण विषय को लेकर जिला नगर योजनाकार, लोक निर्माण विभाग व अन्य समबिन्धत अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि कहीं पर भी अवैध निर्माण नहीं होना चाहिए। अवैध निर्माण होने की यदि कोई भी शिकायत मिलती है तो उस पर समबिन्धत तुरंत कार्रवाई करना सुनिश्चित करे। उपायुक्त आज अपने कार्यालय में इस विषय को लेकर समबिन्धत अधिकारियों की एक बैठक ले रहे थे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने जिला नगर योजनकार से अवैध निर्माण के दृष्टिगत उनके विभाग द्वारा क्या-क्या कार्रवाई की गई है, इस बारे जानकारी हासिल की। जिला नगर योजनाकार सविता जिंदल ने उपायुक्त को अवगत करवाते हुए बताया कि उनके विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए फरवरी मास में 3 व्यक्तियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है तथा उसके उपरांत नियमानुसार कार्रवाई करते हुए रैस्टोरेशन सम्बन्धी नोटिस भी जारी करते हुए 7 मामलों में पुलिस को एफआईआर दर्ज करने के लिये लिखा गया है। जिनमें से सभी मामलों में एफआईआर भी दर्ज की जा चुकी है। उन्होंने यह भी बताया कि जिला नगर योजनाकार टीम ने मुलाना में एक जगह पर जो अवैध निर्माण किया गया है, उसे ध्वस्त करने का काम किया गया है। इसके साथ-साथ रिकवरी के तौर पर 39540 रुपये की राशि भी वसूल की गई है। बैठक में एसडीएम हितेष कुमार, जिला नगर योजनाकार सविता जिंदल, डीएमसी अमन ढांडा, डीआरओ कैप्टन विनोद शर्मा, कार्यकारी अभियंता जसविन्द्र मलिक, एसडीओ सुमित दलाल, डीएसपी राम कुमार, तहसीलदार मनीष कुमार, नवनीत, सुरेश कुमार सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।


अधिकारियों की बैठक लेते उपायुक्त।

## भोलेनाथ की कृप्या से चलता है जीवन, 62 वर्ष की आयु में भी साइकिल से करते है धार्मिक यात्रा

मुलाना, 24 फरवरी (मनीष भारद्वाज) : 33 वर्षो से लगातार साइकिल यात्रा कर रहे भटिंडा के रहने वाले 62 वर्षीय राजेद्र गुप्ता नीलकंठ से 64वीं साइकिल कांवड़ लेकर बठिंडा जा रहे है। मुलाना से गुजरते समय गुजरते समय उन्होंने बताया कि वो साइकिल से 5 लाख 92 हजार किलोमीटर की यात्रा कर चुके है। उन्होंने पहली बार सन 1989 में साइकिल से गंगोत्री के लिए यात्रा की थी। उसके बाद से वो रूके नहीं और लगातार धार्मिक यात्राओं पर उनका सफर साइकिल से जारी है। इस सफर में वो अब तक 66 साइकिलें बदल चुके है। जिसमें से कुछ साइकिलों को उन्होंने खरीदा वहीं कई साइकिल किसी संस्था या जानकार ने उन्हें भेंट की है।


जानकारी देते राजेंद्र गुप्ता।

***अविवाहित है साइकिल को बनाया संगिनी***

राजेन्द्र गुप्ता ने बताया कि वो अविवाहित हैं। सफर पर वो और उनकी संगिनी साइकिल साथ रहती। उन्होंने बताया कि उन्होंने भारत भ्रमण को अपना ध्येय बना लिया है। उन्होंने बताया कि उनका जीवन यापन भोले बाबा की कृप्या से होता है। वो यात्रा के दौरान कहीं भी रूकते है तो लोग उन्हें पहचानते है और उन्हें खाने को भी देते है। इस प्रकार उनका सफर आसान हो जाता है। उन्होंने ने बताया कि वह अपने भाई अशोक के पास रहते हैं। उन्होंने कहा कि वो शुरू से ही धार्मिक प्रवृत्ति है और आगे भी इसी प्रकार धार्मिक यात्राओं को जारी रखेंगे।

***134 बार साइकिल पर मां वैष्णो देवी की यात्रा***

राजेंद्र गुप्ता की साइकिल यात्रा का रिकार्ड लिम्का बुक में दर्ज है। उन्होंने बताया कि साइकिल से 134 बार मां वैष्णो देवी, 16 बार बाबा अमरनाथ जी, 64 बार नीलकंठ महादेव की यात्रा की है। इसके अलावा उन्होंने कांगड़ा देवी, चामुंडा देवी, मां चिंतपूर्णी, मां ज्वाला जी, मनसा देवी, हरिद्वार, द्वारकाधीश गुजरात, मांउट आबू राजस्थान, पुष्कर राज अजमेर, मीरा बाई मंदिर अजमेर, करना माता मंदिर, खाटू श्याम जी, बाला जी मेंहदीपुर, इलाहाबाद, बनारस काशी जी, बाबा जगन्नाथ धाम, 12 ज्योतिलिंग, अयोध्या व गंगा सागर सहित अन्य धार्मिक स्थानों पर साइकिल से यात्रा की है।

***साइकिल चलाने से 62 वर्ष में भी निरोगी काया***

साइकिल यात्रा के चलते राजेंद्र गुप्ता स्वस्थ जीवन जी रहे है। उनके अनुसार वो 62 वर्ष में भी निरोग है। साइकिल चलाने से उनका शरीर फीट रहता है। जिसके चलते वो वृद्धावस्था में भी सैंकड़ों किलोमीटर साइकिल से तय कर रहे है। उन्होंने लोगो को भी साइकिल चलाने को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की अपील की है।

अंधेरे से उजाले की ओर...
दैनिक सवेरा टाइम्स
स्मृति शेष...
6 STATES | 23 EDITIONS Punjab • Haryana • Himachal • Jammu & Kashmir • Delhi • Chandigarh

अंतिम यात्रा । पुण्यतिथि । रस्म पगड़ी

हमारे प्रियजन जो हमें छोड़कर परलोकगमन कर चुके हैं उनकी स्मृतियों का शोक संदेश दैनिक सवेरा टाइम्स पहुंचाएगा उनके सभी चाहने वालों तक... क्योंकि हम आपके सुख-दुःख में सदैव साथ हैं।

शोक संवेदनाओं की प्रकाशन सामग्री हमें (Phone/Whatsaap/E-mail) द्वारा भी बुक करवा सकते हैं।

विशेष आग्रह : अपना मोबाइल नं. /व्हाट्सएप नं. भी दें जिससे आपके प्रियजन भी संवेदनाएं आप तक भेज सकें।

| EDITION | RATE (Per Sqcm.) |
|---|---|
| All Editions | 200/- |
| All Punjab | 170/- |
| Himachal | 60/- |
| Haryana | 60/- |
| Chandigarh | 35/- |
| Delhi | 35/- |
| Jammu Kashmir | 35/- |

जीएसटी 5% अतिरिक्त

नोट : कृपया भुगतान Cheque द्वारा ही करें। कैश भुगतान सिर्फ Dainik Savera News & Media Network के पंजाब नैशनल बैंक जालंधर के खाता नं. 0242008700016846, IFSC Code : PUNB0024200 में करवाने के बाद नीचे लिखे मेल पर बैंक रसीद अपने विवरण के साथ भेज दें। saveraacc@gmail.com | Ph. 01812370123/142

SAVERA BHAWAN
259-Lajpat Nagar, Near Guru Nanak Mission Chowk, Jalandhar
Email : advt@dainiksaveratimes.co.in

: CONTACT :
98771 39436, 98886 70508
0181-2370100/146/136

## ऑनलाइन अंतर्महाविद्यालयीन निबन्ध लेखन प्रतियोगिता आयोजित



प्रतियोगिता में उच्च स्थान प्राप्त करने वाले छात्र।

यमुनानगर, 24 फरवरी (ओमपाहवा) : गुरु नानक खालसा कालेज के भूगोल और अर्थशास्त्र विभाग के द्वारा ऑनलाइन अंतर्महाविद्यालयीन निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए कॉलेज प्राचार्य डॉ (मेजर) हरिन्दर सिंह कंग ने बताया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लक्ष्य को लेकर इस प्रकार की रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन लगातार कालेज में किया जा रहा है। प्रतियोगिता की संयोजिका डॉ मीनू कपूर ने बताया कि जलवायु परिवर्तन और भारत मे इसका प्रभाव तथा भारत मे डिजीटलीकरण का प्रभाव जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण विषयों पर आयोजित इस प्रतियोगिता मे अच्छी खासी संख्या मे विद्यार्थियों ने अपने विचार व्यक्त किए। आयोजन सचिव प्रो कृष्णा कौशिक ने परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि बी ए प्रथम वर्षके देवदत्त ने प्रथम, एमए लोकप्रशासन द्वितीय वर्ष की अंकिता ने द्वितीय और बी पी एड प्रथम वर्ष की छात्रा नम्रता सिंह और बी ए द्वितीय वर्ष के मनीष कुमार ने तृतीय स्थान हासिल करते हुए प्रमाण पत्र और नगद धनराशि का पुरस्कार प्राप्त किया। प्रतियोगिता मे निर्णायक मंडल के रूप में इतेन्दर सिंह, अमनदीप कौर और हरमीत कौर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने विजयी प्रतिभागियों को बधाई और शुभकामनाएं दिया है तथा दोनों विभागों के शिक्षकों को बधाई दी है।

# 100 फीसदी ब्याज की छूट के साथ जमा करवाएं प्रॉपर्टी टैक्स, 31 मार्च के बाद संपत्ति होगी सील

डिफाल्टरों व बकाएदारों को नगर निगम ने योजना का लाभ उठाने का किया अह्वान, जमा न करवाने पर सीलिंग कार्रवाई की दी चेतावनी

यमुनानगर, 24 फरवरी (ओमपाहवा) : नगर निगम के बकाया प्रॉपर्टी टैक्स मालिक 31 मार्च तक ब्याज पर सौ फीसदी छूट के साथ अपना टैक्स जमा करवा सकते है। एकमुश्त प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाने पर उस पर लगा ब्याज शत-प्रतिशत माफ किया जाएगा। प्रॉपर्टी धारक 31 मार्च तक अपना पूरा प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाकर इस योजना का लाभ उठा सकता है। 31 मार्च के बाद नगर निगम टैक्स जमा न करवाने वाले प्रॉपर्टी धारकों की प्रॉपर्टी सील करेगा और उनसे ब्याज समेत प्रॉपर्टी टैक्स वसूल किया जाएगा। नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा व कार्यकारी अधिकारी सुशील भुक्कल ने शहरवासियों से अपील की है कि वे 31 मार्च से पहले अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाए और सीलिंग की कार्रवाई से बचे। नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा, कार्यकारी अधिकारी सुशील भुक्कल व क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अजय वालिया ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा वर्ष 2010-11 से 2020-21 तक के बकाया प्रॉपर्टी टैक्स पर 100 प्रतिशत ब्याज की छूट प्रदान की है। यह छूट 31 मार्च तक जारी रहेगी। इसके बाद प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाने वाले से पूरे ब्याज समेत प्रॉपर्टी टैक्स वसूला जाएगा। उन्हें किसी प्रकार की कोई छूट नहीं दी जाएगी। बता दें कि नगर निगम क्षेत्र के 178795 प्रॉपर्टी हैं। जिनमें से बहुत से प्रॉपर्टी धारकों ने कई सालों से टैक्स का भुगतान नहीं किया है। बकायादारों पर प्रॉपर्टी टैक्स के करोड़ों रु पये बकाया है, जिनमें आवासीय, व्यावसायिक, खाली प्लाट, सरकारी दफ्तर आदि हैं। निगम अधिकारियों ने बताया कि इस बार हमने प्रॉपर्टी टैक्स रिकवरी में रिकॉर्ड बनाया। साल 2020-21 में जहां 11 करोड़ रु पए प्रॉपर्टी टैक्स निगम के पास आया था। वहीं, इस बार करीब 16 करोड़ रु पये का प्रॉपर्टी टैक्स आ चुका है। 31 मार्च तक इसमें और बढ़ौतरी की जाएगी। ब्याज माफी के सरकार के फैसले से हजारों प्रॉपर्टी मालिकों को लाभ होगा। जो प्रॉपर्टी धारक ब्याज समेत टैक्स जमा करवाने में असमर्थ थे, वह इस योजना का लाभ उठाकर अपने प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवा सकते है। 31 मार्च के बाद किसी भी प्रॉपर्टी धारक पर रियायत नहीं दी जाएगी और ब्याज समेत प्रॉपर्टी टैक्स वसूल किया जाएगा। जिन प्रॉपर्टी धारकों पर एक लाख से अधिक बकाया है, उनकी प्रॉपर्टी सील की जाएगी। निगमायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने शहरवासियों को आह्वान किया है कि वे सरकार की योजना का लाभ उठाकर बिना ब्याज दिए अपना टैक्स जमा करवाएं और निगम की सीलिंग कार्रवाई से बचे।



जानकारी देते नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा व नगर निगम के इस नागरिक सुविधा केंद्र में जमा करवा सकते है प्रॉपर्टी धारक अपना टैक्स।

**ऑनलाइन भी जमा करवा सकते है प्रॉपर्टी धारक अपना टैक्स**

कार्यकारी अधिकारी सुशील कुमार भुक्कल व क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अजय वालिया ने बताया कि नगर निगम कार्यालय के नागरिक सुविधा केंद्र (सीएफसी) के अलावा प्रॉपर्टी टैक्स धारक नगर निगम की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट एमसीवाईएनआर डॉट कॉम पर जाकर भी अपना टैक्स ऑनलाइन जमा कर सकते है। ऑनलाइन प्रॉपर्टी टैक्स भरने के लिए प्रॉपर्टी धारक नगर निगम की वैबसाइट पर जाए। फिर बाई तरफ होम के नीचे प्रॉपर्टी टैक्स पर जाए। पे प्रॉपर्टी टैक्स नाऊ पर क्लिक करें। अपनी प्रॉपर्टी आईडी डाले। आईडी डालने के बाद गेट प्रॉपर्टी टैक्स डिटेल पर क्लिक करें। अपना मोबाइल नंबर व प्रॉपर्टी आईडी दर्ज करें। क्लिक करते ही आपकी प्रॉपर्टी आईडी और टैक्स का ब्यौरा आ जाएगा। इसके बाद प्रोसिड द पेमैंट पर क्लिक करके एटीएम, डैबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग, पेज एप्प, यूपीआई जैसे ऑनलाइन पेमैंट माध्यमों से अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवा सकते है।

## न्यूज गैलरी

### बिना ओटीपी व पासवर्ड शेयर किए सेवानिवृत अध्यापिका के अकाऊंट से निकाले 18 लाख रुपए

**यमुनानगर (ओमपाहवा)** : अज्ञात व्यक्ति ने संतपुरा रोड निवासी सेवानिवृत अध्यापिका के अकाउंट से 18 लाख रुपये निकाल लिए। खास बात यह है कि अध्यापिका ने किसी भी व्यक्ति को उसके मोबाइल पर आया ओटीपी व पासवर्ड शेयर नहीं किया। पति की मौत के बाद अध्यापिका तीन माह तक बैंक नहीं जा पाई। बुधवार को जब उसने बैंक में जाकर पासबुक में एंट्री करवाई तो उसे अकाउंट से पैसे निकलने के बारे पता चला। पुलिस ने सेवानिवृत अध्यापिका की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी अनुसार संतपुरा रोड निवासी कमला शर्मा ने शहर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अध्यापिका के पद से सेवानिवृत है। उसका मेला सिंह चौक स्थित एक्सीस बैंक में खाता है। दो दिसंबर 2021 को उसके पति विरेंद्र कुमार की मौत हो गई थी। तब से वह बैंक में नहीं जा पा रही थी। बुधवार को वह बैंक में अपनी पासबुक में एंट्री करवाने गई। जब उसने पता चला कि उसके बैंक से 18 लाख रुपए विभिन्न तारिखों में निकाले हुए है। जांच करवाने पर यह रुपये एक जनवरी 2022 से आज तक निकाले गए। महिला ने बताया कि उसके पास न तो किसी का फोन आया और न ही उसने किसी को अपना एटीएम व चेकबुक दी। महिला ने बताया कि उसने किसी को मोबाइल पर आया ओटीपी व पासवर्ड शेयर किया। फिर भी उसके खाते से 18 लाख रुपये साफ हो गए। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात पर धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उधर, शहर थाना प्रभारी सुखबीर सिंह का कहना है कि मामले में अज्ञात पर केस दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी।

### गांव स्तरीय 13 सदस्यीय कमेटी का हुआ गठन

**यमुनानगर (ओमपाहवा)** : अखिल भारतीय किसान सभा संबद्ध संयुक्त किसान मोर्चा की किसानों व मजदूरों की आमसभा किसान नेता नरेश कुमार की अध्यक्षता में गांव मांडखेड़ी तहसील छछरौली में हुई। आम सभा में गांव स्तरीय 13 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया, जिसमें राजकुमार उर्फ बबला, मास्टर बलबीर सिंह, संदीप सिंह, नरेश कुमार, कर्मवीर सिंह, बंता राणा, कर्णसिंह, विक्रम सिंह, ठाकुर सिंह, रामेश्वर, मांगेराम राणा व संजय राणा को शामिल किया गया। राजकुमार को गांव कमेटी का संयोजक चुना गया। आम सभा को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय किसान सभा के जिला अध्यक्ष जरनैल सिंह सांगवान ने कहा कि केंद्र सरकार ने जबरदस्ती थोपे हुए केवल तीन काले कृषि कानून वापस लिए हैं, इसके अलावा जो अन्य वायदे किए थे उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। खासतौर से सभी फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने की गारंटी। अधिक बरसात के कारण खराब फसलों की स्पैशल गिरदावरी करवाकर सभी किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए, आवारा पशुओं की रोकथाम की जाए, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि 6000 सालाना सभी किसानों को बिना शर्त दी जाए तथा जारी किए गए नोटिस वापस लिए जाएं, सभी बुजुर्गों को बिना शर्त बुढ़ापा पेंशन दी जाए व काटी गई पेंशन तुरंत बहाल की जाए, बिजली के निजीकरण पर रोक लगाई जाए, नगर निगमों में 5 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क की बढ़ोतरी वापस ली जाए। आम सभा में फैसला लिया गया कि फसल खराबा व अन्य मांगों को लेकर 25 फरवरी को उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार को ज्ञापन भेजा जाएगा। आम सभा को जिला अध्यक्ष सांगवान के अलावा उप प्रधान नैब सिंह व खंड प्रधान खिजराबाद अजमेर सिंह कड़कौली ने भी संबोधित किया व गांव की तरफ से मास्टर बलबीर सिंह ने सभी का धन्यवाद किया।

## हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा की बैठक में लिए आंदोलन के निर्णय की सूचना



(ऊपर से) बैठक में भाग लेते कर्मचारी (नीचे) रोडवेज जीएम को ज्ञापन सौंपते हुए।

**चरणबद्ध आंदोलन में 4 मार्च को होगा सभी डिपुओं पर दो घंटे विरोध प्रदर्शन**

यमुनानगर, 24 फरवरी (ओमपाहवा) : यमुनानगर डिपो में हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चाह्व की बैठक हुई, जिसमें सभी यूनियन के प्रधान राजिंदर कम्बोज, नन्द लाल कम्बोज, मुकेश पोसवाल , लीजा राम, राम करण सैनी ने मीटिंग की अध्यक्षता की । सचिव मिहपाल सौदे , संजीव सैनी, प्रदीप कुमार , अनिल कुमार ने मीटिंग का संचालन किया। जिसमें डिपो की समस्याओं बारे चर्चा की गई व एक मांग पत्र तैयर करके महाप्रबंधक को दिया गया । मांगे पूरी ना होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई। मीटिंग में सांझा मोर्चा के वरिष्ठ सदस्य फूल कुमार कम्बोज, मनिंदर सिंह व प्रताप सिंह भानवाला ने भी विशेष रूप से हिस्सा लिया। प्रदर्शन में सभी डिपुओं में मोर्चा के एक या दो प्रांतीय सदस्य उपस्थित रहेंगे। 13 मार्च को करनाल में मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय का घेराव व प्रदर्शन कर लिम्बत मांगों का ज्ञापन दिया जाएगा। सभी डिपुओं के कर्मचारी पुराने बस स्टैंड के पास कर्ण पार्क में सुबह 11 बजे पहुंचे। 28-29 मार्च को समस्त रोडवेज कर्मचारी राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भाग लेकर सभी बसों का पूर्ण चक्का जाम करेंगे। हड़ताल की सफलता के लिए मोर्चा की चार टीमें 14 मार्च से सभी डिपुओं में गेट मीटिंग करेंगी।

## चेन छीनने वाले को 5 साल की सजा

यमुनानगर, 24 फरवरी (ओमपाहवा) : महिला से चेन छीनने वाले गुलाब नगर जगाधरी निवासी तरु ण कुमार उर्फ पाता को कोर्ट ने सजा सुनाई है। सैशन जज दीपक अग्रवाल की कोर्ट ने पांच साल की सजा और 25 हजार का जुर्माना लगाया है। जुर्माना न देने पर पांच माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। बता दें 6 सितंबर 2021 को गांधी नगर थाना पुलिस ने इंद्र लोक स्ट्रीट निवासी निर्मला की शिकायत पर अज्ञात पर चेन छीनने का केस दर्ज किया था।

## 5 दिवसीय शिविर में छात्राओं को किया जागरूक

यमुनानगर, 24 फरवरी (ओमपाहवा) : राजकीय माध्यमिक विद्यालय बकाना में चल रहे 5 दिवसीय लाइफ स्किल डिवैल्पमैंट शिविर में कक्षा 6 से 8वी तक की छात्राओं ने भाग लिया। शिविर में छात्राओं को आत्म विश्वास बढ़ाना, बैंकिंग, डाकखाना, स्वास्थ्य, किशोर अवस्था में शरीर में होने वाले परिवर्तन, कुकिंग, ब्यूटी एंड वैलनेस, सेफ्टी एंड सिक्योरिटी आदि विषयों पर जागरूक किया गया। शिविर में सरकारी स्कूल चमरोडी के प्राध्यापक निर्मल सिंह ने छात्राओं को सेफ्टी एंड सिक्योरिटी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सभी को व्यक्तिगत, संपति व सूचना संबंधी 3 तरह की सुरक्षा के बारे में अवश्य पता होना चाहिए। जिसे छात्राओं ने ध्यान से सुना। मुख्याध्यापिका अनिता पुजारा ने छात्राओं को अपनी साफ-सफाई व पौष्टिक भोजन खाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने मुख्य अतिथियों का हार्दिक आभार प्रकट किया। इस अवसर पर निर्मल कुमार, अनिता पुजारा, प्रमोद कुमार, ऊषा रानी, नरेश कुमार आदि मौजूद रहे।



सरकारी स्कूल बकाना में आयोजित शिविर में बोलते वक्ता।

## नगर पालिका व फायर ब्रिगेड कर्मचारी आज उल्टे झाड़ू पकड़कर शहर में निकालेंगे रोष मार्च : प्रवेश परोचा

यमुनानगर, 24 फरवरी (ओमपाहवा) : नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा एवं अग्निशमन सेवा संघ के पदाधिकारियों ने आगामी आन्दोलनों की रूपरेखा तैयार करने के लिए नगर निगम संघ कार्यालय में एक आपातकालीन संयुक्त बैठक बुलाई, जिसकी अध्यक्षता शाखा प्रधान राजकुमार ससोली व संचालन शाखा सचिव प्रवेश परोचा ने किया। संघ कार्यालय में लगातार 3 घण्टे चली बैठक में नगर निगम के सभी सफाई दरोगाओं के साथ हुई विशेष चर्चा में सभी दरोगाओं ने सभी सफाई कर्मचारियों की हाजिरी 2 बजे नगर निगम कार्यालय गेट पर ही लेने का निर्णय लिया और यहीं से ही सभी सफाई कर्मचारी व फायर ब्रिगेड के दमकल कर्मचारी अपने अपने हाथों में उल्टे झाड़ू पकड़कर अपने बैनर झडों सहित शहर में जुलूस प्रदर्शन निकालकर हरियाणा की बीजेपी सरकार के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराएंगे। इसके इलावा नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर आगामी आन्दोलनों के चलते 2-3 मार्च को नगरपालिका व फायर ब्रिगेड के कर्मचारी संयुक्त तौर से निगम कार्यालय गेट पर दो दिवसीय क्र मिक भूख हड़ताल व 6 मार्च को हिसार में स्थित शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कमल गुप्ता के आवास के घेराव की तैयारियों के लिए पांच टीमों का गठन कर दिया गया है जोकि सुबह और दोपहर दोनो समय सफाई कर्मचारियों के बीच जाकर बीजेपी सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों की पोल खोलने का काम करेंगी और मंत्री के घेराव में बढ़चढ़कर जाने के लिए अपील भी करेंगी। वहीं बैठक में उपस्थित तमाम संघ नेताओं ने आंगनवाड़ी वर्कर्स एवं हैल्पर्स के आंदोलन का समर्थन करते हुए कहा कि कल आंगनवाड़ी वर्कर्स द्वारा बीजेपी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा के कार्यालय पर 24 घंटे का रात्रि पड़ाव डाला जाएगा, जिसमे नगरपालिका व फायर ब्रिगेड के कर्मचारी इनके समर्थन में उल्टा झाड़ू प्रदर्शन जुलूस लेकर इनके पड़ाव में पहुंचकर सरकार के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराएंगे। इस मौके पर वरिष्ठ उपप्रधान रोहताश, उपप्रधान जनकराज, कोषाध्यक्ष गुलजार अहमद इसके इलावा सफाई दरोगाओं में से श्रवण, जसबीर, रघुबीर, सुरेंद्र, रमेश, गुरविंदर, अशोक, राजू, प्रेमचंद, संतोष, फायर ब्रिगेड से रिंकु कुमार आदि बैठक में उपस्थित रहे।



बैठक में भाग लेते कर्मचारी। (रविंद्र)

## कोलॉज में शिवानी त्यागी व पीपीटी में दृष्टि ने मारी बाजी

यमुनानगर, 24 फरवरी (ओमपाहवा) : डीएवी गर्ल्स कालेज के कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन तथा वुमेन सेल की ओर से राष्टीय स्तरीय कोलॉज मेकिंग व पीपीटी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कालेज की कार्यवाहक प्रिंसीपल डॉ आभा खेतरपाल, कंप्यूटर साइंस विभाग अध्यक्ष डॉ रचना सोनी तथा वुमेन सेल कनवीनर डॉ मीनाक्षी सैनी ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम की अध्यक्षता की। प्रतियोगिता में हरियाणा व पंजाब के विभिन्न कालेजों से 50 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कोलॉज मेकिंग में डीएवी गर्ल्स कॉलेज के बीसीए अंतिम वर्ष की शिवानी त्यागी ने पहला, आईबी पीजी कॉलेज पानीपत के रोहित जोशी ने दूसरा तथा डीएवी कॉलेज बानीखेत के अभिषेक ठाकुर ने तीसरा स्थान अर्जित किया। पीपीटी प्रतियोगिता में गीता इंजीनियरिंग कॉलेज पानीपत की दृष्टि ने पहला, आर्य कन्या महाविद्यालय शाहबाद की सुमेधा ने दूसरा तथा गुरू नानक खालसा कालेज यमुनानगर के दिपांशु जावला ने तीसरा स्थान अर्जित किया। निर्णायक मंडल में डॉ अलका, डॉ योगिता, विकास वालिया व डोली लांबा शामिल रहीं। विजेता प्रतिभागियों को ई-सर्टीफिकेट व नगद राशि प्रदान की गई। कार्यक्र म को सफल बनाने में डॉ मीनू गुलाटी, पूजा सिंदवानी, नेहा कांबोज व किरण त्यागी ने योगदान दिया।

## न्यूज गैलरी

### कर्मचारियों की हुई वार्षिक रिव्यू मीटिंग

**यमुनानगर (ओमपाहवा)** : सिविल सर्जन यमुनानगर डा. विजय दहिया की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग में रैफरल ट्रांसपोर्ट (एम्बूलैंस) के कर्मचारियों की वार्षिक रिव्यू मीटिंग जिला ट्रेनिंग सैन्टर यमुनानगर में की गई। इस अवसर पर सिविल सर्जन डा. विजय दहिया के द्वारा रैफरल ट्रांसपोर्ट के कर्मचारियों के करोना काल की आपदा में किए गए उनके योगदान के लिये सरकार व स्वास्थ्य विभाग की तरफ से उन्हे मोमेन्टो एंव सर्टीफिकेट देकर पुरस्कृत करके उनको प्रोत्साहित किया। सिविल सर्जन डा. विजय दहिया ने स्टाफ को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कोरोना आपदा के समय जब कोरोना मरीज के साथ उसके परिवार वाले / रिश्तेदार नहीं थे, तब रैफरल ट्रांसपोर्ट स्टाफ द्वारा अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करते हुए उनको स्वास्थ्य सेवाऐं उपलब्ध करवाई। इस अवसर पर सिविल सर्जन यमुनानगर द्वारा बताया गया कि रैफरल ट्रांसपोर्ट विभाग जिला यमुनानगर में कुल 28 एंबुलैंस चलायी जा रही है जिनमें से 6 एंडवास लाईफ सपोर्ट एम्बूलैंस, 12 बेसिक लाईफ सपोर्ट, 9 पेंषन ट्रांसपोर्ट एम्बूलैंस, 1 हर्ष वैन जिला यमुनानगर में कार्यरत है जिनके द्वारा मरीजो को आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाऐं दी जा रही है। विभाग की इस उपलब्धि के लिये जिला यमुनानगर का रैफरल ट्रांसपोर्ट विभाग पूरे हरियाणा में दूसरे स्थान पर रहा जिनमें तकरीबन 5200 गर्भवती महिलाऐं व रोड साईड एक्सीडैंट के दुर्घटनाग्रस्त मरीज 2300 थे एंव 7600 गंभीर मरीजों को एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल मे षिफट किया गया। इस अवसर पर रैफरल ट्रांसपोर्ट के विभागीय अध्यक्ष डा. दीपिका गुप्ता, जिला फलीट मैनेजर एंव समस्त रैफरल ट्रांसपोर्ट उपस्थित रहें।



मीटिंग में सम्मानित करते सिविल सर्जन।

### आंगनवाड़ी वर्कर्स एवं हेल्पर्स डालेगी बीजेपी विधायक के कार्यालय पर 24 घंटे का रात्रि पड़ाव

**यमुनानगर,(ओमपाहवा)** :आंगनवाड़ी वर्कर्स एंड हेल्पर्स ने डब्बा कलेक्शन करके आईटीआई के पास बाजार की दुकानों के अंदर से मांगी आर्थिक सहायता आंगनवाड़ी वर्कर हेल्पर ने खोली सरकार की पोल तालमेल कमेटी के आह्वान पर आंगनवाड़ी वर्कर एवं हेल्पर्स यूनियन का धरना प्रदर्शन 79 वें दिन भी जारी रहा। इस प्रदर्शन की अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान दयावती व संचालन उपप्रधान सुनीता सुघ ने किया। इस प्रदर्शन को विशेष रूप से अपना समर्थन देने के लिए विधायक बीएल सैनी भी पहुंचे और उन्होंने यूनियन को अपनी तरफ से आर्थिक सहयोग भी किया मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार अपने ही किये वायदों को पूरा नही कर रही है जिसकी हम कड़े शब्दों में निंदा भी करते हैं और आपकी माँगो में आने वाले विधान सभा सत्र में आवाज भी उठाएंगे।वही जिला प्रधान रेखा सैनी ने भी अपने संबोधन में कहा कि हमारी हड़ताल को 79 दिन हो गए हैं ।


### भारतीयों का लोकतांत्रिक व्यवस्था, प्रौद्योगिकी में अटूट विश्वास बढ़ा : कटारिया

**यमुनानगर (ओमपाहवा)** : पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री व अंबाला लोकसभा सांसद रतनलाल कटारिया ने बताया कि भारत एक मजबूत लोकतांत्रिक देश है, जिसने मानव जाति के हितों को सुरक्षित रखने की दिशा में ठोस कदम बढ़ाया। इससे भारतीयों का लोकतांत्रिक व्यवस्था, प्रौद्योगिकी में अटूट विश्वास बढ़ा है। रतन लाल कटारिया ने कहा कि भारत विश्व आपूर्ति शृंखला में दुनिया का भरोसेमंद साझीदार बनने के लिए कदम बढ़ा रहा है, भारत कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों की राह पर चल रहा है।

## मेहनत कर खुद लड़की ने अपनी शादी के लिए जुटाया सामान, घर में लगी आग

यमुनानगर, 24 फरवरी (ओमपाहवा) : एक महीने बाद घर में बेटी की शादी और बेटी ने खुद शादी का सामान मेहनत कर जुटाया। घर में करीब साढे आठ बजे सुबज आग लग गई। जिससे घर का सामान व बेटी की शादी का सामान जलकर राख हो गया। आस पास के लोगों ने घर में आग लगी देखी तो सूचना दमकल विभाग को दी। जब तक दमकल विभाग की गाड़ियां आई तो आस पास के लोगों ने बाल्टियों से आग बुझाने का प्रयास किया। उसके बाद दमकल विभाग की गाडियों ने आग पर काबू पाया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

केशर नगर निवासी मीना देवी ने बताया कि उनका पूरा परिवार काम पर गया हुआ था। अचानक घर से धुआ निकलना शुरू हो गया। आस पास के लोगों ने देखा कि घर से आग की लपटे उठ रही है। वह घर पर आए तो घर बुरी तरह आग में चल रहा था। उन्होंने सूचना दमकल विभाग को दी। आस पास के लोगो ने बाल्टियों से आग बुझाने की कोशिश की। सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। जब तक आग बुझी तो सामान जल कर राख हो चुका था। घर में करीब दो से ढाई लाख रूपये का नुक्सान बताया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बेटी की शादी का सामान रखा था। अगले माह बेटी की शादी है। बेटी ने शादी का सामान खुद की मेहनत से जोडा था, जो जलकर राख हो गया।



घर में जला सामान दिखाता युवक।

वरदान अस्पताल के संचालक डा. राजेश बंसल ने 98 वर्ष की बुर्जुग महिला का कर दिया जटिल आप्रेशन

# परिवार ने कहा, सब जगह से मायूसी हाथ लगी, डा. राजेश बंसल ने कर दिया कमाल

यमुनानगर, 24 फरवरी (ओमपाहवा) : कहवात है कि डाक्टर भगवान का रूप होते है। ऐसा ही कमाल वरदान अस्पताल के संचालक डा. राजेश बंसल ने करके दिखाया है। परिवार को हर जगह से अपनी मां को बचाने के लिए मायूसी हाथ लगी। लेकिन डा. राजेश बंसल ने 98 वर्ष की बुजुर्ग महिला का आपरेशन कर उसकी जान बचा दी। परिवार की खुशी का ठीकाना नहीं रहा। उन्होंने डा. राजेश बंसल का धन्यावाद किया है। इस जिटल आप्रेशन के बाद बुजुर्ग महिला बिल्कुल ठीक है। उसकी हालात ठीक होने पर डाक्टरों ने भी राहत की सांस ली है।

वरदान अस्पताल के संचालक डा. राजेश बंसल ने बताया कि उसके पास हिमाचल प्रदेश के पौटा साहिब के गांव टोक्यो से 98 वर्ष की बुजुर्ग महिला महन्ती देवी आई। बुजुर्ग महिला की हालत काफी नाजुक बनी हुई थी। उसके पित्ते में पित्थरां थी। इसके अलावा उसके पित्ते की नली में पत्थरी फंस गई। जिस कारण बुजुर्ग महिला को पीलिया भी हो गया था। वह बुजुर्ग महिला को लेकर कई जगह गए, लेकिन सभी डाक्टरों ने इलाज करने से मना कर दिया। क्योंकि बुजुर्ग महिला काफी कमजोर थी और उनकी आयु भी ज्यादा थी। किसी ने उन्हें वरदान अस्पताल जाने की सलाह दी तो वह डा राजेश बंसल के पास आए। डा ने जांच के बाद अपनी टीम को तैयार कर बुजुर्ग महिला का ओपरेशन कर दिया। उसके बाद बुजुर्ग महिला की हालत में अब काफी सुधार है। उन्होंने बताया कि इस आयु में कोई भी डाक्टर रिस्क नहीं लेता, लेकिन उन्होंने बुजुर्ग महिला का आपरेशन सफल कर दिया। अभी बुजुर्ग महिला अस्पताल में दाखिल है। बुजुर्ग महिला के बेटे सतीश कुमार ने बताया कि वह हिमाचल प्रदेश के रहने वाले है, लेकिन उनकी मां की आयु काफी ज्यादा थी।

वह चाहते थे कि उनकी मां उनके बीच में रहे, अब वह बिल्कुल ठीक है और वह डा राजेश बंसल का धन्यावाद करते है कि उन्होंने उनकी मां की जान बचाई है। बुजुर्ग महिला के दोनों आप्रेशन एक साथ किए गए। यह आपरेशन दूरबीन द्वारा हुए।



जानकारी देते डा. राजेश बंसल व आप्रेशन के बाद बुजुर्ग महिला।

## राशिफल 25-2-2022 (शुक्रवार)

**मेष**
बुद्धि से काम लेने पर हर काम में सफलता, समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा, पढ़ने-पढ़ाने में दिलचस्पी बढ़ेगी,परिवार में खुशी का माहौल रहेगा, कोई विशेष घटना घट सकती है।

**वृषभ**
तरक्की में अड़चन, प्रेम संबंधों में कड़वाहट से मन परेशान रहेगा, सरकारी पक्ष से सहयोग मिलेगा, दुश्मन नुक्सान पहुंचाने का प्रयास करेंगे, मान-सम्मान पर आंच आ सकती है।

**मिथुन**
समस्याएं हल होने की ओर, किसी से गलतफहमी दूर होगी, बड़ों की सलाह से किया काम फायदेमंद, महत्वपूर्ण योजना पर काम शुरू होगा, अदालती कामों में सफलता मिलेगी।

**कर्क**
आपका आखिरी निर्णय आपके हित में होगा, किसी विशेष घटना के घटित होने का योग, समाज सेवा में रुझान बढ़ेगा, धर्म-कर्म के काम में मन लगेगा, तीर्थ स्थल की यात्रा करनी पड़ सकती है।

**सिंह**
सोच-विचार ज्यादा करने से सोचा हुए काम में देरी, पारिवारिक संबंधों में दरार, बहसबाजी करने से तनाव, बिना कारण यात्रा पर खर्च होगा, विश्वासघात मिलने की आशंका, सजगता जरूरी।

**कन्या**
पूरा दिन आपके पक्ष में, पारिवारिक जीवन में सुख-शांति का वातावरण, परिवार में शुभ कार्य करने की योजना बनेगी, रुका हुआ धन मिल सकता है, धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग बन रहा है।

**तुला**
बनते कामों में रुकावटें उत्पन्न होंगी, काम में हाथ डालने पर निराशा का सामना करना पड़ेगा, खानपान में लापरवाही से सेहत का नुक्सान होने की आशंका, कर्ज अदा करने की चिंता प्रभावी रहेगी।

**वृश्चिक**
रोग की समाप्ति, कारोबार में तरक्की के रास्ते खुलेंगे, किसी से पुराना बैर समाप्त होगा, कर्ज का निपटारा करने में सफलता, मित्रों के सहयोग से हालात अपने पक्ष में कर पाएंगे।

**धनु**
कई कामों में हालात अनुकूल रहेंगे, किसी बड़े के सहयोग से कारोबार में लाभ होगा,धन जमा करने का रुझान पैदा होगा, प्रतियोगी परीक्षा में सफलता, बच्चों की ओर से प्रसन्नता रहेगी।

**मकर**
कारोबार में लगाए धन का लाभ अब मिलेगा, उच्च अधिकारियों से संपर्क का लाभ, किसी के सहयोग से बकाया धन मिल सकता है, व्यापार एवं कारोबार में फायदा होगा।

**कुंभ**
किसी मंगल कार्य में शामिल होने का मौका मिलेगा, अच्छे काम से समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा, व्यापार से संबंधित यात्रा का लाभ मिलेगा, बाहरी खानपान से स्वास्थ्य प्रभावित होगा।

**मीन**
हालात आपको सोच के उलट, पारिवारिक जीवन में तनाव रहेगा, यात्रा करने पर कष्ट का सामना करना पड़ेगा, धन के मामले पर किसी से विश्वासघात हो सकता है, सावधान रहें।

### सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | | | | 8 | 4 |
| | 3 | 5 | | | 9 | | | |
| | | | 8 | 5 | | | 7 | |
| | | 4 | 3 | | | | | |
| | 9 | | 7 | | 2 | | 3 | |
| | | | | | 6 | 8 | | |
| | 4 | | | 2 | 5 | | | |
| | | | 9 | | | 4 | 2 | |
| 7 | 5 | | | | | 1 | | |

### सुडोकू- कल का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 1 | 7 | 5 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 4 | 3 | 2 | 9 | 5 |
| 5 | 4 | 9 | 8 | 6 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 6 | 2 | 5 | 9 | 4 | 8 | 3 | 7 |
| 4 | 7 | 5 | 6 | 3 | 8 | 9 | 1 | 2 |
| 3 | 9 | 8 | 2 | 7 | 1 | 5 | 6 | 4 |
| 6 | 2 | 3 | 9 | 1 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 8 | 1 | 4 | 3 | 2 | 7 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 2 | 3 |

आड़े, खड़े व 3x3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। पहेली के एक से अधिक हल हो सकते हैं।

**डा. अनूप अबरोल** (होम्योपैथ, ज्योतिष एवं वास्तु विशेषज्ञ) 27/13, सैंट्रल टाऊन, जालंधर-144001 मो. 98155-52299, फोन-0181-4612299




विक्रमी संवत 2078, शके 1943, उत्तरायन, दक्षिणगोल, शिशिर ऋतु, फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष की नवमी तत्पश्चात दशमी ज्येष्ठा नक्षत्र तत्पश्चात सिद्धि योग वृश्चिक में चंद्रमा तत्पश्चात धनु में।

राहुकाल: प्रात: 10.30 से दोपहर 12.00 बजे तक।

# कुरुक्षेत्र सवेरा

दैनिक सवेरा टाइम्स

## न्यूज गैलरी

## संवैधानिक अधिकार ही नहीं कर्तव्यों को भी जाने : जेएम काशीपति



विद्यार्थियों को संबोधित करते विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के संगठन मंत्री जे.एम.काशीपति।

**कुरुक्षेत्र (जसबीर दुग्गल) :** गीता निकेतन आवासीय विद्यालय में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के संगठन मंत्री जे.एम.काशीपति का विद्यालय में प्रवास हुआ। इस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रजविलत कर किया गया। विद्यालय के प्राचार्य नारायण सिंह द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित विद्या भारती उत्तर क्षेत्र के उपाध्यक्ष सुरेन्द्र अत्री का संगठन मंत्री रवि से भी परिचय करवाया। काशीपति द्वारा कहा गया कि संविधान केवल पढने के लिए नहीं है उसको समझने की आवश्यकता भी है। कार्यक्रम में संविधान की उद्देशिका में वर्णित शब्द संपूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक, गणराज्य, न्याय, स्वतंत्रता, समता शब्दों के अर्थ विस्तार सहित छात्रों के साथ सांझा किए गए। इसके साथ-साथ विद्यार्थी अधिकार के साथ कर्त्तव्यों के निर्वहन की प्रवृत्ति को अपनाकर जनकल्याण की भावना से परिपूर्ण हो, यह भाव भरते हुए छात्रों को प्रेरित किया गया। विशिष्ट अतिथि काशीपति ने विद्यार्थियों को संविधान की विशेषताओं से अवगत करवाते हुए बताया कि हमारा संविधान विश्व का सबसे बडा संविधान है तथा यह हस्तलिखित दस्तावेज है। कार्यक्रम में प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष रमेश गुलाटी, सदस्य सुभाष बंसल व ममता सचदेवा उपस्थित रहे।

## प्रभातफेरी में जमकर झूमे श्रद्धालु



प्रभातफेरी के आयोजक परिवार को स्मृति चिंह भेंट करते गणमान्य।

**शाहाबाद मारकंडा (कुलवंत शर्मा) :** श्री मारकंडेश्वर शिव मंदिर सभा द्वारा महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में निकाली जा रही प्रभातफेरियों की शृंखला में गुरुवार की प्रभातफेरी वीरेंद्र मनचंदा द्वारा आयोजित करवाई गई। प्रभातफेरी का आरंभ अजय मोंगा ने ओम नम:शिवाय के जाप व प्रदीप करावा ने गणेश वंदना से किया। भजन मंडली में रवि राज, गौरव ढुकराल, अमति विरमानी, गुलशन मयूर, शिवम भोंसलें, अवशीष शर्मा, मोहित शर्मा, अंकुश गोयल ने भगवान शिव के सुंदर-सुंदर भजन प्रस्तुत किए। पूजा-अर्चना पं. महावीर प्रसाद द्वारा करवाई गई। मंच का संचालन विजय शर्मा ने किया। मंदिर सभा द्वारा प्रभातफेरी के आयोजक परिवार को विधायक रामकरण काला, पूर्व नपा प्रधान हरीश कवातरा, पूर्व नपा उपप्रधान गुलशन कवातरा, मंदिर सभा के प्रधान जगमोहन मनचंदा द्वारा स्मृति चिंह भेंट किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता वीरेंद्र बिंदा, त्रिलोचन हांडा, अशोक आहुजा, राजेश चावला, सोनिया मंहत, विकास सचदेवा, सन्नी मुल्तानी, संजीव गुलाटी, अनुराग चोपड़ा, हिना मयंक तुली, अंकुश धवन, निखिल मेंहदीरत्ता, ललित अरोड़ा सहित श्रद्धालु उपस्थित थे।

## बच्चों ने किया चौधरी देवीलाल हर्बल पार्क का भ्रमण



बच्चें हर्बल पार्क का भ्रमण करते हुए। (डिम्पी)

**लाडवा (नरेश गर्ग) :** लाडवा के गांव प्रहलादपुर के भारत इंस्टीच्यूट ऑफ कार्मेसी डिगरी कोर्स के बच्चों को औषधीय पौधों के बारे में जानकारी देने के लिए गुरुवार को चौधरी देवीलाल हर्बल पार्क, जिला यमुनानगर में भ्रमण करवाया गया। डा. सुरेश कुमार ने बताया कि हर्बल गार्डन में गिलोय, आंवला, तुलसी, एलोवीरा, लैमन, लेमनग्रास, अश्वगंधा, स्टीविया, इंसुलिन, कड़ी पत्ता, नीम, सदाबहार व सोहांजना आदि औषधीय गुणों वाले पौधे लगाए गए है। हरेक पौधे की जानकारी के लिए बकायद, नेम प्लेट भी लगाई गई है और औषधीय चिकित्सा और पर्यावरण शुद्धिकरण के लिए कई रोचक जानकारियां बच्चों को दी गई। वहीं उन्होंने कहा कि हर्बल गार्डन के पुनर्जीवन से जहां छात्र-छात्राओं को शिक्षण व शोध कार्य में लाभ मिलेगा। वहीं परिसर की सुंदरता को भी चार चांद लगेंगे। उन्होंने बताया कि हर्बल गार्डन के पूरी तरह से विकसित होने के बाद कालेज का वातावरण तो अच्छा होगा ही साथ ही बच्चों को इन पौधों के बारे में जानने और समझने का भी मौका मिलेगा।

## डा. देसराज सपड़ा को मिला मरणोपरांत एसएमएच बर्नी सम्मान अवॉर्ड



स्व. डा. देसराज सपड़ा के पुत्र मुख्यमंत्री से अवॉर्ड प्राप्त करते।

शाहाबाद मारकंडा, 24 फरवरी (कुलवंत शर्मा) : उर्दू भाषा के माध्यम से संस्कृति को जन-जन तक पहुंचानें व उर्दू भाषा में अनेक पुस्तकें लिखने वाले डा. देसराज सपड़ा को मरणोपरांत एसएमएच बर्नी सम्मान अवॉर्ड से नवाजा गया। हरियाणा उर्दू अकादमी पंचकुला द्वारा आयोजित कार्यक्रम में गुरूवार को यह अवॉर्ड मुख्यमंत्री मनोहरलाल द्वारा डा. सपड़ा के पुत्र राजीव, राकेश व दीपक सपड़ा को दिया गया।

गौरतलब है कि डा. सपड़ा को प्रदेश सरकार द्वारा पहले भी अनेकों अवॉर्डी से नवाजा गया है। इस अवॉर्ड के तहत उन्हें ? लाख रूपये की सम्मान राशि, स्मृति चिंह एवं प्रशिस्त पत्र दिया गया। डा. सपड़ा हरियाणा उर्दू अकादमी के पूर्व में निदेशक रह चुके है। उन्होंने उर्दू भाषा के विकास के लिए उर्दू में इसलाहा जबान की तहरीके, हरियाणा का उर्दू अदब, सामाया उर्दू, खजाना अदब पुस्तकें लिखी है। डा. सपड़ा ने कई विश्वविद्यालयों, सैमिनारों में अपने पेपर पढ़े है। इससे पूर्व भी डा. सपड़ा को भाषा विभाग पंजाब, उत्तरप्रदेश उर्दू अकादमी, बिहार उर्दू अकादमी, दिल्ली उर्दू अकादमी द्वारा भी पुरस्कृत किया जा चुका है। मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव कृष्ण बेदी, शुगरफैड के चेयरमैन एवं विधायक रामकरण काला, पूर्व नपा प्रधान बलदेवराज चावला, पूर्व नपा प्रधान हरीश कवातरा, उद्योगपति संदीप गर्ग, विधायक के राजनीतिक सलाहकार विष्णु भगवान गुप्ता, श्री मारकंडेश्वर मंदिर के प्रधान ऋषि गंभीर, रोटरी क्लब के प्रधान राजकुमार गर्ग, नई अनाज मंडी के प्रधान स्वर्णजीत सिंह कालड़ा, पूर्व नपा उपप्रधान गुलशन कवातरा, पूर्व पार्षद ललित भार्गव, हैल्पर्स सोसायटी के प्रधान तिलकराज अग्रवाल ने डा. सपड़ा को उनकी उपलिब्धयों के लिए अवॉर्ड दिए जाने पर सरकार की सराहना की।

# मुख्यमंत्री ने डॉ. महासिंह पूनिया को जनकवि मेहर सिंह पुरस्कार से किया सम्मानित



डा. महासिंह पूनिया को सम्मानित करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

कुरुक्षेत्र, 24 फरवरी (जसबीर दुग्गल) : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टीच्यूट आफ इन्टीग्रेटिड एंड आनर्स स्टडीज के हिंदी विभागाध्यक्ष तथा युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक डॉ. महा सिंह पूनिया को हरियाणा साहित्य अकादमी की ओर से 2 लाख रुपए का जनकवि मेहर सिंह पुरस्कार 2017 से हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा टैगोर थियेटर, चंडीगढ़ में पुरस्कृत किया। इस उपलिब्ध के लिए कुरु क्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफैसर सोमनाथ सचदेवा ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह कुरु क्षेत्र विश्वविद्यालय के लिए बड़े हर्ष का विषय है कि डॉ. महा सिंह पूनिया ने हरियाणा लोक साहित्य एवं संस्कृति को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पर पहुंचाने में अहम योगदान दिया है। कुवि कुलसचिव डॉ. संजीव शर्मा ने भी डॉ. महासिंह पूनिया को 2 लाख रुपये का जनकवि मेहर सिंह पुरस्कार मिलने पर बधाई दी। उल्लेखनीय है कि हरियाणा लोक साहित्य एवं संस्कृति के क्षेत्र में डॉ. महा सिंह पूनिया ने महत्वपूर्ण योगदान देकर धरोहर हरियाणा संग्रहालय की स्थापना की।

इसके अतिरिक्त लोक साहित्य एवं संस्कृति पर उनकी 1 दर्जन से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हैं। उन्होंने विश्व के मलेशिया, थाईलैंड, तुर्की, आस्ट्रिया, इंग्लैण्ड, चेक गणराज्य, वियतनाम, स्लोवाकिया, हंगरी, उज्बेकिस्तान, ग्रीस, बुल्गारिया आदि देशों में हरियाणवी संस्कृति का परचम लहराया है। इसके अतिरिक्त डॉ. पूनिया देश भर में 1 दर्जन से अधिक संग्रहालयों के सलाहकार के रूप में कार्य कर चुके हैं। उनके राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय रिसर्च जनरल में लोक संस्कृति एवं साहित्य पर 50 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं। उन्होंने साहित्य एवं संस्कृति सेवा के क्षेत्र में हरियाणा की पहचान विश्व पटल पर स्थापित की है। डॉ. पूनिया ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल एवं साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. चन्द्र त्रिखा का जनकवि मेहर सिंह पुरस्कार 2017 देने पर आभार व्यक्त किया।

## श्रीकृष्णा आयुष विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद में तीन नए सदस्य नियुक्त

कुरु क्षेत्र, 24 फरवरी (जसबीर दुग्गल) : श्री कृष्णा आयुष विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद में तीन नए सदस्य को शामिल किया गया है। वीरवार को कुलपति डॉ. बलदेव कुमार ने सदस्यों को नियुक्ति पत्र दिये। श्रीकृष्णा आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं अस्पताल में पंचकर्म विभाग के एचओडी प्रो. डॉ. आशीष मेहता को एक साल, कौमारभृत्य विभाग के सहायक प्रो. डा. अमति कटारिया दो और सहायक कुलसचिव अतुल गोयल को एक साल के लिए सदस्य बनाया गया है। कुलपति डॉ. बलदेव कुमार ने नवगठित सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की उन्नित व प्रगति के लिए समय-समय पर समितियों का पुनर्गठन और नए सदस्यों को शामिल किया जाता है। यह एक नियोजित प्रक्रिया है। जिन नए सदस्यों को कार्यकारी परिषद को शामिल किया गया है। तीनों ही सदस्य अनुभवी होने के साथ-साथ कर्मशील है।

## आयुष विवि की रिसर्च और एथिक्स कमेटी का हुआ पुनर्गठन

कुरु क्षेत्र, 24 फरवरी (जसबीर दुग्गल) : श्रीकृष्णा आयुष विश्वविद्यालय में रिसर्च और एथिक्स कमेटी का साल 2022-23 के लिए पुनर्गठन कर दिया गया है। कुलपति डॉ. बलदेव कुमार के आदेशानुसार इसके दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इस रिसर्च कमेटी में चेयरमैन के साथ 22 सदस्य को शामिल किया गया है। जिसमें 4 नए सदस्यों को नियुक्त किया गया है। इसके साथ एथिक्स कमेटी के चेयरमैन नैतिक और पंजीकरण बोर्ड भारतीय चिकित्सा प्रणाली के अध्यक्ष प्रो. वैद्य राकेश शर्मा को बनाया गया है। एथिक्स कमेटी में कुल 11 सदस्य हैं। सभी सदस्यों को नियुक्ति पत्र जारी कर दिए गए हैं। कुलपति डॉ. बलदेव कुमार ने बताया कि यूनिविर्सटी रिसर्च कमेटी विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा किए जा रहे शोध कार्यों की देखरेख करती है। विश्वविद्यालय में चल रहे शोध कार्यों को सहमति प्रदान करना नियामक संस्था का कार्य है। इस बार कमेटी में चार नए सदस्य डॉ. ओम प्रकाश चौधरी, एडवोकेट प्रदीप कुमार शर्मा कानून विशेषज्ञ, फाइनेंस ऑफिसर संजीव मेहता, शोधकर्ता प्रो. अरुण गुप्ता और प्रो. नीरज आर. शर्मा को नियुक्ति किया गया है। 18 सदस्य पुरानी कमेटी से ही लिए गए हैं। जिनमें डीन एकेडमिक अफेयर्स डॉ. शंभू दयाल, डॉ. रजनीकांत, डॉ. देवेंद्र खुराना, डॉ. एसडी शर्मा, डॉ. दिप्ति पराशर, डॉ. बीएस संधु, डॉ. आशीष मेहता, डॉ, एसएन गुजरावर, डॉ. अनिल शर्मा, डॉ. सीमा रानी, डॉ. राका जेन, डॉ. सतीश वत्स, डॉ. जेके पांडा, डॉ. विदूषी त्यागी, डॉ. आशु विनायक और डॉ. बीएस तोमर हैं। विश्वविद्यालय में किसी भी प्रकार के शोध या थिसिस से संबंधित कार्य होते हैं तो उस पर पहले एथिक्स कमेटी ही समीक्षा करती है। इस कमेटी से पास होने के बाद ही रिसर्च से संबंधित काम किये जा सकते हैं।

## नगरपालिका प्रधान पद के इच्छुक उम्मीदवारों ने की तैयारियां तेज

- **अप्रैल माह में संभावित है नगरपालिका के चुनाव**



नगरपालिका प्रधान पद के इच्छुक दावेदारों का पर्सनैल्टि फोटो।

शाहाबाद मारकंडा, 24 फरवरी (कुलवंत शर्मा) : चुनाव आयोग द्वारा अप्रैल माह में नगरपालिका व नगर परिषद् के चुनावों को करवाने का समाचार मिलते ही नगर के प्रधान पद के इच्छुक उम्मीदवारों ने अपनी तैयारियां तेज कर दी है। गौरतलब है कि सरकार द्वारा इस बार नगरपालिका प्रधान पद के चुनाव सीधे तौर पर होने है, जिसको लेकर पूर्व नगरपालिका प्रधान हरीश कवातरा व पूर्व नगरपालिका उपप्रधान डा. गुलशन कवातरा, पूर्व नपा उपप्रधान पं. टेकचंद, पूर्व पार्षद ललित भार्गव, पूर्व पार्षद नीलम साहनी, पूर्व सरपंच विष्णु भगवान गुप्ता, पूर्व पार्षद तिलकराज अग्रवाल, अधिवक्ता कुलवंत राय शर्मा, राकेश बैंस ने पिछले काफी समय से अपने जनसम्पर्क अभियान चलाए हुए है।

यहां बता दें कि प्रदेश में गठबंधन की सरकार होने के कारण भाजपा व जजपा के उम्मीदवारों व उनके समर्थकों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। बात करें भाजपा की तो भाजपा से पूर्व पार्षद तिलकराज अग्रवाल व अधिवक्ता कुलवंत राय शर्मा फिलहाल अपनी दावेदारी कर रहे है। इसी तरह जजपा से पूर्व नपा उपप्रधान डा. गुलशन कवातरा व पूर्व सरपंच और विधायक के राजनीतिक सलाहकार विष्णु भगवान गुप्ता अपनी दावेदारी कर रहे है। कांग्रेस पार्टी में बड़े नेताओं की कलह हल्का व नगर स्तर पर भी साफ दिखाई दे रही है। पूर्व विधायक अनिल धंतौड़ी के समर्थन से फिलहाल पूर्व पार्षद ललित भार्गव का नाम सामने आ रहा है। जबकि हुड्डा खेमे से पूर्व नपा प्रधान हरीश कवातरा प्रबल दावेदार माने जा रहे है। जबकि पूर्व नपा उपप्रधान पं. टेकचंद, प्रधान पद के लिए एकमात्र महिला पूर्व पार्षद नीलम साहनी व भारतीय किसान यूनियन के प्रैस प्रवक्ता राकेश बैंस बिना किसी पार्टी के समर्थन से चुनाव मैदान में उतरने के लिए तैयार है। चुनावों की तैयारियों को लेकर सभी उम्मीदवार नगर में हो रहे धार्मिक व सामाजिक आयोजनों में बढ़चढ़ कर भाग ले रहे है। लोगों की माने तो इस बार का नगरपालिका प्रधान पद का चुनाव दिलचस्प होगा।

## एक को सोहन तालाब मंदिर में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में किया जाएगा जल विसर्जन

लाडवा, 24 फरवरी (नरेश गर्ग) : लाडवा के सोहन तालाब मंदिर एकादश रूद्र तीर्थ में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में जल विसर्जन व खिचड़ी वाले श्री साध जी महाराज का 27वां विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मोहतमीम व मुन्तजीम कृष्ण कुमार ने बताया कि महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में मंदिर परिसर में एक मार्च दिन मंगलवार को सुबह चार बजे से जल विसर्जन व दो मार्च दिन बुधवार को दोपहर 12 बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## गोपाल मेहरा ने ब्लॉक समिति चुनाव पार्टी चिन्ह पर लड़ने के लिए ठोकी ताल



नए सदस्यों का पार्टी में स्वागत करते आप नेता गोपाल मेहरा।

कुरु क्षेत्र, 24 फरवरी (जसबीर दुग्गल) : आम आदमी पार्टी कुरुक्षेत्र एससी सेल के जिला सचिव एवं श्रम सेना के जिलाध्यक्ष गोपाल मेहरा ने वार्ड नंबर 6 से ब्लॉक समिति का चुनाव लड़ने के लिए ताल ठोंक दी है। अपने निवास सुनहेडी खालसा में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में सर्वसम्मति से लिए फैसले के बाद उन्होंने बताया कि वे यह चुनाव पार्टी के निर्देशानुसार पार्टी के चुनाव चिन्ह पर लड़ेंगे। मेहरा ने बताया कि बैठक में जिला परिषद, ब्लॉक समिति और सरपंच पदों के लिए होने वाले चुनाव के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। सभी पदाधिकारियों ने विचार रखे कि चुनाव में जातिवाद से ऊपर उठ कर अच्छी और विजयी छवि वाले उम्मीदवार उतारे जाएं। उम्मीदवार तय करने की ड्यूटी पार्टी जिलाध्यक्ष मेवा राम आर्य, संगठन मंत्री पिहोवा मनीष सहरसा, रविंद्र नलवी और गोपाल मेहरा की लगाई गई है। मेहरा ने बताया कि जिला परिषद, ब्लॉक समिति और सरपंच पद के चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवार पार्टी के उपरोक्त पदाधिकारियों के समक्ष अपना दावा प्रस्तुत कर सकते हैं।

## युवाओं को तंदुरुस्त रहने और शारीरिक व्यायाम को जीवन में अमल में लाने हेतु किया प्रेरित



युवाओं को संबोधित करते वक्ता।

कुरु क्षेत्र, 24 फरवरी (जसबीर दुग्गल) : नेहरू युवा केंद्र कुरु क्षेत्र एव युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा स्वास्थ्य, सकारात्मक जीवन शैली और फिट इंडिया पर युवाओं को प्रशिक्षण कार्यक्रम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मथाना में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लेखा और कार्यक्रम सुपरवाइजर कांता देवी ने की। उन्होंने युवाओं को तंदुरुस्त रहने और शारीरिक व्यायाम को जीवन में अमल में लाने हेतु प्रेरित किया तथा यह बताया कि यदि आप चाहते हैं कि आपका जीवन बेहतर तरीके से बीते यानि यदि आप अपने जीवन को बेहतर बनाना चाहते हैं तो उसके लिए जरूरी हैं खुद को फिट रखना। लेकिन आजकल की दौड-भाग वाली जिंदगी में लोगों को खुद को फिट रखने के लिए समय ही नहीं होता है। भारत में आज जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां बढ़ी हैं और उससे युवा भी प्रभावित हो रहे हैं। डायिबटीज और हाइपरटेंशन के मामले बढ रहे हैं और यहां तक की भारत में बच्चों में भी यह बीमारियां देखने को मिल रही हैं। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी शैलेंद्र द्वारा युवाओं को एड्स के मुख्य विषय पर जानकारी प्रदान की गई। इसके बाद व्यक्तिगत स्वच्छता पर डॉ सिंधु द्वारा युवाओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक मनप्रीत कौर, सुखचैन, सुरेश सैनी, विजेता, गुरजीत आदि की मुख्य भूमिका रही।

## न्यूज गैलरी

## भगवान श्री कृष्ण ने माता यशोदा को मुंह में दिखाया ब्रह्मांड : कृष्ण प्रिया दासी



श्रद्धालुओं पर ज्ञान वर्षा करती कृष्ण प्रिया दासी।

**शाहाबाद मारकंडा (कुलवंत शर्मा) :** महावीर हुडा पार्क में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में बुधवार को कथा व्यास देवी कृष्ण प्रिया दासी ने श्रद्धालुओं पर ज्ञान वर्षा करते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने माता यशोदा को अपने मुंह में ही सारे ब्रह्मांड को दिखा दिया था। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने अपनी लीलाओं से पल-पल अपने भगवान होने का प्रमाण दिया और राक्षसों का नाश करते हुए लोगों को उनके अत्याचारों से बचाया। देवी कृष्ण प्रिया दासी द्वारा गाए गए भगवान श्री कृष्ण के सुंदर-सुंदर भजनों पर श्रद्धालु मस्ती में मस्त होकर झूमने लगे।

## पूर्व पार्षद ने उपमंडल अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



उपमंडल अधिकारी कपिल शर्मा को ज्ञापन सौंपते पूर्व पार्षद ललित भार्गव।

**शाहाबाद मारकंडा (कुलवंत शर्मा) :** पूर्व पार्षद ललित भार्गव ने उपमंडल अधिकारी कपिल शर्मा को ज्ञापन सौंपकर नगरवासियों को बंदरों के आतंक से बचाने की मांग की। ललित भार्गव ने बताया कि इससे पहले भी वह अनेकों बार लिखित व मौखिक तौर पर बंदरों को पकड़ने की मांग कर चुके है। उन्होंने बताया कि उपमंडल अधिकारी द्वारा उन्हें आश्वासन दिया गया है कि जल्द ही बंदरों को पकड़ने के लिए टीम बुलाई जाएगी।

## ग्लोब हैरिटेज स्कूल में सहजयोग की ओर से लगाया तनाव मुक्ति अभ्यास शिविर



बच्चों को संबोधित करते डा. सतीश। (डिम्पी)

**लाडवा (नरेश गर्ग) :** लाडवा-रादौर मार्ग पर स्थित ग्लोब हैरिटेज इंटरनैशनल स्कूल में तनाव मुक्ति अभ्यास शिविर लगाया गया। स्कूल की प्राचार्या पूजा कम्बोज ने बताया कि सहजयोग की ओरसे स्कूल परिसर में विद्यार्थियों व शिक्षकों के लिए तनाव मुक्ति अभ्यास शिविर लगाया गया। जिसमें केन्द्र समन्वयक सुनीता, डा. सतीश व प्रत्यक्ष ने बच्चों को शरीर के सात चक्रों व उनके महत्व के बारे में बताया और साथ ही तनाव मुक्त मिस्तष्क के लिए विभिन्न क्रियाओं का अभ्यास कराया। डा. सतीश ने बच्चों को कहा कि जीवन में सफल होने के लिए एकाग्रता का अत्यंत महत्व है और दिमाग एकाग्र तभी हो सकता है। प्रत्यक्ष ने बच्चों व शिक्षकों को तनाव मुक्ति की विभिन्न क्रियाएं करवाते हुए कहा कि तनाव मुक्त मस्तिष्क न केवल अपनी दैनिक आवश्यकता के कामों को बखूबी करता है।

## एसडीएम विनेश कुमार ने लोगों से वार्ड बंदी व वार्डों में बनी वोटों को लेकर ली आपत्तियां



लोगों की आपत्तियां लेते एसडीएम विनेश कुमार। (डिम्पी)

**लाडवा (नरेश गर्ग) :** लाडवा नगरपालिका कार्यालय में गुरुवार को लाडवा एसडीएम विनेश कुमार ने लोगों से वार्ड बंदी व वार्डी में बनी वोटों को लेकर लोगों की आपत्तियां ली और उन्हें आश्वासन दिया कि 28 तक जिसको भी कोई भी किसी भी वार्ड से संबंधित कोई भी आपत्ति है वह नगरपालिका कार्यालय में आकर दे सकता है। एसडीएम विनेश कुमार ने कहा कि नगरपालिका के चुनाव की घोषणा हरियाणा सरकार द्वारा कर दी गई है। जिसके चलते गुरुवार को नगरपालिका अधिकारियों व कर्मचारियों की एक संयुक्त बैठक ली और जो चुनाव से संबंधित अधिकारी हैं उनसे भी बातचीत की गई। वहीं चार लोगों ने अपनी आपत्तियां दर्ज करवाई कि कुछ वार्डी के अंदर संख्या से अधिक वोट जोड़ी गई है। जो कि गलत है। उन्होंने कहा कि 28 फरवरी तक जिसको भी कोई भी आपत्ति है वह नगरपालिका कार्यालय में आकर दे सकता है उसके बाद उनपर गौर की जाएगी और जो भी आपत्ति सही होगी उसके अनुसार उसे सही किया जाएगा। मौके पर विमल कुमार, मनीष, सुमित, अनिल माटा, सुमित बंसल, राजू खुराना, जसबीर सहगल, आकाश गर्ग आदि मौजूद थे।


## महिलाओं को अचार बनाने का दिया प्रशिक्षण



प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण में भाग लेने वाली महिलाओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित करते मुख्यातिथि।

**कुरु क्षेत्र (जसबीर दुग्गल) :** बागवानी विभाग द्वारा सैक्टर-7 में चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डा. नेहा सिंह ने सभी महिलाओं को हरी मिर्च के अचार, सेब के जैम, अनानास का स्कवैश, गाजर की बर्फी, टमाटर के सूप, मिक्स सब्जियों के अचार व टमाटर की चटनी आदि पदार्थ तैयार करके दिखाए व महिलाओं को इनके तैयार करने की विधि तथा संरक्षण के बारे में विस्तार से समझाया। डा. कृष्ण सिंह, खाद्य तकनीशियन कुरुक्षेत्र ने प्रशिक्षण में भाग ले रही सभी महिलाओं को बताया कि महिला प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रार्थिया की न्यूनतम आयु 18 वर्ष व अधिकतम 60 वर्ष होनी चाहिए। डा. कृष्ण सिंह ने प्रशिक्षण में भाग ले रही महिलाओं को बताया कि आप सभी खाद्य पदार्थों से संबंधित ट्रेनिंग लेकर तथा विभाग के द्वारा चलाई जा रही स्कीमों का लाभ उठाकर अपना स्वयं का कारोबार कर सकते हैं जिससे आपकी आमदनी बढेगी तथा आप किसी बेरोजगार को रोजगार भी प्रदान कर सकते हैं।

## हरियाणा सरकार भी पुरानी पैंशन स्कीम शीघ्र बहाल करे : डा. तरसेम कौशिक



डॉ तरसेम कौशिक

**कुरुक्षेत्र (जसबीर दुग्गल) :** पुरानी पैंशन स्कीम बहाली का मुद्दा आज सर्वत्र चर्चा में है जिसका मुख्य कारण राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा बजट सत्र में 2004 के बाद सेवा में नियुक्त सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पैंशन योजना के लाभ देने की घोषणा करना है। देश भर के सभी कर्मचारी संगठन वर्षो से पुरानी पैंशन बहाली की मांग कर रहे हैं। हरियाणा स्कूल लैक्चरर्स एसोसिएशन के राज्य उपप्रधान डॉ तरसेम कौशिक ने कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा पुरानी पैंशन बहाली की घोषणा से राजस्थान ही नहीं अपितु हरियाणा सहित देश भर के कर्मचारियों में खुशी की लहर है। डॉ तरसेम कौशिक ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के फैसले का आभार व अभिनंदन करते हुए कहा कि पुरानी पैंशन बहाली घोषणा के दूरगामी परिणाम होंगे तथा अन्य राज्य सरकारें भी इनका अनुकरण करेंगी। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि हरियाणा सरकार भी कर्मचारियों के हितार्थ प्रदेश में पुरानी पैंशन स्कीम को बहाल करेगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार को भी राजस्थान सरकार से प्रेरणा लेते हुए आगामी बजट सत्र में पुरानी पैंशन

## न्यूज गैलरी

## कौशल विकास कैंप में बताई जैम, जेली, अचार और सलाद की विधि



कौशल विकास कैंप के दौरान जानकारी देते हुए अधिवक्ता।

राजौंद (शर्मा) : राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजौंद में जीवन विकास कौशल विकास कैंप के चौथे दिन के प्रथम स्तर में डॉक्टर बिंदु ने कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों को जैम जेली अचार और सलाद के बारे में विस्तार से बताया उन्होंने बताया कि भोजन में सलाद लेने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है इसके अंतर्गत हमें गाजर मूली टमाटर इत्यादि का सेवन करना चाहिएद्य इस दौरान छात्रों को समूह में बैठकर सलाद सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया गयाद्य जिसमें प्रथम स्थान पर साहिल एयस और सावन रहे द्वितीय पर अरमान, मोहित और वंश व तृतीय पर धीरज, गुरदीप, सागर रहे दूसरे सत्र में प्रशांत वीटी एग्रीकल्चर ने बच्चों को कृषि के बारे में बताया कि हमें किस समय पर कौन सी सब्जी बनानी चाहिए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य वीरेंद्र कुमार, बलवीर सिंह, संजय मोहन, सुदेश, दिनेश शर्मा इत्यादि अध्यापक उपस्थित रहे।

## किसानों के विरुद्ध दर्ज मामले रद्द करवाने के लिए डीसी से मिले किसान



उपायुक्त से भेंट करते हुए किसान नेता।(सतीश भराड़ा)

कैथल (प्रदीप हरित) : किसान आंदोलन के दौरान किसानों के विरुद्ध दर्ज मामलों को रद्द करवाने के लिए आज भारतीय किसान यूनियन (चढूनी संगठन) का प्रतिनिधि मंडल जिला प्रधान महावीर चहल नरड़ की अध्यक्षाता में उपायुक्त से उनके कार्यालय में मिला। प्रतिनिधि मंडल में यूनियन के पूर्व जिला प्रधान होशियार सिंह गिल, जिला युवा प्रधान नरेन्द्र मागो, बसाऊ राम सेगा, तकदीर सिंह, सोनू बड़सीकरी, भाना राम सेगा आदि शामिल थे। किसानों ने उपायुक्त से बात करते हुए कहा कि आंदोलन के दौरान किसानों के खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर असंवैधानिक हैं। किसानों ने शांतिपूर्वक तरीके से अपना आंदोलन चालाया और किसी प्रकार की हिंसा या शरारत नहीं की। किसानों ने कानून के दायरे में रहते हुए धरना दिया और रास्ते नहीं रोके। इस पर उपायुक्त ने उन्हें आश्वासन दिया कि किसानों के विरुद्ध दर्ज तमाम केस वापिस ले लिए जाएंगे।होशियार सिंह गिल ने उपायुक्त का आभार व्यक्त किया।

## ऑन लाईन ठगी करने वालों के खिलाफ थाने में दी शिकायत




बलजीत के व्हाट्सएप्प पर आया मैसेज।

कैथल (प्रदीप हरित) : आरटीआई एक्टिविस्ट और सामाजिक कार्यकर्ता बलजीत नायक ने आऊन लाईन फ्रॉड करने की कोशिश करने वाले के खिलाफ थाना कलायत में शिकायत दी है। शिकायत की प्रति डीजीपी, आईजी सीआईडी, आईजी करनाल रेंज, डीसी कैथल व एसपी कैथल को भी भेजी गई हैं। शिकायत में कहा गया है कि 20 फरवरी को बलजीत के पास उसके व्हाट्सऐप पर फोन नंबर 8607880923 से एक पम्पलेट आया जिसमें प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी, कौन बनेगा करोड़ पति के संचालक अमिताभ बच्चन और बिजनैसमैन मुकेश अम्बानी की फोटो का छपा हुआ पम्पलेट था। इसमें 25 लाख रुपए लॉटरी लगने बारे लिखा गया है और यह राशि भरतीय स्टेट बैंक मुम्बई मुख्य शाखा से देने बारे कहा गया था। जब बलजीत ने उस नंबर पर बात करनी चाही तो उन्होंने मैसिज कर बताया कि उन्हें बलजीत का बैंक खाता नंबर और फोटो चाहिए। मैसेज करने वाले ने कहा कि ऑन लाईन वहाट्सऐप से बात करें और अकाश वर्मा नई दिल्ली का नंबर 7357502409 दिया। इस नंबर पर भी उसने बात करनी चाही तो फोन काट दिया। फिर हमें वॉयस मैसिज भेजा गया। इस प्रकार बहुत से लोगों को ऐसे ही वहाट्सऐप मैसिज किये जा रहे है और लोगों को ठगा जा रहा है। बलजीत ने अपनी शिकायत में कहा कि इन सभी नंबर की लोकेशन का पता लगाकर इन ठगों को गिरफ्तार किया जाए।

## मूलचंद शर्मा पहुंचे राजू डोहर के घर



परसा भेंट कर मंत्री का स्वागत करते हुए राजू डोहर। (सतीश भराड़ा)

कैथल (प्रदीप हरित) : परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा आज जीवन रक्षक दल के प्रधान राजू डोर के घर पहुंचे। राजू डोहर ने भगवान परशुराम का परसा देकर मूलचंद शर्मा और विधायक लीला राम को सम्मानित किया। मंत्री का ब्रह्मद्द कल्याण समिति द्वारा पगड़ी पहनाकर ब्राह्मण युवा सभा की तरफ से भगवान परशुराम का चित्र देकर भी सम्मानित किया। जीवन रक्षक दल की तरफ से संस्था के लोगों ने मूलचंद शर्मा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि सरकार शराब लेने की उम्र को 4 साल घटाकर कम कर रही है जो नशे को बढ़ावा देगी। इससे आने वाली पीढ़ी नशे की तरफ बढ़ेगी। इसे रोकने के लिए राजू डोहर ने मंत्री से विस्तारपूर्वक बात की और इस कहा कि उम्र को दोबारा से बढ़ाया जाए ताकि आने वाली पीढ़ी इससे दूर रहे। इस पर मंत्री ने ज्ञापन लेते हुए आश्वासन दिया कि आपकी बात को मुख्यमंत्री के आगे रखा जाएगा। इस मौके पर उपप्रधान शीतल, भारद्वाज, सचिव राजकुमार शर्मा, सचिन धमीजा, सतवीर वर्मा, प्रकाश चंद शास्त्री, पवन शर्मा, संजय भारद्वाज, ब्रह्मद्द कल्याण समिति के प्रधान महिपाल कौशिक, रतन लाल शर्मा, सतवीर थूआ, प्रवीण, सतवीर बाबा लदाना, विकी शर्मा, नेत्रपाल चीका, सूरजभान, मक्खन डोहर, अनिल, हेपी क्योडक आदि मौजूद रहे।

## गुहला हलके की सड़कों की समस्या का जल्द होगा निवारण : विधायक



विधायक ईश्वर सिंह

गुहला-चीका (धर्मेंद्र सिंह) : विधायक ईश्वर सिंह ने कहा कि गुहला हलका की हर समस्या को लेकर पूरी गम्भीरता से कार्य करते हुए सभी समस्याओं को एक-एक करके दूर किया जा रहा है। हलके के विकास के दृष्टिगत सडक तंत्र को मजबूती प्रदान करने के लिए करोड़ों रुपये की धनराशि स्वीकृत करवाई गई है, जिससे क्षेत्र की विभिन्न सडकों के सुदृढ़ीकरण विस्तारीकरण का कार्य चल रहा है। आने वाले समय में सभी सडकों को दुरुस्त करके आम जन को आवागमन की और बेहतरीन सुविधा दी जाएगी। विधायक ईश्वर सिंह ने जारी ब्यान में कहा कि लोक निर्माण विभाग की 11 महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण कार्य पूरे किए जा चुके है, जबकि 33 सड़कों का निर्माण कार्य चल रहा है। इसी प्रकार लगभग 12 सडकों के टैंडर हो चुके है, जोकि प्रक्रिया में है। उन्होंने बताया कि अटैला से मानस तक की सड़क को स्वीकृत करवाया है, जिस पर 3 करोड 52 लाख रुपये की लागत आयेगी। पिछले कुछ दिनों के अन्तराल में लगभग 24 सडकों की रिपेयर का कार्य विभाग द्वारा जैड क्पचैर मशीन द्वारा करवाया गया है।

# यूक्रेन में फंसे अपने लाडलों की वापसी के लिए डीसी से मिले अभिभावक

### कहा: हमारे बच्चों की सकुशल वापसी के किए जाएं इंतजाम



डीसी को ज्ञापन देने जाते हुए अभिभावक। (सतीश भराड़ा)

कैथल, 24 फरवरी (गौतम तारीफ) : कैथल जिले के करीब 30 छात्र यूक्रेन में फंसे हैं। अपने बच्चों की सुरक्षा व देश वापिसी की मांग को लेकर उनके अभिभावक कैथल सचिवालय में एकित्रत हुए। उन्होंने डीसी प्रदीप दिहया को भारत सरकार के नाम एक ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि उनके लाड़लों को सुरिक्षत अपने घर लाया जाए। उन्होंने कहा कि उनके बच्चे यूक्रेन में पढ़ाई के लिए गए थे लेकिन अब वहां हालत ठीक नहीं है। यूक्रेन गए बच्चों के माता पिता ने अपना दुखड़ा रोते हुए कहा कि उनके बच्चों की तरफ से उन्हें जो संदेश मिले हैं वे चिंतित करने वाले हैं। वहां पानी की सप्लाई की लाइन काट दी गई है। बिजली कटौती भी वहां रहने वाले बच्चों के लिए परेशानी बनी हुई है। यूक्रेन में फसे बच्चों के पिता कुलदीप, मनोज, रमेश चंद, जितेन्द्र आदि ने बताया कि आज कई बच्चों की लाइट थी लेकिन वे एयरपोर्ट तक नहीं पहुंच पाए। उन्होंने बताया कि उनके बच्चों को रास्तों में ही रोक दिया गया क्योंकि लाइट बंद है। उनके पास खाने पीने का सामान भी बहुत कम रह गया है। इस समय बच्चे बुरी हालत में हैं।

### भारी संकट झेल रहे हैं छात्र

एडवोकेट ज्योति ने बताया कि यूक्रेन में उसकी बहन बहुत मुश्किल में है। वहां उसे उसकी बहन का संदेश आया है कि पीने के पानी की लाईन काट दी गई है। खाने पीने की दिक्कत आ रही है। दो दिन पूर्व वहां बच्चों की फ्लाइट थी। इसलिए बच्चों ने खाने पीने का सामान भी नहीं खरीदा तो अब उन्हें खाने पीने का सामान मिल नहीं रहा है। सबसे बड़ी समस्या उनके बच्चों के सामने खाने पीने की समस्या है। एडवोकेट मनोज चौहान ने बताया कि उनकी बेटी यूक्रेन में पढ़ाई कर रही है। वहां यूर्नि विसटी द्वारा उन्हें कहा गया है कि वे एक सप्ताह का अपना राशन

### कैथल के ये छात्र फंसे हैं यूक्रेन में:

इन छात्रों में खार्कीव शहर में अजय, भारती, इनायत मोर, यशिमता वैद्य, आशीष राविश, सुनील विश्नोई, मनोज सिंह, प्रणव, दीक्षा राणा, विकास नेहरा, नीतिका मोर, शिवानी बिड़ान, प्रियंका गोयल, अभिषेक, अनुराग पुनिया, हरमन, गुरमीत, विनित कुण्डू, यशजीत, लावन्या, श्रेया सिंह, दिवांसी ढुल, रूबल फंसे हैं। इसी प्रकार उझोरड़ में यशवंत, अजय कुमार, अंकुश, पूजा देवी और भारती आदि फंसे हैं। इसके अलावा के कई शहरों में कैथल के छात्र व युवा फंसे हैं।

## पिपली से थर्ड गेट तक सड़क निर्माण कार्य के टैंडर को रोकने को याचिका को अदालत ने किया रद्द : सुधा

कुरु क्षेत्र, 24 फरवरी (जसबीर दुग्गल) : विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि पिपली से थर्ड गेट तक सडक निर्माण कार्य को लेकर सभी अडचने दूर हो गई है। इस सड़क के निमार्ण कार्य के टैंडर पर स्टे लेने के लिए पिछली एजेंसी ने जो याचिका अदालत में दायर की थी, इस याचिका को हाई कोर्ट ने रद्द कर दिया है। अब इस सडक की टैंडर प्रक्रिया सुचारु रुप से चलेगी और 8 मार्च तक टेंडर को भरा जा सकता है। इस सड़क निर्माण कार्य के मामले में पग-पग पर सहयोग करने पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल और अदालत में केस की अच्छी तरह से पैरवी करने पर एजी बलदेव महाजन और एएजी दीपक बाल्यान का विधायक सुभाष सुधा ने आभार भी व्यक्त किया है।

# गौरव मित्तल पाडला ने सुनी अपने कार्यालय में लोगों की समस्याएं

### कहा: हलके की जनता की सेवा में रहेगा पूरा जीवन समर्पित



गौरव मित्तल पाडला अपने कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनते हुए। (मनोज वर्मा)

कैथल, 24 फरवरी (मनोज वर्मा) : केंद्रीय गृह मंत्रालय सदस्य हिंदी सलाहकार समिति दूर संचार विभाग, संचार मंत्रालय गौरव मित्तल पाडला ने आज लघु सचिवालय के पास

स्थित अपने कार्यालय में हलके के विभिन्न गांवों व शहर से आए लोगों की समस्याओं को सुना और हलका विधायक लीला राम गुर्जर के आशीर्वाद से कई समस्याओं का मौके पर ही निदान किया और शेष समस्याओं का जल्द ही विधायक को अवगत करवाकर दूर करवाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर लोगों से रूबरू होते हुए गौरव मित्तल पाडला ने कहा कि, हलका कैथल की जनता की सेवा में पूरा जीवन समिर्पत है और हमेशा जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलता रहूंगा। हलके की जनता को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करने दिया जाएगा। विकास पुरुष हलका विधायक लीला राम गुर्जर के कुशल मार्गदर्शन में हल्के में चारों तरफ विकास कार्यों की झडी लगी हुई है और कैथल हलका दिन प्रतिदिन विकास की राह में निरंतर आगे बढ़ता जा रहा है। 5 राज्यों में हो रहे चुनाव में भाजपा की सरकार बनेगी। इस मौके पर उनके साथ सुनील सैन, कर्मवीर सैन सजूमा, अमरजीत नैहरा, मक्खन सिंह डोहर, राकेश बाबालदाना, संदीप, सुरेश सिरटा, मोनी पाडला, राज सिंह मलिक, सोम प्रकाश सहित कई गण्यमान्य लोग मौजूद थे।

## कष्ट निवारण समिति की बैठक 14 में से निपटाए 5 मामले



मामलों की सुनवाई करते हुए परिवहन मंत्री।

कैथल, 24 फरवरी (प्रदीप हरित) : कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में रखे गए 14 विषयों में 5 का मौके पर ही निपटारा कर दिया। अन्य मामलों में संबधित अधिकारियों को विषयगत कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। बैठक की अध्यक्षता परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने की। इस मौके पर विधायक लीला राम, उपायुक्त प्रदीप दहिया, पुलिस अधीक्षक मकसूद अहमद, एडीसी संवर्तक सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। परिवहन मंत्री ने कहा कि जमीन सरकारी हो, पंचायती हो, नगर परिषद व नगर पालिका में हो उन सभी पर एक भी ईंच पर कब्जा नहीं होना चाहिए। किसी भी गरीब की जमीन पर भी कोई कब्जा नही होने देंगे। जिला कैथल में भी ऐसी ही शिकायत आई थी, जिसके तहत जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई अमल में लाए जाने के लिए निर्देश दिए गए हैं। हमारी सरकार गरीब का हक दिलाने का कार्य कर रही है। मंत्री मीटिंग के बाद मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में देश व प्रदेश को नई-नई नीतियों तथा परियोजनाओं के माध्यम से सर्वांगिण विकास के तहत आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि युवा, मजदूर, किसान, व्यापारी को काम देने का कार्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। विपक्ष ने देश में बेरोजगारी फैलाने का काम किया था जबकि भारतीय जनता पार्टी की सरकार हर वर्ग को साथ लेकर रोजगार प्रदान कर रही है। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि हरियाणा में 809 नई बसें आएंगी, जिसकी प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा रोडवेज के बेड़े को यातायात की दृष्टि से मजबूति प्रदान करने के लिए नए बजट के तहत करीब 1500 बसों को शामिल करने का प्रस्ताव भी रखा जाएगा। कोविड के दौरान भी हरियाणा सरकार ने कर्मचारियों की वेतन को समय पर दिया है।

## पंजाब में 70 सीटों से ज्यादा सीटें लेकर सरकार बनाएगी आप : अंजू जागलान



पत्रकारों से बातचीत करते हुए आप नेता अंजू व संजय जागलान। (सतीश भराड़ा)

कैथल, 24 फरवरी (प्रदीप हरित) : भाजपा छोड़ आम आदमी पार्टी ज्वाइन करने वाली निवर्तमान जिला पार्षद अंजू जागलान एवं उनके पति संजय जागलान ने पत्रकारों से बातचीत में पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बनाए जाने का दावा किया। उन्होंने कहा कि पंजाब में आप पार्टी की 70 से ज्यादा सीटें आएंगी। कांग्रेस, अकाली दल भाजपा गठबंधन 50 से भी कम सीटों पर सिमटकर रह जाएंगी। अंजू जागलान ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा दिल्ली में अपनाई गई नीतियों सभी राज्यों के लोगों को पसंद आ रही है। केजरीवाल ने दिल्ली में स्वास्थ्य, शिक्षा एवं बिजली-पानी की सुविधाएं, बेरोजगारों को रोजगार, भ्भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने का काम किया है। यही नीतियां आम आदमी पार्टी पंजाब में भी लागू करेगी। इसी को मद्देनजर रखते हुए पंजाब के लोगों ने इस बार पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बनाने का मन बनाया है। जागलान दंपत्ति ने कहा कि उन्होंने 14 दिन पिटयाला, धुरी, राजपुरा, गनौर, बनूड़, जिरकपुर व डेरा बस्सी सीट पर आप पार्टी के उम्मीदवारों के लिए प्रचार किया था। यहां पर आप पार्टी की आंधी है और लोग इस बार बदलाव चाह रहे हैं। क्योंकि उन्होंने कांग्रेस, अकाली व भाजपा की सरकार बनाकर देख ली है, लेकिन ये सभी पार्टियां एक ही सम्मान है। इन पार्टियों ने नशे को बढ़ावा दिया, बेअदबी के मामलों को रोक लगाने में फेल रही, भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया और केवल परिवारवाद को बढ़ावा दिया था। पंजाब की जनता का भला केवल आप पार्टी कर सकती है। इस बार पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार भगवंत मान होंगे। आप नेता संजय जागलान ने कहा कि दिल्ली, चंडीगढ़ व पंजाब के बाद हरियाणा की बारी है। हरियाणा में जल्द होने वाले निकाय चुनावों में आप पार्टी अपने उम्मीदवार उतारेगी और सरकार बनाएगी।

# पविहन मंत्री के कैथल आने पर आंगनवाड़ी वर्कर्ज हैल्पर्ज ने किया विरोध प्रदर्शन





मंत्री को ज्ञापन देते हुए यूनियन नेता (दाएं) पुलिस से झड़प करती वर्कर। (सतीश भराड़ा)

कैथल, 24 फरवरी (प्रदीप हरित) : आंगनवाड़ी वर्कर्ज एंड हैल्पर्ज यूनियन की जिला सचिव नीतू जिला उप प्रधान बाली, जमीला, अंजू मटोर, रीना भुसला, तालमेल कमेटी की सदस्य संतोष, सीटू के जिला प्रधान नरेश रोहेड़ा आज कैथल आने पर पविहन मंत्री मूलचंद शर्मा से मिले। यूनियन ने अपनी मांगों का पत्र मंत्री को सौंपा। पविहन मंत्री ने उन्हें विश्वास दिलाया कि वे उनकी बातें मुख्यमंत्री तक जरूर पहुंचाएंगे। इससे पूर्व वर्कर्ज एंड हेल्पर्ज ने मूलचंद शर्मा के खिलाफ नारेबाजी की और विरोध जताया। इस बीच यूनियन का धरना प्रदर्शन 80वें दिन भी जारी रहा। आज के धरने प्रदर्शन की अध्यक्षता राजबाला जाखोली और तालमेल कमेटी की जिला प्रधान संतोष ने संयुक्त रूप से की और मंच का संचालन जिला सचिव नीतू और उर्मिल शहरी ने किया। आज के धरने को सीटू के जिला प्रधान नरेश रोहिड़ा ने संबोधित किया। जिला सचिव नीतू ने कहा कि पविहन मंत्री दूसरे लोगों के कष्ट निवारण के लिए समिति बना कर आए हैं लेकिन 80 दिन से बैठी बेटियां इनको सडकों पर दिखाई नहीं देती। यह सरकार एक तरफ तो बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देती है, दूसरी तरफ बेटियों पर इतना अत्याचार करते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार हमारे ऊपर दमनकारी नीतियां अपना रही है जिसे हम बिल्कुल भी सहन नहीं करेंगे। नीतू ने बताया कि 25 फरवरी को राज्य मंत्री कमलेश डांडा के निवास पर दिन रात का पड़ाव डाला जाएगा और 3 मार्च को पूरे हरियाणा की वर्कर्ज एंड हेल्पर्ज विधानसभा चंडीगढ़ के लिए कूच करेंगी।

परिवहन मंत्री से मिलने जाते हुए आंगनवाड़ी वर्कर व हैल्पर्र की पुलिस के साथ झड़प भी हुई।

## न्यूज गैलरी

## युवा नौकरी के पीछे न दौड़कर खुद का उद्यम स्थापित करें : वर्मा



शिविर में विद्यार्थियों को जानकारी देते अधिकारी।

कैथल (प्रदीप हरित) : राजकीय आईटीआई में एमएसएमई करनाल द्वारा उद्यमति जागरूकता शिविर लगाया गया। शिविर के मुख्य अतिथि एमएसएमई करनाल के सहायक निदेशक मुकेश वर्मा तथा संजीव सैनी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य सतीश मच्छाल ने की। कार्यक्रम में पंजाब नेशनल बैंक से धर्मेंद्र कथूरिया, प्रशिक्षक नसीब कुमर, यूबीआई के सहायक प्रबंधक कुलदीप सिंह ने भाग लिया। मुकेश वर्मा तथा संजीव सैनी ने विद्यार्थियों को बताया कि आज का युग कौशल का युग है। कौशलपरक युवाओं की मांग दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। यही कारण है कि आज आईटीआई पास युवाओं की मांग भी बढ़ी है। उन्होंने बताया कि अधिकतर युवा बीए या एमए करने के बाद कौशलपरक प्रशिक्षण लेते हैं लेकिन आईटीआई में मात्र 10वीं पास युवाओं को स्किल में निपुण किया जाता है। उन्होंने कहा कि एमएसएमई व बैंकों के माध्यम से युवा सरकारी नौकरी के पीछे न लगकर अपना खुद का व्यापार या उद्यम स्थापित कर सकते हैं। जिला एमएसएई केंद्र से उप निदेशक दिनेश शर्मा ने युवाओं को जिला एमएसएमई केंद्र के माध्यम से उद्योग स्थापित करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ने सभी अतिथियों का आभार जताया। इस अवसर पर अधीक्षक सोहन लाल, वर्ग अनुदेशक प्रमोद कुमार, गुरांदत्ता, संजय वर्मा, राजबीर, शमशेर सिंह, रणधीर सिंह, जिला एमएसएई केंद्र से उप निदेशक दिनेश शर्मा, बलदेव आर्य आदि उपस्थित थे।

## राजकीय कन्या स्कूल में एनएसएस कैंप शुरू



दीप प्रजविलत कर कैंप का शुभारंभ करते हुए बीईओ सतीश कुमार कक्कड़। (विरेन्द्र कोहली)

सीवन (विरेन्द्र कोहली) : राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीवन में राष्ट्रीय सेवा योजना का 7 दिवसीय कैम्प आरंभ हुआ। इसका शुभारंभ ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सतीश कक्कड़ ने विधिवत रूप से मां सरस्वती के चित्र के आगे दीप प्रज्जविलत करके किया। एन.एस.एस.अधिकारी रामकुमार जांगड़ा ने बताया कि इस 7 दिवसीय कैम्प मे छात्राओं को विशेषज्ञों द्वारा जीवन के लिए बहुत उपयोगी व महत्वपूर्ण जानकारियां और प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन मा.गोपाल दास ने किया तथा इस अवसर पर प्रवक्ता धर्मपाल ने भी ब चों को संदेश देकर मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर सुरेश कुमार, रेनु गुप्ता, सुदेश, कविता, इंदु रानी, मनीषा राणा, किट्टी सतीजा व अमनदीप कौर ने भी अपने विचार व्यक्त कर छात्राओं को कैम्प मे बहुत कुछ सीखने के लिए प्रेरित किया।

## एकजुट होकर जीतना होगस पालिका चुनाव : कमलेश ढांडा



कार्यक्रम के दौरान राज्य मंत्री कमलेश ढांडा वर्करों के साथ बात करते हुए।

राजौंद (शर्मा) : महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि राजौंद के नागरिकों ने लोकसभा, विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को भरपूर समर्थन दिया है। उनके इसी आशीर्वाद को मजबूत बनाने के लिए नगर पालिका चुनाव में संगठन के एक एक कार्यकर्ता को कमर कसते हुए अपना दायित्व निभाना है ताकि भाजपा इलाके में हैट्रिक लगाकर विकास कार्यों को रफ्तार दे। वीरवार को राजौंद पालिका हाल परिसर में राजौंद भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन हुआ। संगठन पदाधिकारियों द्वारा आगामी पालिका चुनाव के संदर्भ में चर्चा की गई। महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि राजौंद की जनता ने भाजपा को लोकसभा चुनाव तथा विधानसभा चुनाव में भरपूर समर्थन दिया है। नवगठित इस पालिका क्षेत्र में हमने मूलभूत सुविधाओं की दशकों पुरानी परेशानियों के समाधान की रूपरेखा तैयार करते हुए काम शुरू किया है। पीने के पानी की पुख्ता व्यवस्था हो या गंदे पानी की निकासी हो इसके लिए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तथा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को मंजूरी दिलाई जा चुकी है। जिनके निर्माण से क्षेत्र की बड़ी समस्या का निवारण होगा। इसके साथ.साथ क्षेत्र में 8 करोड़ 15 लाख रुपए राशि के विकास कार्य मंजूर करवाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त केंद्र एवं प्रदेश सरकार को विभिन्न योजनाओं का समाज के अंतिम छोर तक लाभ पहुंचाने में तेजी लाई गई है।ताकि हर परिवार आर्थिक तौर पर मजबूत बने। उन्होंने कहा कि राजौंद की जनता का हमें निरन्तर आशीर्वाद मिला है और पालिका चुनाव के दौरान भी हमें उनके आशीर्वाद से भाजपा का चेयरमैन बनाना है ताकि राजौंद का सुनियोजित विकास हो सके। बैठक में प्रदेश महामंत्री संगठन रविन्द्र राजू ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होते हैं और भाजपा का संगठन वर्तमान में विश्व का सबसे मजबूत संगठन है। बैठक में जिला प्रभारी वेद फुल्लां, पालिका राजौंद चुनाव प्रभारी पूर्व विधायक शशिरंजन परमार ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर विस्तारक रवि शर्मा, मंडल प्रभारी कृष्ण पिलनी, मंडल अध्यक्ष कपिल दीक्षति, मंडल महामंत्री, अशोक शर्मा, सुशील पांचाल, डॉ महेश समेत वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जीवन में छोटे-छोटे कार्य बहुत महत्वपूर्ण हैं : मामला राम



कौशल विकास कैंप के दौरान जानकारी देते हुए अधिवक्ता।

राजौंद (शर्मा) : गांव सौंगल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे कौशल विकास शिविर के दौरान प्राध्यापक मामला राम ने कहा जीवन में छोटे छोटे कार्य बहुत महत्वपूर्ण हैं। यदि हम जीवन में छोटी छोटी बातों का ध्यान रखें तो वह हमारे जीवन को सुदृढ़ बना सकती हैं। इस दौरान राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय से डॉक्टर शिव ने बच्चों को प्राथमिक चिकित्सा सहायता के बारे में बताया कि किस प्रकार से मिर्गी का दौरा पडऩे पर हमें उसकी मदद करनी है। उन्होंने बताया कि मिर्गी पडऩे वाले व्यक्ति को पानी नहीं पिलाना चाहिए। उसको शीघ्र डॉक्टर के पास ले जाना चाहिए। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग से ए एन एम सुमन ने बच्चों को कोरोना के बारे में जागरूक किया। उन्होंने विद्यार्थियों कोरोना वैक्सीन लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने अभिभावकों व आस पास के लोगों को भी टीका लगवाने की सलाह दी। मामला राम ने कहा कि हमें घर के बुजुर्गों की देखभाल करनी चाहिए चारों और स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिए।

## चोरों ने स्कूल से उड़ाई सौर ऊर्जा संचालित इनवर्टर व बैटरी

सीवन (विरेन्द्र कोहली) : गांव सौथा के सत्य भारती स्कूल में चोरों ने कार्यालय का ताला तोड़ कर सौर ऊर्जा संचालित इनवर्टर व दो बैटरी चोरी कर लिए। गांव के पूर्व सरपंच सतीश कुमार ने थाना सीवन में दी शिकायत में बताया कि बुधवार की रात को चोरों ने स्कूल की दिवार फांद कर स्कूल में दाखिल हुए और स्कूल के कार्यालय का ताला तोड़ कर अन्दर रखा सोलर इनवर्टर व दो बड़ी बैटरी चोरी करके ले गए।

करनाल सवेरा

दैनिक सवेरा टाइम्स

## न्यूज गैलरी

## सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए नगर निगम ने लगाया मैडीकल चैकअप कैम्प



कैंप में सफाई कर्मियों का स्वास्थ्य जांचते डाक्टर।

**करनाल (सन्नी चौहान) :** नगर निगम के पुराने कार्यालय में गुरूवार को सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए एक कैम्प का आयोजन करने की एक अच्छी पहल की गई। इसमें सिग्नस अस्पताल से 6 डॉक्टरों की टीम ने करीब 300 लोगों का मैडिकल चैकअप किया, जिसमें उनका ब्लड प्रैशर, मधुमेह और आखों की रोशनी चैक की गई। महिला रोग विशेषज्ञ की डॉक्टर निकिता पाहुजा ने निगम में कार्यरत महिलाओं का चैकअप किया। शिविर 11 बजे प्रारम्भ होकर 3 बजे तक चला। इस दौरान जिन कर्मचारियों का चैकअप नहीं हो सकता, उन्हें अस्पताल टीम की ओर से पर्ची दे दी गई, जो अगले एक-दो दिन में वहां जाकर अपना निःशुल्क चैकअप करवा सकते हैं। कार्यकारी अधिकारी देवेन्द्र नरवाल ने बताया कि शिविर के आयोजन और सफलता में निगम के स्वच्छता अधिकारी महावीर सोढी, मुख्य सफाई निरीक्षक राजेश कुमार, सफाई निरीक्षक ऊषा व मनदीप कुमार, सीटीएल डॉ. प्रशांत त्यागी, ट्रीगर मास्टर गुरदेव सिंह, मोटीवेटर टीम से रोबिन, राजेश, अमन, महेन्द्र, कुलदीप, अभिषेक व अंकित का विशेष योगदान रहा। सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए सिग्नस अस्पताल से डॉक्टरों की जो टीम आई, उनमें अस्पताल के एम.डी. आबिद अमीन बट्ट, महिला रोग विषेशज्ञ डॉ. निकिता पाहुजा, नेत्र रोग विशेषज्ञा डॉ. अर्चना, जनरल सर्जन डॉ. आसीम त्रिखा, अस्पताल के जी.एम. आदित्य झा तथा रवि भारद्वाज शामिल थे।

## बम बम भोले तेरी मिहमा है न्यारी.. पर झूमे श्रद्धालु



शिव के भजनों पर झूमते श्रद्धालु।

**करनाल (गन्नौत्रा) :** वीरवार को भी भगवान शिव की प्रभातफेरी सैक्टर-13 एक्सटैंशन में रही। यहां जगह-जगह पर शिव भक्तों ने शिव की पालकी के समक्ष भगवान भोलेनाथ की आराधना कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। जगह-जगह पालकी पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। महादेव के जयकारे लगाते हुए भोलेनाथ कृपा करो, डमरु वाले, तेरी कृपा अपरंपार, बम बम भोले तेरी मिहमा है न्यारी आदि भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे। शिव प्रभातफेरी मंच की ओर से महाशिवरात्रि को लेकर प्रतिदिन प्रभातफेरियां निकाली जा रही हैं। मंच के प्रधान सतपाल मनोचा ने कहा कि महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसको लेकर जोर शोर से तैयारियां की जा रही हैं। इस अवसर पर काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भोले बाबा का आशीर्वाद लिया।

## सात दिवसीय कैंप का हुआ समापन



कैंप के समापन के अवसर पर उपस्थित विद्यार्थी व बच्चे।

**इंद्री (अमित) :** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री में राष्ट्रीय सेवा संघ द्वारा चलाए जा रहे सात दिवसीय कैंप का वीरवार को समापन हो गया है। जिसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य रमा पुरी ने की व मंच का संचालन राजीव कुमार ने किया। रविंद्र कुमार ने एनएसएस की महत्वता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार के कैंप हमें आप में तालमेल और भाईचारे के साथ काम करना सिखाते है। एक विद्यार्थी के जीवन में अनुशासन का बहुत बड़ा महत्व है। हमें अपने जीवन में अनुशासन के साथ ही काम करना चाहिए। अपने आस पास साफ सफाई का ध्यान रखना चाहिए और लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करना चाहिए। सुधीर कुमार और रमा पुरी ने बताया कि एक स्वस्थ व्यक्ति देश को स्वस्थ बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाता है। समापन कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

## चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर वंदेमातरम बोलेगा पूरा हरियाणा : योगेंद्र राणा



कार्यक्रम की जानकारी देते जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा।

**करनाल (सन्नी चौहान) :** आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में हर बलिदानी की गौरव गाथा पब्लिक डोमेन में लाई जाएगी। इस नेक कार्य के लिए भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता दिन-रात जुटा हुआ है। इसी को लेकर आज भाजपा कार्यालय में प्रयागराज से महान स्वतंत्रता सेनानी चन्द्र शेखर आजाद के बलिदान स्थल की पवित्र मिट्टी को करनाल की पांचों विधानसभा क्षेत्रों में भेजा गया। जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने बताया कि जिस तरह 23 जनवरी को पूरे हरियाणा में नेता जी सुभाषचंद्र बोस को याद किया। इसी तरह 27 फरवरी को चंद्र शेखर आजाद के बलिदान दिवस पर पूरा हरियाणा वंदेमातरम बोलेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ की प्रेरणा और किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष सुखविंद्र श्योराण की अगुवाई में अमर बलिदानी चंद्र शेखर आजाद के शहीदी स्थल प्रयागराज की पवित्र मिट्टी का टीका माथे पर लगाकर हरियाणा के लोग 27 फरवरी को वंदेमातरम बोलते हुए महान स्वतंत्रता सेनानी को अपनी भावांजलि देंगे। इस मोके पर भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री राजिंदर संधू, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष नरेंद्र गोरसी, किसान मोर्चा जिला महामंत्री विनय संधू, किसान मोर्चा अर्बन मंडल अध्यक्ष रोहित बत्तान, खुमल भट्ट, पवन वालिया व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हडीआईपीआरओ कार्यालय में सतीश कुमार व विष्णु दत्त बने अधीक्षक

**करनाल (सन्नी चौहान) :** जिला सूचना एवं जन सम्पर्क कार्यालय में कार्यरत लेखाकार सतीश कुमार व आईसी विष्णु दत्त को विभाग द्वारा अधीक्षक पद पर पदोन्नत किए जाने पर जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी कृष्ण कुमार आर्य ने बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। यह दोनों कर्मचारी इससे पहले भी कार्यालय में कार्यरत रहे है जोकि लंबे समय से अच्छा कार्य कर रहे हैं। बता दें कि विभाग द्वारा अन्य 15 लेखाकारों एवं आईसीए को भी अधीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है। कार्यालय के अन्य कर्मचारियों एआईपीआरओ रघुबीर सिंह, लिपिक सुशील कुमार, विजय कुमार, सतपाल शर्मा, कर्म सिंह, बालकिशन, चालक विजय कुमार, प्यारे लाल सहित अन्य कर्मचारियों ने दोनों को पदोन्नत होने पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

# स्मार्ट सिटी की कई परियोजनाएं मार्च में होंगी मुकम्मल

**कैनाल डिवैल्पमैंट फ्रंट, अटल पार्क में ओपन एयर थिएटर, ग्रीन बैल्ट सौंदर्यकरण, रि-डिवैल्पमैंट ऑफ कर्ण लेक, दो पुस्तकालय व ऐतिहासिक ईमारतों के सौंदर्यीकरण के प्रोजैक्ट प्रगति पर**

करनाल, 24 फरवरी (सन्नी चौहान) : शहर के विकास, सुंदरता और जनता की सहूलियत से जुड़ी स्मार्ट सिटी की कई परियोजनाएं अगले महीने मार्च में मुकम्मल होंगी। उपायुक्त एवं केएससीएल के सीईओ अनीश यादव ने बुधवार सांय एक समीक्षा मीटिंग कर इसकी जानकारी दी। समीक्षा मीटिंग में स्मार्ट सिटी कार्यालय के अधिकारी पीएमसी की टीम और संबंधित ठेकेदार मौजूद रहे। खास बात यह थी कि एक-एक प्रोजैक्ट और उनसे जुड़े कार्यों की उपायुक्त ने डैडलाईन पूछी और फिर संकेत दिए कि आगामी मार्च में कई प्रोजेक्ट को उद्घाटन के लिए तैयार करवा दें। समीक्षा के दौरान उन्होंने बताया कि डब्ल्यू.जे.सी. के प्रोजैक्ट पर बिजली और प्लानिटंग के काम बचे हैं, जो अगले सप्ताह शुरू हो जाएंगे। तीन पार्कों के कार्य लगभग पूरे हो चुके हैं। उन्होंने कॉन्ट्रैक्टर से कहा कि काम में तेजी लाएं, मार्च में हर हाल में सभी कार्य पूर्ण हो जाने चाहिए। समीक्षा मीटिंग में जीएम रमेश मढ़ान, डीजीएम देवेन्द्र नरवाल व योगेश शर्मा, एक्सईएन सौरभ गोयल, स्पोर्ट इंजीनियर मोहन शर्मा व पीएमसी प्रवीन झा भी मौजूद थे। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने बताया कि अटल पार्क के सौंदर्यकरण प्रोजेक्ट में ओपन एयर थिएटर बनाया जा रहा है, जिसका सिविल वर्क पूरा हो चुका है, फिनिशिंग होनी है। अगले कुछ दिनो में सभी कार्य पूरे हो जाएंगे।

### ग्रीन बेल्ट सौंदर्यीकरण कार्य भी जल्द होंगे पूरे

समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने जानकारी दी कि एन.एच. के साथ लगती सैक्टर 6-7 व 13-14 की ग्रीन बेल्ट का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। इसमें जोगिंग ट्रैक, पाथ-वे, बाउण्डरी वाल की मरम्मत, ओपन एयर जिम, सिटिंग व्यवस्था और रिफ्लेक्सोलॉजी पार्क जैसे कार्य करवाए गए हैं। अब बिजली और शौचालय के कार्य करवाए जाएंगे। कुछ कार्य अगले 15 दिन में और कुछ एक महीने में पूरे हो जाएंगे।

### ऐतिहासिक ईमारतों के सौंदर्यीकरण व सहेजने के प्रोजैक्ट पर हो रहा काम

समीक्षा मीटिंग में उपायुक्त ने जानकारी दी कि शहर और इसके साथ लगते एरिया में ऐतिहासिक ईमारतें हैं, जिनमें कैन्टोनमेंट चर्च, गांधी मैमोरियल हाल तथा ऐतिहासिक कोस मीनार शामिल हैं। इनका सौंदर्यकरण किया जाएगा, जिसमें लाइटिंग, प्लाजा, लैंड स्केपिंग और वॉकिंग एरिया व पाथ-वे जैसे काम होंगे। गांधी मैमोरियल हाल के प्रवेश द्वार निर्माण कर दिया गया है।

### दो डिजीटल लाईब्रेरी के कार्य 10 मार्च तक होंगे पूरे

उन्होंने बताया कि स्मार्ट सिटी की ओर से शहर में राम नगर और बुढ़ाखेड़ा, दो जगहों पर डिजीटल लाईब्रेरी बनाने का प्रोजैक्ट लिया गया था। इनका सिविल वर्क पूरा हो गया है, अब इनमें बिजली का कनैक्शन, कम्प्यूटर सिस्टम व ब्रोडबैंड की व्यवस्था करवाएंगे, 10 मार्च तक सभी कार्य पूरे हो जाएंगे।

### राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लड़के में दी जाएंगी खेल सुविधाएं

उपायुक्त ने बताया कि रेलवे रोड पर लड़कों का राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हैं, इसमें खेल सुविधाएं दिए जाने का प्रोजैक्ट लिया गया है। सिटिंग स्पेस में स्टेअर बनाएंगे, बास्केट बाल, वॉलीबाल और बैडमिंटन के कोर्ट होंगे। ई.पी.डी.एम. की सिंथेटिक फ्लोरिंग होगी, बाऊंडरी वाल की रिपेयर करेंगे तथा हाई मास्ट लाईटें लगाई जाएंगी। प्रोजैक्ट अगले तीन महीने में पूरा हो सकेगा।

## भारी मात्रा में गांजा फूलपत्ती सहित एक आरोपी काबू

करनाल, 24 फरवरी (सन्नी चौहान) : एंटी नारकोटिक्स सैल की टीम ने एक आरोपी को भारी मात्रा में गांजा फूलपत्ती सहित काबू किया है। टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि गांव रमाना रमानी का रहने वाला सतीश कुमार आज वह अपने घर के सामने किसी व्यक्ति को गांजा फूलपत्ती बेचने के लिए काफी मात्रा में गांजा फूलपत्ती लिये खडा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने आरोपी सतीश कुमार उर्फ पप्पू को हाथ में लिए एक वजनदार कट्टे सहित काबू किया। कट्टे की तलाशी लेने पर आरोपी के कट्टे में से 04 किलो 510 ग्राम गांजा फूलपत्ती बरामद की गई। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना तरावड़ी में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि कि वह उपरोक्त गांजा पत्ती को उत्तराखंड के हरिद्वार से एक व्यक्ति से 8 हजार रुपए किलो के भाव में खरीदकर लाया था और यंहा लाकर करीब दो गुने मंहगे दाम पर बेचकर मुनाफा कमाना चाहता था।

## वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाला गिरोह चढ़ा हत्थे

- **आरोपियों से चोरी की चार मोटरसाइकिल व एक एक्टिवा बरामद**



पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी व बरामद की गई मोटरसाइकिलें व एक्टिवा।

करनाल, 24 फरवरी (सन्नी चौहान) : पुलिस की विशेष यूनिट वाहन चोरी निरोधक दस्ता टीम ने वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले एक गिरोह के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से चोरी की चार मोटरसाईकिल व एक एक्टिवा बरामद की गई है। पुलिस टीम ने तीन आरोपियों प्रदीप, प्रदीप व रामलाल निवासी गांव सौंकडा को असंध रोड फफडाना सेचोरी की एक मोटरसाइकिल सहित काबू किया। पूछताछ में आरोपियों ने जिला करनाल के विभिन्न थाना क्षेत्रों से मोटरसाईकिल चोरी की कुल पांच वारदातों को अंजाम देने बारे खुलासा किया गया। जिसमें थाना सदर के एरिया से दो व थाना असंध, थाना शहर व थाना सिविल लाईन के एरिया से मोटरसाइकिल चोरी की एक-एक वारदात को अंजाम देना शामिल है। जिसके बाद आरोपियों के कब्जे से पांचो मामलो में चोरीशुदा तीन मोटरसाईकिल व एक एक्टिवा को आरोपियों के घरों से बरामद किया गया। इस प्रकार आरोपियों के कब्जे से कुल चार मोटरसाईकिल व एक एक्टिवा बरामद की गई है। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी आदतन अपराधी हैं और इससे पहले भी आरोपी अलग-अलग तरह की चोरी करने के चार मामलों में सजा काट चुके हैं और फिलहाल जमानत पर बाहर चल रहे थे। आरोपियों से पूछताछ में जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी नई-नई मोटरसाईकिल चलाने के शौकिन हैं और अपने इसी शौक को पूरा करने के लिये आरोपी मोटरसाईकिल चोरी की वारदातों को अंजाम देते हैं। आरोपियों ने बताया कि वह बिना पार्किंग के खड़ी मोटरसाईकिलों को निशाना बनाते थे। ऐसी मोटरसाइकिलों में आरोपी डुप्लीकेट चाबी लगाकर या लॉक खुली मोटरसाइकिल को डायरेक्ट करके चोरी करके मौका से फरार हो जाते थे। सभी आरोपियों को पुलिस अब अदालत में पेश करेगी।

## निर्माणाधीन एनसीसी अकादमी का निरीक्षण करने पहुंचे एनसीसी निदेशालय के एडीजे मेजर जनरल राजीव छिब्बर



घरौंडा में निर्माणाधीन एनसीसी अकादमी का जायजा लेने के लिए पहुंचें एडीजे राजीव छिब्बर।

घरौंडा, 24 फरवरी (तेजबीर) : ज्ञानपुरा कॉलेज के पास निर्माणाधीन एनसीसी अकादमी को एनसीसी निदेशालय के अतिरिक्त महानिदेशक मेजर जनरल राजीव छिब्बर ने उत्तर भारत के केडेट्स के लिए यूनिक सेंटर ऑफ एक्सिलेंस बताया है। एनसीसी अकादमी देश की तीसरी सबसे बड़ी अकादमी है। मेजर जनरल राजीव छिब्बर ने कहा कि जैसी ट्रैनिंग ग्वालियर और नागपुर की एनसीसी अकादमी में मिलती है वैसा ही प्रशिक्षण घरौंडा की एनसीसी अकादमी में मिलेगा। अकादमी पर लगभग 56 करोड़ रुपए खर्च किए जाने है और सात-आठ माह में अकादमी का निर्माण पूरा हो जाएगा। जिसके बाद नवंबर-2022 में भव्य कार्यक्रम के साथ एनसीसी अकादमी का उद्घाटन किया जाएगा।

गुरूवार को एनसीसी निदेशालय पंजाब, हरियाणा, हिमाचल व चंडीगढ़ के अतिरिक्त महानिदेशक मेजर जनरल राजीव छिब्बर ने एनसीसी अधिकारियों के साथ निर्माणाधीन अकादमी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला उपायुक्त अनीश यादव, घरौंडा विधायक हरविंद्र कल्याण, एक्सईएन राजकुमार नैन व पीडब्ल्यूडी के अधिकारी भी पहुंचें। एक्सियन राजकुमार नैन ने मेजर जनरल राजीव छिब्बर और एनसीसी के अधिकारियों को प्रोजेक्ट के बारे में विस्तृत जानकारी दी और बताया कि अकादमी के प्रथम चरण का लगभग 95 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। प्रोजेक्ट की ड्राईंग में हुए बदलाव के कारण ढांचा शिफ्ट करना पड़ा। जिससे चारदीवारी और अर्थ फिलिंग की वजह से लागत बढ़ी है। काम पूरा करने के लिए रिवाईज एस्टीमेट 86 करोड़ रूपये का सरकार को भेजा गया है। सरकार से स्वीकृति मिलने के बाद दुसरे चरण का काम शुरू कर दिया जायेगा। मेजर जनरल राजीव छिब्बर ने कहा कि सीएम मनोहर लाल ने जल्द से जल्द निर्माण पूरा करने के निर्देश दिए है। अकादमी परिसर में कुछ मजार व मिन्दर बने हुए है। डिफेन्स में सभी धर्मो को एक समान माना जाता है। इसलिए जिला उपायुक्त को यहां बने मदिंर व मजार को दूसरे स्थान पर शिफ्ट किए जाने को कहा गया है।

***14 मार्च को चंडीगढ़ में होगी उच्च अधिकारियों की बैठक***

मेजर जनरल राजीव छिब्बर ने कहा कि घरौंडा में बन रही एनसीसी अकेडमी ग्वालियर व नागपुर में स्थित एनसीसी अकेडमी के लेवल की होगी। इस संस्थान में केडेट्स को ट्रेनिंग के अलावा कई तरह की स्पोर्ट्स गतिविधियां भी होगी। यहाँ पर एक समय में 700 कैडेट्स को ट्रेनिंग दी जाएगी और ट्रेनिंग के लिए 100 अधिकारियों व कर्मचारियों का स्टाफ नियुक्त होगा। मेजर जनरल ने बताया कि अकेडमी के निर्माण को लेकर आगामी 14 मार्च को चंडीगढ़ में उच्च अधिकारियों की बैठक होगी।

**अतिरिक्त उपायुक्त ने बैंकर्स के साथ की त्रैमासिक बैठक में समीक्षा, दिए निर्देश**

# सरकार की प्रायोजित योजनाओं के तहत बैंकर्स समय पर दें स्वरोजगार के लिए ऋण : एडीसी

- **दिसम्बर 2021 तक कुल ऋण के रूप में 21975 करोड़ रुपये किए गए वितरित**



बैंकर्स के साथ समीक्षा करते अतिरिक्ति उपायुक्त।

करनाल, 24 फरवरी (सन्नी चौहान) : अतिरिक्त उपायुक्त योगेश कुमार ने केन्द्र व राज्य सरकार की प्रायोजित स्कीमों के क्रियान्वयन बारे में बैंकर्स को निर्देश दिए कि उनके पास एवं उनकी समबन्धित शाखाओं में जिस भी एजेंसी के माध्यम से पात्र व्यक्ति का ऋण के लिए आवेदन प्राप्त होता है, उसे बिना कारण अपने पास लिम्बत न रखें। समय पर ऋण मुहैया करवाएं ताकि वह अपना स्वरोजगार शुरू कर सकें। अतिरिक्त उपायुक्त वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में बैंकों के सौजन्य से जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने सभी बैंकर्स को कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा किसानों, मजदूरों, गरीबों व जरूरतमंदों के लिए जो भी योजनाएं शुरू की गई हैं, उनकी सफलता के लिए लोगों की आवश्यकता अनुसार ऋण मुहैया करवाया जाए। उन्होंने कहा कि मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, स्टैंड अप इंडिया योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना में बैंक अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें जिससे लोगों को सुविधा हो सके। इसके साथ प्रधानमंत्री स्विनधि योजना, वृद्धावस्था पैंशन, मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना, अटल पेंशन योजना के तहत आने वाली राशि भी लाभार्थियों के खातो में बिना किसी देरी और सुरिक्षत रूप से पहुंच सके। उन्होंने कहा कि सभी एटीएम में सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगे होने चाहिएं और पुलिस अधिकारी से कहा कि सभी एटीएम पर पुलिस पैट्रॉलिंग अवश्य होनी चाहिए। समीक्षा के दौरान जिला अग्रणी प्रबंधक एसके सिंघाल ने बताया कि करनाल जिले को शत-प्रतिशत डिजीटिलाईजेशन करने के लिए चुना गया है। सभी डीसीओ ग्राहकों को कैशलैस लेन-देन करने के लिए विभिन्न कैम्पों के माध्यम से जागरूक करें। उन्होंने बताया कि स्टैण्ड अप इंडिया स्कीम का उद्देश्य कम से कम अनुसूचित जाति एवं जनजाति और कम से कम एक महिला को 10 लाख रुपए से 100 लाख तक का ऋण देने का प्रावधान है। जिले में 1 अप्रैल 2021 से 31 दिसम्बर 2021 तक बैंकों द्वारा 14 अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लाभार्थियों को 279.11 लाख रुपये का एवं 9 महिलाओं को 352.55 लाख रुपए का ऋण दिया गया। समीक्षा बैठक में पंजाब नेशनल बैंक के जिला अग्रणी प्रबंधक एसके सिंघाल, एएसपी पुष्पा खत्री, आरबीआई के एलडीओ लोकेश बहल, नाबार्ड से अभिमन्यु मलिक सहित विभिन्न बैंकों तथा विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज गैलरी

## 3 मार्च के चंडीगढ़ विधान सभा कूच में हिस्सा लेंगी हजारों आंगनवाड़ी वर्कर्स और हैल्पर्स



आंगनवाडी कर्मचारियों को संबोधित करते कर्मचारी नेता।

**करनाल(सन्नी चौहान) :** दमन और उत्पीडऩ की कार्यवाहियां महिलाओं के आंदोलन को नहीं रोक पाएंगी। आंगनवाड़ी कर्मियों की हड़ताल के 81वें दिन संकल्प लिया गया कि 3 मार्च के चंडीगढ़ विधान सभा कूच में 52000 आंगनवाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स हिस्सा लेंगी। यह बात आज करनाल महापड़ाव व प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष लांबा, सीटू प्रदेश महासचिव जय भगवान, आंगनवाड़ी तालमेल कमेटी की नेताओं कृष्णा, मधु शर्मा, सुनीता रामबास ने कही। तालमेल कमेटी नेताओं ने बताया कि 23 फरवरी को हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने तालमेल कमेटी को चंडीगढ़ बातचीत के लिए बुलाया था। 7 घंटे इंतजार करवाने के बाद बातचीत की ओर उन्होंने सरकार के प्रतिनिधि के बजाय जजपा पार्टी के कार्यकर्ता की तरह व्यवहार किया। महिला प्रतिनिधिमंडल के प्रति उनका व्यवहार बेहद असंवेदनशील रहा जिसकी अपेक्षा इतने ऊंचे पद पर बैठे व्यक्ति से नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि कल पूरे राज्य में भाजपा मंत्री विधायको के घरों पर दिन रात का डेरा डाला जाएगा। 25 फरवरी से 2 मार्च तक 10 लाख हैंडबिल घर घर तक बांटे जाएंगे। 3 मार्च को हजारों की संख्या में आंगनवाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स पंचकुला यामनिका पार्क पहुंचेंगी और चंडीगढ़ विधान सभा की ओर कूच करेगी। सभा व प्रदर्शन को आंगनवाड़ी नेताओं भुला देवी, कमला, प्रभा, रुपा राणा, बिजनेश, सुमन, सीआईटीयू नेता सतपाल सैनी, ओपी माटा, सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान मलकीत सिंह धीरज सिह रावत, सरोज, मधु शर्मा, महेश व नीलम आदि ने संबोधित किया। सभा के बाद करनाल शहर में विशाल जुलुस निकाला गया।

## यूक्रेन में फसे नागरिकों के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

**करनाल (सन्नी चौहान) :** डीसी अनीश यादव ने कहा कि यूक्रेन में बढ़ते तनाव को देखते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निर्देश पर हरियाणा सरकार ने राज्य के लोगो की सुविधा के लिए एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। राज्य में विदेश सहयोग विभाग के माध्यम से स्थापित किये गए इसके माध्यम से हरियाणा व भारतीय लोगों के लिए हेल्पलाइन +91 9212314595 (केवल व्हाट्सएप) जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि इसके लिए नागरिक ईमेल पर भी अपने सवाल पूछ सकते हैं या फिर सहायता ले सकते हैं। यूक्रेन में मौजूदा अनिश्चितताओं और तनाव को देखते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वहां फंसे हुए भारतीय राष्ट्रीयता के सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे शांत रहें और घबराहट व चिंता से दूर रहें। बतौर मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार, भारतीय नागरिकों को देश वापिस लाने के लिए भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के साथन निकट सहयोग में हरसंभव सहायता प्रदान करेगी। स्थिति की निगरानी और नियंत्रण के लिए भारत सरकार ने पहले ही विदेश मंत्रालय के तहत विशेष नियंत्रण कक्ष स्थापित कर लिया है। इस नियंत्रण कक्ष में डॉ. आदर्श स्वाईका, संयुक्त सचिव, के मार्गदर्शन में विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन में फंसे सभी भारतीय नागरिक देश में सुरक्षित वापसी के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय करें। उपायुक्त ने दिल्ली में नियंत्रण कक्ष के संपर्क विवरण की जानकारी देते बताया कि उनके फोन नम्बर +91 11 23012113, +91 11 23014104, +91 11 23017905 और 1800118797 (टोल फ्री ) है। इसी प्रकार यूक्रेन में भारतीय दूतावास में हेल्पलाइन के संपर्क विवरण में फोन +380 997300428 +380 99730483, है।

## 27 फरवरी से 1 मार्च तक चलेगा प्लस पोलियो अभियान

**करनाल (सन्नी चौहान) :** सिविल सर्जन करनाल डा. योगेश शर्मा ने बताया कि प्रदेश में 27 फरवरी से 1 मार्च 2022 तक नेशनल पल्स पोलियो अभियान किया जाएगा। इसी कड़ी में जिला में 0 से 5 साल तक के 1 लाख 98 हजार 726 बच्चों को दवाई पिलाने के लिए 876 बूथ और 1535 हाऊस टू हाऊस टीमें बनाई गई है, जिनकी निगरानी 146 सुपरवाईजर द्वारा की जाएगी। उन्होंने बताया कि करनाल जिले में कुल 66 मोबाईल टीमों जिसमे 32 ट्रांजिट टीम तथा कुल 3266 कर्मचारी व अधिकारी इस कार्य में भाग लेंगे। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने जिलावासियों से अनुरोध किया कि सभी अभिभावक अपने 0 से 5 साल के बच्चों को आगामी 27 फरवरी 2022 (रविवार) को नजदीकी बूथ पर पहुँचकर पोलियो की बूंदे अवश्य पिलवाएं। सिविल सर्जन ने बताया कि हरियाणा प्रदेश में जनवरी 2010 से कोई पोलियो केस नहीं हुआ है और भारतवर्ष में जनवरी 2011 से पोलियो का कोई केस नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि भारत वर्ष 11 फरवरी 2014 को पोलियो मुक्त घोषित कर दिया गया है, परन्तु भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान व अफगानिस्तान में अभी भी पोलियो के केस मिल रहे है जिसकी वजह से भारत में पोलियो केस का खतरा बना रहता है। इसी कारण से पोलियो उन्मूलन अभियान देश में बार-बार चलाया जा रहा है। भारत में कोई भी पोलियो केस न हो, इसलिए भारत से बाहर जाने वाले व भारत में आने वाले व्यक्ति को पहले पोलियो की खुराक पिलाई जाती है।

## नपा ने चलाया शहर में बंदर पकड़ने का अभियान




टीम द्वारा पकड़े गए बंदर।

**इंद्री (अमित) :** शहरवासियों को बंदरों के आतंक से निजात दिलाने के लिए नगर पालिका इंद्री की ओर से शहर में पिछले चार दिनों से बंदरों को पकडऩे का अभियान चलाया जा रहा है। शहरवासी प्रिंस, पुरुषोतम, प्रशांत, अशोक, दलबीर, प्रवीन आदि ने बताया कि शहर के लोग काफी दिनों से बंदरों को लेकर परेशान थे। बंदरों की समस्या को लेकर वह कई बार नगर पालिका इंद्री के चक्कर लगा चुके थे। लोगों की समस्या पर गंभीरता दिखाते हुए नपा की ओर से यह अभियान चलाया जा रहा है। टीम द्वारा बंदरों को पकड़ कर पोंटासाहब स्थित कलेशर के जगंल में छोड़ा जा रहा है। जानकारी देते हुए नपा चेयरमैन प्रतिनिधि अमति गोयल ने बताया कि बंदरों की समस्या को लेकर शहर के लोग कई बार उनसे गुहार लगा चुके थे। प्रशासन की ओर से अभी बंदरों को पकड़ने की मंजूरी मिली है। शहर से सभी बंदरों को पकड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि नपा की ओर से शहर में बंदरों को पकड़ने का टैंडर डाला गया था जिसमें ठेकेदारों द्वारा एक बंदर पकड़ने का रेट करीब 2200 रुपये था। रेट अधिक होने के कारण नपा की ओर से कुटेशन बेस पर बंदर पकड़ने का कार्य शुरू किया गया है। जिसमें एक बंदर पकड़ने पर टीम को करीब 700 रुपए दिए जा रहे हैं। टीम द्वारा चार दिनों में शहर से अभी तक 110 बंदर पकड़े जा चुके हैं। जल्द ही टीम द्वारा सभी बंदरों को पकडने का कार्य किया जाएगा।

## न्यूज गैलरी

### वार्ड 14 में 66 लाख की लागत से पार्किंग एरिया की बनेगी सड़क


विधायक प्रमोद विज व मेयर अवनीत कौर वार्ड न. 14 में सड़क के निर्माण कार्य का शुभारम्भ करते हुए। (मोहन लाल)

पानीपत (विनोद पांचाल) : नगर निगम के वार्ड न.14 में पंजाब नेशनल बैंक के पार्किंग एरिया के सामने जल्द ही जलभराव की समस्या के समाधान के लिए पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज एवं मेयर अवनीत कौर ने 66 लाख की लागत से होने वाले निर्माण कार्य का शिलान्यास किया है। गौरतलब है कि पार्किंग एरिया में रंगीन टाईल से सड़क बनाई जाएगी एवं जलनिकासी की समस्या के लिए वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण किया जाएगा। शिलान्यास के अवसर पर विधायक विज ने शहर में होने वाले निर्माण कार्यों एवं मुख्यमंत्री मनोहर लाल की कल्याणकारी योजनाओं से वार्ड वासियों को अवगत कराते हुए कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश को बेहतर दिशा में ले जाने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध हैं और मनोहर लाल के नेतृत्व में विधायक विज निरंतर पानीपत के विकास के लिए प्रयासरत है। इस अवसर पर मेयर अवनीत कौर, डिप्टी मेयर रविन्द्र फुले, पार्षद शकुंतला गर्ग, मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा मौजूद रहे।

### विद्यार्थियों की मजबूत नींव के लिए एफ एलएन प्रशिक्षण निभाएगा भूमिका : प्रेम पूनिया


पानीपत में निपुण भारत मिशन के तहत फाऊंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी एफ एलएन प्रशिक्षण शिविर के समापन पर मौजूद अध्यापक। (मोहन लाल)

पानीपत (मोहन लाल) : जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में निपुण भारत मिशन के तहत फ़ाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी एफ एलएन प्रशिक्षण शिविर के दूसरे ग्रुप के तीनों बैच का समापन हुआ। जिसमें शिविर में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रशिक्षण पूरा करने पर खण्ड शिक्षा अधिकारी राजबीर सिंह व डाइट प्रिंसिपल प्रेम सिंह पूनिया ने प्रमाणपत्र वितरित किए गए। गौरतलब है कि नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत कक्षा एक से तीन के विद्यार्थियों की बुनियाद मजबूत करने के लिए अध्यापकों को नई-नई विधियों का इस्तेमाल करने, गणित, भाषा अंग्रेजी व हिंदी में निपुणता प्रदान करने के लिए विशेष रूप से विभिन्न के आरपी के द्वारा सिखाया जा रहा है। इस अवसर पर निपुण पानीपत के जिला संयोजक राकेश स्वामी, केआरपी पवन जांगड़ा, बोधराज, जितेंद्र, कुसुमलता, पूजा, रेनू, जयदीप हेडटीचर, महेंद्र खेंची हेडटीचर, हरिओम, विक्रम पानू उपस्थित रहे।

### सुखधाम मंदिर में 52वीं शादी की वर्षगांठ मनाई


सुखधाम मंदिर में शादी की वर्षगांठ मनाते हुए साईदास मलिक व उषा मलिक। (मोहन लाल)

पानीपत (विनोद पांचाल) : आज सुखधाम मंदिर में प्रभु के चरणों में आरती के पश्चात साई दास मलिक व उनकी धर्मपत्नी ऊषा मलिक ने अपनी 52वीं शादी की वर्षगांठ मनाकर प्रभु से आशीर्वाद लिया। दोनो ने मंदिर प्रांगण में एक दूसरे को वरमाला पहनाकर शादी की वर्षगांठ मनाई। वहीं आरती में आई संगत ने उनके स्वास्थ्य व दीर्घायु की प्रभु से प्रार्थना की। शादी की वर्षगांठ पर सुन्दर व मनमोहक माहोल में सभी ने झूमकर खुशी मनाई। प्रभु राम आप दोनो को स्वस्थ्य रखे व इसी तरह आने वाले अगले वर्षो तक मनाते रहे।

### सहयोग परिवार ने रेरकला की महिला को हाथ रिक्शा भेंट की


सहयोग परिवार के सदस्य गांव रेरकला की दिव्यांग महिला को हाथ रिक्शा भेंट करते हुए। (मोहन लाल)

पानीपत (विनोद पांचाल) : पानीपत निवासी नीरज मेहता के पास रेरकला के किसी जानकार का फोन आया कि उनके गांव में एक दिव्यांग महिला है जो चलने फिरने से लाचार है। कहीं भी आने-जाने के लिए उसको वॉकर का सहारा लेना पड़ता है अगर उसको एक हाथ रिक्शा मिल जाए वह महिला बिना किसी सहारे कहीं भी आ जा सकती है। तुरंत ही सहयोग परिवार के सदस्यों ने एक हाथ रिक्शा की व्यवस्था कर उक्त महिला को भेंट की। सहयोग के सदस्य गौरव लीखा ने बताया कि किसी भी जरूरतमंद दिव्यांग को व्हील चेयर, हाथ रिक्शा, वाकर, बैसाखी की जरूरत हो तो वह संस्था के किसी भी सदस्य से सम्पर्क कर सकता है। इस अवसर पर आशु दुआ, शुभम सहवाग, कुलदीप पुनिया, संदीप खेर, मोहित बजाज, गौरव लिखा, धीरज कपूर मौजूद थे।

### करहंस के पूर्व सरपंच यशपाल सहरावत बने सहरावत खाप के प्रधान


गांव करहंस में सहरावत खाप की बैठक में नव नियुक्त जिला कार्यकारणी सदस्य। (मोहन लाल)

पानीपत (विनोद पांचाल) : समालखा के गांव करहंस में सहरावत खाप की बैठक आयोजित हुई। बैठक में पानीपत जिला के सहरावत खाप से आए हुए प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक में सहरावत खाप पानीपत जिला की कार्यकारणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता 84 वर्षीय बुजुर्ग खेमचंद सहरावत ने की। बैठक का संचालन संदीप सहरावत ने की। गांव करहंस में सहरावत खाप की बैठक में सर्वसम्मति से करहंस के पूर्व सरपंच यशपाल सहरावत को पानीपत जिला प्रधान, जगबीर सहरावत पलड़ी उप प्रधान, सुरेंद्र सहरावत जिला महासचिव व धर्मपाल सहरावत को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस मौके पर भीम सिंह, हरिराम, रामपाल सहरावत, मास्टर वीरेंद्र सिंह, धर्मबीर सिंह, कर्मबीर सहरावत, आजाद सिंह, रामफ ल सिंह, मेहुराम सहरावत, रघबीर सिंह, राजबीर, चन्द्र सिंह व रामकिशन सहरावत उपस्थित रहे।

### आईबी कालेज में कोडवार प्रतियोगिता का किया आयोजन


आईबी कालेज में कोडवार प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी। (मोहन लाल)

पानीपत (मोहन लाल) : जी.टी. रोड स्थित आईबी पीजी महाविद्यालय में कंप्यूटर विभाग के द्वारा नैशनल लेवल पर कोडवार प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 10 विद्यार्थियों ने अलग-अलग राज्यों से भाग लिया। कोडवार प्रतियोगिता कंप्यूटर की विभिन्न प्रोग्रामिंग पर निर्धारित की गई। जिसमें प्रतिभागियों ने अलग-अलग प्रोग्रामिंग पर गेम्स, एनिमेशन व साफ्टवेयर बनाए। प्रतियोगिता का संचालन कंप्यूटर विभाग की प्रोफेसर नीतू द्वारा किया गया। जिसमें प्रथम हिमांशु गर्ग सीआरएसयू जींद, द्वितीय अनुष्का दयानंद महिला महाविद्यालय कुरुक्षेत्र व तृतीय स्थान रोबिन व रोहित आईबी पीजी कालेज ने प्राप्त किया।

### विधायक व मेयर ने 54 लाख की लागत से बनने वाले नाले का किया शुभारम्भ


विधायक महिपाल ढांडा व मेयर अवनीत कौर व पार्षद अशोक कटारिया नाले के निर्माण कार्य का शुभारम्भ करते हुए। (मोहन लाल)

पानीपत (मोहन लाल) : पानीपत ग्रामीण विधायक महिपाल ढांडा व मेयर अवनीत कौर ने 54 लाख की लागत से वार्ड नं.7 स्थित ड्रेन नं.1 से बनियों वाले शमशान तक नाले के निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया। नाले के निर्माण से जो शमशान के पास जलभराव की समस्या रहती थी उससे निजात मिलेगी। इस अवसर पर डिप्टी मेयर रविंद्र फूले, पार्षद अशोक कटारिया, काकू बंसल, प्रवीण गहलावत, सचिन कंसल, अनिल गर्ग, बलबीर शर्मा, बीर सिंह प्रधान, हरीश ओबेरॉय, नरेश कबीरपंथी, राकेश बाबा, जनेश्वर, जयभगवान, कमला देवी, रोहतास डाबड़ा, गयूर सैफी, नेत्रपाल राणा व वॉर्ड के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# राजस्थान की तर्ज पर हरियाणा में भी कर्मचारियों को मिले पुरानी पैंशन स्कीम का लाभ : हुड्डा

## कांग्रेस सरकार बनने पर आंगनवाड़ी व आशा वर्कर्स की मांगे पूरी होगी

**बेरोजगारी का यह आलम है कि चपरासी के एक-एक पद के लिए भी लग जाती है हजारों पढ़े लिखे युवाओं की लाइन**


पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा को व्यापार मंडल के पदाधिकारी ज्ञापन सौंपते हुए। (मोहन लाल)

पानीपत, 24 फरवरी (विनोद पांचाल) : पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने राजस्थान सरकार द्वारा कर्मचारियों की बहुप्रतीक्षित पुरानी पैंशन स्कीम की मांग माने जाने के फैसले का स्वागत किया हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार को भी कर्मचारियों की मांग माननी चाहिए। उन्होंने कहा कि जजपा ने बाकायदा अपने घोषणा पत्र में पुरानी पेंशन स्कीम को लागू करने का वादा किया था उसे अपना वादा पूरा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा-जजपा सरकार ऐसा नहीं करती तो प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर कर्मचारियों को पुरानी पेंशन स्कीम का लाभ दिया जाएगा। पानीपत आए हुड्डा को कर्मचारी यूनियन, रेजिडेंट वैल्फेयर एसोसिएशन, व्यापार मंडल, आशा वर्कर, आंगनवाड़ी वर्कर्स ने उन्हें अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। हुड्डा ने सभी की मांगों को आने वाले विधानसभा सत्र में पुरजोर ढंग से उठाने का आश्वासन दिया। हुड्डा ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार की नीतियों से हर वर्ग परेशान है। वहीं डोमिसाइल के लिए 15 साल की शर्त को घटाकर 5 साल करने के फैसले को भी वापस लेना पड़ेगा। हुड्डा ने कहा कि प्रदेश सरकार की विध्वंसकारी नीतियों के चलते हरियाणा पहले ही ढाई लाख करोड़ के कर्ज तले दबा हुआ है। जबकि पिछले 7 साल में सरकार द्वारा जनहित का कोई कार्य नहीं किया गया। हालत यह है कि 2014 से पहले जो हरियाणा प्रति व्यक्ति आय, प्रति व्यक्ति निवेश, खुशहाली व विकास में नंबर वन था। वहीं हरियाणा अब बेरोजगारी, अपराध, कर्ज व महंगाई में नंबर वन बन गया है।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा, विधायक बलबीर वाल्मीकि, कांग्रेस नेता बुल्लेशाह, तेजबीर जागलान, नेपाल राणा, डा. कर्ण सिंह कादियान, खुशीराम जागलान, सरोज सांगवान, स. बलजीत सिंह, शशि लूथरा, पूर्व पार्षद सुनील वर्मा, सुरेश बवेजा, पूर्व मेयर सुरेश वर्मा, बिन्दू मलिक आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### गुरुद्वारा नवांकोट का 24वां वार्षिक समागम मनाया

पानीपत, 24 फरवरी (मोहन लाल) : सैक्टर 12, हुडा कालोनी स्थित गुरुद्वारा गुरसंगत साहिब नवांकोट का 24वां वार्षिक समागम 25, 26 व 27 फरवरी को शब्द गुरु श्री गुरुग्रंथ साहिब की छत्रछाया में मनाया जा रहा है। जिसमें प्रसिद्ध रागी जत्थों द्वारा शब्द कीर्तन से संगतों को निहाल किया जाएगा। इन प्रोग्राम में पहुंच कर अपने जीवन को सफल बनाएं। यह जानकारी मुख्य सेवादार स. फतेह सिंह ने दी।

### समालखा के विकास के लिए भाजपा जरूरी : डा. अर्चना


समालखा में भाजपा जिलाध्यक्ष डा. अर्चना कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए।


समालखा, 24 फरवरी (सवेरा) : भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने समालखा नगर पालिका के चुनाव के निमित्त संगठनात्मक गतिविधियों को तेज कर दिया है। आज डॉ. अर्चना गुप्ता ने 10 बूथों की बूथ त्रिदेव कमेटी की बैठक ली। बैठक में डॉ. अर्चना ने सभी कार्यकर्ताओं से चुनावी चर्चा कर रूपरेखा बनाई। डॉ. अर्चना नगरपालिका के वाइस चेयरमैन सुनील शर्मा के कार्यालय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। डॉ.अर्चना गुप्ता ने कहा कि समालखा नगर पालिका में भाजपा का चेयरमैन बनना अति आवश्यक है। बैठक में जिला विस्तारक रवि राणा, पालिका विस्तारक रामकिशन सरोहा, वाइस चेयरमैन सुनील शर्मा, मण्डल महामंत्री नरेश बेनीवाल, महिला मोर्चा की कार्यकारी अध्यक्ष रेणु धीमान, पार्षद बॉबी जांगड़ा, पार्षद जयपाल कुहाड़, पार्षद राजेश ठाकुर, पवन मालपुर, शीतल नेगी, नीरज गोयल, तरुण गोयल उपस्थित रहे।

## वैदिक परिवार नें मनाया भक्त फूल सिंह का जन्मदिन


वैदिक परिवार के सदस्य भक्त फूल सिंह के जन्म दिन पर हवन-यज्ञ करते हुए। (मोहन लाल)

पानीपत, 24 फरवरी (मोहन लाल): हरियाणा में शिक्षा विशेषकर स्त्री शिक्षा में भक्त फूल सिंह का अहम योगदान है। यह बात हरियाणा सरकार के मीडिया कोऑर्डिनेटर रणदीप घनघस ने सैक्टर 25 में वैदिक परिवार पानीपत द्वारा भक्त फूल सिंह के जन्म दिन के उपलक्ष में आयोजित यज्ञ एवं गोष्ठी में कही। उन्होंने बताया कि भक्त फूल सिंह का जन्म 24 फरवरी 1885 को सोनीपत जिले के माहरा गांव में हुआ और शिक्षा के बाद उन्होंने पटवारी के रूप में काम किया। घनगस ने बताया कि इसी बीच वे आर्य समाज के सम्पर्क में आए और उसी में रम बस गए। उन्होंने नौकरी को त्याग दिया और समाज सेवा के काम में लग गए। इस अवसर पर वैदिक परिवार के महासचिव डा.राजबीर आर्य, कोषाध्यक्ष अशोक अरोड़ा, दलबीर आर्य, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी ईश कुमार राणा, मालती अरोड़ा, प्रमोद शर्मा, संजय जैन, विशाल गोस्वामी, दयानंद खुंगर, दीपक शर्मा व प्रदीप उपाध्याय उपस्थित थे।

### श्रीमद भागवत का दाताराम जी महाराज ने कराया कथा का रसपान


श्री राम मंदिर के वार्षिक महोत्सव पर भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का ध्वजारोहण करते मुलखराज गुरेजा। (मोहन लाल)

पानीपत, 24 फरवरी (मोहन लाल) : श्री राम मंदिर का वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष्य में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन किया गया। कथा व्यास परम श्रेद्य भागवत रिसक श्री दाताराम जी महाराज ने मुखारविन्द से कहा कि श्री मद्भागवत जन-जन का कल्याण करने के साथ-साथ राष्ट्र का भी कल्याण होता है। श्रीमद् भागवत के महत्व का वर्णन करते हुए कहा कि भक्तों का कल्याण तभी होता है जब दुष्टों का भी कल्याण होता है। अपितु जीत जी भी कल्याण और मरने के बाद भी मुक्ति होती है इसका प्रमाण गौकर्ण ने धुन्धकारी के लिए श्रीमद् भागवत कथा सुनते ही दिव्य देहधारण करके भगवान के धाम को चला गया। कथा में विष्णु शर्मा, उज्जवल भोला, प. परशुराम, राजू जुनेजा, ऋत्रमोहन शर्मा एडवोकेट, मदन बठला, ओप्रकाश, प. कुलदीप, गीता, सुशील बजाज, अलका बजाज व खुशबु सिंगला उपस्थि रहे।

### साफ-सुथरी सड़कों को तोड़कर बनाना सिर्फ भ्रष्टाचार है : सुखबीर मलिक


आप जिलाध्यक्ष सुखबीर मलिक सैक्टर-12 की टूटी सड़कों का निरीक्षण करते हुए। (मोहन लाल)

पानीपत, 24 फरवरी (विनोद पांचाल) : नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार को उजागर करते हुए आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष सुखबीर मलिक ने सैक्टर 11 में साफ-सुथरी बनी हुई सड़क को फिर से तोड़कर बनाने पर अपना रोष प्रकट किया। सैक्टर 11 के लोगों द्वारा जिलाध्यक्ष को सूचित करने पर जिलाध्यक्ष ने अपने साथियों के साथ मिलकर मौके पर पहुंचकर देखा। सैक्टर 11 को जाने वाली सड़क जो की इंटरलॉकिंग से बनी हुई है साफ-सुथरी सड़क है सिर्फ सफाई की कमी है। पार्षद के ठेकेदार सड़क को तोड़ने जा रहे हैं पूछने पर बताया गया की सड़क फिर से बनेगी। आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी व उनके जनता के साथियों के साथ ने विरोध प्रकट किया। जिला अध्यक्ष सुखबीर मलिक ने कहा कि पानीपत की सड़कों में खड्डे हैं उनको आप लोग ठीक नहीं करते हैं जबकि यह सड़क साफ सुथरी है इसको तोड़कर दोबारा बनाना भ्रष्टाचार को शक पैदा करता है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुखबीर मलिक, दीपक बग्गा, प्रितपाल खेड़ा, पवन कोहली, नीलम प्रणामी, सुरेंद्र शर्मा, राजीव कंसल, अनु मलिक, संदीप मनचंदा, सुरेंद्र मनोचा मौजूद रहे।

# अर्थशास्त्र विभाग के 8 विद्यार्थियों ने की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण


विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए प्राचार्य डा. जगदीश गुप्ता व प्रबंध समिति के पदाधिकारी। (मोहन लाल)

पानीपत, 24 फरवरी (विनोद पांचाल) : आर्य कालेज के अर्थशास्त्र विभाग के एक साथ आठ विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। प्रबंधक समिति के प्रधान सुरेंद्र सिंगला, महासचिव सीए कमल किशोर व प्राचार्य डा.जगदीश गुप्ता व अन्य सम्मानित सदस्यों ने विद्यार्थियों का स्वागत किया। वहीं अर्थशास्त्री विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. सतबीर सिंह, प्रो. रमेश सिंगला, प्राध्यापिका डा. रजनी शर्मा को बधाई दी। प्रधान सुरेंद्र सिंगला ने कहा कि आर्य कालेज के विद्यार्थी हर क्षेत्र में कालेज का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रबंधक समिति का भी हर संभव यह प्रयास रहता है कि हम विद्यार्थियों को महाविद्यालय में बेहतर से बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाएं जिससे विद्यार्थी अपने कालेज के साथ-साथ अपने माता-पिता ,प्रदेश व देश का नाम रोशन करें। प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने बताया कि एमए अर्थशास्त्र के आठ विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण कर उपलब्ध हासिल की है। उन्होंने बताया कि कालेज की छात्रा नेहा, मानसी, रितु, रितु देवी, दिशा, ज्योति ,अमति व चंचल ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। वही प्रो. रमेश सिंगला ने कि केयूके ने अर्थशास्त्र के द्वितीय व चौथे सैमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित किए। जिसमें चौथे समेस्टर की छात्रा नेहा ने 1803 अंक लेकर के साथ केयूके की मेरिट सूची में द्वितिय, रितु देवी 1755 अंकों के चौथा, मीनल सलूजा ने 1744 अंक लेकर पांचवा, कीर्ति जैन ने 1656 अंक लेकर 12वां, सालू व पूजा गोयल ने 1653 अंक लेकर संयुक्त रूप से 13वां स्थान हासिल किया। उन्होंने बताया कि एमए इकनॉमिक्स के द्वितीय सेमेस्टर में विभाग की छात्रा मनीषा ने 456 अंक लेकर सातवां, नैनसी ने 444 को अंकों के साथ नौवां व नीरू ने 444 अंकों के साथ चौदवां स्थान हासिल किया। इस अवसर पर डा.वर्षा, प्राध्यापिका अंजू मलिक व नेहा मौजूद रहे।

### साइबर क्राइम से निपटने को पानीपत के सभी थानों में हैल्प डैस्क बनाई

पानीपत, 24 फरवरी (विनोद पांचाल) : पानीपत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने बताया कि पुलिस महानिदेशक हरियाणा प्रशांत अग्रवाल के निर्देशानुसार साइबर अपराध से संबंधित पीड़ितों को जल्द न्याय दिलाने व तीव्रता से कार्रवाई करने के लिए पुलिस अधीक्षक शशांक सावन के नेतृत्व में पानीपत जिला के सभी थाना में साइबर हेल्प डेस्क स्थापित कि गई है ताकि पीड़ितों को जल्द से जल्द न्याय मिल सके। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने नैशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल बनाया है जिस पर आप आसानी से ऑनलाइन अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते है और अब साइबर फ्रॉड होने पर पीड़ितों को 155260 की जगह 1930 हैल्प लाइन नंबर जारी किया है। यह नंबर केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी किया गया है। जबकि पहले जारी किए गए हेल्पलाइन नंबर 155260 को धीरे-धीरे चरणबद्ध तरीके से समाप्त किया जाएगा। उन्होंने बताया कि किसी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होती है तो वह सबसे पहले हेल्प लाइन नम्बर 1930 पर डायल करें। इसके माध्यम से जिस व्यक्ति के साथ पैसे बारे धोखाधड़ी हुई है। वह इस नंबर पर शिकायत करके निकाले गए पैसे को फ्रीज करवा सकता है जो कि कुछ औपचारिकताएं पूरी करने के बाद निकले हुए पैसे वापिस पा सकते है।

## न्यूज गैलरी

### मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण 28 तक करें

पानीपत (मोहन लाल) : जिला उपायुक्त सुशील सारवान ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार ने मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाने की समय को 28 फरवरी तक बढ़ा दिया गया। उन्होंने बताया कि इससे पहले पंजीकरण की अंतिम तिथि 15 फरवरी निर्धारित थी। उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार की योजना के अनुसार मंडियों में सरकारी खरीद पर फसल बेचने के लिए मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाना जरूरी है। बिना इस पंजीकरण के सरकारी खरीद पर फसल नहीं बेची जा सकती। उन्होंने जिला के किसानों से अपील करते हुए कहा कि तुरंत मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अपनी फसल का पंजीकरण करवाएं।

### सेमग्रस्त व लवणीय भूमि सुधार के लिए पंजीकरण की तिथि बढ़ी

पानीपत (मोहन लाल) : डी.सी. सुशील सारवान ने कहा कि प्रदेश सरकार ने किसानों के हित में सेमग्रस्त एवं लवणीय भूमि सुधार योजना लागू की है जिसके तहत पंजीकरण करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी से बढ़ाकर 15 अप्रैल, 2022 निर्धारित कर दी है। उन्होंने सेमग्रस्त व लवणीय भूमि की समस्या को दूर करने के लिए किसानों से इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने इस महत्वपूर्ण योजना की जानकारी देते हुए बताया कि सेमग्रस्त एवं लवणीय भूमि सुधार योजना में आवेदन करने के लिए किसान को 1,000 रुपए की फीस देनी होगी जोकि किसान के अंशदान में समायोजित कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत सभी किसानों की सहमति तथा अनुकूल कार्य दशाओं के बाद भूमि सुधार कार्य शुरू किया जाएगा।

### खेल प्रतियोगिता 10 से 15 मार्च तक दिल्ली में होंगे

पानीपत (विनोद पांचाल) : जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी प्रदीप पौलीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि अखिल भारतीय सिविल सेवा फुटबाल (पुरुष एवं महिला) खेल प्रतियोगिता आगामी 10 मार्च से 15 मार्च तक छत्रासल स्टेडियम मॉडल टाऊन दिल्ली में आयोजित करवाई जाएगी। इस प्रतियोगिता के प्रवेश की अंतिम तिथि 7 मार्च 2022 होगी। इसी प्रकार टेबल टेनिस (पुरुष एवं महिला) खेल प्रतियोगिता आगामी 10 मार्च से 17 मार्च तक छत्रासल स्टेडियम मॉडल टाऊन दिल्ली में आयोजित करवाई जाएगी। इस प्रतियोगिता के प्रवेश की अंतिम तिथि 7 मार्च 2022 ही रहेगी। क्रिकेट (पुरुष एवं महिला) खेल प्रतियोगिता आगामी 10 मार्च से 15 मार्च तक भारत नगर स्पोर्ट्स कॉम्पलैक्स व विनय मार्ग स्पोर्ट्स काम्पलैक्स चाणक्यापुरी दिल्ली में आयोजित करवाई जाएगी। इस प्रतियोगिता के प्रवेश की अंतिम तिथि 7 मार्च 2022 होगी।

### वृद्धा को सम्माहित कर गहने लूटे

पानीपत (मोहन लाल) : पानीपत में आठ मरला क्षेत्र की शिवत नगर निवासी 58 वर्षीय शीला जैन को दो युवकों ने सम्मोहित करके ठग लिया। महिला दूध लेकर घर जा रही थी। इसी दौरान माता जी कह कर उसे रोका और रास्ता पूछने के बहाने सम्मोहित कर दिया। सम्मोहित करके महिला से सोने की अंगूठी व कानों के चेन वाले टोपस लेकर दोनों फरार हो गए। सम्मोहन टूटने के बाद महिला ने इसकी शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर दोनों अज्ञात युवकों के खिलाफ आईपीसी की धारा 379 व 406 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं शीला जैन से छीने गए जेवरों की कीमत एक लाख रुपए से अधिक है।

### न्युवोको ने जीरो एम एपॉक्सी टाइल ग्राऊट लॉन्च किया



पानीपत, 24 फरवरी (सवेरा) : भारत में पांचवीं सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी न्युवोको विस्टास कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने जीरो एम एपॉक्सी टाइल ग्राउट लॉन्च किया है। जीरो एम एपॉक्सी टाइल ग्राउट सॉल्वेंट फ्री 2 कम्पोनेंट एपॉक्सी ग्राउट है जो हाई कम्प्रेशन, फ्लेक्सुरल, बेहद मजबूत जोड़ शक्ति, एसिड और कोरोसिव एजेंट्स के लिए प्रतिरोधी जैसी अनूठी विशेषताएं प्रदान करता है। यह ग्राउट रेजिडेंशियल और कमर्शियल जगहों पर उपयोग के लिए अलग अलग रंगों की एक विस्तृत श्रृंखला में उपलब्ध है। जीरो एम एपॉक्सी टाइल ग्राउट एक फिलर पाउडर के साथ संयुक्त एपॉक्सी रेजिन से बना है। यह न केवल लगाने में आसान है बल्कि पूरी तरह से जल प्रतिरोधी और रंग में एक समान है। जीरो एम एपॉक्सी टाइल ग्राउट के लॉन्च पर प्रतिक्रिया देते हुए, श्री सुनील महाजन, चीफ मॉडर्न बिल्डिंग मैटेरियल्स ऑफिसर ने कहा कि जीरो एम एपॉक्सी टाइल ग्राउट न्युवोको के मॉडर्न बिल्डिंग सामग्री के व्यापक कैटलॉग के लिए एक नया और महत्वपूर्ण एडीशन है। इन वैल्यू एडेड उत्पादों को बेहतरीन प्रदर्शन और लंबी अवधि तक प्रभावी बने रहना सुनिश्चित करने के लिए व्यापक शोध और विकास के बाद विकसित किया गया है। ये एपॉक्सी ग्राउट बैक्टीरिया, फंगस और कैमिकल्स आदि को लेकर उच्च प्रतिरोध के साथ, इंडस्ट्री में बेस्ट कैटेगरी उत्पाद के तौर एक अलग पहचान बनाने की क्षमता रखता है।

### लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहा खाद्य आपूर्ति विभाग

पानीपत (सतीश शर्मा) : नई सोच सोशल एंड वैल्फेयर सोसायटी के महासचिव मोहित शर्मा ने बताया कि जिला खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा वार्ड नं. 4 स्थित एक राशन डिपो पर फरवरी माह में गेहूं के साथ-साथ सरसों का तेल वितरण किया जा रहा है। जबकि सरसों के तेल में से गन्दी दुर्गंध आ रही है और यह सरसों का तेल लगभग डेढ़ वर्ष पुराना इस डिपो के पास है। उस समय डिपो होल्डर द्वारा किसी भी कार्डधारक को सरसों का तेल वितरण नहीं किया गया। तेल विभाग द्वारा वापस किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस प्रकार लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ न किया जाए।

### गन्ने की फसल को वीड से सुरक्षित रखने के लिए किया होला लांच

पानीपत (विनोद पांचाल) : गन्ने की फसल को खरपतवार वीड से बचाने में कारगर हर्बीसाइड होला को लान्च किया। देश भर के किसानों, खासतौर पर हरियाणा, यूपी एवं महाराष्ट्र के गन्ना किसानों की आय बढ़ाने में मदद करेगा। होला को लॉन्च करने वाली एफ्को. केमिकल कंपनी क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन लिमिटेड के सीनियर वाइस प्रेजिडेंट स्ट्रेटेजिक मार्केटिंग ने कहा कि आने वाले समय में गन्ना भारतीय कृषि एवं अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### 16 करोड़ के प्लॉट आबंटन घोटाले में पानीपत सैक्टर 12 के 6 प्लॉटों पर शो कॉज नोटिस जारी

पानीपत, 24 फरवरी (विनोद पांचाल) : प्रशासन द्वारा 16 करोड़ प्लॉट आबंटन घोटाले के मामले में 6 प्लाट मालिक धारकों को शोक आज नोटिस जारी किया गया। उक्त मामले की जोगिंदर स्वामी पूर्व जिला परिषद द्वारा कई बार मुख्य प्रशासक को शिकायतें की गई थी और इस शिकायत की जांच विजिलेंस पंचकूला द्वारा भी की जा रही थी। जिस पर संज्ञान लेते हुए मुख्य प्रशासक हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण पंचकूला द्वारा कमला देवी प्लॉट नंबर 734पी, 32, प्रताप मलिक प्लॉट नंबर 1061, जसबीर मलिक प्लॉट नंबर 1413, जय भगवान प्लॉट नंबर 1412, कैला देवी प्लॉट नंबर प्लॉट नंबर 975, 568 बलविंदर सिंह 568 बी को 12 का शो कॉज नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। शिकायतकर्ता ने बताया कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा 16-5-19 को प्लॉटों को कैंसिल करने के लिए भी मुख्य प्रशासक पंचकूला द्वारा शो कॉज नोटिस जारी किया गया है।

### जीवन में धर्म की राह पर चलें नागरिक : खर्बे

पानीपत, (मोहन लाल) : महाशिवरात्रि के पर्व पर लतीफ गार्डन असंध रोड स्थित श्री शिव मंदिर में शिवरात्रि की पूर्व संध्या पर 28 फरवरी को हर वर्ष की भांति विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। लतीफ गार्डन एवं शांति नगर वेलफेयर सोसायटी के प्रधान नवनीत खर्बे ने बताया कि हर नागरिक को अपने जीवन में धर्म का पालन करते हुए दानपुण्य करना चाहिए। दानपुण्य करने से इंसान पर भगवान का आशीर्वाद बना रहता है। लतीफ गार्डन में स्थित श्री शिव मंदिर में हर वर्ष महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में शिव भक्तों द्वारा भंडारे का आयोजन किया जाएगा। वहीं मंदिर में यज्ञ व पूजन भी किया जाएगा। इस अवसर पर जयवीर मलिक, बिजेंद्र मान, पालेराम जागलान, राजकुमार मित्तल, पुजारी दलबीर देशवाल, चांद ढांडा, रामकुमार सैनी, करतार देशवाल, रामकुंवार ढांडा, राजमल पोडिया, दुलीचंद सैनी उपस्थित रहे।

## न्यूज गैलरी

### ट्राई लेने के बहाने कार, लेकर दो युवक हुए फरार

**गोहाना (अशोक शर्मा) :** गोहाना में दो युवक ट्रायल के बहाने पुरानी वर्ना कार को लेकर फरार हो गए। युवक पार्क रोड स्थित शोरूम में कार का सौदा करने आए थे। आरोपी सीसीटीवी में कैद हो गए हैं। शहर थाना पुलिस घटना की जांच कर रही है। जनता विद्या शिक्षण संस्थान बुटाना के पूर्व अध्यक्ष अजीत सांगवान गोहाना में राजकीय महिला कालेज के निकट रहते हैं। उन्होंने मकान के निकट शोरूम बना रखा है और कारों की खरीद-फरोख्त करते हैं। बुधवार शाम को दो युवक पैदल शोरूम पर पहुंचे। उन्होंने 2020 माडल की वर्ना कार पसंद की। सेल्समैन ने जब उनसे आइडी और दूसरे दस्तावेज मांगे तो एक युवक ने कि उसका भाई लोन करवाने के लिए दस्तावेज ले कर थोड़ी देर में पहुंचने वाला है। युवकों ने अजीत सांगवान से कार का ट्रायल लेने का आग्रह किया। इस पर सांगवान ने सेल्समैन सचिन को उनके साथ भेज दिया। वे लोग कार को गोहाना-पानीपत मार्ग पर ले गए। मुंडलाना गांव स्थित पंप से सीएनजी की टंकी फूल करवाई। सेल्समैन से कहा कि वे कार की सीएनजी में भी ट्रायल लेंगे। वापस लौटते समय जब वे राधा स्वामी दिनोद सत्संग भवन के पास पहुंचे तो युवकों ने सेल्समैन से कहा कि वे कार को खुद चला कर देखेंगे। सचिन ने कार रोक दी। जैसे ही सचिन कार से नीचे उतरा तो दोनों युवकों ने धक्का दे दिया और कार लेकर फरार हो गए। सेल्समैन से शोरूम के मालिक अजीत सांगवान को घटना के बारे में बताया। सांगवान ने शहर थाना गोहाना में मामले की शिकायत दी।

### बालिकाओं के अच्छे भविष्य के लिए खुलवाएं सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खाता : उपायुक्त सिवाच

**सोनीपत (योगेश सूद) :** उपायुक्त ललित सिवाच ने बताया कि बालिकाओं के अच्छे भविष्य के लिए भारतीय डाक विभाग द्वारा शुरू की गई सुकन्या समृद्धि योजना के तहत बालिकाओं का जिले के किसी भी डाकघर में खाता खुलवाया जा सकता है। क्योंकि माता-पिता द्वारा इस खाते में जोड़ा गया पैसा बालिका को अपने जीवन में आगे बढ़ने में सहायता करेगा। उपायुक्त सिवाच ने बताया कि बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं अभियान को गति देने के लिए डाक विभाग द्वारा सुकन्या समृद्धि योजना को शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत खाता कम से कम 250 रुपये में खोला जा सकता है। एक वर्ष में अधिक से अधिक खाते में एक लाख 50 हजार रुपए जमा करवाए जा सकते हैं। सरकार द्वारा जमा राशि व परिपक्वता राशि पर इनकम टैक्स में छूट दी गई है। उपायुक्त ने बताया कि सुकन्या समृद्धि योजना के तहत बेटी की आयु 18 वर्ष की होने के बाद जब भी शादी करें, खाता बंद करवा सकते है। विवाह से एक माह पहले या तीन महीने बाद तक खाता बंद करवाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत माता-पिता अपनी बेटी की शिक्षा, शादी हेतु थोड़ा-थोड़ा करके पैसा जमा करवाकर चक्रवृद्धि ब्याज पर पैसा जोड़ सकते है। इस योजना के तहत खाता खुलवाने के लिए आवेदन पत्र के साथ बेटी का जन्म प्रमाण पत्र, माता या पिता का फोटो, आईडी तथा रिहायशी प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।

### सेफ इंडिया द्वारा 2 लाख कोविड़ वैक्सीन टीकाकरण कराया

**सोनीपत (योगेश सूद) :** जिले की समाज सेवी संस्था सेफ इंडिया फाउंडेशन ने 2 लाख कोरोना वैक्सीन लगवाकर एक इतिहास बना दिया है। संस्था के चैयरमैन वाईके त्यागी व प्रधान संजय सिंगला ने बताया कि फरवरी 2021 में संस्था ने स्वास्थ्य विभाग सोनीपत के साथ मिलकर वैक्सीनेशन अभियान शुरू किया था। उस समय सोनीपत शहर में 2 जगह कोविड टीकाकरण शिविर लगा कर शुरुआत की गई, जो, कि कम्युनिटी सैंटर सैक्टर 14 व अग्रवाल सदन गुड़मंडी में लगाए गए थे। उसके बाद कबीरपुर, गोहाना, इंडस्ट्रियल एरिया राई व बड़ी में भी लगाए गए। जब लोग वैक्सीन लगवाने में रुचि नहीं ले रहे थे, तब फाउंडेशन ने अपने कैम्पों में लोगों को कोरोना वैक्सीन लगवाने के लिए आकर्षित करने के लिए वैक्सीन लगवाने वालों को फ्री सैनीटाइजर, फ्रूट जूस, चाय पानी आदि वितरित किए। सीनियर सिटीजन को फ्री हैल्थ चैकअप के वाऊचर व चश्मे फ्री दिए गए। इस प्रकार टीकाकरण का कारवां बढ़ता गया। इस टीकाकरण अभियान में अनिल गुप्ता सीटू, अशोक गुप्ता, दीपक सिंगला, सुनील कुमार, राजकुमार, सुरेश कुमार, दिनेश कुच्छल, अरविंद मित्तल, विपुल कुच्छल, संजय वर्मा, अतुल जैन, सुरेंदर मदान, प्रवीण वर्मा, शालू त्यागी आदि का बहुमूल्य योगदान रहा है।

### सौरमंडल में कहां और किस प्रकार की जीवन उपयोगी परिस्थितियां : वत्स

**सोनीपत (योगेश सूद) :** डीएवी मल्टीपरपज पब्लिक स्कूल में कॉस्मोक्वेस्ट प्लैनेटेरियम द्वारा आयोजित ख्गोल आपके द्वार कार्यक्रम का आज समापन हो गया है। इस उपलक्ष्य में स्कूल में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। बच्चों से चर्चा करते हुए कृष्ण वत्स ने बताया हमारे सौरमंडल में कहां और किस प्रकार की जीवन उपयोगी परिस्थितियां हैं? यदि यहां जीवन है और अगर हम वहां कालोनी का निर्माण करते हैं तो किस प्रकार जिंदा रहेंगे? विद्यार्थियों ने खगोल विज्ञान व ब्रह्मांड को समझने के लिए लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया और साथ ही दोपहर के सत्र में प्रार्थना वीके मित्तल की अध्यक्षता में स्कूल के स्टाफ के साथ प्रयोग द्वारा पृथ्वी की गति एवं ज्योतिष शास्त्र व खगोल विज्ञान संबंधित विषय पर चर्चा की।


विद्यार्थियों को खगोल के इतिहास की जानकारी देते कृष्ण वत्स।

### अभिभावकों ने किया जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन

**सोनीपत (योगेश सूद) :** शहर के एक नामी निजी इंटरनैशनल स्कूल पर अभिभावकों ने एनुअल चार्ज के नाम पर ज्यादा वसूलने का आरोप लगाया है। अभिभावकों का कहना है कि फार्म 6 के अनुसार पूरी फीस भरने के बावजूद अब स्कूल संचालक एनुअल चार्ज के नाम पर उनसे और फीस की मांग कर रहा है। फीस नहीं देने की सूरत में बच्चों को पेपर देने से भी वंचित रखा जा रहा है। इसी से आक्रोशित अभिभावकों ने आज जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यालय पर प्रदर्शन किया और अधिकारियों से लिखित में स्कूल संचालक पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। सोनीपत में एक नामी इंटरनैशनल निजी स्कूल संचालक के विरुद्ध अभिभावकों का गुस्सा फूट पड़ा। अभिभावकों ने आज जिला शिक्षा कार्यालय पर इकट्ठा होकर प्रदर्शन किया। शिक्षा महकमे के अधिकारियों से स्कूल पर कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारी अभिभावकों ने आरोप लगाया कि निजी स्कूल संचालक एनुअल चार्ज के नाम पर अभिभावकों से मोटी रकम लेना चाहता है। जबकि फार्म 6 के अनुसार अभिभावकों ने पूरी फीस स्कूल संचालक को दे दी है। बावजूद इसके उनपर अनावश्यक दबाव एनुअल चार्ज के नाम पर बनाया जा रहा है। अभिभावकों को और बच्चों को परेशान किया जा रहा है। अभिभावकों ने कहा कि एनुअल चार्ज जिन बच्चों ने नहीं भरा है, उन्हें परीक्षा से भी वंचित किया जा रहा है। बच्चों को भी प्रताड़ित किया जा रहा है। वही बच्चो का कहना है कि उनके पेपर चले हुए है, मगर स्कूल ने कई बच्चो को पेपर में नही बैठने दिया। बाद में परिजनों के आने के बाद उनको अंदर ले जाया गया। अभिभावकों ने कहा कि स्कूल संचालक ने बच्चों को परीक्षा देने से भी रोका। जिससे बच्चे मानिसक रूप से परेशान हैं। उन्होंने कहा कि अगर इसका प्रभाव बच्चों की मानिसक विकास पर पड़ेगा तो इसके लिए कौन जिम्मेवार होगा। अधिकारियों को इसकी पहले भी शिकायत की गई है, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। वहीं मामले में डिप्टी डीईओ नवीन गुलिया से जब बात की गई तो उन्होंने कहा कि आज परजिनों ने लिखित में स्कूल संचालक पर एनुअल चार्ज के नाम पर ज्यादा फीस वसूलने की शिकायत दी है। जिस पर उच्च अधिकारियों से बातचीत करके जल्द समस्या का समाधान कराया जाएगा। साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसी भी बच्चे को परीक्षा से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। सभी बच्चों को परीक्षा दिलाई जाए, इसके लिए स्कूल को लिखा जाएगा। अभिभावक मुकेश कुमार, विकास, संजीव कुमार, सचिन, राकेश सहित कई अन्य भी मौजूद रहे।



डीईओ कार्यालय पर प्रदर्शन के दौरान शिकायत की कॉपी दिखाते अभिभावक।

साउथ पॉइंट स्कूल में मोटिवेशनल वर्कशॉप का आयोजन

# साउथ पॉइंट के तीनों स्कूलों के करीब 200 शिक्षकों ने लिया भाग

● मुख्य वक्ता ने बच्चों को बेहतर तरीके से पढ़ाने व उनकी पढ़ाई में रूची बढ़ाने के लिए शिक्षकों को दिए टिप्स

सोनीपत, 24 फरवरी (योगेश सूद) : साऊथ पॉइंट पब्लिक स्कूल में मोटिवेशनल वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्क शॉप में मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे भगवत स्वरूप शर्मा ने शिक्षण पद्धति को बेहतर बनाने और बच्चों का पढ़ाई में इंटरैस्ट बढ़ाने के अनेक तरीकों से अवगत कराया। मोटिवेशनल वर्कशॉप में साऊथ पॉइंट इंटरनैशनल स्कूल व साऊथ पॉइंट वल्र्ड स्कूल सहित तीनों स्कूलों के करीब 200 शिक्षकों ने भाग लिया। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने मुख्यातिथि भगवत स्वरूप शर्मा का बुके भेंट कर स्वागत किया। मुख्यातिथि भगवत स्वरूप शर्मा ने बच्चों को पढ़ाने और पढ़ाई के प्रति उनकी रूची को बढ़ाने के अनेक टिप्स शिक्षकों को बताया। उन्होंने शिक्षकों का कहा कि एक बेहतर शिक्षक होने के लिए समय के साथ खुद में बदलाव जाना बेहद जरूरी है। जो चीजें हम बच्चों को पढ़ाने वाले हैं, उसकी पूरी जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने वर्क शॉप में पहुंचे शिक्षकों को गणित के आसानी से समझने और बच्चों को समझाने के लिए अनेक टिप्स बताए। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने बताया कि भगवत स्वरूप शर्मा का अपार ज्ञान और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान काबिले तारीफ है। वह वरिष्ठ पीजीटी गणित हैं। करीब 3 साल से सीबीएसई मार्किंग सैंटर में हेड एग्जामिनर हैं। भगवत स्वरूप शर्मा ने विभिन्न पुस्तकें भी प्रकाशित की हैं, जिसमें कक्षा 9 से 12 तक गणित की पाठ्यपुस्तक भी शामिल है। वर्ष 2005 और 2009 के दौरान विभिन्न शैक्षिक संगोष्ठियों के लिए इन्होंने पाकिस्तान और दुबई का दौरा किया। चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने बताया कि वर्कशॉप शिक्षकों की ज्ञान वृद्धि के लिए बेहद कारगर सिद्व होगी। शिक्षक दिए गए टिप्स का अनुसरण कर विद्यार्थियों को ओर बेहतर शिक्षा दे सकेंगे। कार्यक्र म के अंत में स्कूल चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने मुख्यातिथि भगवत स्वरूप शर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस दौरान स्कूल के वाइस चेयरमैन रोहित खत्री, मुख्य कार्यकारी अधिकारी भावना कालरा, कार्यकारी अधिकारी डॉ. ममता सचदेवा मौजूद रहे।


मोटिवेशनल वर्कशॉप में मौजूद साऊथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री व शिक्षक।

## स्थायी लोक अदालत में न चेयरमैन, न सदस्य, लोग परेशान, 550 से अधिक मामले लंबित

गोहाना, 24 फरवरी (अशोक शर्मा) : स्थायी लोक अदालत के तीनों पद इस समय खाली हैं। न चेयरमैन है, न ही कोई सदस्य। सदस्यों के दोनों पद भी खाली हैं। इससे मुविक्कलों को भारी परेशानी हो रही है। यह खुलासा गुरुवार को गोहाना बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा ने किया। शर्मा ने दावा किया कि निर्णय के लिए 6 महीने की अधिकतम सीमा और स्वयं याचिका दाखिल कर सकने की छूट से स्थायी लोक अदालत सस्ता और त्वरित न्याय देती हैं। स्थायी लोक अदालत में तीन पद होते हैं।

चेयरमैन और दो सदस्य। सदस्य का एक पद लंबे समय से रिक्त है। डॉ. वीरेंद्र सिंह दो महीने पहले रिटायर हुए। उनकी जगह भी कोई नियुक्ति नहीं हुई। चेयरमैन रिटायर्ड ए.डी.जे. सुक्रमपाल सिंह थे जो एक साल पहले रिटायर हो गए थे। ऐसे में स्थायी लोक अदालत के कर्मचारी केवल अगली तारीख दे पा रहे हैं। गोहाना बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रहे वेद प्रकाश शर्मा के अनुसार स्थायी लोक अदालत की अहमियत इसलिए भी ज्यादा है कि इस में केंद्र सरकार और राज्य सरकार के महकमों और निकायों के खिलाफ शिकायत की जा सकती है। सामान्य अदालतों का बोझ कम करने और मुविक्कलों को जल्दी-सस्ता न्याय मुहैया करवाने के लिए स्थायी लोक अदालतें बनाई गई थीं, लेकिन चेयरमैन और सदस्य के दोनों पद खाली होने से पूरी प्रक्रि या पंगु हो कर रह गई है। वेद प्रकाश शर्मा ने मांग की कि चेयरमैन और दोनों सदस्यों के रिक्त पदों पर जल्दी से जल्दी नियुक्तियां की जाएं।

## कुंडली औद्योगिक क्षेत्र में बर्तन बनाने वाली फैक्टरी में लगी आग


आग का दृश्य।

सोनीपत, 24 फरवरी (योगेश सूद) : सोनीपत के कुंडली औद्योगिक क्षेत्र में बर्तन बनाने वाली फैक्टरी में आग लग गई। आग लगने के कारणों की जानकारी नहीं मिल पाई है। बताया जा रहा है कि कुंडली औद्योगिक क्षेत्र फेस 5 प्लॉट नंबर 45 में इनॉक्स वर्ल्ड टोन नाम से बर्तन बनाने की फैक्टरी है जहा बुधवार देर रात अज्ञात कारणों के चलते आग लगी आग लगने की सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड और सोनीपत कुंडली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने कई घंटे में आग पर काबू किया उधर आगजनी के बारे फैक्ट्री मालिक ने मीडिया से जानकारी साझा करने से इंकार कर दिया फिहलाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## क्षेत्रवासियों की सेवा में समर्पित है शिव मुक्ति धाम : सुरेंद्र पंवार

सोनीपत, 24 फरवरी (योगेश सूद) : विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि सैक्टर-15 स्थित शिव मुक्ति धाम हमेशा क्षेत्रवासियों की सेवा में समर्पित रहता है। संस्था का प्रत्येक पदाधिकारी परिवार की भांति एकजुट होकर शहर की सेवा करने में जुटा रहता है। विधायक सुरेंद्र पंवार शिव मुक्ति धाम से दो नए शव वाहनों को हरी झंडी दिखाने के उपरांत क्षेत्रवासियों को संबोधित कर रहे थे। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि शिव मुक्ति धाम जनता की सेवा के लिए हमेशा समर्पित रहता है। करोना जैसी महामारी के समय भी शिव मुक्ति धाम के प्रत्येक पदाधिकारी, कर्मचारी का योगदान सरहानीय रहा है। उन्होंने कहा कि बहुत समय से दो नए शव वाहनों की जरूरत थी, जिससे मुक्ति धाम द्वारा खरीदा गया, इसके उपरांत क्षेत्रवासियों के लिए निःशुल्क सेवा में समर्पित कर दिया गया। इन वाहनों पर चालकों व अन्य खर्च मुक्ति धाम द्वारा वहन किया जाता है। घर से शव को मुक्ति धाम तक लाने के लिए कोई भी खर्च धाम द्वारा नहीं लिया जाता। उन्होंने कहा कि यदि दुख की घड़ी में किसी का सहयोग मिल जाए तो बड़े से बड़ा कष्ट भी बोझ नहीं लगता। कई बार मृतक के परजिन आर्थिक रूप से इतने सक्षम नहीं होते की वह शव दहन व अन्य खर्च उठा जाए, लेकिन शिव मुक्ति धाम हमेशा ऐसे लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहता है। उन्होंने कहा कि जब-जब मुक्ति धाम को उनकी जरूरत हुई वह हमेशा खड़े मिले है, भविष्य में भी किसी भी कार्य में बाधा नहीं आने दी जाएगी। संस्था की तरफ से भारत कपूर ने बताया कि कोरोना काल में सीएनजी संचालित शव दाह संस्कार मशीन में समस्या उत्पन्न हुई थी, उस समय मैकेनिक व अन्य सामान की बड़ी समस्या थी, लेकिन विधायक सुरेंद्र पंवार ने उस समय भी संस्था की मद्द कर कार्य को शुरू करवाया। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि शहरवासियों के हर सुख-दुख में हमेशा साथ खड़ा मिलूंगा। इस दौरान प्रधान डॉ रत्न राय, हरीश जौहर, भारत कपूर, डॉ डीएल मल्होत्रा, नरेंद्र भूटानी, प्रेम रेलन, मोहन नाशा, उमेश, अमिरचंद लूथरा, डॉ ओपी चौधरी, किशनचंद मिड्डा, अशोक पंडित, राजू, प्रवीन सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।


विधायक सुरेंद्र पंवार मुक्ति धाम से शव वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

● विधायक सुरेंद्र पंवार ने दो नए शव वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

## जपानुष्ठान के साथ किया कक्षा 12 के विद्यार्थियों को विदा

गोहाना, 24 फरवरी (अशोक शर्मा) : वजीरपुरा गांव स्थित टी.पी.एस. पब्लिक स्कूल में गुरुवार को कक्षा 12 का विदाई समारोह धार्मिक रंग में रंगा रहा। स्कूल परिसर में स्थित भगवनश्री राम प्रसाद के स्मारक पर आयोजित जपानुष्ठान के साथ कक्षा 11 के बच्चों ने अपने सीनियर साथियों को भावभीनी विदाई दी। टी.पी.एस. पब्लिक स्कूल जैन संतों की स्मृति में आर्य वज्र स्वाध्याय संघ द्वारा स्थापित स्कूल है। विदाई समारोह की अध्यक्षता स्कूल की एम.डी. और संघ की महासचिव प्रतिभा जैन ने की तथा मुख्यातिथि के तौर पर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष और स्कूल के चेयरमैन राम कुमार जैन पहुंचे। सर्वप्रथम कक्षा 11 के बच्चों ने बैंड बाजे के साथ कक्षा 12 के प्रत्येक बच्चे को तिलक लगाया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। जपानुष्ठान के बाद सांस्कृतिक कार्यक्र मों में स्कूल जीवन के अनुभव भी साझे किए गए। चेयरमैन राम कुमार जैन ने खेल और शिक्षा क्षेत्र की प्रतिभाओं को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

विधायक मोहन लाल बड़ौली की मां अंगूरी देवी ने सतकुंभा धाम पर सप्तऋषि यज्ञशाला बनवाई

# सतकुंभा तीर्थ को कृष्णा सर्किट में शामिल करवाएंगे : विधायक मोहन लाल बड़ौली

सोनीपत, 24 फरवरी (योगेश सूद) : राई से विधायक मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि हरियाणा सरकार पौराणकि सतकुंभा तीर्थ को कृष्णा सर्किट में शामिल करेगी इसकी व्यवस्था के लिए पारुप तैयार है इससे यहां सनातन धर्म के प्रति समर्पित श्रद्धालुओं के लिए सुन्दर उपहार होगा। वे गुरुवार को सतकुंभा उत्सव में सप्तऋषि यज्ञशाला उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। विधायक ने कहा कि भारत के 68 तीर्थो में शामिल सिद्ध पीठ तीर्थ सतकुंभा धाम पर सतकुम्भा उत्सव के दूसरे दिन खास मौके पर शतचंडी रूद्र महायज्ञ में आहुति डाली मेरी अर्धागनि गीता और मेरी जन्मदात्री मां अंगुरी देवी भी आई है हवन में परिवार के सदस्यों ने आहुति दी है। यह इसलिए बोलना है कि यहां धर्म स्थल पर हम और आप सभी प्रभु की कृपा के पात्र बने प्रभु की संतान हैं इसलिए इनके चरणों में आना और सांनिध्य पाना हमारा परम सौभाग्य है। सतकुंभा तीर्थ स्थल बौद्धिक दिव्य और भव्यसतकुम्भा धाम के पीठाधीश्वर राजेश स्वरूप जी महाराज के परम सानिध्य में हवन कुंड में आहुति डालने से सुखद अहसास हुआ महाराज श्री का मुझे आशीर्वाद प्राप्त हुआ है और उन्हीं के संरक्षण में यह काम चलेगा। मैं अपनी माता जी के साथ सप्तऋषियों का आशीर्वाद लेने के लिए आया सतकुंभा पुरानी धरोहर है पूरे भारतवर्ष में अपनी एक अलग पहचान रखने वाला सतकुंभा तीर्थ स्थल बौद्धिक दिव्य और भव्य है। यह परमपिता परमात्मा की असीम कृपा से जिस स्थान पर जो हमारा जन्म हुआ वहां से जो संस्कार हमें प्राप्त हुए हैं यमुना नदी का किनारा और और यह स्थान भी सतयुग काल में यमुना नदी के किनारे ही होता था आज मेरा बडोली गांव भी यमुना नदी के किनारे हैं और मैं बचपन में पहली बार अपने पिता श्रीकलीराम एवं माता अंगूरी देवी जी ताऊ सूरजभान एवं अनेक बुजुर्गो के साथ में यहां सत कुंभा धाम की इस तपोभूमि पर आया था।



सतकुंभा तीर्थ स्थल बौद्धिक दिव्य और भव्यसतकुम्भा धाम के पीठाधीश्वर राजेश स्वरूप जी महाराज के साथ राई से विधायक मोहन लाल बड़ौली व अन्य।

### फैक्ट्री व बकरी फार्म से सामान चोरी

**गोहाना (अशोक शर्मा) :** गांव जौली से खानपुर कलां मार्ग पर पुरानी टॉयलों की फैक्ट्री व बकरी फार्म से सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मालिक के बयान पर अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। गांव जौली निवासी देवेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी खानपुर कलां मार्ग पर टायलों की फैक्ट्री है, वहीं पर बकरी फार्म है।




## न्यूज गैलरी

### महिला उद्यमिता में उत्कृष्टता के लिए प्रशिक्षण के लिए 28 फरवरी तक करें आवदेन : उपायुक्त सिवाच

**सोनीपत (योगेश सूद) :** उपायुक्त ललित सिवाच ने बताया कि राष्ट्रीय महिला आयोग ने भारतीय प्रबंधन संस्थान बेंगलुरु के साथ मिलकर, ऑनलाइन माध्यम से महिलाओं के लिए 6 सप्ताह का महिला उद्यमता में उत्कृष्टता के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम हिंदी भाषा में उपलब्ध करवाया गया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए जिला की कोई भी महिला उद्यमी 28 फरवरी 2022 वैबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकती हैं। उपायुक्त ने बताया कि इस कोर्स को करने के लिए शैक्षणकि योग्यता दसवीं क्लास रहेगी और सभी तथ्य पूर्ण रूप से ऑनलाइन माध्यम से उपलब्ध करवाए जाएंगे। इस कोर्स को करने के लिए शुल्क राष्ट्रीय महिला आयोग की ओर से वहन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि महिलाओं को यह प्रशिक्षण अवश्य प्राप्त करना चाहिए। राष्ट्रीय महिला आयोग की यह पहल सराहनीय है। इस मुफ्त 6 सप्ताह के प्रशिक्षण को प्राप्त करने के बाद महिला उद्यमियों को अपने उद्योग को बढ़ाने में सहायता मिलेगी और इसके माध्यम से महिला उद्यमी अपने उद्योग का प्रबंध भी ठीक ढंग से कर सकेंगी। इस 6 सप्ताह के मुफ्त प्रशिक्षण कोर्स में सैल्फ हैल्प ग्रुप की महिलाएं भी भाग लेकर अपने उद्योग को आगे बढ़ा सकती हैं। शार्ट टर्म वोकेशनल कोर्स करने वाली महिला व्यवसाय प्रबंधन में बेहतर नतीजे ला सकती हैं।

### जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए किसान अपनाएं सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली

**सोनीपत (योगेश सूद) :** उपायुक्त ललित सिवाच ने जिला के किसानों से हरियाणा सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली से 70 प्रतिशत जल की बचत होती है। जो जल संरक्षण को बढावा देने के लिए कारगर साबित हो सकती है। उपायुक्त सिवाच ने कहा कि सरकार का भी सिंचाई प्रणाली योजना के प्रति यही उद्देश्य है कि कम से कम पानी में अधिक से अधिक उत्पादन किया जाए। इसलिए ही हरियाणा सरकार ने किसानों को कृषि से संबंधित सिंचाई के जो नए आधुनिक तकनीकी साधन मुहैया करवा रही है। उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार ने कृषि से फसल की पैदावार को दोगुना करने के लिए इस प्रकार की योजनाओं को प्रदेश में लागू किया है। उपायुक्त ने कहा कि इस विधि में रासायनिक उर्वरकों को योजना के तहत ड्रिप स्प्रीकल पर 85 प्रतिशत सबसिडी का प्रावधान किया गया है। योजना के तहत असिंचित क्षेत्र के लिए सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि सूक्ष्म सिंचाई योजना का लाभ उठाने के लिए वैबसाइट पर जानकारी ली जा सकती है।

### भजन मंडलियां लोक गीतों के माध्यम से दे रही कल्याणकारी कार्यक्रमों का संदेश

**सोनीपत (गौतम) :** सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा की भजन मंडलियां इन दिनों गांव-गांव जाकर सरकार के जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार कर रही है। हरियाणवी लोक शैली में भजन मंडलियां भजन व गीतों के माध्यम से सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से ग्रामीणों को अवगत करा रही हैं। डीआईपीआरओ बिजेंद्र कुमार ने बताया कि उपायुक्त ललित सिवाच के मार्गदर्शन में मेरी फसल-मेरा ब्यौरा, परिवार पहचान पत्र, वैक्सीनेशन, सेम ग्रस्त लवणीय भूमि सुधार कार्यक्रम के साथ-साथ कन्या भ्रूण हत्या, नशा मुक्ति, दहेज-बाल विवाह आदि सामाजिक कुरीतियों को लेकर भी विशेष प्रचार अभियान में जन-जागरण किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में हरियाणवी लोक शैली में आयोजित प्रचार-प्रसार कार्यक्रम को ग्रामीण भी पसंद कर रहे हैं। जिला में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की ओर से निरंतर सरकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

### 16 नेत्रहीनों की जांच, 2 दोबारा से देख पाएंगे दुनिया

**गोहाना (अशोक शर्मा) :** नेत्रदान और रक्तदान के लिए समिर्पत संस्था आहुति ने 16 नेत्रहीनों की जांच करवाई। चिकित्सक दल ने जहां 14 नेत्रहीनों को ले कर अपने हाथ खड़े कर दिए, वहीं दो नेत्रहीनों को कोर्नि या ट्रांसप्लांट की सौगात मिलेगी। दोनों लाभार्थी नेत्रहीन युवतियां हैं। ये युवितयां अब फिर से दुनिया को देख पाएंगी। आहुति के निमंत्रण पर रोहतक के स्नेह ज्योति आश्रम के संचालक सुभाष भारद्वाज और मैनेजर नीतू 15 नेत्रहीनों के साथ गोहाना पहुंचे। एक नेत्रहीन युवती गोहाना शहर की आई। सभी 16 नेत्रहीनों की जांच सोनीपत रोड पर साइट फाऊंडेशन के सुशांति अस्पताल में की गई। आहुति के संस्थापक सुरेंद्र विश्वास ने खुलासा किया कि जांच में केवल दो नेत्रहीन युवितयां ही ऐसी मिलीं जिन का कोर्नि या ट्रांसप्लांट संभव है, बाकी के 14 नेत्रहीनों में रेटिना और नसों के अवरोध मिले। जिन दो युवितयों को दृष्टि का उपहार मिलेगा, उनमें से एक युवती का पहले पलकों का आप्रेशन होगा।

### भैंस के पैसे नहीं देने पर पति व पत्नी को पीटा

**गोहाना (अशोक शर्मा) :** गांव खानपुर कलां निवासी एक व्यक्ति से भैंस के बकाया पैसे लेने के लिए आए तीन व्यक्तियों ने पिस्तौल के बट मारकर घायल कर दिया। जब पत्नी बीच-बचाव करने के लिए आई तो उससे भी मारपीट की। वहीं जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। गांव खानपुर कलां निवासी राजू ने बताया कि वह भैंसों का व्यापार व दूध बेचने का काम करता है। राजू ने बताया कि वह 9 से 10 माह पहले गांव छतेहरा निवासी शमशेर से भैंस खरीद कर लाया था। भैंस के 1 लाख 29 हजार रुपये देने बाकी है। जिससे लेने के लिए शमशेर के साथ प्रदीप व देवेन्द्र आए। देवेन्द्र पिस्तौल लिए हुए था। पैसे मांगने लगे तो उसने समय देने की बात कहीं। जिसके बाद शमशेर व इसके साथ आए दोनों लड़कों ने मारपीट करनी शुरू कर दी। देवेन्द्र ने पिस्तौल का बट मारा। राजू ने बताया कि जब उसकी पत्नी कविता छुड़वाने के लिए आई तो उसके साथ भी मारपीट की। तीनों जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने राजू के बयान पर शमशेर, प्रदीप व देवेंद्र पर मामला दर्ज कर लिया।

## ग्राम दर्शन पोर्टल के माध्यम से विकास कार्यों में ग्रामीणों की होगी भागीदारी

● सुझावों के आधार पर गांव के विकास का होगा खाका तैयार

सोनीपत, 24 फरवरी (योगेश सूद) : उपायुक्त ललित सिवाच ने बताया कि हरियाणा में ग्रामीण क्षेत्र के विकास कार्यों में ग्रामीणों की सीधी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सरकार की ओर से ग्राम दर्शन पोर्टल शुरू किया गया है। इस पोर्टल में विकास कार्यों संबंधी कोई भी प्रस्ताव सीधे सरकार को दिया जा सकता है। साथ ही लोग गांव के विकास कार्य संबंधित शिकायत भी इसमें दे सकते हैं। केवल वही आवेदक इस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर सकेगा, जिसका परिवार पहचान पत्र होगा। उपायुक्त सिवाच ने बताया कि ग्रामीण विकास के संदर्भ में अगर विकास कार्यों से जुड़ी कोई शिकायत है या फिर कोई सुझाव देना है तो किसी कार्यालय के चक्कर काटने की और अन्य कहीं जाने की जरूरत नहीं। लैपटॉप या मोबाइल उठाइए और ग्राम दर्शन पोर्टल खोलिए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ग्रामीणों के विकास कार्यों संबंधी सुझाव और शिकायतों के लिए ऑनलाइन पोर्टल ग्राम दर्शन लांच किया है। ग्रामीणों की विकास कार्यों में सीधी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा यह पोर्टल लांच किया गया है। एसएमएस से मिलेगी स्टेटस की जानकारीउपायुक्त ने बताया कि पोर्टल पर सुझाव या शिकायत दर्ज करते ही एक आईडी जेनरेट होगी, जो आवेदक को एसएमएस के माध्यम से मिलेगी। इसके साथ ही आवेदक को समय-समय पर कार्रवाई की अपडेट सूचना एसएमएस के जरिये मिलती रहेगी। पोर्टल पर आवेदक न्यूनतम 50 अक्षरों में शिकायत दर्ज कर सकते हैं। इसके अलावा, आवेदक फोटो अपलोड करके अपनी समस्या या सुझाव सरकार के समक्ष रख सकेंगे।

## अज्ञात ने घर में घुसकर तेजधार हथियार से मां-बेटी पर किया हमला

### घटना में बेटी की मौत, मां गंभीर रुप से घायल



जींद, 24 फरवरी (नरेंद्र) : शहर की एम्पलाइज कालोनी में वीरवार दोपहर अज्ञात ने घर में घुसकर तेजधार हथियार से हमला करके बेटी की हत्या कर दी, जबकि उसकी मां को घायल कर दिया। वृद्धा को पीजीआइ रोहतक में दाखिल किया गया है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार इंप्लाइज कालोनी निवासी सेना से सेवानिवृत्त राजपाल सिंह की पांच साल पहले मौत हो गई थी। उसकी मौत के बाद उसकी पत्नी 52 वर्षीय कमलेश व उसकी मां 80 वर्षीय लक्ष्मी ही मकान में रहती थी और वहीं पर परचून की दुकान की हुई थी। वीरवार को उनके मकान की दूसरी मंजिल पर शर्मा नगर निवासी दीपक रंग रोगन का काम लगा हुआ था और मां-बेटी घर के बाहर धूप में चारपाई बैठी हुई थी। दोपहर को करीब एक बजे जब दीपक खाना खाने के लिए घर पर चला गया। जब सवा घंटे के बाद दीपक वापस आया तो मकान के मुख्य गेट की बाहर से कुंडी लगी हुई थी। जब वह कुंडी खोलकर मकान की दूसरी मंजिल पर बने कमरे में गया तो वहां पर कमलेश का शव खून से लथपथ पड़ा हुआ था। दीपक ने पड़ोस में किसी को जानकारी दिए बिना ही शर्मा नगर में चला गया। जहां पर उसने कमलेश के जीजा हुक्मी सिंह को घटना के बारे में बताया। जब हुक्मी सिंह अपने परिवार के लोगों के साथ घर पर पहुंचा तो कमलेश का खून से लथपथ शव पड़ा हुआ था, जबकि कमलेश की मां लक्ष्मी देवी नीचे बने कमरे में घायल अवस्था में पड़ी हुई थी। हुक्की ने बताया कि उसका साढू राजपाल सिंह ने दो शादी की थी। इसमें पहली पत्नी किताबो के पांच बच्चे थे। उसकी पहली पत्नी की 30 साल पहले मौत होने के बाद उसने कमलेश से दूसरी शादी की थी, लेकिन कमलेश को कोई बच्चा नहीं हुआ। पांच साल पहले राजपाल की मौत होने के बाद कमलेश ने अपनी मां हिसार जिले के गांव खांडा खेड़ी निवासी लक्ष्मी को अपने पास बुला लिया था। जहां पर परचून की दुकान चलाकर दोनों मां-बेटी अपना गुजारा चला रही थी। हत्या की सूचना पाकर एसपी नरेंद्र बिजारनिया, डीएसपी धर्मबीर व जितेंद्र खटकड़ एसएफएल की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। एसपी ने वहां पर मौजूद लोगों के लोगों से बात की, लेकिन कालोनी के लोगों ने बताया कि हाल फिलहाल में उनका किसी के साथ कोई झगड़ा नहीं हुआ। वीरवार को भी किसी ने घर पर जाते हुए नहीं दिखा। डीएसपी धर्मबीर खर्ब ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है।

## युवक के साथ 35 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने के आरोप में 5 के खिलाफ मामला दर्ज

जुलाना, 24 फरवरी (कर्मवीर) : जुलाना में युवक के साथ 35 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने 5 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पेशे से सिविल कॉन्ट्रैक्टर दिल्ली निवासी साबिर अली ने सीएम विंडो पर दी शिकायत में बताया कि जुलाना निवासी दीपक, सन्दीप, विजय उर्फ बजे सिंह, विजय उर्फ टूंडा व पवन सिंगला उर्फ मोदी ने उसके साथ मारपिट करने पैसे छिनने, काम के पैसे न देने, झूठे केस में फंसाने की धमकी देने व जान से मारने की धमकी दी। इसकी शिकायत सीएम विंडो पर दी गई। दिल्ली निवासी साबीर अली कि वह सिविल कॉन्ट्रक्टर का काम करता है। आरोपी दीपक कुमार ने 8 जून 2020 को सम्पर्क किया तथा कहा कि आपकी कम्पनी से मुझे मेरे कुल तीन मकान बनवाने है। मकान बनाने की डील एक करोड़ 75 लाख में हुई। जून 2020 में ही काम शुरू कर दिया था और आरोपी ने 1 जुलाई 2020 को 5 लाख रुपए बतौर टोकन मनी उसे दिए गए। जब आरोपी ने उसे रुपये नहीं दिए तो मजबूरन 10 सितंबर 2020 को काम बन्द करना पड़ा। 10 सितंबर 2020 तक लगभग मेरा काम 35 लाख रुपए का हो चुका था फिर 12 सितंबर 2020 को आरोपी ने उसे फोन करके कहा कि आ जाओ पैसे ले लो जैसे ही हम उनके निवास पर करीब 7 बजे शाम के पहुंचे तो वहां पर दीपक और उसके पिता विजय उर्फ बजे सिंह व उसका भाई सन्दीप एक विजय उर्फ टूंडा पवन सिंगला उर्फ मोदी ने बुलाकर मुझे व मेरे भाई समसाद को पहले तो कमरे में बंद करके बुरी तरह से पिटा फिर रात के समय लगभग 11 बजे बन्दूक की नोक पर मेरे खाते से 11,54,000 ट्रांसफर कर लिए। आरोपियों ने दोनों भाइयों को जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों ने एक औरत को बुलाकर उसे रेप के केस में फंसाने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## न्यूज गैलरी

### निर्माणाधीन मकान से हजारों की तारें चोरी

**सिरसा, (रवि बंसल):** हुडा सैक्टर-20 में निर्माणाधीन मकान में पाइपों में डाली गई हजारों रुपए की विद्युत तारें चोर चुराकर ले गए। सुबह मकान मालिक को इस बारे में पता चला, जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस को दी शिकायत में डीसी कॉलोनी निवासी देवेंद्र कुमार ने बताया कि वह हुडा सैक्टर-20 में मकान बना रहा है। उसने बताया कि कुछ समय पूर्व निर्माणाधीन मकान में पाइप डालकर बिजली की तारें डाली गई थी। शाम को वह घर चला गया। देर रात्रि को चोर पाइपों से हजारों रुपए की तारें निकालकर ले गए। सुबह जब वह मकान में गया तो देखा कि डाली गई तारें गायब हैं। चोरी किए गए तार की कीमत करीब 15 हजार रुपए है। पहले आसपास के लोगों से पूछताछ की गई लेकिन कोई सुराग नहीं लगा, जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सरकारी स्कूल से सामान चोरी

**रानियां, (रवि बंसल):** गांव गदली के सरकारी स्कूल से चोर हजारों रुपए का सामान चोरी कर ले गए। सुबह स्टाफ सदस्यों को घटना का पता चला, जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस को दी शिकायत में अजय कुमार ने बताया कि बीती 22 फरवरी को स्कूल समय के बाद वे सभी कमरों व गेट को ताले लगाकर घर चले गए। देर रात्रि को चोरों ने स्कूल में घुसकर कमरों के ताले तोड़कर विज्ञान कक्ष से मैथमेटिक्स किट, साइंस किट, 3 डी मैप चार्ट बॉक्स, डाइस, कलर बॉल सैट, भारत का मैप, मॉडल ऑफ फाइबर ग्लास ब्रेन आई, स्टॉप वॉच, लेजर लाइट, थर्मामीटर, कांच के गलास, पाउडर सहित करीब दस हजार रुपए का सामान चोरी कर लिया। स्टाफ सदस्य स्कूल में सुबह आए तो घटना का पता चला, जिसके बाद पहले अपने स्तर पर तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। फिर पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला लापता

**सिरसा, (रवि बंसल):** गांव फरवाई कलां से एक महिला संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने अपने स्तर पर काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा, जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस को दी शिकायत में महिला के पति ने बताया कि बीती 20 फरवरी की दोपहर को उसकी पत्नी अचानक घर से लापता हो गई। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### बाइक सवार 2 लोग 10 किलो डोडा-पोस्त सहित काबू

**डबवाली, (मनोज):** सदर थाना पुलिस ने गश्त व चैकिंग के दौरान गांव हैबुआना क्षेत्र से बाइक सवार 2 व्यक्तियों को 10 किलो डोडापोस्त के साथ काबू किया है। सदर थाना की एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान गांव हैबुआना क्षेत्र में मौजूद थी। इस दौरान सामने से आ रहे बाइक सवार दो व्यक्तियों को शक के आधार पर रोककर उनकी तलाश ली तो उनके कब्जा से 10 किलो डोडा-पोस्त बरामद हुआ। आरोपियों की पहचान गुरप्रीत सिंह पुत्र नछत्तर सिंह व हर्षदीप सिंह पुत्र गुरप्रीत सिंह निवासी हैबुआना के रुप में हुई है। आरोपियों के खिलाफ सदर थाना में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला करने के दोषी को 1 साल कैद व 10 हजार रुपए जुर्माना

जींद, 24 फरवरी (नरेंद्र) : जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला करने के दोषी को एडिशनल सेशन जज अराधना साहनी की अदालत ने एक साल कैद व 10 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। पिल्लू खेड़ा थाना में गांव कालवा के रहने वाले बिजेंद्र ने 15 मई 2019 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसके भाई का लड़का राकेश करीब 6 बजे स्कूल में खेल कर घर जा रहा था और वह भी उसके साथ था तभी बस अड्डा कालवा की तरफ से अमित उर्फ मिता व विशाल मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए और मोटरसाइकिल आगे लगाकर उन्होंने उसका रास्ता रोक लिया। विशाल ने राकेश के दोनों हाथ पकड़ लिए और अचानक अमित ने राकेश पर चाकू से छाती पर वार कर दिया जो घायल होते ही राकेश नीचे गिर गया। उन दोनों ने उसे भी थप्पड़ मुक्के मारे। शोर मचाने पर लोगों को आता देखकर वे दोनों वहां से फरार हो गए। जिस शिकायत पर राकेश को बिना वजह चोट मारने पर थाना पिल्लूखेड़ा में मामला दर्ज कर जांच शुरु की थी। तभी से मामला अदालत में विचाराधीन था। अतिरिक्त सेशन जज अराधना साहनी ने कालवा निवासी अमित को दोषी करार देते हुए शस्त्र अधिनियम के तहत एक साल कारावास व 10 हजार रुपए जुमार्ना की सजा सुनाई गई है।

## गाड़ी से अवैध पिस्तौल व 10 जिंदा कारतूस बरामद

सिरसा, 24 फरवरी (रवि बंसल): सदर थाना पुलिस ने ढाणी बेगू में खड़ी एक गाड़ी से एक अवैध पिस्तौल व दस जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। यह गाड़ी रणजीत सिंह उर्फ जीता निवासी ढाणी बेगू की थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जानकारी अनुसार गत दिवस पुलिस को सूचना मिली कि रणजीत सिंह अपनी गाड़ी में अवैध पिस्तौल रखता है। इसके बाद पुलिस ने ढाणी में दबिश दी। रणजीत सिंह घर पर नहीं मिला लेकिन उसकी गाड़ी बाहर खड़ी थी। इसके बाद पुलिस ने उसकी पत्नी की मौजूदगी में गाड़ी की तलाशी ली तो एक अवैध पिस्तौल व दस जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने अवैध पिस्तौल व कारतूस अपने कब्जे में लिए और आरोपी के खिलाफ सदर थाना में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

## सैंपल दिखाने के बहाने महिला से सोने की चूड़ियां लेकर फरार

सिरसा, 24 फरवरी (रवि बंसल): शहर के पुरानी कोर्ट कॉलोनी में दो युवक एक महिला को बर्तन धोने के कैमिकल के सैंपल दिखाने के बहाने सोने की चूड़ियां लेकर फरार हो गए। कुछ देर बाद महिला को पता चला, जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस को दी शिकायत में वीना धींगड़ा ने बताया कि बीते दिवस दोपहर को दो युवक घर पर आए और बोले कि वे बर्तन धोने के कैमिकल के सैंपल देने के लिए आए हैं। इस कैमिकल से टूंटियां व वॉशबेशन भी साफ हो जाते हैं। दोनों ने उसे टूंटियां व बर्तन साफ कर दिखाए। कुछ देर बाद दोनों युवकों ने कहा कि आपके हाथों में पहनी हुई सोने की चूड़ियां भी साफ कर देते हैं। दोनों ने उसकी दोनों चूड़ियां निकलवा ली और साफ करने लगे। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## हिसार में कोरोना संक्रमण के नए 17 केस मिले

### एक्टिव केस घटकर 84 , रिकवरी रेट बढ़कर 97.96 प्रतिशत



हिसार, 24 फरवरी (सुरेंद्र सोढी) : जिले में वीरवार को कोरोना संक्रमण में बीते 24 घंटों में संक्रमण के 17 नए मामले आए हैं। इसके अलावा बीते 48 घंटे में किसी संक्रमित की मौत नहीं हुई है। कोरोना संक्रमण के 18 एक्टिव केस घटे हैं। जिससे संक्रमितों की संख्या 84 तथा रिकवरी रेट 97.96 प्रतिशत हो गया है। डिस्ट्रिक्ट सर्विलांस ऑफिसर डॉ सुभाष खतरेजा ने बताया कि जिले में 8 लाख 97 हजार 107 लोगों की जांच की जा चुकी है, जिसमें संक्रमण के कुल 61 हजार 704 मामले सामने आ चुके हैं। अब तक कुल 60 हजार 446 लोग कोरोना से रिकवर हो चुके हैं। कोविड-19 की पहली लहर में 327, दूसरी लहर में 814 तथा तीसरी लहर में 33 संक्रमित मरीजों की मृत्यु हुई है।

### सिरसा में 7 मरीज मिले कोरोना संक्रमित, 8 हुए स्वस्थ

सिरसा, 24 फरवरी (रवि बंसल): जिला में वीरवार को कोरोना संक्रमण के सात नए मामले सामने आए है जबकि आठ मरीज स्वस्थ हुए है। जिला में कोरोना से स्वस्थ होने की दर 98.253 प्रतिशत है। सीएमओ डा. मुनीष बंसल ने बताया कि जिला में वीरवार को कोरोना संक्रमण के सात मरीज मिले है। जिनमें से सिरसा शहर से एक, कालांवाली से एक, ओढां से एक, नाथुसरी चौपटा से दो, माधोसिंघाना से एक व रानियां से एक मरीज कोरोना संक्रमित मिला है। उन्होंने बताया कि अब तक जिलाभर से 634755 लोगों के सैंपल लिए गए हैं, जिनमें से 33305 की रिपोर्ट पॉजीटिव आई है। जिला में 32723 मरीज अब तक स्वस्थ हो चुके हैं, जबकि 703 लोगों की रिपोर्ट अभी आना बाकी है। जिला में 46 एक्टिव मरीज है। जिला में पांच मरीजों का नागरिक अस्पताल में एक मरीज का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है जबकि 40 मरीजों को होम आइसोलेट किया गया है। जिला में अब तक 536 लोगों की कोरोना से मौत हो चुकी है।

## सूने मकान से हजारों की नकदी सहित जेवरात चोरी

नरवाना, 24 फरवरी (मनदीप) : धर्मसिंह कालोनी में चोरों ने घर का ताला तोड़कर हजारों रुपए की नकदी सहित जेवरात चोरी कर लिये। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी का मामाला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर थाना से मिली जानकारी के अनुसार गांव कर्मगढ़ वासी सुरेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका ससुर रामचंद्र धर्मसिंह कालोनी में रहता है।

वो लखनऊ में अपनी बेटी के पास चले कई दिन पहले चले गये थे। 23 फरवरी की रात को जब वे लखनऊ से अपने घर लौटे, तो देखा कि कमरे के ताले टूटे हुए थे और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जब सामान को संभाला, तो चोरों ने 7 हजार रुपए की नगदी, एक सोने की अंगूठी, चांदी की पाजेब तथा बच्चे के चांद घुंघरू चोरी हुए मिले। इससे उनको 70 हजार रुपए का नुकसान हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## केएमपी पर ट्रक की टक्कर से दूसरे ट्रक में जा घुसी पिकअप गाड़ी

- **पिकअप गाड़ी में सवार एक महिला की मौत, तीन घायल**

झज्जर, 24 फरवरी (सवेरा): झज्जर जिले के कस्बा बादली से होकर गुजर रहे केएमपी पर खड़े एक ट्रक व उसके थोड़ी ही दूरी पर पीछे की ओर खड़ी एक पिकअप गाड़ी में पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर से पिकअप गाड़ी सामने खड़े ट्रक में जा घुसी। पिकअप गाड़ी में कुछ लोग अंदर तो कुछ लोग बाहर सड़क किनारे खड़े थे। टक्कर लगने के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गए और राहगीरों की मदद से हादसे में घायल एक महिला व एक अन्य को झज्जर नागरिक अस्पताल लाया गया। बताया जाता है कि महिला ने बीच रास्ते दम तोड़ दिया, जबकि नागरिक अस्पताल में लाए गए एक घायल को गंभीर हालत के चलते रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। हादसे में पिकअप गाड़ी में सवार दो अन्य को भी गंभीर चोट आई है। उन्हें भी पास के निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। जांच अधिकारी के अनुसार हादसा घने कोहरे के चलते हुए। जिस खड़े ट्रक के पीछे यह पिकअप गाड़ी खड़ी थी उस ट्रक के पिछले हिस्से में न तो रिफ्लेक्टर लगे हुए थे और न ही उसने पार्किंग लाईटें ही जला रखी थी। पुलिस ने हादसे को अंजाम देने वाले अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने का मामला दर्ज किया है, वहीं जो ट्रक सड़क पर खड़ा था उसके खिलाफ भी पुलिस ने मामला दर्ज किया है। हादसे में जो महिला मौत का ग्रास बनी उसकी पहचान भूपति उर्फ पूजा के रूप में हुई है। पुलिस का कहना है कि पिकअप गाड़ी में सवार यह लोग बादशाहपुर गुरूग्राम से ठकराल पंजाब जा रहे थे।

## रामकली गांव में घर के बाहर खड़ी नैनो कार चोरी, अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

जुलाना, 24 फरवरी (कर्मवीर) : क्षेत्र के गांव रामकली में घर के बाहर खड़ी नैनों कार चोरी हो गई। इसकी शिकायत पुलिस को दी गई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रामकली गांव निवासी मोनू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 22 फरवरी को वह अपनी नैनो कार को घर के बाहर खड़ी करके सोया था। जब वह सुबह उठा तो उसकी गाड़ी चोरी मिली।

## केन्द्रीय कृषि मंत्री से मिला क्षत्रिय राजपूत महासभा का प्रतिनिधिमंडल

### महाराणा प्रताप के नाम से चौक, धर्मशाला व संस्थानों का नामकरण करने की मांग



केन्द्रीय कृषिमंत्री नरेन्द्र तोमर को मांग पत्र सौंपते हुए क्षत्रिय राजपूत महासभा का प्रतिनिधिमंडल।

फतेहाबाद, 24 फरवरी (नरेंद्र मदान): क्षत्रिय राजपूत महासभा का प्रतिनिधिमंडल मांगों को लेकर केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर से दिल्ली स्थित उनके निवास स्थान पर जिलाध्यक्ष जितेन्द्र भदौरिया के नेतृत्व में मिला और उन्हें मांग पत्र सौंपा। इस अवसर पर महासभा के कोषाध्यक्ष रणवीर भाटी, सहसचिव रमेश चोहान व सुनील चौहान भी शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने महाराणा प्रताप के नाम से चौक, धर्मशाला व संस्थानों का नामकरण करने की मांग की जिस पर कृषिमंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने हरियाणा के मुख्यमंत्री से बातचीत कर इस बारे कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। क्षत्रिय राजपूत महासभा के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र भदौरिया ने बताया कि वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप भारत, हिन्दू राष्ट्र की शान हैं। वो धर्म, संस्कृति और देश की स्वतंत्रता की रक्षा हेतु जीवनभर लड़ते रहे। महाराणा प्रताप ने अपनी आन, बान और शान के लिए संघर्ष कर राजपूत वंश का गौरव बढ़ाया। महाराणा प्रताप हम सबके लिए प्रेरणा स्त्रोता है। उन्होंने कृषिमंत्री को बताया कि हरियाणा के फतेहाबाद जिले में क्षत्रिय राजपूतों के बहुत से परिवार रहते हैं। क्षेत्र के राजपूत परिवार काफी लंबे समय से महाराणा प्रताप के नाम से चौक, धर्मशाला व विभिन्न सरकारी संस्थानों के नाम से रखे जाने की मांग कर रहे हैं। जिले में कहीं भी महाराणा प्रताप के नाम से कोई भवन या चौक नहीं है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा सभी वर्गों व समाज के लोगों को पूरा मान-सम्मान दिया जा रहा है। क्षत्रिय हमेशा से ही देश रक्षा के लिए तत्पर रहे हैं। इस दौरान कृषिमंत्री श्री तोमर के छोटे पुत्र प्रबल प्रताप सिंह तोमर ने क्षत्रिय राजपूत महासभा के प्रतिनिधिमंडल सदस्यों का स्वागत किया। जिलाध्यक्ष जितेन्द्र भदौरिया ने कृषिमंत्री को मार्च माह में फतेहाबाद आने का भी निमंत्रण दिया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर इस बारे प्रयास करने का आश्वासन दिया।




## गौपुत्र सेना हरियाणा ने 12 बैलों से भरा ट्रक पकड़ा, 2 तस्कर गिरफ्तार

### पुलिया तोड़कर पेड़ से टकराया गौवंश से लदा ट्रक, जेसीबी मशीन की सहायता से निकाला

बरवाला, 24 फरवरी (मुनीश) : बालक चौपटा पर पंजाब की तरफ से वीरवार को गोवंश भरकर यूपी जा रहे ट्रक को पकड़कर 12 बैलों को बचाया। दीपक जांगड़ा ने बताया कि गौपुत्र सेना हरियाणा टीम को सूचना मिली थी कि गोवंशों से लदी एक गाड़ी भूना से यूपी के लिए रवाना हुई है तो गौ पुत्र सेना सदस्यगण बालक चोपटा पर खड़े होकर इंतजार करने लगे। कुछ ही देर बाद यूपी नंबर का एक ट्रक आता हुआ दिखाई दिया। जिसको रोकने का ईशारा किया और बेरियर लगाया। चारों तरफ से घिरता देखकर ड्राइवर ने गाड़ी बेरियर के ऊपर चढ़ा दी और पुलिया तोड़कर पेड़ से जा टकराया। जिसकी सूचना डायल 112 पर पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस जेसीबी मशीन की सहायता से ट्रक को बाहर निकलवाकर बरवाला थाना ले गई। ट्रक में भरे 12 बैलों को श्री गोपाल गौशाला में सुरक्षित उतारा जिनमें से एक घायल बैल जिसका सींग टुट जाने के कारण प्राथमिक उपचार करके घायलावस्था में ईलाज के विकलांग गौशाला में ले जाया गया। सब इंस्पेक्टर रमेश कुमार ने बताया कि मौके पर पकड़े गए ड्राइवर ने अपना नाम अमजद वासी पलड़ा जिला मुजफ्फरनगर और दूसरे आरोपी ने अपना नाम अहसान वासी बहेड़ा जिला मुजफ्फरनगर बताया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर ट्रक को कब्जे में लेकर हरियाणा गौसंवर्धन व गौसरक्षंण एक्ट 2015 तथा पशु क्रूरता का मामला दर्ज कर लिया गया है। प्रदेशाध्यक्ष प्रमोद श्योकंद ने कहा कि आए दिन तस्करी का मामला सामने आता है गाड़ियों और तस्करों को पकड़ा जाता है लेकिन कुछ ही समय बाद गाड़ी और आरोपी को जमानत पर छोड़ दिया जाता हैं। अगर प्रशासन सख्ती से कानूनी कार्यवाही करें तो गौतस्करी की घटनाओं पर रोक लग सकती हैं। इस अवसर पर सोनू चोपड़ा, प्रदीप नैन धमतान, मनोज हिंदू,रामजाने,साहिल सैनी,काला राजपूत, मंदीप चोपड़ा, कन्न अहिरका, राजू श्योकंद, सोनू झील, दीपक योगी, मोहित किरोड़ी, संदीप पूनिया, प्रमोद स्वामी व सुनील क्रांतिकारी आदि मौजूद रहे।

## रास्ता रोककर लड़ाई-झगड़ा करने पर मामला दर्ज

नरवाना, 24 फरवरी (मनदीप) : पुलिस ने एक व्यक्ति की शिकायत पर रास्ता रोककर लड़ाई-झगड़ा करने, जान से मारने की धमकी देने तथा एससी, एसटी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सदर थाना से मिली जानकारी के अनुसार गांव फुलिया कलां वासी महेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 23 फरवरी को दोपहर को जब वह चौपाल से घर की तरफ जा रहा था, तो गांव के ही बलदेव, रामकला, दीपक तथा विजय ने उसका रास्ता रोककर उसको पकड़ लिया। उसने बताया कि दीपक हाथ में चाकू लिये हुए था। उसने उसको चाकू मारना चाहा, तो उसने चाकू पकड़ लिया। इसके बाद उन चारों ने उसको लात-मुक्के मारने शुरू कर दिये। गली में शोर सुनकर लोग आये और उसको उनसे छुड़वाया। उसने बताया कि ये चारों पहले भी उसको जान से मारने का प्रयास कर चुके हैं। वहीं उसको जातिसूचक शब्द भी बोलते हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर कारवाई शुरू कर दी।

## किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने का मामला दर्ज

नरवाना, 24 फरवरी (मनदीप) : पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर चार व्यक्तियों के खिलाफ उसकी लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सदर थाना के अंतर्गत एक गांव की महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 17 वर्षीय लड़की गांव के सरकारी स्कूल में 11वीं कक्षा में पढ़ती है। 23 फरवरी को उसकी लड़की सुबह 8 बजे घर से स्कूल कई थी। लेकिन दोपहर को एक बजे वह स्कूल से बिना बताये कहीं चली गई है। उसको शक है कि उसकी लड़की को गांव दनौदा खुर्द वासी राहुल बहला-फुसलाकर ले गया है।

# पैट्रोल पंप कारिंदे की हत्या मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार

## गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मनीष पुत्र राजा राम व सतबीर पुत्र राजेंद्र निवासी बचेर के रुप में हुई

सिरसा, 24 फरवरी (रवि बंसल): सीआईए डबवाली पुलिस टीम ने बीती 17 फरवरी की रात को रानियां थाना क्षेत्र के गांव बचेर स्थित बालाजी पैट्रोल पंप के कारिंदे की हत्या के मामले में घटना के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक डा. अर्पित जैन ने वीरवार को पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मनीष पुत्र राजा राम व सतबीर पुत्र राजेंद्र निवासी बचेर के रुप में हुई है। उन्होंने बताया बाइक पर सवार तीन लोगों ने बीती 17 फरवरी की रात को पैट्रोल पंप पर गोली चलाई थी जिसमें बालाजी पैट्रोल पंप के दो कारिंदों को गोलियां लगी थी जिसमें वे गंभीर रुप से घायल हो गए थे। इस घटना में पंकज यादव निवासी इरादपुर थाना सल्तानपुर उत्तर प्रदेश की अग्रोहा मैडीकल में ले जाते समय मौत हो गई थी। उन्होंने बताया कि इस वारदात में घायल अनिल के बयान पर गांव बचेर निवासी सतबीर, मनीष व एक अन्य के खिलाफ रानियां थाना में हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरु की गई थी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि वारदात को शीघ्र सुलझाने के लिए सीआईए डबवाली, थाना रानियां व साइबर सैल की पुलिस टीमों का गठन किया था। सीआईए डबवाली इंस्पैक्टर कृष्ण कुमार पर आधारित पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर दोनों आरोपियों को गांव ढुडियांवाली क्षेत्र से काबू कर लिया। उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपी किसी अपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और पूछताछ के दौरान अन्य अपराधिक वारदातों के बारे में खुलासा होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों को अदालत में पेश कर चार दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है। उन्होंने बताया कि रिमांड अवधि के दौरान हत्या में प्रयुक्त हथियार तथा वाहन बरामद किए जाएंगे।




घटना का खुलासा करते एसपी तथा पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी।

# 27 से 1 मार्च तक चलागा जाएगा पल्स पोलियो अभियान

सिरसा, 24 फरवरी (दिनेश कौशिक): उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने स्वास्थ्य विभाग के सभी कर्मचारियों से कहा कि वे जिम्मेदारी व मेहनत के साथ पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान में कार्य कर अभियान को सफल बनाए और प्रयास करें कि विभाग द्वारा रखे गए लक्ष्य की शतप्रतिशत प्राप्ति हो। जिला में आगामी 27 फरवरी से एक मार्च तक पल्स पोलियो अभियान चलाया जा रहा है जिसमें जिले के 0 से 5 वर्ष आयु के एक लाख 49 हजार 356 बच्चों को पोलियो ड्राप्स पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वीरवार को एनआईसी के वीडियो कॉफ्रेंस कक्ष में पल्स पोलियो अभियान को लेकर अधिकारियों से वर्चुअल बैठक के दौरान संबोधित कर रहे थे। बैठक में सिविल सर्जन डा. मनीष बंसल, डा. बुधराम, डा. योगेश मौजूद थे। बैठक में संबंधित एसडीएम, एसएमओ, पीएमओ, डीपीओ, एसएमओ व अन्य विभाग के अधिकारी वर्चुअल मोड से जुड़े। उपायुक्त ने पंचायती राज संस्थाओं, सामाजिक संस्थाओं से भी अपील की कि वे इस अभियान में जिला प्रशासन का सहयोग करें ताकि विभागीय टीम प्रत्येक 0 से 5 वर्ष तक के बच्चो तक पहुंच पाए और उन्हें पोलियो प्रतिरक्षण की ड्राप्स पिलाए। सिविल सर्जन डा. मनीष बंसल ने बताया कि जिला में पोलियो प्रतिरक्षण खुराक पिलाने के लिए कुल 742 बूथ बनाए गए हैं। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में 0 से पांच वर्ष की आयु तक के सभी बच्चों को कवर करने के लिए विभिन्न स्थानों के अलावा आंगनवाड़ी केन्द्रों में भी बूथ बनाए गए हैं। सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को कहा गया है कि वे केन्द्रों में आने वाले सभी पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो प्रतिरक्षण की दवा जरूर पिलावाए।

# चिकित्सक को धमकी देने वाला आरोपी हिरासत में

## परिजनों ने पुलिस पर लगाया गलत कार्रवाई करने का आरोप

सिरसा, 24 फरवरी (रवि बंसल): डबवाली रोड स्थित विश्वास अस्पताल के चिकित्सक से फिरोती मामले में नया मोड़ आ गया है। इस मामले में सीआईए पुलिस ने थेहड़ मोहल्ला से एक युवक को हिरासत में लिया है। युवक के परिजनों का आरोप है कि पिछले तीन दिनों से पुलिस उसे साथ लेकर आ जा रही है।आरोप है कि हवाई फायर किया गया और युवक को बेवजह फरार होने का प्रयास करने का मुकद्दमा बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी के विरोध में मोहल्लावासी एकत्रित हुए और रोष व्यक्त किया। युवक के रिश्तेदार इंद्राज ने कहा कि इस मामले में सतपाल को बेवजह फंसाया जा रहा है। युवक ने फिरोती के लिए कोई फोन नहीं किया। वह अफीम का नशा करता है। विश्वास अस्पताल से उसका उपचार भी चल रहा है। आज दोपहर को पुलिस घर पर आई। तलाशी के बहाने कमरे में गए और सामान बिखेर दिया। आरोप है कि पुलिस इसके बाद सतपाल को साथ लेकर गए और फायर भी किया। आरोप है कि पुलिस किसी दबाव में गलत कार्रवाई कर रही है। सभी मोहल्लावासी मौके पर मौजूद हैं। इससे पहले सतपाल या उसके घर से किसी तरह की कोई गलत कार्रवाई नहीं हुई। सतपाल के भाई त्रिलोक ने कहा कि उसके भाई के पास दो मोबाइल नंबर हैं। इनसे कोई फोन नहीं किया गया। उसने कहा कि पुलिस गलत कार्रवाई कर उसके भाई को फंसा रही है। वे इस मामले में निष्पक्ष जांच की मांग करते हैं। वहीं सीआईए पुलिस ने इस मामले में अभी तक कोई खुलासा नहीं किया है।

# विधायक ने उठाई हरियाणा में पुरानी पैंशन स्कीम लागू करने की मांग

डबवाली, 24 फरवरी (मनोज): राजस्थान सरकार के पुरानी पैंशन बहाली के बाद अब विधायक अमित सिहाग ने हरियाणा में भी पुरानी पैंशन स्कीम लागू करने की मांग की है।

विधायक ने जारी बयान में कहा कि राजस्थान की तर्ज पर हरियाणा सरकार को भी विगत 1 जनवरी 2004 के बाद भर्ती हुए सरकारी कर्मचारियों की पुरानी पैंशन स्कीम का लाभ देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पहले भी उन्होंने इस अहम मुद्दे को विधानसभा में तथ्यों सहित रखा था। इसमें ये भी जोड़ा था कि सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश भी पुरानी पैंशन स्कीम को कर्मचारियों के हित में सही मानते हैं क्योंकि स्वयं ज्यूडिशियरी भी इस योजना को मुफीद मानती है। सिहाग ने कहा कि सरकार को अपने फैसलों को थोपने की जगह आमजन की राय भी लेनी चाहिए। विधायक ने कहा कि इससे पूर्व केंद्र व राज्य सरकार देश के किसानों पर कृषि विरोधी काले कानून एवं शहरी कार्यों में 5 प्रतिशत विकास शुल्क लगाने का प्रयास भी कर चुकी है मगर जनविरोध के कारण उसे इन निर्णयों को वापस लेने पर मजबूर होना पड़ा है। विधायक ने कर्मचारी हितों के दृष्टिगत प्रदेश में पुनः पुरानी पैंशन योजना लागू करने का आग्रह किया है।

# पशुपालन एवं डेयरिंग विभाग ने वितरित की पॉल्ट्री यूनिट

सिरसा, 24 फरवरी (दिनेश कौशिक): सरकार द्वारा बीपीएल श्रेणी में शामिल परिवारों की आय बढ़ाने के लिए अनेक योजनाएं क्रियांवित की जा रही हैं। इसी कड़ी में बीपीएल श्रेणी में शामिल पशुपालकों की आय बढ़ाने के लिए सबसे आसान व्यवसाय के मद्देनजर पशुपालन एवं डेयरिंग विभाग सिरसा ने 35 पोल्ट्री यूनिट बीपीएल परिवारों को निःशुल्क वितरित की है, जिसमें असील व चेबरो नस्ल के चूजे शामिल हैं।

जानकारी देते हुए खैरेकां के पशु चिकित्सालय में नियुक्त वेटरनरी सर्जन डा. शिव किशोर बिश्नोई ने बताया कि यह योजना राजकीय पशुधन फार्म के अंतर्गत राजकीय हैचरी फार्म हिसार द्वारा चलाई जा रही है। डॉ. बिश्नोई ने बताया कि यह योजना बीपीएल परिवारों के लिए माइक्रो एटीएम साबित होगी। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से जिलेभर में 35 पोल्ट्री यूनिट दी गई है, जिसमें से राजकीय पशु चिकित्सालय भावदीन को 3, मोरीवाला को 8, बरूवाली प्रथम को एक, दड़बा कलां को 6, गुडियाखेड़ा को 2, खैरेकां को एक, फरवाइकलां को एक, ढाबां को 3, कर्मगढ़ को 3, रघुआना को 3, अलीकां व पनिहारी को 2-2 यूनिट दी गई है। इसके अंतर्गत चूजों को पालने के लिए दो-दो फीडर व ड्रिंकर भी वितरित किए गए। डा. बिश्नोई ने बताया कि मुर्गी पालन में आय के स्त्रोत बढ़ाने की अपार संभावनाएं हैं। इसके तहत तीन-चार माह के बाद देसी मुर्गी को बेचता है तो कम से कम 500 रुपए की आय होती है। इसके अलावा देशी मुर्गी अंडो को बेचने से भी अच्छी आमदनी की जा सकती है। इस मौके पर शिवकुमार वीएलडीए, संदीप वीएलडीए, रविकांत वीएलडीए, सुमित वीएलडीए उपस्थित थे।




बीपीएल परिवारां को पॉल्ट्री यूनिट वितरित करते हुए पशुपालन एवं डेयरिंग विभाग।

# निलंबन रद्द करने की बजाय कर्मचारियों को धमका रहे अधिकारी : मोंगा

सिरसा, 24 फरवरी (दिनेश कौशिक): नाथूसरी सब डिवीजन के कर्मचारी जयवीर लाइनमैन को निलंबित करने के विरोध में एचएसईबी वर्कर यूनियन ने एसई सिरसा के कार्यालय के समक्ष वीरवार को दूसरे दिन भी 2 घंटे विरोध प्रदर्शन किया, जिसकी अध्यक्षता सर्कल सचिव सतिंद्र मोंगा ने की जबकि मंच संचालन सुरेश मंगल व श्याम लाल खोड ने किया। मोंगा ने कहा कि जब तक निलंबन आदेश रद्द नहीं हो जाते, तब तक नाथूसरी में रिकवरी और चोरी पकड़ने के लिए कोई भी कर्मचारी नहीं जाएगा। किसी भी तरह की बातचीत करने की बजाए आज दूसरे दिन भी एसई सिरसा अपने कार्यालय से नदारद रहे, जिसने कर्मचारियों में रोष बढ़ाने का कार्य किया। विरोध प्रदर्शन में देवीलाल बिरड़ा व मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से कहा कि अपने चहेतों को राजी करने के लिए कर्मचारी की प्रताड़ना बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कर्मचारियों कि लंबित कार्यों को करने कि बजाए एसई सिरसा जानबूझकर कर्मचारियों से टकराव कि स्थिति बना रहे हैं।

यूनियन के राज्य प्रेस सचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि अगर समय रहते एसई सिरसा कर्मचारी के निलंबन आदेश रद्द नहीं करते तो मजबूरीवश संगठन को आने वाले समय में हठधर्मिता तोड़ने के लिए बड़ा फैसला लेना पड़ेगा। धरने पर राजमंदिर शर्मा, रविंद्र, बलबीर सिंह, पवन कुमार, राजू राम, राय साहब, सीता राम, विजय सैनी, मोना कुमार, छबीला राम, सतबीर, राकेश, सुभाष, सतपाल, ताराचंद, विकास, कर्ण सिंह, सुभाष कुमार सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।



मांगों को लेकर प्रदर्शन करते कर्मचारी।

# एसडीएम ने की सक्षम योजना की समीक्षा

ऐलनाबाद, 24 फरवरी (दिनेश कौशिक): एसडीएम शंभू राठी की अध्यक्षता में वीरवार को सक्षम योजना के तहत समीक्षा बैठक की गई। इसमें स्कूलों में किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तृत पहलुओं पर चर्चा हुई। बैठक में शिक्षा के साथ-साथ आपदा प्रबंधन के तहत स्कूलों में की जाने वाले मॉक ड्रिल के प्लान बारे भी विस्तार से चर्चा की गई। इसके अलावा पिछले सक्षम स्कोर कार्ड के बिदुओं व खंड अनुसार चुनौतियों एवं समाधान पर भी विस्तृत चर्चा की गई। एसडीएम ने कहा कि जिन बिदुओं पर अभी भी कार्य जारी है, वे 100 प्रतिशत अनुपालना के साथ पूर्ण करें। उन्होंने बोर्ड परीक्षा परिणाम में सुधार करने के प्रयास योजना बनाकर बच्चों की पढ़ाई प्रारंभ करने को कहा। उन्होंने पिछली परीक्षाओं के प्रश्न-पत्र सांझा करके अभ्यास कार्य शुरू करवाने को कहा। खंड शिक्षा अधिकारी जयप्रकाश ने एसडीएम को भविष्य में और अधिक सुधार करके बेहतर परिणाम देने का आश्वासन दिया। बैठक में आपदा प्रबंधन के तहत स्कूलों बच्चों के लिए करवाई जाने वाली मॉक ड्रिल बारे भी चर्चा की गई। इसके लिए प्लान तैयार किया गया और इस बारे अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश एसडीएम की ओर से दिए गए। बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी जयप्रकाश, ऐलनाबाद व रानियां खंड के एबीआरसी व बीआरपी मौजूद रहे।

# मतदाता जागरुकता प्रतियोगिता के तहत 15 मार्च तक करें आवेदन

सिरसा, 24 फरवरी (दिनेश कौशिक): भारत निर्वाचन आयोग की ओर से स्वीप कार्यक्रम के तहत आम नागरिकों की लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा उनके हुनर व रचनात्मकता को निखारने के उद्देश्य से माई वोट इज माई फ्यूचर-पॉवर ऑफ वन वोट थीम' पर आधारित राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सभी उम्र के प्रतिभागी आगामी 15 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजय सिंह तोमर ने बताया कि चुनाव आयोग की ओर से राष्ट्रीय मतदाता जागरुकता प्रतियोगिता की शुरूआत 12वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर की गई थी। इसके तहत क्विज प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, गीत प्रतियोगिता, वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता एवं पोस्टर डिजाईन प्रतियोगिता आयोजित की जाएंगी। उपायुक्त ने बताया कि इस प्रतियोगिता में आवेदक तीन श्रेणियों नामतः संस्थागत, व्यावसायिक और एमेच्योर श्रेणी के तहत भाग ले सकते हैं।

## न्यूज गैलरी

### हर्षा के हत्यारोपियों को सख्त सजा देने की मांग



सुभाष चौक पर हर्षा को श्रद्धांजलि देते हुए विहिप, बजरंग दल, करणी सेना के कार्यकर्त्ता।

**सिरसा, (रवि बंसल):** कर्नाटक में बजरंग दल के युवा कार्यकर्त्ता हर्षा की निर्मम हत्या के विरोध में वीरवार को सुभाष चौक पर धर्म जागरण एवं समन्वय विभाग, विहिप, बजरंग दल, करणी सेना आदि संगठनों के प्रतिनिधियों ने शोक व्यक्त किया। इस दौरान धर्म जागरण विभाग संयोजक दिनेश सिंघानिया, भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष रितेश लंबोरिया ने हत्यारोपियों के खिलाफ सख्त सजा की मांग की व पीड़ित परिवार के प्रति अपनी संवेदना जाहिर की। इस शोक सभा में धर्म जागरण के जिला संयोजक रणजीत कंग, यशपाल, रोशन, राष्ट्रीय करणी सेना के जिला अध्यक्ष एडवोकेट पुखराज सिंह चौहान, बृजमोहन शर्मा, सतीश निर्मल, गौरव शर्मा, कीर्ति गर्ग, केवल गोयल, संजय जैन, बलराम तंवर सहित अनेक प्रतिनिधियों ने हर्षा को श्रद्धांजलि भी दी।

### महाशिवरात्रि पर कुटिया में भंडारा 1 मार्च को

**सिरसा, (कौशिक):** रानियां रोड स्थित श्री बाबा तारा कुटिया में आगामी एक मार्च को महाशिवरात्रि पर्व हर्षोल्लास और श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा। कुटिया के मुख्य सेवक गोविंद कांडा ने बताया कि कार्यक्रम में हवन-यज्ञ, व भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। कांडा ने श्रद्धालुओं से अनुरोध किया कि वे श्री तारकेश्वरम धाम में पूजा अर्चना के बाद बाबा का प्रसाद जरूर ग्रहण करें। उन्होंने बताया कि उसी दिन श्री तारकेश्वरम धाम स्थित शिवालय में शिव भक्तों और कावड़ियों द्वारा जलाभिषेक किया जाएगा।



गोबिंद कांडा

### रैड रिबन क्लब सदस्यों को दिया एचआईवी बारे प्रशिक्षण



आईटीआई कालेजों के नोडल टीचर्स और पीयर एजुकेटर को एचआईवी बारे प्रशिक्षण देते हुए।

**सिरसा, (दिनेश कौशिक):** जिला नागरिक अस्पताल के आईसीटीसी विभाग द्वारा जिला प्रशिक्षण केंद्र में जिला सिरसा के विभिन्न आईटीआई कॉलेजों के नोडल टीचर्स और पीयर एजुकेटर के लिए प्रशिक्षण वर्कशॉप आयोजित की गई। सिविल सर्जन डा. मनीष बंसल तथा एमओ डा. गुरपिंद्र किशन की अध्यक्षता में इस प्रशिक्षण शिविर में रेड रिबन क्लब सदस्यों को एचआईवी (एड्स), टीबी, रक्तदान, नशामुक्ति विषयों बारे प्रशिक्षित किया गया। आईसीटीसी विभाग से पवन कुमार एवं कमल कुमार ने संयुक्त रूप से एचआईवी/एड्स के बारे में तथा सरकार द्वारा एचआईवी ग्रसित मरीजों को दी जाने सुविधाओं के बारे में भी अवगत करवाया। शिविर में तपेदिक विभाग से एसटीएस राकेश कुमार ने तपेदिक के बारे विस्तार से सभी को जानकारी दी तथा इसे लेकर समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया। साथ ही एमओ डा. संजम ने नशे से व्यक्ति तथा समाज को होने वाली हानियों के बारे में अवगत करवाया। शिविर में टीबी विभाग से संजय टीबीएचवी, बंटी, विहान प्रोजैक्ट से मनीषा उपस्थित थे।

### आप का धरना 106वें दिन रहा जारी



लघु सचिवालय में धरनारत आप कार्यकर्त्ता।

**सिरसा, (रवि बंसल):** नगरपरिषद सिरसा द्वारा 167.5 करोड़ रुपए की लागत से चल रहे पार्कों व निर्माणाधीन गलियों के निर्माण स्थल पर सूचना बोर्ड लगाए जाने की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी का लघु सचिवालय में जिलाध्यक्ष विरेंद्र कुमार के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन धरना 106वें दिन बृहस्पतिवार को भी जारी रहा। जिलाध्यक्ष विरेंद्र कुमार ने कहा कि प्रशासन से मीटिंग के तीन दिन बीत जाने के बाद भी प्रशासन द्वारा बोर्ड लगाने के संबंध में जारी हुए प्रशासनिक आदेशों की प्रति उपलब्ध नहीं करवाई गई है और न ही सभी तक सूचना के बोर्ड लगाने का काम शुरू हुआ है। इसलिए आम आदमी पार्टी का धरना जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सिरसा के विकास की 167.5 करोड़ रुपए की राशि में हो रही कथित भारी लूट के खिलाफ 106 दिनों से आम आदमी पार्टी का धरना जारी है, अधिकारियों द्वारा 167.5 करोड़ रुपए की राशि का मिलकर गबन किया गया है। आज धरने पर ताराचंद फौजी, अमन कौर, हंसराज सामा, हरबंस लाल, प्रमोद वधवा, राकेश जैन, रंझु मसीह, आयुष, ओमप्रकाश, राजन हिंदुस्तानी आदि मौजूद थे।

अंधेरे से उजाले की ओर...
दैनिक सवेरा टाइम्स
स्मृति शेष...
6 STATES | 23 EDITIONS Punjab • Haryana • Himachal • Jammu & Kashmir • Delhi • Chandigarh
अंतिम यात्रा । पुण्यतिथि । रस्म पगड़ी
हमारे प्रियजन जो हमें छोड़कर परलोकगमन कर चुके हैं उनकी स्मृतियों का शोक संदेश दैनिक सवेरा टाइम्स पहुंचाएगा उनके सभी चाहने वालों तक... क्योंकि हम आपके सुख-दुःख में सदैव साथ हैं।
शोक संवेदनाओं की प्रकाशन सामग्री हमें (Phone/Whatsaap/E-mail) द्वारा भी बुक करवा सकते हैं।
विशेष आग्रह : अपना मोबाइल नं. /व्हाट्सएप नं. भी दें जिससे आपके प्रियजन भी संवेदनाएं आप तक भेज सकें।

| EDITION | RATE (Per Sqcm.) |
|---|---|
| All Editions | 200/- |
| All Punjab | 170/- |
| Himachal | 60/- |
| Haryana | 60/- |
| Chandigarh | 35/- |
| Delhi | 35/- |
| Jammu Kashmir | 35/- |

जीएसटी 5% अतिरिक्त
नोट : कृपया भुगतान Cheque द्वारा ही करें। कैश भुगतान सिर्फ Dainik Savera News & Media Network के पंजाब नैशनल बैंक जालंधर के खाता नं. 02420087000l6846, IFSC Code : PUNB0024200 में करवाने के बाद नीचे लिखे मेल पर बैंक रसीद अपने विवरण के साथ भेज दें। saveraacc@gmail.com | Ph. 01812370123/142
दैनिक सवेरा TV | दैनिक सवेरा | savera radio | HULCHUL
SAVERA BHAWAN
259-Lajpat Nagar, Near Guru Nanak Mission Chowk, Jalandhar
Email : advt@dainiksaveratimes.co.in
: CONTACT :
98771 39436, 98886 70508
0181-2370100/146/136

# ग्रामीण क्षेत्रों की चिकित्सा सेवाएं मजबूत करे सरकार: डा. बैनीवाल

## कहा, ग्रामीण क्षेत्रों की पीएचसी अथवा सीएचसी को पीपीपी पेटर्न पर एनजीओ को दी जानी चाहिए

सिरसा, 24 फरवरी (रवि बंसल): इंडियन मैडीकल एसोसिएशन के प्रदेश संरक्षक डा. वेद बैनीवाल ने मुख्यमंत्री द्वारा बजट संबंधी मांगे गए सुझावों की कड़ी में परामर्श दिया है कि राज्य सरकार इस बार बजट में स्वास्थ्य सेवाओं में व्यापक सुधार करने के लिए प्रभावशाली योजनाए लागू कर सकती हैं। वैबिनार के माध्यम से डा. बैनीवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर एवं प्रशिक्षित चिकित्सकों के माध्यम से चिकित्सा सेवाए उपलब्ध करवाने के लिए साधारण एमबीबीएस चिकित्सक को लगभग 50 लाख रुपए का ब्याजमुक्त ऋण देकर उन्हें बड़े गांवों में स्वास्थ्य केंद्र स्थापित करने का अवसर प्रदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सामान्य एमबीबीएस चिकित्सक के लिए प्राइवेट सैक्टर में कहीं कोई स्थान उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की पीएचसी अथवा सीएचसी को पीपीपी पेटर्न पर एनजीओ को दी जानी चाहिए। सक्षम एनजीओ इन पीएचसी व सीएचसी के माध्यम से न केवल उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं, अपितु ग्रामीण क्षेत्रों के चिकित्सा केंद्रों के नाम पर लगभग सूने पड़े भवनों और उपकरणों का सुचारू उपयोग हो सकता है और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग भी उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवाए प्राप्त कर सकते हैं। डा. बैनीवाल ने कहा कि जिला मुख्यालयों पर विशेषज्ञों और सुपर स्पैशलिस्ट चिकित्सकों की नियुक्ति सभी जिलों में समान रुप से आवंटित होनी चाहिए।



वेद बैनीवाल

# कांडा कॉलोनी से मिला नवजात कन्या का शव

सिरसा, 24 फरवरी (रवि बंसल): रानियां रोड पर कांडा कॉलोनी के समीप खाली प्लाट से बृहस्पतिवार सुबह एक नवजात कन्या का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जा में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया।

जानकारी अनुसार बृहस्पतिवार सुबह लोगों ने कांडा कॉलोनी के पास खाली पड़े प्लाट में नवजात कन्या का शव पड़ा देखा। इसके बाद इसकी सूचना लोगों ने पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। बताया जा रहा है कि किसी महिला ने कन्या का जन्म होने के बाद उसे प्लाट में फेंक दिया। पुलिस ने अज्ञात महिला के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि जिस भी महिला ने इस जघन्य अपराध को अंजाम दिया है उसकी पहचान कर उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

# भाजपा मंडल सिरसा द्वितीय की कार्यकारिणी घोषित

सिरसा, 24 फरवरी (रवि बंसल): भाजपा के जिला महामंत्री अमन चोपड़ा ने जिला अध्यक्ष आदित्य चौटाला व जिला प्रभारी अमरपाल सिंह राणा से विचार विमर्श करने के बाद मंडल सिरसा द्वितीय की संगठनात्मक नियुक्ति की है। इसके तहत नारायण पाल सिंह को मंडल सिरसा द्वितीय अध्यक्ष, नरेश सैनी व राजन बजाज को महामंत्री, जसवंत राठौर, सुरेश शर्मा, मुकेश मिश्रा, वेदप्रकाश फुटेला को उपाध्यक्ष, नानक महाशय, मुकेश, विजय गाबा व रतन को सचिव, लक्ष्मीकांत शर्मा को कोषाध्यक्ष, संजीव मुंजाल को मीडिया प्रभारी, जगजीत सिंह को सहमीडिया प्रभारी, पवन अरोड़ा को प्रचार सचिव और संदीप अरोड़ा को प्रवक्ता नियुक्त किया है। इसी प्रकार जगदीश कुमार को पिछड़ा मोर्चा का अध्यक्ष, जबकि भवानी सिंह को युवा मोर्चा का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। वही रतनलाल को अनुसूचित जाति मोर्चा का अध्यक्ष जबकि सीमा सोनी को महिला मोर्चा का अध्यक्ष नियुक्त किया है। अमन चोपड़ा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों से उम्मीद जताई है कि वह अपनी जिम्मेदारी का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करेंगे।

# गुजवि में अमृत महोत्सव पर जुटे सैकड़ों संस्थानों के विद्यार्थी

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी आधारित कथा, वृत्तचित्र, एनीमेशन की दी प्रस्तुति

हिसार, 24 फरवरी (सुरेंद्र सोढी) : गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य पर सांस्कृतिक मंत्रालय और भारत सरकार के प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार कार्यालय के सहयोग से चल रहे 'विज्ञान सर्वत्र पुज्यते' कार्यक्रम के तीसरे दिन लगभग 360 स्कूल, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया।


गुजवि में प्रतिभागियों को सम्बोधित करते प्रसिद्ध वैज्ञानिक डा. रूपेश कुमार चौबे।

प्रतिभागियों के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी आधारित कथा, वृत्तचित्र, एनीमेशन और वीडियो-कला को आसान बनाने और विज्ञान सीखने को ठोस बनाने के लिए प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के स्थानीय समन्वयक प्रो. विनोद छोकर, संयोजक प्रो. नमिता सिंह, सह-संयोजक डा. नीतू अहलावत व डा. अनिता किरडोलिया उपस्थित रहे।

वक्ताओं ने भारतीय आधुनिक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के वर्तमान समय में उपयोग को शानदार ढंग से समझाया। इसी क्रम में डीआरडीओ के प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ. रूपेश कुमार चौबे ने डीआरडीओ की साईंस शो-केस में भागीदारी और उसकी उपलब्धियों का जिक्र किया। नैशनल ब्यूरो ऑफ प्लांट जेनेटिक रिसोर्स, नई दिल्ली के पूर्व निदेशक डा. के.सी. बंसल ने आधुनिक प्लांट विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में नवाचारों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के कारण राष्ट्र को कृषि क्रांति में कैसे सफलता प्राप्त हुई।

पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के भौतिकी के प्रोफैसर डा. संदीप सहिजपाल ने कहा कि हमारा अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी दुनिया की सर्वश्रेष्ठ प्रौद्योगिकी में से एक है। उन्होंने बताया कि हमारे देश की प्रमुख उपलब्धियां अंतरिक्ष विज्ञान में हैं। प्रतिभागियों ने भारत की विकास कहानी और प्रमुख खोजों और नवाचारों के बारे में सीखा, जिन्होंने वैश्विक विज्ञान में अपनी पहचान बनाई। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने कहा कि इस कार्यक्रम की संकल्पना कौशल विकास, नवाचार, आत्मनिर्भरता, आत्मविश्वास और हमारे देश के गौरव, इसकी विरासत और उपलब्धियों को बढ़ावा देने वाले विज्ञान के उत्सव के रूप में की गई है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. अवनीश वर्मा ने बताया कि इस तरह के मेगा आयोजनों से प्रतिभागी विशेषकर स्कूली बच्चे अत्यधिक प्रेरित होते हैं। स्थानीय समन्वयक प्रो. विनोद छोकर ने बताया कि कल प्रतिभागियों के लिए विज्ञान के आविष्कारों और नवोन्मेषों का प्रदर्शन किया जाएगा, जिन्होंने भारत को मजबूत किया और आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त किया।

### गुजवि ने ऑफलाइन परीक्षा के लिए मांगा अनुरोध पत्र

**कहा, ऑफलाइन परीक्षा का विकल्प न चुनने के लिए दें लिखित अनुरोध**

हिसार, 24 फरवरी (सुरेंद्र सोढी) : गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस के निदेशक प्रो. कर्मपाल नरवाल ने कहा है कि यदि हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस के किसी विद्यार्थी को ऑफलाइन परीक्षा देने में कोई समस्या है तो वे ऑफलाइन परीक्षा का विकल्प न चुनने के लिए एक लिखित अनुरोध शुक्रवार दोपहर तक हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनैस के कार्यालय में दे सकते हैं। हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस की परीक्षाएं 28 फरवरी से शुरु हो रही हैं। प्रो. कर्मपाल नरवाल ने कहा कि विद्यार्थी के अनुरोध के अनुसार इस सम्बंध में गठित की गई कमेटी सकारात्मक दृष्टिकोण से निर्णय लेगी। परीक्षाओं की पारदर्शिता व विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रख कर उचित निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की ऑफलाइन परीक्षा निर्धारित समय व तिथि के अनुसार हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनैस परिसर में संचालित की जाएगी।

## अतिरिक्त उपायुक्त ने मेरी फसल-मेरा ब्यौरा व फसलों के सत्यापन संबंधी कार्यों की समीक्षा की


अधिकारियों की बैठक लेते अतिरिक्तउपायुक्त स्वप्रिल रविंद्र पाटिल।

हिसार, 24 फरवरी (सुरेंद्र सोढी) : अतिरिक्त उपायुक्त स्वप्रिल रविंद्र पाटिल ने कृषि विभाग के अधिकारियों को मेरी फसल-मेरा ब्यौरा व फसलों के सत्यापन से संबंधित कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए हैं। वे वीरवार को स्थानीय लघु सचिवालय परिसर स्थित सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ मेरी फसल-मेरा ब्यौरा व फसल सत्यापन के कार्य की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी संबंधित क्षेत्रों में फसलों का पंजीकरण एवं सत्यापन के कार्य को शत-प्रतिशत करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किसानों के कल्याणार्थ क्रियान्वित की जा रही योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ प्रदान करने के लिए किसानों को अपनी सभी फसलों का पंजीकरण पोर्टल पर करवाना अनिवार्य हैं। मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर 28 फरवरी तक पंजीकरण करवाया जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ग्राम स्तर पर लोगों को पंजीकरण के लिए जागरूक करें। कृषि विभाग के उप-निदेशक डॉ विनोद कुमार फोगाट ने फसलों के पंजीकरण एवं सत्यापन के कार्य की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तृत की। बैठक में जिला राजस्व अधिकारी बिजेंद्र भारद्वाज, सीएमजीजीए कुस्तुब इरूकुला सहित कृषि विभाग के अनेक अधिकारी भी उपस्थित थे।

## भारत की गौरव गाथा से जुड़े किरदारों के सजीव चित्रण का बच्चों पर होता है गहन असर : उपायुक्त

हिसार, 24 फरवरी (सुरेंद्र सोढी) : उपायुक्त डा. प्रियंका सोनी ने कहा कि बड़े पर्दे पर फिल्म देखने से उसके किरदार का असर सीधे तौर पर दिलो-दिमाग पर पड़ता है, इसलिए फिल्म फैस्टिवल-2022 के तहत स्कूली बच्चों को देशभक्ति से जुड़ी फिल्में दिखाई जा रही है, ताकि उनमें राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार किया जा सके। वीरवार को जिला प्रशासन तथा सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के एमजी सिनेमा एवं सनसिटी मल्टीप्लैक्स में सौजन्य से आयोजित किए जा रहे फिल्म फेस्टिवल के दौरान उन्होंने यह बात कही। बच्चों को फिल्मों के माध्यम से महापुरूषों एवं क्रांतिकारियों द्वारा विषम परिस्थितियों के बावजूद देश की आजादी के लिए किए गए कार्यों के प्रति प्रेरित किया जा रहा है। किसी भी विषय के संदर्भ में जानकारी देने की बजाय उसके सजीव चित्रण का असर अधिक होता है, इसलिए विद्यार्थियों को देशभक्ति से जुड़ी प्रेरक फिल्में दिखाई जा रही हैं।


आजादी की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर मनाए जा रहे फिल्म फैस्टिवल में उपस्थित उपायुक्त डा. प्रियंका सोनी व राजकीय स्कूलों के बच्चे।

उन्होंने कहा कि आजादी की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान बच्चों की प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। उपायुक्त ने बताया कि 5 दिवसीय फिल्म फैस्टिवल के दौरान सरकारी स्कूलों के 5 हजार विद्यार्थियों को सनसिटी मल्टीप्लैक्स तथा एमजी सिनेमा में देशभक्ति से जुड़ी फिल्में दिखाई जा रही है। विद्यार्थियों को विश्व कप क्रिकेट से जुड़ी 83, चक दे इंडिया, उरी द सर्जिकल स्ट्राइक, मिशन मंगल और लगान फिल्में दिखाई जा चुकी हैं। अब तक लगभग 3 हजार राजकीय स्कूलों के बच्चों को ये फिल्में दिखाई गई हैं।

इस अवसर पर सीएमजीजीए अनुष्का मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप सिहाग, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सुरेंद्र सिंह सैनी, सनसिटी मल्टीप्लैक्स से सुनील गोयल, जगमोहन लोहिया, कर्ण यादव, एमजी सिनेमा से गगन सिंह सहित विभिन्न स्कूलों के अध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

## गांव तलवंडी रुक्का में लीगल सर्विस कैंप आयोजित


जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा गांव तलवंडी रुक्का में आयोजित लीगल सर्विस कैंप में उपस्थित अधिकारीगण।

हिसार, 24 फरवरी (सुरेंद्र सोढी) : जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा गांव तलवंडी रुक्का में वीरवार को लीगल सर्विस कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को विभिन्न विभागों द्वारा क्रियान्वित की जा रही योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी गई। यह जानकारी देते हुए मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विशाल ने बताया कि शिविर में प्राधिकरण सहित महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, अनुसूचित जातिया एवं पिछड़े वर्ग कल्याण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, दायित्व फाउंडेशन तथा सीआर लॉ कॉलेज के विद्यार्थियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि शिविर में लोगों को निश्शुल्क कानूनी सहायता, कानूनी प्रावधानों तथा राज्य सरकार जनहित के कल्याणार्थ चलाई जा रही योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई।

## हैल्थ मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

### कहा 28,-29 मार्च की राष्ट्रव्यापी हड़ताल स्वास्थ्य विभाग के लिपिक वर्ग के कर्मचारी करेंगे शिरकत

हिसार, 24 फरवरी (सुरेंद्र सोढी) : हरियाणा हैल्थ मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी की बैठक आज जिला मलेरिया कार्यालय प्रांगण में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान महेश कुमार ने की व संचालन जिला सचिव वेदप्रकाश ने किया।

बैठक में राज्य प्रधान अनवेर बेग भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में ट्रेड यूनियनों व सर्व कर्मचारी संघ के आह्वान पर 28-29 मार्च की राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारियों को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में लिपिक वर्ग को 35400 का न्यूनतम वेतन देने की मांग की गई। इसके अलावा बैठक में कई अन्य अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। राज्य प्रधान अनवर बेग ने बताया कि इस दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल के माध्यम से पुरानी पेंशन स्कीम बहाल करने, विभागों में कार्यरत तमाम प्रकार के कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, समान काम-समान वेतन देने, निजीकरण व ठेकेदारी प्रथा को बंद करना, श्रम कानूनों में किए गए बदलाव को वापस लेना व सभी विभागों में रिक्त पड़े पदों को नियमित नियुक्तियों से भरने सहित अन्य मांगों को उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस हड़ताल में एसोसिएशन से जुड़े सभी कर्मचारी बढ़चढ़ कर भाग लेंगे। बैठक में जसबीर उपाधीक्षक, वरिष्ठ उपप्रधान दलबीर सिंह, राज्य कमेटी सदस्य अजय अहलावत, विकास कुमार, कैशियर सत्यजीत, शैलेंद्र, मनिंद्र, संदीप कुमार आदि भी मौजूद रहे।


बैठक में मौजूद एसोसिएशन के पदाधिकारी।

## स्वास्थ्य विभाग ने आईटीआई में टी.बी. रोग पर लगाया सैमीनार

बरवाला, 24 फरवरी (मुनीश) : स्वास्थ्य विभाग की ओर से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में टीबी रोग के लक्षण और टीबी रोग से बचाव हेतु सावधानियां बरतने तथा टीबी रोग के लक्षण पाए जाने पर सही समय पर उपचार करवाने को लेकर सेमिनार का आयोजन किया गया। मंच संचालन इंस्ट्रक्टर मनोज शर्मा ने किया। इस सैमीनार में उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए सीनियर टीबी एंड लैब सुपरवाइजर पृथ्वी राज ने कहा कि अगर 14 दिनों से अधिक खांसी हो, भूख कम लगती हो व शरीर का वजन कम हो रहा हो तो तुरंत सरकारी अस्पताल में जाकर बलगम की जांच करवाकर इलाज करवाएं। टीबी अस्पताल हिसार से आए मनदीप ने टीबी रोग से बचाव हेतु सावधानियां बरतने बारे दिशा निर्देश दिए। इस दौरान टीबी रोग के लक्षण व बचाव हेतु सावधानियां बरतने को लेकर छात्र-छात्राओं की चार्ट प्रतियोगिता करवायी गई। इस प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। मंच संचालक मनोज शर्मा और अर्चना भारद्वाज ने बताया कि इस प्रतियोगिता में छात्रा मोनिका ने प्रथम स्थान और छात्र अशोक ने द्वितीय स्थान तथा छात्रा बबीता ने तृतीय स्थान हासिल किया। सीनियर टीबी एंड लैब सुपरवाइजर पृथ्वी राज और मनदीप द्वारा इन विजेता छात्र-छात्राओं की हौसला अफजाई की गयी और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वाइस प्रिंसीपल लखी राम, सुरेश रानी, मनोज शर्मा, अर्चना भारद्वाज व भरत सिंह समेत अनेक छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## हरियाणा में पुरानी पैंशन योजना तुरंत लागू करे सरकार : किरमारा

**पंजाब व राजस्थान सरकार का फैसला सराहनीय, कर्मचारियों को उनका हक दे सरकार**

हिसार,24 फरवरी (सुरेंद्र सोढी) : हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष दलबीर किरमारा ने हरियाणा सरकार से मांग की है कि वह राजस्थान की तर्ज पर हरियाणा में भी पुरानी पैंशन स्कीम तुरंत लागू करे। इससे पहले पंजाब में भी ऐसा किया जा चुका है। ऐसे में हरियाणा सरकार को इस बारे तुरंत फैसला लेना चाहिए। दलबीर किरमारा ने कहा कि राजस्थान सरकार द्वारा पुरानी पैंशन स्कीम लागू करना ऐतिहासिक व कर्मचारी हितैषी फैसला है। पंजाब में भी सरकार ऐसा निर्णय ले चुकी है। उन्होंने कहा कि पैंशन स्कीम को केन्द्र का मुद्दा बताकर कर्मचारी वर्ग की बड़ी मांग को सरकार लटकाती रही लेकिन दो राज्यों की सरकारों ने इस स्कीम को लागू करके साबित कर दिया है कि किसी भी प्रदेश की सरकार अपने राज्य में इस स्कीम को लागू कर सकती है। दलबीर किरमारा ने कहा कि पंजाब व राजस्थान की सरकारों द्वारा कर्मचारी वर्ग के हित में लिए गए निर्णय से इस मसले पर कर्मचारी संगठनों के आंदोलन को बल मिला है। उन्होंने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के उस वक्तव्य का स्वागत किया, जिसमें उन्होंने कहा है कि सरकारी सेवाओं से जुड़े कर्मचारी अपने भविष्य के प्रति सुरक्षित महससू करें, तभी वे सेवाकाल में सुशासन के लिए अपना अमूल्य योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा रोडवेज कर्मचारी साझा मोर्चा लगातार कर्मचारियों की इस मांग को उठाता रहा है और भविष्य में भी पुरानी पैंशन स्कीम बहाल करने सहित अन्य मुद्दों पर संघर्ष जारी रहेगा।


दलबीर किरमारा

## नगरपालिका चुनाव : 13 पार्षदों के नेतृत्व में बनेगी बास की पहली सरकार

नारनौंद, 24 फरवरी (कोहाड़) : बास नगरपालिका बनने के बाद पहली बार नगरपालिका चुनाव होने जा रहे हैं। इन चुनावों को लेकर बास के लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा है। पहली बार बास के 12639 वोटर पार्षदों व चेयरपर्सन का चुनाव में हिस्सा लेंगे। हालांकि इस मतदाता सूची को अभी अपडेट किया जाएगा। जिसमें काफी नए वोटर भी इस यज्ञ में आहुति डालेंगे। बास गांव में चार पंचायतों का चुनाव किया जाता था। पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु के प्रयासों से बास को नगरपालिका का दर्जा मिलने के साथ ही उन्होंने बास को तहसील व पुलिस चौकी को पुलिस थाना बना दिया गया था। उसके बाद से नगरपालिका चुनाव नहीं करवाया गया था और गठित पंचायतों के प्रतिनिधि ही पार्षदों की देखरेख में ही विकास कार्यों करवाया जा रहा था। अब 24 अप्रैल को पहली बार बास गांव के लोग अपने शहर की सरकार बनाने के लिए मतदान करेंगे।

### पहली सरकार के सामने चुनौतियों की भरमार

**बास** नगरपालिका चुनावी रणभेरी में उतरने वाले उम्मीदवारों के सामने अनेक चुनौती होंगी। अब तक बास का विकास गांव के हिसाब से करवाया जाता था। लेकिन नगरपालिका का दर्जा मिलने के बाद अब बास का विकास शहरों की तर्ज पर विकसित करने की मुख्यत चुनौती होगी। इसके अलावा गांव में जगह जगह पड़ी गंदगी को साफ सुथरा रखने में भी स्थानीय लोगों के विरोध का सामना करना पड़ सकता है। इसके लिए बकायदा जागरुकता अभियान चलाने की जरूरत होगी। वहीं गांव के गंदे पानी की निकासी का उचित प्रबंध, शिविर ?लाईन बिछवाने सहित विकास स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने, स्वच्छ पेयजल व्यवस्था, आवारा पशुओं से मुक्त बनाने सहित तमाम बड़े मुद्दे इस चुनाव में रहने वाले हैं और जितने वाले पार्षदों को इनको पूरा करने के लिए कड़े कदम उठाने होंगे।

## युवाओं का भविष्य बर्बाद करने पर तुली सरकार : पूनिया

### कहा, एकजुट होकर सरकार की जनविरोधी नीतियों की खिलाफत करें युवा, रोजगार पर करें सरकार से बात

हिसार, 24 फरवरी (सुरेंद्र सोढी) : वरिष्ठ कांग्रेस नेता वजीर सिंह पूनिया ने प्रदेश सरकार पर युवा वर्ग को नशे की दलदल में धकेलकर युवाओं का भविष्य बर्बाद करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि शराब बेचने व पीने की उम्र कम करके सरकार ने अपने इरादे जाहिर कर दिए हैं। वजीर सिंह पूनिया ने कहा कि हरियाणा सरकार का यह फैसला पूरी तरह से जनविरोधी, युवा विरोधी व उनका भविष्य बर्बाद करने वाला है। सरकार अपने राजस्व को बढ़ाने के लालच में ऐसे फैसले करके युवा वर्ग का भविष्य तबाह करने पर तुली है, जिसकी जितनी निंदा की जाए, कम है।


नेता -वजीर सिंह पूनिया

उन्होंने कहा कि सरकार के पास है, जो खुद को युवा बता रहे हैं लेकिन उन्होंने इस बात पर जरा सा भी विचार नहीं किया कि इस फैसले से युवाओं के भविष्य पर क्या असर पड़ेगा।

यह फैसला करते समय सरकार ने युवाओं की तरफ बिल्कुल नहीं देखा बल्कि सरकार का राजस्व बढ़ाने व शराब ठेकेदारों की आमदमी बढ़ाने की तरफ देखा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने शराब बेचने व पीने की उम्र घटाने का यह घटिया फैसला ऐसे समय में किया है, जब कई राज्यों में सरकारें शराब पर प्रतिबंध लगा रही है।युवा वर्ग सरकार से रोजगार पर बात करें ताकि प्रदेश में सुरसा के मुख की तरह बढ़ रही बेरोजगारी पर रोक लगाई जा सके।

## मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना की समीक्षा बैठक आज

हिसार, 24 फरवरी (सुरेंद्र सोढी) : मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना की समीक्षा बैठक 25 फरवरी को 4 बजे स्थानीय लघु सचिवालय परिसर स्थित वीसी सभागार में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त स्वप्रिल रविंद्र पाटिल करेंगे। बैठक में नगर निगम, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, एमएसएमई, महिला विकास निगम, बैंक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को मौजूद रहने की हिदायत दी गई है।

## सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक शाखा हसनगढ़ के नए भवन का शुभारंभ

बरवाला, 24 फरवरी (मुनीश) : समीपवर्ती गांव हसनगढ़ में सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक शाखा हसनगढ़ के नए भवन का शुभारंभ किया गया। इस शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में राज्यसभा सांसद जनरल डी.पी. वत्स ने शिरकत की और अध्यक्षता क्षेत्रीय प्रबंधक योगेश शर्मा ने की। क्षेत्रीय प्रबंधक योगेश शर्मा ने अपने संबोधन में सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक द्वारा एक आम व्यक्ति के विकास में किए गए योगदान पर प्रकाश डाला और बैंक की विभिन्न योजनाओं से अवगत करवाया। वित्तीय साक्षरता सलाहकार हरपाल मल्हान ने अपने संबोधन में बैंक की विभिन्न सामाजिक योजनाओं की जानकारी दी। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डी.पी. वत्स ने अपने संबोधन में सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक द्वारा समाज के उत्थान में किए जा रहे योगदान की मुक्त कंठ से सराहना की। वरिष्ठ समाजसेवी कुलजीत घनघस ने मुख्य अतिथि जनरल डी.पी. वत्स का धन्यवाद किया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रबंधक राधेश्याम, प्रबंधक नंद किशोर, जंगीर नैन, रमेश चहल, बलजीत चहल, सुशील नंबरदार, उदयवीर नंबरदार, राममेहर नंबरदार, राजेंद्र नंबरदार व विनोद जागलान समेत अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



# शुल्क पर राजनीति : भाजपा गदगद, कांग्रेस बता रही खुद की जीत

## आमजन को राहत पर भाजपाई कर रहे फैसले का स्वागत, कांग्रेस मंत्रमुग्ध

हिसार, 24 फरवरी (सुरेंद्र सोढी) : राज्य सरकार ने शहरी विकास शुल्क वापस लिया तो इसे भी राजनीतिक दल भुनाने में लग गए। इस शुल्क के सामने आते ही आमजन में मचे हाहाकार पर मौन भाजपाई एकाएक राहत पर बोल पड़े। कांग्रेस ने विरोध के बाद अब इसे अपनी जीत बताकर हवाई जश्न शुरू कर दिया है। आमजन हैरत में है कि इसे कांग्रेस अपनी जीत बता रही है तो भाजपाई मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए इसे आमजन के लिए राहत करार दे रहे हैं। शुल्क की घोषणा किए जाने के बाद आहत आमजन को अब सुकून मिला तो इसके श्रेय में भाजपाई कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। भाजपा नेताओं ने विकास शुल्क बढ़ोतरी वापस लेने के फैसले को स्वागत के योग्य बताया है।


भाजपा जिलाध्यक्ष कैप्टन भूपेंद्र व कांग्रेस नेता बजरंग गर्ग।

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कैप्टन भूपेन्द्र, वीरचक्र ने शहरी विकास शुल्क वापिस लेते ही इसे आमजन को राहत देने का कदम करार दिया है। भाजपा जिलाध्यक्ष का कहना है कि इस शुल्क को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल व स्थानीय निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता से बात करके जनता के हित में यह विकास शुल्क वापिस लेने की मांग की थी, जिसे स्वीकार करके सरकार ने जनता को राहत दी है। कैप्टन भूपेन्द्र ने कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा लोक हितैषी निर्णय लिए हैं। जनता की हर समस्या सुनना व उसका समाधान करना सरकार व संगठन अपना कर्तव्य समझते हैं और इसी पर चलते हुए सरकार ने शहरी विकास शुल्क वापिस लेकर नागरिकों को राहत दी है।

दूसरी ओर कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता बजरंग गर्ग का कहना है कि शहरी विकास शुल्क लेना कांग्रेस की जीत है। सरकार को चाहिए कि आमजन व व्यापारियों के हितों में अधिक से अधिक रियायत प्रदान करें। हरियाणा सरकार ने प्रॉपर्टी पर 5 प्रतिशत विकास शुल्क लगाने का तानाशाही फरमान वापिस लेना आम जनता कि संघर्ष की जीत है। उन्होंने कहा कि प्रोपर्टी पर 5 प्रतिशत टैक्स लगाने से गरीब व मध्यम वर्ग का व्यक्ति रहने के लिए अपना मकान नहीं बना सकता था। बजरंग गर्ग ने मुख्यमंत्री से अपील की है कि वह प्रदेश में व्यापारी व आम जनता के हित में ज्यादा से ज्यादा रियायतें देनी चाहिए। ताकि आम जनता को मंहगाई से राहत मिल सकें।

### बोझ डालने का इरादा नहीं था: कैप्टन भूपेंद्र

**कैप्टन** भूपेन्द्र, वीरचक्र ने कहा कि विकास शुल्क में बढ़ोतरी करके जनता पर बोझ डालने का सरकार की कोई इरादा नहीं था बल्कि विभाग द्वारा शहरी क्षेत्रों में विकास शुल्क समय-समय पर आवश्यकता अनुसार संशोधित किया जाता है। विकास शुल्क के माध्यम से प्राप्त होने वाले राजस्व को उसी क्षेत्र के विकास पर खर्च किया जाता है। हर क्षेत्र का कलैक्टर रेट वहां की जमीन की भौगोलिक स्थिति एवं मूल्य सूचकांक के अनुसार अलग होता है। सरकार के फैसले से नागरिकों ने राहत महसूस की है।

### आमजन के संघर्ष की हुई जीत : गर्ग

**कांग्रेस** प्रदेश प्रवक्ता बजरंग गर्ग का कहना है कि प्रोपर्टी विकास टैक्स की बढ़ोतरी करते हुए पूरे प्रदेश में भारी विरोध हो रहा था। व्यापारी व आमजन के खिलाफ लिए गए सरकार के इस फैसले का कांग्रेस ने घोर विरोध किया। जिस के कारण सरकार को अपना यह कठोर कदम वापस लेना पड़ा। हरियाणा सरकार को ऐसा कोई फैसला नहीं लेना चाहिए जो प्रदेश की जनता को नुक्सान पहुंचाने वाला हो।

## तीरंदाजी में अंकित ने जीता रजत

हिसार, 24 फरवरी (सुरेंद्र सोढी) : सिद्धार्थ इंटरनैशनल स्कूल के कक्षा दसवीं के छात्र अंकित ने 12 से 13 फरवरी को सोनीपत में आयोजित तीसरी खेलो इंडिया नॉर्थ जोन तीरंदाजी प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक जीता। सिद्धार्थ प्रबंधन द्वारा अंकित को इस शानदार विजय पर बधाई दी गई और उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान की गई।


सिद्धार्थ इंटरनैशनल स्कूल का छात्र अंकित।

फतेहाबाद सवेरा
दैनिक सवेरा टाइम्स

## महर्षि दयानंद जन्मोत्सव पर डीएवी पुलिस स्कूल में हवन यज्ञ करवाया



डीएवी पुलिस स्कूल में आयोजित वैदिक यज्ञ में भाग लेते प्राचार्य, स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी।

फतेहाबाद, 24 फरवरी (नरेंद्र मदान)ः आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानन्द के जन्मोत्सव के अवसर पर पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में गुरुवार को वैदिक यज्ञ का आयोजन हुआ। इस अवसर पर दयानन्द ब्रह्म महाविद्यालय हिसार के प्राचार्य एवं दर्शनशास्त्र के सुप्रसिद्ध विद्वान-डा. प्रमोद योगार्थी मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। डा. प्रमोद योगार्थी के मार्दर्शन में वैदिक मन्त्रों के उच्चारण के साथ विश्व कल्याण की भावना लेकर विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों व शिक्षक-शिक्षिकाओं ने इस यज्ञ में विशेष आहूतियां डालीं। यज्ञोपरान्त मधुर भजन के साथ सम्बोधित करते हुए डा. प्रमोद योगार्थी ने आर्य समाज तथा स्वामी दयानन्द जी के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला और स्वामीजी के जीवन से जुड़ी घटनाओं को बच्चों के साथ सांझा किया। उन्होंने बताया कि स्वामी दयानन्द ही भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रथम उद्घोषक थे और स्वतंत्रता प्राप्ति में आर्य समाज का 75 प्रतिशत योगदान रहा है। साथ ही उन्होंने ये भी स्पष्ट किया कि आर्यसमाज की विचारधारा पर चलकर हम न केवल अपना जीवन सफल बना सकते हैं बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी अपनी विशेष भूमिका निभा सकते हैं। इसके बाद विद्यालय में महर्षि दयानन्द के जीवन पर आधारित ऑनलाइन प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को भी प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। अंत में विद्यालय प्राचार्य अरुण शर्मा ने सम्बोधित करते हुए बतौर मुख्यातिथि विद्यालय में पहुंचे प्राचार्य डा. प्रमोद योगार्थी का धन्यवाद किया तथा सभी बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और शांतिपाठ के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

# निकाय चुनावों को लेकर भाजपा ने की तैयारियां शुरू

## प्रदेश संगठन मंत्री ने बूथ स्तर पर मजबूत करने का किया आह्वान

### बोलेः आगामी 6 अप्रैल को उत्साह के साथ मनाएंगे पार्टी स्थापना दिवस



भाजपा की बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश संगठन मंत्री रविंद्र राजू।


फतेहाबाद, 24 फरवरी (नरेंद्र मदान)ः आगामी निकाय चुनावों की तैयारियों को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में जिला के पदाधिकारियों व कार्यकर्त्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य तौर पर भाजपा प्रदेश संगठन मंत्री रविन्द्र राजू ने शिरकत की जबकि अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष बलदेव ग्रोहा ने की। बैठक में स्थानीय विधायक दूड़ाराम व रतिया के पूर्व विधायक एवं भाजपा के प्रदेश सचिव रविन्द्र बलियाला भी उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश संगठन मंत्री रविन्द्र राजू ने कार्यकर्त्ताओं आह्वान किया कि नगर परिषद चुनावों में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए जुट जाएं। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर मजबूती लाने के लिए कार्यकर्ता अगले तीन दिनों तक तक शक्ति केन्द्रों की बैठक आयोजित कर समीक्षा करें। यदि कोई कमी पाई जाती है तो उसे दूर करने का प्रयास करें। रविन्द्र राजू ने कहा कि आज से ही सभी वार्डों में अपने अपने स्तर पर लोगों से जनसम्पर्क बनाने में जुट जाएं। पन्ना प्रमुखों व त्रिदेव कार्यकर्त्ताओं को मजबूती पहुंचाने के लिए समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि भाजपा समर्थित पार्षद पद के उम्मीदवारों व चेयरमैन पद के उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित करना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। संगठन मंत्री ने कार्यकर्त्ताओं से आह्वान किया कि आम नागरिकों से तालमेल बनाते हुए पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार करें। भाजपा प्रदेश संगठन मंत्री रविन्द्र राजू ने कहा कि आगामी 6 अप्रैल को भाजपा का स्थापना दिवस भी कार्यकर्ता पूरे उत्साह के साथ मनाएंगे। जिला का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने अपने घर पर पार्टी एक नया झंडा लगाकर पार्टी का स्थापना दिवस मनाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने प्रदेश में एक निष्ठ सेवा करते हुए विकास की गंगा बहाई है। भाजपा अब तक की सबसे ईमानदार सरकार साबित हुई है। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य वेद फुलां, राजपाल बैनीवाल, सीमा दत्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष महामंत्री जगदीश शर्मा, जिला विस्तार रमेश छिरंग, जिला उपाध्यक्ष विजय गोयल, अनिल सिहा, जिला मीडिया प्रभारी महेश शर्मा, नगर मंडल अध्यक्ष शम्मी ढींगड़ा, संदीप नेहरा, जिला सचिव अशोक जाखड़, व्यावसायिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक भवानी सिंह, नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन दर्शन नागपाल, रामकुमार मेहरा, नगर परिषद के विस्तारक पवन जैन, पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक पीपी चौपड़ा, विद्या रत्ती, भाजपा एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष डा. रणजीत ओड, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष राखी मक्कड़, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष स. अवतार सिंह मोंगा, भारतभूषण गर्ग, राधाकृष्ण नारंग, बनवारी लाल गहलोत, कंवल चौधरी, जगदीप मोंगा, रजत खाण्डा, चन्द्र प्रकाश बजाज, निवर्तमान पार्षद राकेश गंभीर, डबली ग्रोवर, किरण नारंग, विकास शर्मा, सहित शहर के पार्षद व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## मंदिर के आगे से बाइक चोरी

सिरसा, 24 फरवरी (रवि बंसल): गांव मौजूखेड़ा में बस स्टैंड के समीप हनुमान मंदिर के सामने से व्यक्ति का बाइक चोरी हो गया। कुछ देर बाद व्यक्ति को पता चला, जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

Required
PRINCIPAL
Qualification according to Govt Norms.
Retired person can also apply.
For Interview
Sunday open
Contact us :
SHANTI NIKETAN SR. SEC. SCHOOL
Dhingsara, Fatehabad
Mob.: 9389522222


## हैप्पी बर्थडे



मिष्ठी



सीरत



वंश एकम सिंह



विहान

## जोड़ी रहे सलामत



जगजोत सिंह और पिंकी।



अजय और सुनैना।



अजय घई और समेुधा घई।




राजवीर सिंह और सोनमप्रीत कौर।

## Selfie With Family



अपने परिवार के साथ गौरव।



हरविंदर अपनी मौसी के साथ।



अपने दोस्तों के साथ कर्ण।



मनदीप, रिंपी की सैल्फी।

## न्यूज गैलरी

### डिवैल्पमैंट चार्ज के फैसले से सरकार की क्रूर मंशा दिखी : दौलतपुरिया



बलवान दौलतपुरिया

**फतेहाबाद, (नरेंद्र मदान):** प्रदेश की सरकार ने शहरी क्षेत्रों में सर्कल रेट पर 5 प्रतिशत डिवैल्पमैंट चार्ज का फैसला लेकर अपनी क्रूर मंशा को दर्शाने का काम किया था। चुनावी माहौल व जनता के विरोध पर भले ही सरकार ने फिलहाल यह फैसला वापिस ले लिया हो, लेकिन सरकार की गलत मंशा जनता के सामने जरूर आई है। यह बात पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बलवान सिंह दौलतपुरिया ने जारी बयान के माध्यम से कही। उन्होंने सरकार के उपरोक्त फैसले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि प्रदेश की सरकार शुरू से ही आम जनता को टैक्स के बोझ के नीचे दबाकर आर्थिक रूप से कमजोर बनाना चाहती रही है। मौजूदा सरकार ने शहरी क्षेत्रों में सर्कल रेट पर 5 प्रतिशत डिवैल्पमैंट चार्ज का फैसला लेकर जहां आम जनता के दिलों में खौफ पैदा किया है, वहीं अपनी कूटनीति का भी परिचय दिया है। आने वाले चुनावों में जनता सरकार को दूसरा मौका नहीं देगी। दौलतपुरिया ने कहा कि वापिस लिए गए 5 प्रतिशत डिवैल्पमैंट चार्ज के फैसले को चुनावों के बाद भी सरकार लागू नहीं करेगी। इस बात की क्या गारंटी है। दौलतपुरिया ने कहा कि यदि समय रहते सरकार नहीं सुधरी तो आने वाले चुनावों में जजपा-भाजपा का सुपड़ा साफ हो जाएगा।

### वन विभाग द्वारा प्रश्नोतरी व चित्रकला प्रतियोगिता शिविर का आयोजन



प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए वन विभाग के अधिकारी।

**फतेहाबाद, (नरेंद्र मदान):** वन विभाग प्रचार एवं प्रशिक्षण रेंज हिसार द्वारा गांव धांगड़ के राजकीय कन्या उच्च विद्यालय व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तथा गांव भोडा होशनाक के राजकीय उच्च विद्यालय में वानिकी प्रश्नोत्तरी एवं चित्रकला प्रतियोगिता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वन खंड अधिकारी दीपक कुमार व उनकी टीम ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण व वन संरक्षण के प्रति जागरूक किया और टीम द्वारा वन एवं वन्य जीवों का हमारे जीवन में क्या महत्व है इसके बारे विस्तार से बताया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के परिणाम में राजकीय कन्या उच्च विद्यालय धांगड़ में वानिकी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता शिविर में पलक प्रथम, पूनम द्वितीय व अंजू तृतीय स्थान पर रही। इसी प्रकार से राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय धांगड़ में वानिकी चित्रकला प्रतियोगिता शिविर में शुभम प्रथम, दीक्षा द्वितीय व विकास तृतीय तथा राजकीय उच्च विद्यालय भोडा होसनाक में वानिकी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता शिविर में प्रीती प्रथम, ममता द्वितीय व रविंद्र तृतीय स्थान पर रहा। इस अवसर पर मुख्याध्यापक राम कुमार दहिया, रमेश कुमार, कृष्ण कुमार वर्मा सहित पूरा स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

### मतदाता सूचियों में अनियमितताओं का आरोप

**फतेहाबाद, (नरेंद्र मदान):** नगरपरिषद चुनावों को लेकर प्रशासन जहां एक तरफ जोर-शोर से तैयारियों में जुटा है वहीं इन चुनावों को लेकर बनाई गई वोटर लिस्टों में भारी अनियमितताओं के आरोप लगने लगे है। सामाजिक कार्यकर्ता मोहन लाल नारंग, दुष्यंत शर्मा, जसबीर भ्याना व राजीव सेतिया ने शहर के वार्ड नं. 12 सहित अन्य वार्डों में चुनावों को लेकर जारी की गई वोटर लिस्ट में गड़बडियों का आरोप लगाते हुए इन वोटर लिस्टों को दुरूस्त करवाने की मांग की है। मोहन लाल नारंग ने कहा कि मतदाता सूचियां नई वार्डबंदी के अनुरूप नहीं बनाई गई हैं। मतदाता सूची में उन मतदाताओं के नाम शामिल नहीं है, जोकि पिछले कई वर्षों से वार्ड नं. 12 में रिहायश कर रहे हैं। सूची में ऐसे लोगों के नामों को भी शामिल किया गया है जिनकी वोटर लिस्ट जारी होने से पहले ही मृत्यु हो चुकी है। इसके अलावा एक ही परिवार के सदस्यों को भी अलग-अलग वार्डों में शामिल दिखाया गया है जोकि सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि वोटर लिस्ट को लेकर किए गए सर्वे में कर्मचारियों द्वारा लापरवाही बरती गई और घर बैठे ही विधानसभा चुनावों को लेकर बनी मतदाता सूची में ही कॉपी-पेस्ट कर नई मतदाता सूची बना दी गई। नारंग ने कहा कि इस मतदाता सूची के जारी होने से शहर के वार्ड 12 व अन्य वार्डों में रह रहे लोग अपना मताधिकार का प्रयोग कर अपने मन-पसंद के प्रतिनिधि को चुनने से वंचित रह जाएंगे। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि शहर में वार्ड स्तर पर नए सिरे से सर्वे करवाकर मतदाताओं सूचियों में हुई गड़बडियों को सही किया जाए।

### भट्टूकला के नायब तहसीलदार को भूना का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा

**भूना, (संगीता):** उप तहसील कार्यालय में मंगलवार को नायब तहसीलदार के ड्यूटी पर ना होने के कारण लोगों ने जमकर विरोध किया था। जिसके मद्देनजर डीसी प्रदीप कुमार ने भट्टूकला के नायब तहसीलदार बलराम जाखड़ को भूना का अतिरिक्त कार्यभार सौंप दिया है। तहसील कार्यालय भूना में सोमवार व बुधवार को जमीनों एवं प्लाटों की रजिस्ट्री के पंजीकरण हेतु दिवस निर्धारित किया है। डीसी ने 23 फरवरी को पत्र क्रमांक 240 के आदेशानुसार वसीका पंजीकृत का कार्य दिवस सोमवार वे बुधवार करने की स्वीकृति दी है। हालांकि इससे पूर्व मंगलवार व वीरवार को वसीका पंजीकृत कार्य दिवस होता था। बता दें कि पिछले कई महीनों से उप तहसील कार्यालय में नायब तहसीलदार का पद रिक्त है। जिसके कारण 20 गांवों के लोगों को उप तहसील कार्यालय से संबंधित कामकाज के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। डीसी प्रदीप कुमार ने लोगों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए भट्टूकला के उप तहसीलदार को अतिरिक्त कार्यभार सौंप दिया है।

## लॉजिस्टिक से संबंधित मामलों और उद्योग विकास की देखरेख के लिए जिले में सीएलसीसी का गठन

फतेहाबाद, 24 फरवरी (नरेंद्र मदान)ः प्रदेश के उद्योग एवं वाणिज्य विभाग से प्राप्त दिशा निर्देशों की अनुपालना में जिले में लॅाजिस्टिक से संबंधित मामलों और जिला में लॉजिस्टिक उद्योग के विकास की देखरेख के लिए सिटी लॉजिस्टिक कॉर्डिनेशन कमेटी (सीएलसीसी) का गठन किया गया है। डीसी प्रदीप कुमार इस समिति के अध्यक्ष होंगे जबकि जिला उद्योग केंद्र के उपनिदेशक जीसी लांग्यान को सदस्य सचिव बनाया गया है। इसके अलावा इस समिति में विभिन्न विभागों के उच्चाधिकारियों को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। इस बारे विस्तार से जानकारी देते हुए जिला उद्योग विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि शहर लोजिस्टिक समन्वय समिति शहर और राज्य लोजिस्टिक के लिए मास्टर प्लान तैयार करने के लिए जिम्मेदार होगी। शहर को राज्य और राष्ट्रीय लॉजिस्टिक नीति के साथ जोड़ने के लिए कार्रवाई योग्य कार्यक्रम रणनीतियां प्रदान करेगी। उन्होंने बताया कि शहर लोजिस्टिक समन्वय समिति में एडीसी, डीएमसी, डीआरओ, डीएचबीवीएन, पीडब्ल्यूडी व सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता, एचएसपीसीबी के आरओ, जीएम रोडवेज, एमएसएमई सहायक निदेशक, डीजी एफटी पानीपत, आईटीआई भोडिया खेड़ा प्राचार्य, हरसैक डिस्ट्रिक्ट इंजीनियर, सिविल एवीएशन इंचार्ज हिसार, मैनेजर एचएसआईआईडीसी, डीआईओ, डीटीपी को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि इसके अलावा जिले में इच्छुक उद्यमी उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, हरियाणा की हरियाणा लोजिस्टिक, वेयरहाउसिंग एंड रिटेल पॉलिसी, 2019 के तहत चलाई जा रही विभिन्न स्कीमों जैसे वेयरहाउस स्थापित करना, लोजिस्टिक, लोजिस्टिक पार्क, इंटीग्रेटिड/मल्टी मॉडल लोजिस्टिक पार्क (एमएमएलपी), कोल्ड चैन फैसिलिटी, रिटेल हब व वेयरहाउसिंग कम रिटेल फैसिलिटी इन एग्रीकल्चर जोन आदि पर अपने उद्यम स्थापित कर सकते हैं। इस पॉलिसी के तहत कैपिटल सब्सिडी, ब्याज सब्सिडी, स्टाम्प ड्यूटी, बिजली ड्यूटी माफी, ईडीसी, वाणिज्यिक लाइसेंस शुल्क, क्षमता निर्माण प्रोत्साहन इत्यादि जैसे लाभ प्राप्त किए जा सकते हैं। जिला को कोई भी इच्छुक प्रार्थी आवेदन हेतू उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की वैबसाइट पर जाकर इन स्कीमों का अध्ययन कर पॉलिसी के तहत लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए सभी आवेदन ऑनलाइन माध्मय से स्वीकृत किए जाते हैं। अधिक जानकारी हेतू जिला उद्योग केंद्र उपनिदेशक के कार्यालय के दूरभाष नंबर 01667-225123 पर किसी भी कार्य दिवस में संपर्क कर सकते हैं।

## शिक्षा की शुरुआत से ही नींव को मजबूत करना : डीसी

### सीडीपीओ कार्यालय में रूपांतरित प्ले स्कूलों के तहत जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



बच्चों की माताओं को आहार किट वितरित करते हुए डीसी प्रदीप कुमार।

भूना, 24 फरवरी (संगीता): बच्चों की शुरुआती शिक्षा के लिए ह्यप्ले स्कूल की संकल्पना अब शहरों से गांव तक पहुंचने जा रहीं है। नई शिक्षा नीति 2020 के तहत सरकार शैक्षणिक सत्र 2022-23 से ह्यविद्या प्रवेश कार्यक्रम देश के सभी स्कूलों में शुरू हो रहा है। यह बात डीसी कुमार ने वीरवार को महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में सीडीपीओ कार्यालय के प्रांगण में रूपांतरित प्ले स्कूलों के तहत जागरूकता कार्यक्रम में आंगनबाड़ी वर्कर व हेल्पर को संबोधित करते हुए कही। डीसी ने कहा कि केंद्र सरकार ने पिछले वर्ष शिक्षा से जुड़े सुधार कार्यक्रम के तहत इसकी संकल्पलना रखी थी। आंगनबाड़ी वर्कर व हेल्पर को जागरूकता कार्यक्रम में बताया गया कि शिक्षा मंत्रालय के की नीति के तहत विद्या प्रवेश कार्यक्रम के तहत पहली कक्षा में प्रवेश से पहले बच्चों को तीन महीने का एक खास कोर्स करवाया जाएगा। इसमें उन्हें खेलते हुए पहली कक्षा से पहले जरूरी अक्षर और संख्या ज्ञान दिया जाएगा। इसका मकसद है, शिक्षा की शुरुआत से ही नींव को मजबूत करना। ताकि समाज में सभी समान रूप से आगे बढ़ सकें। जिला कार्यक्रम अधिकारी सीमा ने संबोधित करते हुए बताया कि नई शिक्षा नीति के सुझावों पर राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा बच्चों के लिए तीन माह का स्कूल तैयारी प्रारूप ह्यविद्या प्रवेशह्न तैयार किया है। इस पाठ्यक्रम में बच्चों के लिए अक्षर, रंग, आकार और संख्या सीखने के लिए रोचक गतिविधियां हैं। यह कार्यक्रम बाल वाटिका के सीखने के परिणामों पर आधारित होगा।

इसमें स्वास्थ्य कल्याण, भाषा साक्षरता, गणितीय सोच और पर्यावरण जागरूकता से संबंधित मूलभूत दक्षताओं को विकसित करने के लिए बच्चों तक समान गुणवत्ता पहुंच सुनिश्चित करना है। ह्यविद्या प्रवेश कार्यक्रमह्न के प्रारूप के अनुसार, इसमें तीन महीनों का खेल आधारित कार्यक्रम रखा गया है। यह विकासात्मक गतिविधियों एवं स्थानीय खेल सामग्रियों के उपयोग के साथ अनुभव आधारित शिक्षा को बढ़ावा देता है।

#### ये थे उपस्थित

**इस** अवसर पर खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी राजबाला जांगड़ा, भूना सीडीपीओ सुमनलता, समाज शिक्षा एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह कुंडु, सुपरवाइजर पंकज शर्मा, सुपरवाइजर मंगलेश नेहरा, राजेश्वरी देवी, सपना देवी, विकास कुमार, राजेश शर्मा, जयपाल सिंह आदि मौजूद थे।

#### बच्चों के लिए वितरित की आहार किट

**डीसी** प्रदीप कुमार ने जागरूकता कार्यक्रम के दौरान कुपोषित बच्चों को दिए जाने वाले आहार की किट भी वितरित की। जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग ने 346 ऐसे बच्चों का चयन किया था जो स्वास्थ्य मानदंडों के तहत कुपोषित श्रेणी में आते थे। इन बच्चों के कुपोषण को दूर करने के लिए विभाग ने इनकी माताओं को इनके स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए एक डाइट चार्ट के तहत खुराक देने का अभियान चलाया। अभियान के तहत इनकी माताओं और बच्चों को आहार किट दी गई है।

## श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से बदलता है भाग्य : करुणागिरी



श्रीमद्भागवत कथा में उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रवचन करते हुए करुणागिरी जी महाराज।

भूना, 24 फरवरी (नरेंद्र मदान): सच्चे मन और निष्काम भाव से श्रीमद्भागवत का किया गया श्रवण मनुष्य के भाग्य को बदलने का काम करता है। यह बात तपोभूमि हरिद्वार से पधारे महामंडलेश्वर बाल योगिनी साध्वी संत शिरोमणि करुणागिरी महाराज ने कही। वो जय बाबा मंदिर मंदिर प्रांगण में श्रीमद् भागवत सप्ताह अमृत महोत्सव के दौरान श्रीमद्भागवत कथा का रसपान करवा रही थी। करुणागिरी महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा वह है, जो भाग्य बदल दे। जो भाग्य बदल दे उसे कहते हैं श्रीमद भागवत व्यास व नारद जी का मुख्य पुराण है 18 पुराणों में श्रेष्ठ है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा भगवान श्री कृष्ण की अमृत कथा है, भव सागर से पार करने वाली नाव है। महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के माध्यम से ही नारद की चिंता भी तत्काल प्रभाव से दूर हो गई थी। भागवत कथा ज्ञान, वैराग्य और भक्ति को पुष्ट करती है और जो भी मन में शंकाएं हैं, उन सभी शंकाओं का निर्मूल कर देती है। उन्होंने श्रद्धालुओं को प्रवचन करते समय कहा कि सूर्य देव से मालूम करने के बाद धुंधकारी का भागवत जी के माध्यम से उद्धार किया और उन्होंने मुक्त कंठ से भागवत के गुणगान किये। श्री राम कला मंच की टीम ने बहुत ही सुंदर ढंग से झांकी आदि प्रस्तुत की कथा के दौरान श्रद्धालु भावविभोर हो गए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे इस अवसर पर कमेटी सदस्य राजू गिरधर,ओम प्रकाश, मंगल राम, वीरेंद्र शर्मा ,अनिल सोनी, हरविंदर बागड़ी ,सुरेश सरपंच,नंदलाल कंबोज ,रमेश कंबोज ,रमेश शर्मा ,रमेश बंसल,देसराज, कृष्ण सेठी, हरीश सचदेवा ,आत्मा राम जाखड़, मोनू वर्मा, महेंद्र कम्बोज ,दीपक नफे सिंह ,दिनेश जैन, अनिल धोनी, राजू कंबोज ,अमित राजलीवाल दीपक राजलिवाल आदि सदस्य मौजूद थे ।

### आरोपः ठेकेदार कर्मियों से बोला कोई विरोध करें तो ट्रैक्टर से रौंद देना

## फिरनी की सड़क निर्माण में घटिया सामग्री लगाने का आरोप, लोगों ने रुकवाया काम



सड़क निर्माण कार्य में धांधली का आरोप लगा रोष प्रदर्शन करते हुए ग्रामीण।

जाखल, 24 फरवरी (अशोक गर्ग): क्षेत्र के गांव सिधानी में करोड़ों रुपए की लागत से निमार्णाधीन फिरनी की सड़क के निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार की बू आ रही है। ग्रामीणों द्वारा सड़क निर्माण में निम्न स्तर की सामग्री लगाने का आरोप लगाया है। इसे लेकर भारतीय किसान यूनियन उग्राहा के इकाई अध्यक्ष अमित कुमार के नेतृत्व में अजय कुमार धर्मवीर, विक्रम, गुरप्रीत, रमेश, बिंदर, गुरजंट, रवि आदि बड़ी संख्या में एकत्रित हुए गांव के लोगों ने रोष प्रदर्शन करते हुए निर्माण कार्य को रुकवा दिया है। पंजाब के काहनगढ़, कुलरिया गांव को जोड़ने वाले फिरनी के 2.18 किमी लंबे सड़क मार्ग को चौड़ा करने का काम चल रहा है। इसके निर्माण के लिए मार्कीटिंग बोर्ड द्वारा एक निर्माण एजैंसी को 1.14 करोड़ रुपए से निविदा जारी की गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण में मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण सामग्री इस्तेमाल नहीं की जा रही है। निर्माण के लिए ठेकेदार द्वारा सड़क की खुदाई करने के बाद नियमानुसार सही सामग्री नहीं डाली जा रही है। ठेकेदार द्वारा पर्याप्त मात्रा में व गुणवत्तापूर्ण रोड़ा डालकर सड़क का स्तर ऊंचा उठाने की अपेक्षा लीपापोती करते हुए मिट्टी व कंकर डाला जा रहा है। उन्होंने बताया कि सड़क खुदाई के दौरान दूषित निकासी की पाइपलाइन ऊपर आ चुकी है। इससे सड़क का लेवल नीचा होने से दूषित निकासी की समस्या होगी। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि बाढ़ संभावित क्षेत्र के मद्देनजर सड़क के साथ-साथ बनाई जा रहीं सुरक्षा दीवार भी आधी अधूरी बनाई गई है। ग्रामीणों का कहना था कि यहां पर सड़क निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार हो रहा है। ग्रामीणों के काफी देर वहां पर हंगामे के बाद भी मौके पर कोई नतीजा न निकला तो ग्रामीणों ने कड़ा रुख अपनाते हुए निर्माण कार्य को बंद करा दिया है। ग्रामीणों द्वारा स्पष्ट शब्दों में कहा गया है कि जब तक अफसरों द्वारा नियमों मुताबिक सही सामग्री से सड़क का लेवल ऊंचा उठाने व पूरी सड़क के साथ दीवार बनाने की बात स्वीकार नहीं की जाती, तबतक ग्रामीण किसी भी सूरत में कार्य आरंभ नहीं होने देंगे।

#### कोई काम रोकने का प्रयास करें तो उसे ट्रैक्टर से रौंद देना

**ग्रामीणों** ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने गुणवत्ता विहीन सड़क निर्माण कार्य का विरोध किया तो ठेकेदार द्वारा ग्रामीणों की बात सुनने की अपेक्षा गुंडागर्दी दिखाते हुए निर्माण कार्य में लगे कर्मियों से कहा कि यदि कोई काम बंद करवाने का प्रयास करें तो उस पर ट्रैक्टर चढ़ा देना। उसके बाद वे खुद संभाल लेगा। इस बारे में ग्रामीणों ने ठेकेदार से बात करने के लिए रोकने का प्रयास किया तो वे अपनी गाड़ी लेकर वहां से भाग निकला। इसे लेकर ग्रामीणों ने प्रशासन से गुंडागर्दी करने वाले ठेकेदार पर कार्रवाई करने की मांग की है।

#### क्या कहते है एसडीओ

**मार्कीटिंग** बोर्ड के एसडीओ अक्षय कुमार ने कहा कि निर्माण कार्य में यदि किसी प्रकार की कमी है तो वे स्वयं सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण करेंगे। निर्माण कार्य में यदि वास्तव में निम्न स्तर की सामग्री इस्तेमाल की जा रही है तो इस बारे में ठेकेदार से जवाबदेही की जाएगी अथवा सड़क का निर्माण गुणवत्तापूर्ण सामग्री से ही किया जाएगा।

## खरैंटी गांव का लिंगानुपात जिलेभर में रहा अव्वल : उपायुक्त

**● आंकड़ों के अनुसार खरैंटी गांव का लिंगानुपात 1419 दर्ज किया गया**

रोहतक, 24 फरवरी (नवीन मलिक): उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि गांव खरैंटी को जिला में लिंगानुपात के मामलें में प्रथम स्थान मिला है। उन्होंने बताया कि जनवरी से दिसंबर तक एएनएम के जन्म रिकॉर्ड के आंकड़ों के अनुसार गांव खरैंटी सीएचसी चिड़ी का सबसे ज्यादा लिंगानुपात में चयन हुआ है।

इन आंकड़ों के अनुसार खरैंटी गांव का लिंगानुपात 1419 दर्ज किया गया।

जिला प्रशासन द्वारा गांव की एएनएम, आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सरपंच सुषमा को इस उपलब्धि के लिए प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2020 के दौरान खरैंटी गांव की जनसंख्या 6182 दर्ज की गई। इस दौरान गांव में 31 लड़के व 44 लड़कियों ने जन्म लिया तथा इस वर्ष गांव का लिंगानुपात 1419/1000 दर्ज किया गया।


सिविल सर्जन डॉ. अनिल बिरला ने शिशु लिंग जांच करने वाले डॉक्टरों व करवाने वाले लोगों के विरुद्ध छापा मारने वाली टीम के सदस्यों डा. विकास सैनी, डा. विशाल चौधरी, डा. विजय कुमार, डा. असप्रीत कौर, नीरज फार्मासिस्ट, जोगेंद्र सैनी को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया। साथ ही सभी मामलों में विशेष सहयोग के लिए जिला न्यायवादी राजेश गिल को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आईएमए के प्रधान, उपसिविल सर्जन डा. केएल मलिक, राजबीर सभ्रवाल, डॉ अनुपमा मित्तल, डा. डिम्पल, डा. अंजलि अरोड़ा, डा. सतीश, सुभाष गुप्ता, आस्था, सुरेंद्र पाहवा, सुरेश भारद्वाज, दीपक, रविंद्र महरा, दीपक शर्मा, ललिता मौजूद रहे।

# विधायक कुंडू ने सरकार को लिखित सुझाव देकर बजट में धनराशि का प्रावधान करने की मांग की

## ● सरकारी अस्पताल की नई बिल्डिंग समेत कई सड़क मार्गों की डिमांड

**● बजट सत्र में प्रदेश एवं महम हलके से जुड़े मुद्दों को लेकर करीब दो दर्जन सवालों के अलावा कई ज्वलन्त विषयों को लेकर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव दिए**

रोहतक, 24 फरवरी (नवीन मलिक): आगामी दो मार्च से शुरू होने वाले हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र में महम के समुचित विकास के लिए विधायक बलराज कुण्डू ने सरकार को लिखित सुझाव देकर बजट में धनराशि का प्रावधान करने की मांग की। साथ ही विधायक द्वारा पेयजल समस्या के स्थाई समाधान के लिए स्पेशल प्रोजेक्ट तैयार करवाया गया है। इसके अलावा सरकारी अस्पताल की नई बिल्डिंग समेत कई सड़क मार्गों की भी डिमांड भी सरकार से की है। विधायक कुंडू ने महम शहर के सीवरेज सिस्टम में सुधार करने समेत बरसात से होने वाले जलभराव को रोकने तथा जल्द से जल्द जल निकासी कैसे सम्भव हो सकती है, इसको लेकर भी प्रोजैक्ट तैयार करवाकर प्रदेश सरकार को दिए हैं और मुख्यमंत्री से मांग की है कि बजट में इन प्रोजैक्ट के लिए पैसे के बंदोबस्त किए जाएं ताकि महम हल्के के लोगों की इन समस्याओं का स्थायी तौर पर समाधान किया जा सके। विधायक कुंडू ने कहा कि


विधायक बलराज कुंडू

उनका भरपूर प्रयास है कि उपरोक्त प्रोजेक्ट्स को सिरे चढ़ाकर पीने के स्वच्छ पानी सहित सीवरेज सिस्टम को दुरुस्त करवाकर पूरे हल्के की जलभराव की समस्या का भी स्थायी समाधान करवाया जा सके ताकि लोगों को हमेशा के लिए इन समस्याओं से मुक्त किया जा सके। इसके अलावा उन्होंने महम अस्पताल के जर्जर हो चुके भवन की जगह नई बिल्डिंग बनाकर स्वास्थ्य सेवाओं में बढ़ोतरी समेत महम में लड़कियों के लिए अलग कालेज की मांग को एक बार फिर से रखा है और इसके लिए बजट में प्रावधान का अनुरोध किया है। साथ ही इसके अलावा कई सड़क मार्गों की मांग भी की गई है, जिनमे महम से भैणी भैरो, निंदाना से फरमाना, अजायब से निंदाना, बहु अकबरपुर से भाली आनंदपुर, लाखनमाजरा बीहड़ से लेकर अनाजमंडी तक 33 फुट के रास्ते को पक्का बनाने तथा बेरी-महम रोड पर गांव बहलबा गांव में नए बाईपास समेत कई जरूरी सम्पर्क मार्गो के नवनिर्माण एवं मुरम्मत के लिए बजट की डिमांड की है। विधायक बलराज कुंडू ने बजट सत्र में प्रदेश एवं महम हल्के से जुडे मुद्दों को लेकर करीब दो दर्जन सवालों के अलावा कई ज्वलन्त विषयों को लेकर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव भी दिए हैं।

## आंगनबाड़ी वर्कर्स ने शहर में प्रदर्शन कर मांगा आमजन से समर्थन

रोहतक, 24 फरवरी (नवीन मलिक): आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता एवं सहायिकाओं की अपनी मांगों को लेकर हड़ताल 79वें दिन भी जारी रही। वीरवार को आंगनबाड़ी वर्कर्स ने शहर में प्रदर्शन कर आमजन से जनसमर्थन मांगा। मानसरोवर पार्क में रोष सभा के दौरान यूनियन की जिला प्रधान रोशन व सचिव सुनीता वर्मा ने कहा कि सरकार की हठधर्मिता के चलते प्रदेश की आंगनबाड़ी वर्कर्स में काफी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि आंदोलन कमजोर करने के लिए सरकार हर तरह के हथकंडे अपना रही है, लेकिन सरकार के किसी भी षडयंत्र को आंगनबाड़ी वर्कर्स कामयाब नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि जब तक सरकार आंगनबाड़ी वर्कर्स से किए गए वायदो को पूरा नहीं करती है, उनकी हड़ताल जारी रहेगी। रोशनी चौधरी ने कहा कि सरकार


मानसरोवर पार्क में सरकार के खिलाफ रोष सभा करते आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता एवं सहायिका

स्वयं घोषणा करती है, लेकिन उसे लागू नहीं कर रही है, जोकि बडे शर्म की बात है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को आंदोलन का दूसरा पडाव शुरू होगा, जिसके तहत रोष स्वरूप शहर में कैंडल मार्च निकाला जाएगा। उन्होंने अपनी मांगे दोहराते हुए कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए और जब तक कर्मचारी नहीं बनाया जाता तब तक न्यूनतम वेतन कार्यकर्ता को 24000 व सहायिका को 16000 रू दिया जाए। साथ ही 2018 में की गई घोषणाओं को लागू करते हुए महंगाई भते की तमाम किस्त मानदेय में जोड़कर दी जाए। इस अवसर पर महम ब्लॉक सचिव दर्शना, रोशनी पाकस्मा, रामभतेरी, सीमा, संतोष, कविता व सुनीता प्रमुख रूप से शामिल रही।

## नगराधीश मोहित महराना ने लोगों से राष्ट्रीय मतदाता जागरुकता प्रतियोगिता में भाग लेने का किया आह्वान

### लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रतियोगिता में लें हिस्सा

**● मतदाता जागरुकता को लेकर आकाशवाणी में कार्यक्रम आयोजित**

रोहतक, 24 फरवरी (नवीन मलिक): नगराधीश मोहित महराना ने लोगों से राष्ट्रीय मतदाता जागरुकता प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान किया है। मोहित महराना आज आकाशवाणी रोहतक में मतदाता पहचान पत्र और मेरा वोट-मेरा भविष्य विषय को लेकर कार्यक्रम अधिशासी संजय बाली से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग ने जहां विभिन्न श्रेणी के लोगों को अपनी प्रतिभा उजागर करने का अवसर प्रदान किया है, वही इससे प्रजातंत्र को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाता का एक-एक महत्वपूर्ण है। मतदाता को एक वोट की शक्ति का आभास कराने के लिए चुनाव आयोग यह प्रतियोगिता आयोजित करवा रहा है। उन्होंने कहा कि कई बार मतदाता यह सोच लेता है कि उसके मतदान करने अथवा न करने से कोई फर्क नहीं पड़ने वाला। मोहित महराना ने कहा कि अगर बड़ी संख्या में लोग यही सोच रख ले तो मतदान में भारी गिरावट आ सकती है। उन्होंने कहा कि मतदाता को यह अधिकार है कि वह अपनी पसंद का प्रतिनिधि चुने और यह तभी संभव हो पाता है जब वह मतदान करेगा। उन्होंने बताया कि प्रतिभागी 15 मार्च तक अपनी प्रविष्टियों को विवरण के साथ मतदाता प्रतियोगिता पर ईमेल


मोहित महराना

कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में सभी आयु वर्ग के लोग भाग ले सकेंगे और इसका उद्देश्य क्राउडसोर्सिंग के माध्यम से लोकतंत्र में हर एक वोट के महत्व बारे लोगों को जागरूक करना और लोकतंत्र में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में पांच श्रेणियां हैं जिनमें प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन, गीत, वीडियो निर्माण और पोस्टर डिजाइन प्रतियोगिता शामिल हैं। मोहित महराना ने कहा कि प्रत्येक श्रेणी में शीर्ष तीन विजेताओं को आकर्षक नकद पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा।

## रिहायशी प्रमाण पत्र की 15 साल की सीमा को खत्म कर पांच साल करना लोगों के साथ खिलवाड़ : संदीप नेहरा

रोहतक, 24 फरवरी (नवीन मलिक): नेहरा खाप के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप नेहरा निंदाना ने भाजपा सरकार द्वारा डोमिसाइल सर्टीफिकेट (रिहायशी प्रमाण-पत्र) के लिए तय 15 साल की सीमा को खत्म करके 5 साल की सीमा करना प्रदेश के स्थायी निवासियों के साथ खिलवाड़ किया गया है। उन्होने कहा कि डोमिसाइल सर्टीफिकेट के लिए 5 साल की सीमा करने से बुढ़ापा, बेसहारा महिला व दिव्यांग पेंशन सहित सभी प्रकार की सामाजिक योजनाओं में यह सीमा लागू हो जाएगी जिसके कारण दूसरे प्रदेश के बाहरी लोग जो पांच साल से हरियाणा में रह रहे हैं वो भी लाभार्थी बन जाएंगे। ऐसे में जो हरियाणा प्रदेश पर भारी आर्थिक बोझ पड़ जाएगा।

साथ ही इसका नुक्सान अनुसूचित-जाति व पिछड़ा-वर्ग के लोगों को भी झेलना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि डोमिसाइल सर्टीफिकेट के लिए 5 साल की सीमा करने से तो दूसरे प्रदेश के लोग यहां कालेज-युनिवर्सिटी तथा नौकरियों में आरक्षण का लाभ भी लेंगे। साथ ही जो हमारे प्रदेश का योग्य युवा पहले से ही बेरोजगारी की मार झेल रहा है इसके लागू होने के बाद तो नौकरियों को भी तरस जाएगा।

## हिंदू शिक्षण संस्थान में लड़कियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई केंद्र शुरू

रोहतक, 24 फरवरी (नवीन मलिक): रोटरी क्लब रोहतक सिटी द्वारा लड़कियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भिवानी रोड स्थित हिंदू शिक्षण संस्थाओं में सिलाई केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्यअतिथि के रूप में पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि अध्यक्षता संस्थान के प्रधान राजेश कुमार सहगल ने। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में वीपी जैन वोकेशनल सैंटर की डायरैक्टर समृद्धि जैन व सिंगर इंडिया लिमिटेड की जनरल मैनेजर अल्पना सरीन उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री


हिंदू शिक्षण संस्थान में सिलाई केन्द्र का रिबन काटकर शुभारंभ करते मुख्यातिथि।

मनीष ग्रोवर ने कहा की सिलाई केंद्र खुलने से लड़कियां आत्मनिर्भर बनेगी। उन्होंने कहा कि लड़कियों को नौकरी के पीछे ने भाग कर छोटे-छोटे उद्योग लगाकर आगे बढ़ना चाहिए। इस अवसर पर समृद्धि जैन ने कहा कि आज फैशन को तवज्जो दी जाती है और लड़कियां एक मशीन से हर संभव मुकाम हासिल कर सकती है। इस अवसर पर क्लब के प्रधान नरेश गोयल, राकेश गोयल, वीना ग्रोवर, नीलम सहगल, रश्मि छाबड़ा, डॉ शिखा, ममता सहगल, रौनक, मधु गुप्ता, राकेश गोयल, विकास बिंदल, विवेक गोयल, संदीप गर्ग, रितेश सिंहपुरिया, अजय जैन, हरीश अशोक गुप्ता, सुदर्शन धींगरा, श्याम कपूर, संजय बंसल, आशुतोष गुप्ता, संदीप गुप्ता, विकास बंसल व राजीव जैन प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## राशिफल 25-2-2022 (शुक्रवार)

**मेष**
बुद्धि से काम लेने पर हर काम में सफलता, समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा, पढ़ने-पढ़ाने में दिलचस्पी बढ़ेगी,परिवार में खुशी का माहौल रहेगा, कोई विशेष घटना घट सकती है।

**वृषभ**
तरक्की में अड़चन, प्रेम संबंधों में कड़वाहट से मन परेशान रहेगा, सरकारी पक्ष से सहयोग मिलेगा, दुश्मन नुक्सान पहुंचाने का प्रयास करेंगे, मान-सम्मान पर आंच आ सकती है।

**मिथुन**
समस्याएं हल होने की ओर, किसी से गलतफहमी दूर होगी, बड़ों की सलाह से किया काम फायदेमंद, महत्वपूर्ण योजना पर काम शुरू होगा, अदालती कामों में सफलता मिलेगी।

**कर्क**
आपका आखिरी निर्णय आपके हित में होगा, किसी विशेष घटना के घटित होने का योग, समाज सेवा में रुझान बढ़ेगा, धर्म-कर्म के काम में मन लगेगा, तीर्थ स्थल की यात्रा करनी पड़ सकती है।

**सिंह**
सोच-विचार ज्यादा करने से सोचा हुए काम में देरी, पारिवारिक संबंधों में दरार, बहसबाजी करने से तनाव, बिना कारण यात्रा पर खर्च होगा, विश्वासघात मिलने की आशंका, सजगता जरूरी।

**कन्या**
पूरा दिन आपके पक्ष में, पारिवारिक जीवन में सुख-शांति का वातावरण, परिवार में शुभ कार्य करने की योजना बनेगी, रुका हुआ धन मिल सकता है, धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग बन रहा है।

**तुला**
बनते कामों में रुकावटें उत्पन्न होंगी, काम में हाथ डालने पर निराशा का सामना करना पड़ेगा, खानपान में लापरवाही से सेहत का नुक्सान होने की आशंका, कर्ज अदा करने की चिंता प्रभावी रहेगी।

**वृश्चिक**
रोग की समाप्ति, कारोबार में तरक्की के रास्ते खुलेंगे, किसी से पुराना बैर समाप्त होगा, कर्ज का निपटारा करने में सफलता, मित्रों के सहयोग से हालात अपने पक्ष में कर पाएंगे।

**धनु**
कई कामों में हालात अनुकूल रहेंगे, किसी बड़े के सहयोग से कारोबार में लाभ होगा,धन जमा करने का रुझान पैदा होगा, प्रतियोगी परीक्षा में सफलता, बच्चों की ओर से प्रसन्नता रहेगी।

**मकर**
कारोबार में लगाए धन का लाभ अब मिलेगा, उच्च अधिकारियों से संपर्क का लाभ, किसी के सहयोग से बकाया धन मिल सकता है, व्यापार एवं कारोबार में फायदा होगा।

**कुंभ**
किसी मंगल कार्य में शामिल होने का मौका मिलेगा, अच्छे काम से समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा, व्यापार से संबंधित यात्रा का लाभ मिलेगा, बाहरी खानपान से स्वास्थ्य प्रभावित होगा।

**मीन**
हालात आपको सोच के उलट, पारिवारिक जीवन में तनाव रहेगा, यात्रा करने पर कष्ट का सामना करना पड़ेगा, धन के मामले पर किसी से विश्वासघात हो सकता है, सावधान रहें।

### सुडोकू


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | | | | 8 | 4 |
| | 3 | 5 | | | 9 | | | |
| | | | 8 | 5 | | | 7 | |
| | | 4 | 3 | | | | | |
| | 9 | | 7 | | 2 | | 3 | |
| | | | | | 6 | 8 | | |
| | 4 | | | 2 | 5 | | | |
| | | | 9 | | | 4 | 2 | |
| 7 | 5 | | | | | 1 | | |

### सुडोकू- कल का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 1 | 7 | 5 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 4 | 3 | 2 | 9 | 5 |
| 5 | 4 | 9 | 8 | 6 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 6 | 2 | 5 | 9 | 4 | 8 | 3 | 7 |
| 4 | 7 | 5 | 6 | 3 | 8 | 9 | 1 | 2 |
| 3 | 9 | 8 | 2 | 7 | 1 | 5 | 6 | 4 |
| 6 | 2 | 3 | 9 | 1 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 8 | 1 | 4 | 3 | 2 | 7 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 2 | 3 |

आड़े, खड़े व 3x3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। पहेली के एक से अधिक हल हो सकते हैं।

डा. अनूप अबरोल (होम्योपैथ, ज्योतिष एवं वास्तु विशेषज्ञ) 27/13, सैंट्रल टाऊन, जालंधर-144001 मो. 98155-52299, फोन-0181-4612299




विक्रमी संवत 2078, शके 1943, उत्तरायन, दक्षिणगोल, शिशिर ऋतु, फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष की नवमी तत्पश्चात दशमी, ज्येष्ठा नक्षत्र तत्पश्चात सिद्धि योग, वृश्चिक में चंद्रमा तत्पश्चात धनु में।

राहुकाल: प्रात: 10.30 से दोपहर 12.00 बजे तक।

## हरि ओम सेवा दल ने मरीज को परिवार से मिलवाया

रोहतक, 24 फरवरी (नवीन मलिक): हरिओम सेवा दल ने अज्ञात मरीज का ईलाज करवा कर उसके परिजनों से मिलवाया। संस्था के संचालक विजय खुराना ने बताया कि 21 अक्तूबर 2021 को पीजीआईएमएस रोहतक में सिविल हास्पिटल रेवाड़ी से रैफर होकर एक मरीज को लाया गया, जिसके सिर पर गहरी चोट लगी हुई थी। मरीज को मेडिकल के मेडिसन वार्ड तीन में एडमिट करवाया गया, जहां से उसे तीस अक्टूबर 2021 को डिस्चार्ज कर सेक्टर चार स्थित सहारा आश्रम में भेजा गया। संस्था के सदस्यों द्वारा मरीज की काऊंसलिग की गई और उसने अपना नाम मुरारी निवासी वरियारपुर जिला फिरोजाबाद यूपी बताया। संस्थान के सदस्यों ने मुरारी के परिवार से सम्पर्क साधा। इसके बाद संस्थान के सदस्य मुरारी को लेकर उसके घर पहुंचे और परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने संस्थान के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सुभाष, अरविन्द, हरदेश, अश्विनी पाहवा, राजकुमार, प्रीन कवातड़ा, उदयवीर व बन्टू मेहरा प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## एमडीयू कैंपस स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

रोहतक, 24 फरवरी (नवीन मलिक): महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि खेल आत्मविश्वास बढ़ाते हैं, मानसिक और शारीरिक तौर पर मबजूत करते हैं। सर्वांगिण विकास में खेल की अहम भूमिका है। इसलिए यह जरूरी है कि हर विद्यार्थी किसी न किसी एक खेल से जुड़े। यह बात उन्होंने वीरवार को यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए कड़ी मेहनत जरूरी है। उन्होंने कहा कि मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। मेहनत के साथ अनुशासन भी जुड़ जाए तो सफलता मिलनी तय है। साथ ही खेल अनुशासित जीवनशैली की नींव को सुदृढ़ करते हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला डा. शरणजीत कौर ने विद्यार्थियों से खेल को जीवन का अहम हिस्सा बनाने का आह्वान किया। इस खेलकूद प्रतियोगिता में रानी लक्ष्मीबाई हाउस प्रथम रहा तथा सुभाष चंद्र बोस हाउस रनर अप रहा। सीनियर बॉयज में अशलेश तथा जूनियर बॉयज में अमन बेस्ट एथलीट बने। सीनीयर गलर्ज में लक्षिता तथा जूनियर गलर्ज में पायल बेस्ट एथलीट चुनी गई। मुख्यअतिथि ने खेलकूद प्रतियोगिता में विजयी रहे खिलाडियों को पुरस्कृत किया तथा सभी प्रतिभागी खिलाडियों का हौंसला बढ़ाया। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल की निदेशिका प्रो. सोनिया मलिक, डा. किरणदीप दलाल, विवेक कौशल, मनोज हुड्डा, पवन नांदल, केएस राठी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## आईजी ममता सिंह ने पुलिस अधिकारियों की ली बैठक

### अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश, अनुसंधान के दौरान आधुनिक तकनीकों का करें प्रयोग

रोहतक, 24 फरवरी (नवीन मलिक): पुलिस महानिरीक्षक रोहतक रेंज ममता सिंह ने ने पुलिस अधिकारियों की बैठक ली और आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। साथ ही उन्होंने रोहतक पुलिस के आकडों का अवलोकन किया तथा रोहतक पुलिस की कार्यशैली बारे जाना। आईजी ममता सिंह ने कहा कि पुलिस को अनुसंधान के दौरान नई तकनीकों का प्रयोग करना चाहिए। साक्ष्य एकत्रित करने के लिए आधुनिक तकनीकी साधनों का प्रयोग करे ताकि अदालत में ठोस व पुख्ता सबूत पेश किए जा सके जिससे कि अपराधी को सख्त से सख्त सजा दिलाई जा सके। साथ ही अनुसंधान के दौरान मामलें की हर पहलू से जांच करे। इसके अतिरिक्त कानून


आईजी ममता सिंह पुलिस अधिकारियों की बैठक लेते हुए ।

व्यवस्था, यातायात व्यवस्था व अन्य सामान्य ड्यूटियों के दौरान भी आधुनिक तकनीकों का प्रयोग किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक राजपत्रित अधिकारी व प्रभारी थाना को प्रतिदिन अपने कार्यालय में बैठकर आमजन की समस्याओं को सुनना चाहिए। साथ हीआमजन की शिकायतों को जल्द से जल्द हल करना चाहिए ताकि साधारण व्यक्ति को समय पर न्याय मिल सके। इसके अलावा आमजन से सभ्य व्यवहार करें तथा अपने अधिनस्थ कर्मचारियों को भी सभ्य व्यवहार करने बारे आदेश दे। आईजी ने कहा कि पुलिस अधिकारीअपराध की रोकथाम के लिए निरंतर गश्त करें। साथ ही आदतन अपराधियों पर निगरानी रख उनके खिलाफ निवारक कार्यवाही करें। इसके अलावा अपराध प्रवण क्षेत्र में अपराध की रोकथाम के लिए क्षेत्र की भौगोलिक, सामाजिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कदम उठाए। उन्होंने सूचना-तंत्र को भी मजबूत करने का आह्वान किया। बैठक में पुलिस अधीक्षक उदय सिंह मीना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार लोहचब, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महम हेमेन्द्र कुमार मीना, सहायक पुलिस अधीक्षक सांपला मेधा भूषण, व सभी उप पुलिस अधीक्षक व थाना प्रभारी मौजूद रहे।

## न्यूज गैलरी

### सरकार यूक्रेन में फंसे छात्रों को तुरंत वापस लाने का प्रबंध करे : नवीन जयहिंद


नवीन जयहिंद

रोहतक, (नवीन मलिक): आम आदमी पार्टी के नेता नवीन जयहिंद ने यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्रों को वापिस लाने का प्रबंध करने की केन्द्र व प्रदेश सरकार से मांग की। जयहिंद ने कहा कि यूक्रेन देश में बहुत से हमारे भारत के छात्र, छात्राएं पढ़ने व रोजगार के लिए वहां गए हुए थे, पर वहां रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध का माहौल बना हुआ है, जिससे वहां गए हुए छात्र बहुत घबराए हुए है व सभी छात्रों की जान पर भी खतरा बना हुआ है। उन्होंने राज्य सरकार व केंद्र सरकार से अपील है कि ऐसे युद्ध के माहौल में फंसे देश के व हरियाणा के छात्रों को जल्द से जल्द वापिस अपने देश लाया जाए। नवीन जयहिंद ने बताया कि यूक्रेन में करीब 20000 भारतीय छात्र फंसे हुए है जिसमे से लगभग 2000 तो हरियाणा के छात्र है। इन सभी छात्रों के परिवार उन्हें वापिस अपने देश लाने की निरंतर गुहार लगा रहे है। जयहिंद ने बताया की उनके पास कुछ साथियों के फोन आये जो कि यूक्रेन में दैनिक सिचुएशन में है व वापिस अपने-अपने घर आना चाहते है। उन्होंने केन्द्र व प्रदेश सरकार से तुरंत यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्रों को वापिस लाने के प्रबंध करने की मांग की।

### राजस्थान सरकार द्वारा पुरानी पैंशन बहाली की घोषणा ऐतिहासिक कदम


डिपु प्रधान सुरेश नेहरा

रोहतक, (नवीन मलिक): हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा ने राजस्थान सरकार द्वारा पुरानी पेंशन बहाली की घोषणा का स्वागत करते हुए हरियाणा सरकार से भी अपना चुनावी वायदा पूरा कर पुरानी पेंशन बहाली को लागू करने की मांग की। वीरवार को सांझा मोर्चे के वरिष्ठ सदस्य ओमप्रकाश ग्रेवाल, जयवीर घनघस, डिपो प्रधान सुरेश नेहरा ने जारी बयान में कहा कि बजट सत्र के दौरान राजस्थान प्रदेश का बजट पेश करते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा प्रदेश के चार लाख कर्मचारियों के लिए 1 जनवरी 2004 के बाद नियुक्त हुए कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन बहाली की घोषणा न केवल राजस्थान बल्कि देश के 70 लाख कर्मचारियों के और देश की राजनीति में ऐतिहासिक कदम है। राजस्थान सरकार के इस फैसले से कर्मचारी काफी खुश है। सांझा मोर्चा के पदाधिकारियों ने कहा कि हरियाणा प्रदेश सरकार को भी लगभग 3 लाख कर्मचारियों के हित में पुरानी पेंशन बहाल करने का अपना वादा पूरा करें। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन बहाल करने के लिए प्रदेश के सरकारी कर्मचारी लंबे समय से मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली व कर्मचारियों की अन्य मांगों को लेकर पूरे प्रदेश में चार मार्च को सभी डिपुओं पर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किये जाएंगे और अगर सरकार ने कर्मचारियों की जायज मांगों को पूरा नहीं किया तो 13 मार्च को मुख्यमंत्री कैम्प का घेराव किया जाएगा। इसके अलावा केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर 28-29 मार्च को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भी रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा बढ़चढ़ कर भाग लेगा।

### नहरों में पूजा-सामग्री व कचरा न डालें नागरिक : सुभाष चन्द्र


स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र जवाहर लाल नेहरू कैनाल का निरीक्षण करते हुए।

रोहतक, (नवीन मलिक): स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने नागरिकों से रोहतक से गुजरने वाली दो नहरों में पूजा सामग्री व अन्य कूड़ा करकट न डालने का आह्वान किया है। उन्होंने जवाहर लाल नेहरू कैनाल व भालोट सब ब्रांच का निरीक्षण किया और मौके पर सुनो नहरों की पुकार मिशन के सदस्यों से नहरों की स्वच्छता बारे विस्तार से बातचीत भी की। नहरों की गंदगी को देखते हुए सुभाष चंद्र ने सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंताओं को मौके पर बुलाया और उन्हें नहरो की स्वच्छता के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि सुनो नहरों की पुकार मिशन के पदाधिकारियों के साथ मिलकर नहरों की सफाई करवाई जाए। नहरों पर सूचना बोर्ड लगाया जाए कि अगर कोई व्यक्ति इनमें कूड़ा करकट डालेगा तो वह जुर्माना देने का हकदार होगा। साथ ही उन्होंने ग्रिल लगाने के भी निर्देश दिए ताकि वाहनों से कूड़े की थैली फेंकने पर कूड़ा नहरों के अंदर न जा सके।सुभाष चंद्र ने सुनो नहरों की पुकार मिशन के पदाधिकारियों की सराहना की और कहा कि वे सराहनीय कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर मिशन के संयोजक डा. जसमेर सिंह, सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ वेद प्रकाश श्योराण, दीपक छारा, अजय हुड्डा व नवनीत हुड्डा आदि मौजूद थे।

### शराब बिक्री के नियमों में ढील के फैसले से समाज में भारी आक्रोश

रोहतक, (नवीन मलिक): आर्य समाज बोहर ने प्रदेश सरकार शराब बिक्री के नियमों में ढील देने के विरोध में प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। आर्य समाज के प्रवक्ता कृष्ण देव शास्त्री ने कहा कि जिस आयु में युवक-युवतियां अपना करियर बनाने के लिए कड़ी परीश्रम करते है, सरकार द्वारा 21 वर्ष की युवावस्था के समय उनको शराब पीने की ओर अग्रसर करना दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार के इस निर्णय से समाज के लोगों में भारी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि एक तरफ तो भाजपा गठबंधन सरकार नशा मुक्त प्रदेश बनाने का दावा कर रही है, वहीं शराब बिक्री के नियमों में ढील देकर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने चेताया कि अगर सरकार ने इस जनविरोधी फैसले को वापिस नहीं लिया तो समाज के लोग सड़कों पर उतरने पर मजबूर होगे। प्रतिनिधिमंडल में सुभाष पहलवान, धनीराम आर्य, नरेंद्र, पृथ्वी सिंह रोहिल्ला, अत्तर सिंह, मोहन पहलवान व डॉ. यशदेव प्रमुख रूप से मौजूद रहे।


आर्य समाज बोहर का प्रतिनिधिमंडल प्रशासिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपते।

### उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला 27 को महम में

रोहतक, (नवीन मलिक): हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला 27 फरवरी को महम स्थित चौबीसी के चबूतरे पर आयोजित होने वाली जनसभा को संबोधित करेंगे। यह जानकारी उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि उप मुख्यमंत्री रविवार को दोपहर बाद साढे 12 बजे महम चौबीसी के चबूतरे पर जनसभा को संबोधित करेंगे तथा इसके उपरांत विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

### डा. जय भगवान शर्मा को महर्षि वेदव्यास सम्मान से मुख्यमंत्री द्वारा किया अलंकृत

झज्जर, (सवेरा): झज्जर जिला के पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी एवं वरिष्ठ साहित्यकार डा. जय भगवान शर्मा को हरियाणा संस्कृत अकादमी की ओर से महर्षि वेदव्यास सम्मान से मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा अलंकृत किया गया। चंडीगढ़ स्थित टैगोर ऑडिटोरियम में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री ने डॉ. शर्मा को यह सम्मान देकर उनकी साहित्यिक विधा की सराहना की। उल्लेखनीय है कि डा. शर्मा ने संस्कृत भाषा सहित अन्य कई काव्य विधा में पुस्तक का लेखन कार्य किया है और हरियाणा साहित्य अकादमी की ओर से भी उन्हें हाल ही में हरियाणवी काव्य लेखन में उनकी श्रेष्ठ रचना यादा का झरोखा को सम्मान दिया गया है। डॉ. जय भगवान शर्मा ने बताया कि हिंदी, संस्कृत व हरियाणवी लेखन में वे निरंतर कार्य कर रहे हैं। डॉ. शर्मा ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रधान सचिव वी.उमाशंकर, महानिदेशक डॉ. अमित कुमार अग्रवाल, हरियाणा संस्कृत अकादमी के निदेशक डॉ. दिनेश शास्त्री द्वारा साहित्य विधा में किए जा रहे कार्यों पर आभार व्यक्त किया।


डा. जय भगवान शर्मा को महर्षि वेदव्यास सम्मान से नवाजते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

जींद सवेरा

दैनिक सवेरा टाइम्स

## न्यूज गैलरी

### सांसद बृजेंद्र सिंह का उचाना दौरा 27 को

**उचाना, (अमित जैन) :** हिसार लोकसभा से भाजपा सांसद बृजेंद्र सिंह 27 फरवरी को हलके के विभिन्न गांव में पहुंचें। यहां पर ग्रामीणों को संबोधित करने के साथ-साथ वो लोगों की समस्याओं को भी सुनेंगे। भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह ने बताया कि डोहाना खेड़ा, मंगलपुर गांव में सांसद बृजेंद्र सिंह आएंगे। यहां पर ग्रामीणों, कार्यकर्ताओं से वो मिलेंगे। कोरोना संक्रमण के चलते गांवों के दौरे नहीं कर पाए थे। अब वो हलके के गांवों के दौरे शुरू कर रहे है। गांव में विकास कार्य तेजी से हो इसको लेकर सांसद कोटे से दी जाने वाली ग्रांट भी वो मांग के अनुसार देंगे।

### वाल्मीकि समाज के लोगों ने जताया विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा का आभार

**उचाना, (अमित जैन) :** वाल्मीकि समाज के लोगों ने शहर में भगवान वाल्मीकि धर्मशाला निर्माण के लिए 25 लाख रुपए देने की नरवाना से जेजेपी विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा की घोषणा पर आभार प्रकट किया। वाल्मीकि खाप प्रधान काला वाल्मीकि ने बताया कि बीते दिनों उचाना कलां में उनके निवास पर पहुंचे जेजेपी विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा के समक्ष भगवान वाल्मीकि धर्मशाला उचाना में न होने की मांग पर तुरंत उन्होंने धर्मशाला निर्माण के लिए 25 लाख रुपये देने की घोषणा के साथ-साथ उचाना से विधायक डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला से भी भगवान वाल्मीकि धर्मशाला को लेकर राशि दिलवाने का आश्वासन दिया। वाल्मीकि समाज के लोग हमेशा रामनिवास सुरजाखेड़ा के आभारी रहेंगे। उचाना शहर में आज तक कोई भी भगवान वाल्मीकि धर्मशाला नहीं है। भगवान वाल्मीकि धर्मशाला की मांग काफी समय से वाल्मीकि समाज के लोग करते आ रहे है जो अब विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा के प्रयासों से पूरी होगी। इस मौके पर सुंदर, शीलू, विक्की, जितेंद्र, सुरेंद्र, शक्ति राणा, विक्का, रामनिवास, शिवा, संदीप, सुभाष, बलवंत, केहर सिंह सहित वाल्मीकि समाज के लोग मौजूद।

### नपा चुनाव को लेकर हुई भाजपा की मीटिंग



नपा चुनाव को लेकर आयोजित भाजपा की मीटिंग को संबोधित करते हुए डा. ओपी पहल।

**उचाना, (अमित जैन) :** नपा चुनाव भाजपा, जेजेपी के नेता मिलकर लड़ने का ऐलान कर चुके है। गठबंधन चुनाव सिंबल पर लड़ेंगे या नहीं अब तक फैसला नहीं लिया है। नपा चुनाव को लेकर भाजपा नेता अभी से तैयारी में लग गए है। रजाबाहा रोड पर मार्किट कमेटी हुई वाइस चेयरमैन पर भाजपा की नपा चुनाव को लेकर मीटिंग हुई। नपा उचाना चुनाव प्रभारी डा. ओमप्रकाश पहल की अध्यक्षता में मीटिंग हुई। भाजपा के प्रमुख शहर से लोगों को इसमें बुलाया गया। डा. पहल ने कहा कि कोई भी चुनाव छोटा, बड़ा नहीं होता है। हर चुनाव का अपना महत्व होता है। नपा चुनाव का मतलब अपने द्वारा शहर की सरकार को चुनना है। जितना चुनाव छोटे स्तर पर होता है उतना मुश्किल होता है। हमारी कोशिश है रहेगी कि जब चुनाव नपा के हो हमारा समर्थक उम्मीदवार यहां से विजयी हो। अधिक से अधिक लोगों को संगठन के साथ जोड़ने का काम करें। शहर, गांव में निरंतर विकास तेजी से हमारी सरकार करवा रही है। विकास बिना भेदभाव के हो रहा है तो रोजगार भी योग्यता के आधार पर देने का काम सीएम मनोहर लाल ने किया है। गरीब परिवारों के बच्चे आज मेहनत करके नौकरी पा रहे है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष उचाना मंडल प्रभारी हरेंद्र सिंह, महामंत्री जगदीश झझाना, सज्जन सिंह, मंडलध्यक्ष राकेश उचाना खुर्द, महामंत्री नरेश सौंगरी, ईश्वर भौंगरा, वीना राणा, सुरेश, भारत भूषण, विजेंद्र डूमरखां कलां, राजेश पूर्व एमसी, सुरेंद्र श्योकंद, सज्जन चौधरी, विस्तारक वासुदेव शर्मा मौजूद रहे।

### बांगर के युवाओं ने लिखा दुष्यंत चौटाला के नाम पत्र



डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के नाम लिखा पत्र दिखाते हुए जेजेपी युवा ब्लॉकध्यक्ष विश्ववीर नंबरदार के साथ युवा।

**उचाना, (अमित जैन) :** बांगर के युवा डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला का 75 प्रतिशत हरियाणवी को प्राइवेट उद्योग में रोजगार का कानून बनाने पर आभार जताएंगे। बांगर के युवाओं ने डिप्टी सीएम के नाम पत्र लिख कर उनका आभार जताया। हर रोज एक गांव के युवा बैंच दुष्यंत के नाम से पत्र लिखेंगे। जेजेपी ब्लॉकध्यक्ष उचाना विश्ववीर नंबरदार ने कहा कि आज हरियाणा का हर युवा इस कानून के बनने के बाद आपने आप को गर्वनित महसूस कर रहा है कि हरियाणा में जो प्राइवेट उद्योग है उनमें भविष्य में आने वाली नौकरियों में हरियाणा के युवाओं का 75 प्रतिशत हिस्सा होगा। 4 नौकरी अगर आएगी तो 3 नौकरी पर हरियाणा के युवा लगेंगे। उन्होंने कहा कि हर एक गांव से हर रोज युवा डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के नाम पत्र लिख कर इस कानून के बनाने पर आभार प्रकट करेंगे। इस कानून को हरियाणा का हर बेरोजगार युवक अच्छी तरह से जानता है। इसी कानून के तहत भविष्य में हरियाणा के युवाओं को रोजगार मिलना सुनिश्चित होगा। प्राइवेट सेक्टर में युवाओं को रोजगार के अवसर अधिक होंगे। जो विपक्षी नेता इस कानून का जुमला बताते थे वो युवाओं के सबसे बड़े विरोधी है। युवा आज पूरी तरह से युवा सोच रखने वाले डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के साथ है। इस मौके पर लीला करसिंह, बिट्टू, सोमबीर, नरेश खटकड़, राजेंद्र, दर्शन, जगरूप मौजूद रहे।

### उचाना कलां पार्क में काटी घास



उचाना कलां पार्क में घास को जेबीसी से काटते हुए।

**उचाना, (अमित जैन) :** उचाना कलां पार्क की सुधार को लेकर नपा द्वारा कार्य शुरू कर दिया गया है। पार्क में बड़ी-बड़ी घास को यहां पर जेसीबी से काटा गया। पार्क में जगह-जगह बड़ी-बड़ी घास उगने से पार्क खस्ताहाल नजर आने लगा था। ग्रामीणों ने कहा कि पार्क में नियमित रूप से सफाई करने के साथ-साथ यहां पर जो चार दीवारी गिरी है उसको बनवाया जाए। पार्क को पार्क की तरह बनाते हुए यहां पर बच्चों के लिए झूले लगाए जाए। विनोद, सतीश, राजेंद्र ने कहा कि पार्क काफी साल पहले यहां पर बनाया गया था। पार्क कभी भी पार्क नजर नहीं आया। पार्क में पौधे लगाने के साथ-साथ यहां पर बच्चों के खेलने के लिए झूले लगाए जाए। पार्क में नियमित रूप से साफ-सफाई हो ताकि पार्क में सुबह, शाम सैर करने वाले लोगों को फायदा होगा। नपा सचिव दीपक कुमार ने कहा कि उचाना कलां पार्क में घास बड़ी-बड़ी हो गई थी। इस घास को जेसीबी से कटवाया गया है।

### सरस्वती पब्लिक स्कूल में लगाया मैडीकल जांच शिविर



मैडीकल जांच शिविर में बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करते चिकित्सक।

**जींद, (नरेंद्र) :** सरस्वती पब्लिक स्कूल घोघड़िया में वीरवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा मैडिकल जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कक्षा दूसरी से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के स्वास्थ्य का निरक्षण किया गया। शिविर में उचाना से डा. निकिता, डा. संदीप ने बच्चों के स्वास्थ्य को जांचा व फार्मासिस्ट बेअंत कौर ने बच्चों को दवाइयां उपलब्ध करवाई। शिविर की अध्यक्षता स्कूल प्रिंसिपल ज्योति छिब्बर ने की जबकि जगबीर पांचाल, ज्योति खटकड़, वीरेंद्र बूरा, सुरेश शर्मा, रामनिवास बूरा ने शिविर में सहयोग दिया। डा. निकिता, डा. संदीप ने शिविर के दौरान बच्चों की आंखों व दांतों की जांच की और साफ-सफाई रखने का विशेष ध्यान रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि दांत और आंख मनुष्य शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंग है। हमें सुबह और रात को सोने से पहले दांतों को अच्छे से ब्रश करना चाहिए ताकि दांतों की किसी प्रकार की बीमारी से बचा जा सके। क्योंकि यदि हमारे दांत स्वस्थ होंगे तो हम लंबे समय तक इनसे स्वास्थ्य लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने बच्चों को दांतों पर आसानी से चिपकने वाली चीजें जैसे कि चॉकलेट, टॉफी आदि न खाने की सलाह दी क्योंकि यह चीजें दांतों में चिपक कर सड़न पैदा करती हैं और इनसे दांत जल्दी खराब होते हैं।

# मांगों को लेकर हरियाणा पब्लिक हैल्थ कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

## धरना स्थल पर हरियाणा पब्लिक हैल्थ कर्मचारी संघ के जिला कमेटी की बैठक हुई



मांगों को लेकर धरना देते हरियाणा पब्लिक हेल्थ कर्मचारी संघ के सदस्य।

जींद, 24 फरवरी (नरेंद्र) : हरियाणा पब्लिक हैल्थ कर्मचारी संघ (संबंधित भारतीय मजदूर संघ एवं हरियाणा राज्य कर्मचारी संघ) की जिला समिति के आह्वान पर जन स्वास्थ्य अभियंत्रिकी विभाग के उपमंडल अभियंता कार्यालय के समक्ष शुक्रवार को उनके द्वारा जारी ड्यूटी रोस्टर से असंतुष्ट होकर दूसरे दिन भी धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मुकेश भट्ट ने की इसी दौरान विभाग के कार्यकारी अभियंता ने यूनियन शिष्टमंडल को वह उपमंडल अभियंता को अपने कार्यालय में बुलाया बैठक के दौरान कार्यकारी अभियंता ने भी उपमंडल अभियंता द्वारा ड्यूटी रोस्टर के किए गए आदेशों का समर्थन किया और आदेशों को सही ठहराते हुए इन्हें रद्द करने से मना कर दिया। परिणाम स्वरूप शीश मंडल वार्ता को छोड़कर धरना स्थल पर वापस आ गया। धरना स्थल पर हरियाणा पब्लिक हैल्थ कर्मचारी संघ के जिला कमेटी की बैठक हुई बैठक में निर्णय किया गया की मंडल कार्यालय में जो शिष्टमंडल के साथ बातचीत हुई वह कार्यकारी अभियंता व उपमंडल अभियंता के अड़ियल रवैया क कारण विफल रही। सभी पहलुओं पर विचार करते हुए तथा कार्यकारी अभियंता का आदेशों का समर्थन करके इन्हें निरस्त नहीं करवाने रुख को देखते हुए निर्णय किया कि कल से उपमंडल अभियंता कार्यालय के समक्ष 2 दिनों से चल रहा धरना शुक्रवार को मंडल कार्यालय पर स्थानांतरित किया जाएगा। दूसरे दिन के धरने को भारतीय मजदूर संघ जिला जींद,स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, हरियाणा अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ, हरियाणा पीडब्ल्यूडी कर्मचारी संघ, अनुदेशक संघ, कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ आदि संगठनों ने अपना समर्थन देने की घोषणा की जानकारी देते हुए हरियाणा पब्लिक हैल्थ कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री एवं हरियाणा राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद शर्मा ने बताया धरने पर भारतीय मजदूर संघ के रोहतक विभाग प्रमुख कर्मवीर संधू, जिला अध्यक्ष सतबीर बूरा, जिला मंत्री जितेंद्र वत्स के अलावा हरियाणा पब्लिक हेल्थ कर्मचारी संघ के प्रदेश मुख्य सलाहकार रमेश शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष दलबीर सिंह, उपाध्यक्ष राजेश अहलावत ने विशेष रूप से शिरकत की। उन्होंने बताया कि उपमंडल अभियंता द्वारा शुक्रवार को जींद में कार्यरत कर्मचारियों का ड्यूटी रोस्टर आदेश जारी कर दिए गए हैं वह केवल विभाग में वर्षो से ठेकेदार के माध्यम से जो वर्क पर कार्य रथ कर्मचारियों की छटनी का मसौदा है। ड्यूटी रोस्टर आदेशों का विरोध कर उपमंडल कार्यालय पर गेट मीटिंग करके अपनी आपत्ति दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि सरकार व विभाग के प्रमुख अभियंता ने विभागीय अधिकारियों को सितंबर 2021 को ड्यूटी पर कार्य जॉब वर्क कर्मचारियों का कौशल रोजगार निगम के पोर्टल पर डाटा अपलोड करना है।

विभाग के अधिकारी सरकार व विभाग के प्रमुख अभियंता के आदेशों को ठेंगा दिखा रहे हैं। विभाग में ठेकेदारी प्रथा जोब वर्क के अंतर्गत कार्य करने वाले कच्चे कर्मचारियों का डाटा कौशल रोजगार निगम के पोर्टल पर दर्ज करने की बजाय उन्हें छटनी कर बाहर का रास्ता दिखाने का मसौदा तैयार किया जा रहा है। जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण उपमंडल अभियंता द्वारा शुक्रवार को ड्यूटी रोस्टर जारी करना है जिससे विभाग में जींद शहर में कार्य करने वाले कच्चे कर्मचारियों की छटनी का अंदेशा बना हुआ है। जिसे संगठन सहन नहीं करेगा और उपमंडल अभियंता जब तक ड्यूटी रोस्टर के आदेशों को रद्द नहीं करते तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। जिसके तहत जन स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपमंडल अभियंता कार्यालय पर धरना जारी रहेगा। धरना स्थल पर उपस्थित कर्मचारियों को संजीव राणा, बलजीत सिंह, रमेश यात्रा, धर्मराज, नंदकिशोर ढिगाना, इंद्र सिंह लाकड़ा, सुरेंद्र शर्मा, प्रेम शर्मा, रघुवीर खापड़, आनंद पांचाल, सुरेश जांगड़ा, सुरजीत सिंह, वजीर सिंह, नरेश भारद्वाज आदि ने संबोधित किया।




### कल जींद आएंगे उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला

- **विकास कार्यों को लेकर जींद लघु सचिवालय में लेंगे अधिकारियों की मीटिंग**

जींद, 24 फरवरी (नरेंद्र) : डीसी डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि हरियाणा के उपमुख्यमंत्री 25 फरवरी को जींद जिले का दौरा करेंगे। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला 25 फरवरी को सुबह 11 बजकर 15 मिनट पर जींद के लोक निर्माण विश्राम गृह में विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन करेंगें। इसके बाद उपमुख्यमंत्री लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिला में विकास कार्यों से जुड़े सभी अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

# सर्व समाज एकता मंच ने बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर दिया धरना, सौंपा ज्ञापन



सर्व समाज के बैनर तले अस्पतालों में सुविधाओं को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए।

नरवाना, 24 फरवरी (मनदीप) :-सर्व समाज एकता मंच नरवाना के बैनर तले अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी को लेकर नागरिक अस्पताल में सांकेतिक धरना दिया और अस्पतालों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं बनाने को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। धरने को संबोधित करते हुए सर्व समाज एकता मंच के संयोजक मा. बलबीर सिंह ने मांगों का जिक्र करते हुए स्वास्थ्य संस्थाओं केंद्रों पर चिकित्सक और गैर चिकित्सक स्टाफ की भर्ती करवाने, सभी प्रकार की दवाईयों, जांच सुविधाओं और मैडीकल उपकरण की व्यवस्था करवाने, नागरिक अस्पताल में अल्ट्रासाउंड और सीटी स्कैन की सुविधा मुहैया करवाने, मोहल्ला क्लीनिक बनवाने, स्वास्थ्य सेवाओं का जनसंख्या अनुरुप विस्तार करने, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करवाने, 24 हजार रुपए न्यूनतम वेतन देने और आंगनवाड़ी और आशा वर्करों की सभी मांगे पूरी करने के मुद्दे उठाये गये। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को लगभग बर्बाद ही कर दिया है। नरवाना के नागरिक अस्पताल में 42 डाक्टरों के स्वीकृत पद हैं, पर केवल 6 डाक्टर उपलब्ध हैं। सर्व समाज एकता के सदस्यों ने सरकार को चेताते हुए कहा कि अगर सरकार ने आमजन की मांगों की ओर ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले समय में किसान, मजदूरों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा। धरने को धर्मवीर, डिम्पल, शीशपाल, धर्मपाल, नरेश, सतबीर दबलैन, चांद बहादुर, सीमा धर्मगढ आदि ने भी संबोधित किया।

### उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए बैंकों के माध्यम से ऋण प्राप्त करने पर ब्याज दर में 5 प्रतिशत का अनुदान दिया जाता है : डीसी

जींद, 24 फरवरी (नरेंद्र) : हरियाणा महिला विकास निगम की तरफ से लड़कियों व महिलाओं को देश व विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए बैंकों के माध्यम से ऋण प्राप्त करने पर ब्याज दर में 5 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है। यह जानकारी देते डीसी डा. मनोज कुमार ने बताया कि भारत सरकार के बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को ओर गति प्रदान करने के उद्देश्य से लड़कियों व महिलाओं को देश व विदेश में तकनीकी, डिप्लोमा, स्नातकोर, पीएचडी व अन्य उच्च शिक्षा कोर्स में दाखिला लेने के लिए महिला विकास निगम की ओर से बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध करवाया जाता है ताकि मंहगें ब्याज दर के कारण कोई भी छात्रा उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित न रह सके। उन्होंने बताया कि 5 प्रतिशत ब्याज राशि की क्षति पूर्ति महिला विकास निगम के द्वारा की जाती है। इसके लिए आय एवं जाति की कोई शर्त नहीं हैं लेकिन लड़की व महिला हरियाणा की स्थाई निवासी होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि यह योजना महिलाओं एवं लड़कियों के लिए बेहद लाभकारी साबित हो रही है। डीसी ने बताया कि इसके लिए आवेदन करने के लिए महिला विकास निगम के कार्यालय से फार्म प्राप्त करना होगा। फार्म भरने के बाद उसी कार्यालय में जमा करवाना होगा।

## श्री गीता भवन मंदिर के 28वें वार्षिक उत्सव पर भजन संध्या का आयोजन



साध्वी मंगला

नरवाना, 24 फरवरी (मनदीप) : श्री गीता भवन मंदिर के 28वें वार्षिक उत्सव पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें धार्मिक स्थल नैमिषारण्य से पधारी साध्वी मंगला देवी ने भक्तों को परमात्मा के मिलन के बारे में बताया। साध्वी मंगला देवी ने कहा कि रामायण एक ऐसा ग्रंथ है जिसे प्रभु श्रीराम ने स्वयं जिया है और समस्त मनुष्य जाति के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत है। परिवार में माता-पिता का पुत्र के साथ कैसा बर्ताव हो और पुत्र किस प्रकार आज्ञाकारी हो ,पति- पत्नी का संबंध किस प्रकार का हो, भाई -भाई का प्रेम ,राजा प्रजा का माधुर्य प्रेम संबंध और संत महात्माओं का आदर सेवाभाव ,हनुमान जैसे भक्तों का अपने स्वामी प्रभु श्री राम के प्रति रामायण के सिवाय और कहीं नहीं मिलता। उन्होंने कहा माया के मोह में पड़कर संत शिरोमणि देव ऋषि बाबा नारद को भी माया में भटकना पड़ा। साध्वी मुक्तानंद ने फरमाया कि जैसे पारस पत्थर के स्पर्श से लोहा पारस बन जाता है, उसी प्रकार सत्संग मात्र सुनने से अनाचारी भी सदाचारी हो जाता है। संत महात्माओं की संगत बहुत जरूरी है। इसका मतलब यह भी नहीं कि सब काम-धंधा छोड़कर परिवार त्याग कर संतों के पीछे पड़ जाओ। इस अवसर पर प्रधान अशोक नागपाल एवं सचिव अशोक कक्कड़ सहित अनेक भक्तगण मौजूद रहे।

## राज्य पशुधन प्रदर्शनी 25 से भिवानी में

- **पशुओं व पशुपालकों के लिए विभाग करेगा आने-जाने की व्यवस्था**
- **प्रदर्शनी के लिए जिला से हर रोज 12 बसें होगी रवाना : डीसी डॉ. मनोज कुमार**

जींद, 24 फरवरी (नरेंद्र) : वर्तमान युग में प्रचलित पशुधन सम्बन्धित आधुनिक, वैज्ञानिक तथा तकनीकी ज्ञान से पशुपालकों को रूबरू कराने के लिए हरियाणा सरकार 25 फरवरी से भिवानी में राज्य पशुधन प्रदर्शनी का आयोजन कर रही है। यह प्रदर्शनी 27 फरवरी तक चलेगी और प्रदर्शनी के दौरान पशुओं की 53 प्रकार की प्रतियोगिताओं का भी आयोजन होगा। इस मेले में जाने के इच्छुक पशुपालक व उसके पशु को ले जाने की व्यवस्था विभाग द्वारा की जाएगी। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि हरियाणा के पशुपालन एवं डेयरी विभाग की ओर से भिवानी के सैक्टर 13 के पास हुडा ग्राऊंड में 38वीं राज्य पशुधन प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।

इस प्रदर्शनी और आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिता में अव्वल आने वाले पशुओं को विभाग की ओर से ईनाम दिए जाएंगे। इस मेले को रोमांचकारी बनाने के लिए ऊंट व घोड़ों के करतब भी होंगे और पशुओं का रैंप शो भी आयोजित किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं के अलावा कृषि, पशुपालन और बागवानी से संबधित नई तकनीकों का प्रदर्शन भी किया जाएगा। इस प्रदर्शनी से किसान परंपरागत खेती से अलग हटकर खेती करने के लिए प्रोत्साहित होंगे। उन्होंने बताया कि इस मेले में केवल वही पशु इस प्रतियोगिता के लिए पंजीकृत किए जाएंगे।

जिनके कान में पशुपालन विभाग की ओर से लगाए गए 12 डिजिट का टैग लगा होगा। प्रदर्शनी सुबह 10 से 4 बजे तक जारी रहेगी। प्रदर्शनी में पशुपालक को अपने पशु को इस प्रकार रखना होगा कि वह किसी को हानि न पहुंचाएं। इस प्रदर्शनी में संक्रामक रोग ग्रस्त पशु को पंजीकृत नहीं किया जाएगा। पंजीकरण होने के बाद पशु पालक को प्रदर्शन नंबर मिलेगा जो उसे अपनी बांई बाजू या कमीज पर भाई और लगाना होगा।

# श्याम नगर की सीवरेज व्यवस्था होगी दुरुस्त



सीवरेज लाइन बिछाने के कार्य का शुभारंभ करते विधायक।

जींद, 24 फरवरी (नरेंद्र) : भाजपा विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा के प्रयासों से शहर की वर्षो पुरानी सीवरेज समस्या अब हल होने जा रही है। वीरवार को इस कार्य की शुरुआत श्याम नगर कालोनी से हुई। विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने स्वयं नारियल फोड़ कर कार्य की शुरुआत की। इसके अलावा विधायक शहर की विभिन्न कालोनियों में भी अनेक परियोजनाओं का शिलान्यास किया। विधायक द्वारा अमृत-1 योजना के तहत 6 करोड़ रुपये से अधिक की राशि मंजूर कराने का काम किया है। इस राशि से पटियाला चौक की श्याम नगर कॉलोनी में सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य शुरू हो गया है। इसके साथ ही भिवानी रोड के लिए नासूर बनी सीवरेज समस्या को भी दुरुस्त कराने के लिए इसी परियोजना के तहत करीब 600 मीटर लाइन लगाने के कार्य का भी विधायक ने शिलान्यास किया।

### शहर के विकास के लिए 20 करोड़ से अधिक की राशि मंजूर

**भाजपा** विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा वीरवार को शहर की न्यू कृष्णा कॉलोनी पहुंचे और छह गलियों का शिलान्यास किया। इस दौरान कालोनीवासियों ने अनेक तरह की समस्याएं उनके समक्ष रखी जिनका विधायक द्वारा मौके पर ही निदान करवाया गया।

### मुख्यमंत्री की सोच के अनुरूप कर रहे कार्य : डा. कृष्ण मिड्ढा

**विधायक** डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि सबका साथ सबका विकास मुख्यमंत्री मनोहरलाल की सोच है और उसी सोच के अनुरूप अंत्योदय को आधार मान कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। सरकार का प्रयास हैकि प्रत्येक व्यक्ति को मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जाएं। विधायक ने बताया कि हाल ही में उनके द्वारा शहर के विकास के लिए 20 करोड़ से ऊपर की राशि मंजूर करवाई गई है। जिनके निविदाएं भी विभाग द्वारा मांगी गई हैं। जल्द ही सभी विकास कार्य शुरू होंगें। इस दौरान शहरी स्थानीय निकाय विभाग के कार्यकारी अधिकारी राजेंद्र प्रसाद, म्यूनिसिपल इंजीनियर भूपेंद्र सिंह तथा जूनियर इंजीनियर सहित विभाग के सभी कर्मचारी और अधिकारी मौजूद थे।

## न्यूज गैलरी

### लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में एलएसई यूनियन के अध्यक्ष बने जींद के वैभव शर्मा



वैभव शर्मा

**जींद, (नरेंद्र) :** पटियाला चौक निवासी वैभव शर्मा लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में एलएसई यूनियन चुनाव में विजयी रह कर अध्यक्ष बने हैं। जैसे ही यह सूचना जींद पहुंची तो वैभव के घर बधाई देने वालों का तांता लग गया। वैभव शर्मा ने बताया कि लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के पोस्ट ग्रेजुएट के दुनियाभर के 70 देशों से सात हजार विद्यार्थी है और यहां विभिन्न विषयों में अध्ययन कर रहे हैं। ऐसे में एलएसई की यूनियन के चुनाव में विजय होकर अध्यक्ष बनना गौरव की बात है। यहां पर अध्यक्ष का तकनीकी नाम पोस्ट ग्रेजुएट ऑफिसर (पीओ) कहलाता है। उन्होंने बताया कि एलएसई से डा. भीमराव अंबेडर, वीके कृष्ण मेनन, डा. मनमोहन सिंह, उर्जित पटेल, ज्योतिंद्र बसु ने अध्ययन किया था। वर्तमान में प्रोफेसर अमत्र्य सेन भी विजिटिंग फैकल्टी हैं।

### युवा मित्र मंडल 27 को लगाएगा रक्तदान शिविर

**जींद, (नरेंद्र) :** युवा मित्र मंडल जींद द्वारा 27 फरवरी को रोहतक रोड पर सैनी धर्मशाला में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में जींद के विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा व जीन्द विकास संगठन के अध्यक्ष राजकुमार गोयल बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। यह जानकारी देते हुए युवा मित्र मंडल के अध्यक्ष पवन सिंगला ने बताया कि संस्था के कई साल संरक्षक रहे स्वर्गीय सुरेन्द्र गुप्ता की याद में यह रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में 101 यूनिट रक्त इकट्ठा करने का लक्ष्य रखा गया है। सिंगला ने बताया कि संस्था पिछले लम्बे समय से सामाजिक कार्य करती आ रही है। अभी तक संस्था सैंकड़ों गरीब लड़कियों की शादी करवा चुकी है। इसके इलावा कई बार रक्तदान शिविरों का आयोजन कर चुकी है। इसी कड़ी में 27 फरवरी को रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। सिंगला ने कहा कि रक्तदान महादान है और हमें इस महादान में बढ़ चढ़ कर भाग लेना चाहिए।

### 28 तक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम के लिए करवाए पंजीकरण

**जींद, (नरेंद्र) :** डीसी डा. मनोज कुमार ने कहा है कि स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग के हरियाणा योग आयोग द्वारा 75 करोड़ सर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। सभी विभागों के प्रभारी 75 करोड़ सूर्य नमस्कार कार्यक्रम के लिए 25 से 28 फरवरी तक अपने विभागों के सभी कर्मचारियों का पंजीकरण करवाकर सूर्य नमस्कार की फोटो अपलोड करवाएं। डीसी डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि कि योगासन की फोटो अपलोड करने की तिथि बढ़ाकर 28 फरवरी कर दी गईहै। उन्होंने सभी गैर सरकारी संस्थाओं एवं नागरिकों से आह्वान किया है कि वे भी इस कार्यक्रम में भागीदार करें। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### 40 ग्राम अफीम सहित आरोपित गिरफ्तार



शहर थाना पुलिस की गिरफ्त में आरोपित नरेंद्र अफीम के साथ।

**नरवाना, (मनदीप) :** पुलिस ने एक आरोपित के कब्जे से नशीला पदार्थ बरामद किया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने आरोपित को न्यायिक हिरासत में जींद जेल भेज दिया। शहर थाना से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि नरवाना के मोर पत्ति वासी नरेंद्र कार में ठेका शराब के सामने बैठा हुआ है, जोकि नशीला पदार्थ लिये हुए है। पुलिस सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची और कार में बैठे युवक से पूछताछ की। जब उसकी तलाशी ली, तो उसकी जेब से 40 ग्राम अफीम मिली। पुलिस ने आरोपित नरेंद्र को हिरासत में लेकर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई कर दी।

### दुकान से ट्राली सहित ट्रैक्टर चोरी

**नरवाना, (मनदीप) :** मेला मंडी के सामने सत्संग भवन रोड़ पर चोरों ने ट्राली सहित ट्रैक्टर चोरी कर लिया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर कारवाई शुरू कर दी। शहर थाना से मिली जानकारी के अनुसार नरवाना वासी कृष्ण कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने मेला मंडी के सामने सत्संग भवन रोड़ पर ट्रैक्टर-ट्राली को खड़ा किया हुआ था। 22 फरवरी की शाम को अज्ञात व्यक्ति उसके ट्रैक्टर-ट्राली को चोरी कर ले गया। उसने बताया कि चोरी होने से उसको लगभग 70 हजार रुपए चोरी हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर कारवाई शुरू कर दी।

### युवती से फोन पर की चैटिंग फैलाकर बदनाम करने पर मामला दर्ज

**नरवाना, (मनदीप) :** पुलिस ने एक युवती की शिकायत पर एक युवक के खिलाफ रिश्ता नहीं बनाने पर धमकी, ब्लैकमेल करने व बदनाम करने तथा जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है। सदर थाना के अंतर्गत एक गांव की युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव मतलौडा वासी प्रवेश जोकि उसकी रिश्तेदारी में होने के कारण उसके साथ मोबाइल पर बात करनी शुरू कर दी थी। लेकिन बाद में इधर-उधर की बात करने पर उससे बात करना बंद कर दिया था। प्रवेश ने कहा कि अगर उससे बात नहीं करेगी, तो वह उसे बदनाम कर देगा। लेकिन मैनें कहा कि उसका रिश्ता हो गया है, वह उससे बात नहीं करना चाहती है।

### दो ट्यूबवैलों से ईंजन चोरी

**सिरसा, (दिनेश कौशिक):** गांव जोगीवाला में खेत में लगे दो टयूबवैलों से अज्ञात व्यक्ति ईंजन चोरी कर ले गए। दोनों किसानों ने इस बारे में नाथुसरी चौपटा पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है।पुलिस को दी शिकायत में गांव जोगीवाला निवासी पृथ्वीराज पुत्र चंदुराम व श्रवण कुमार पुत्र रामसिंह ने बताया कि उनके खेत में सिंचाई के लिए ट्यूबवैल पर ईंजन लगा रखा है। उन्होंने बताया कि आज सुबह जब वह खेत में गए तो देखा कि दोनों के टयूबवैल ईंजन गायब थे। उन्होंने इस बारे में आस पास के खेत पड़ोसियों से पता किया लेकिन कोई सुराग नी लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।